Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शास्त्रों में कहा गया है कि जातकर्म से लेकर चूडाकर्म तक के संस्कारों के कृत्य द्विजातियों के पुरुष-वर्ग में वैदिक मन्त्रों के साथ, किन्तु नारी-वर्ग में वैदिक मन्त्रों के बिना किया जाये। संस्कारप्रकाश ने क्लीव बच्चों के लिए संस्कारों की आवश्यकता नहीं मानी है।

गर्भाधान, पुंसवन, सीमन्तोन्नयन, जातकर्म, नामकरण, अन्नप्राशन, चूडाकरण, समावर्तन आदि से पवित्रता की उत्पत्ति होती है। उपनयन संस्कार अध्यात्मविद्या तथा सांस्कृतिक उद्देश्यों में जुड़ा हुआ है। उससे गुणसंपन्न व्यक्तियों के साथ सम्पर्क स्थापित होता है, वेदाध्ययन का मार्ग खुलता है, कई प्रकार की सुविधाएँ प्राप्त होती हैं। उसका मनोवैज्ञानिक महत्त्व यह भी है कि संस्कार करने वाला व्यक्ति एक नये जीवन की शुरुआत करता है, जिससे वह नियमों के पालन के योग्य होता है।

ऐसा भी कहा गया है कि नामकरण, अन्नप्राशन, निष्क्रमण आदि संस्कारों का केवल लौकिक महत्त्व था। गर्भाधान, पुंसवन, सीमन्तोन्नयन संस्कारों का रहस्यात्मक प्रतीकात्मक तथा महत्त्व था, जबकि विवाह-संस्कार का ज्यादा महत्त्व था। दो व्यक्तियों को आत्मनिग्रह, आत्मत्याग, पारस्परिक सहयोग की भूमिका पर लाकर समाज को कार्यशील रखना। स्त्रियों के लिए ये सब संस्कार मन्त्रों के बिना किये जाने पर भी आनुषंगिक फलों को प्रदान करते हैं। इसलिये कन्याओं के लिये ये अपरिहार्य हैं।[१] गर्भाधान, पुंसवन, सीमन्तोन्नयन संस्कार स्त्रियों से ही सम्पन्न हैं, जबकि जातकर्म, नामकरण, कर्णवेध, निष्क्रमण, उपनयन आदि संस्कार स्त्रियों के भी किये जाते हैं। विवाह तो उन लोगों का ही प्रमुख संस्कार है।

मानव-व्यक्तित्व का सर्वांगपूर्ण विकास ही संस्कारों का प्रयोजन है। ये जीवन-प्रगति के सुन्दर सोपान हैं। विभिन्न संस्कारों से शुद्ध हुए शरीर ही ब्रह्मप्राप्ति के लिए बनते हैं। संस्कारों से मात्र शरीर ही नहीं, आत्मा भी सुसंस्कृत बनती है। यहाँ मनुस्मृति के साथ मेधातिथि का सटीक उल्लेख है।[२] बालक के अपरिपक्व मस्तिष्क पर संस्कारों की विभिन्न प्रक्रिया अपना दृढ़ एवं दूरगामी प्रभाव रखती है, क्योंकि शुद्ध शरीर में ही पवित्र आत्मा निवास करती है। ऋषि-मुनियों ने स्मृतियों में ऐसे धर्म का ग्रथन किया है, जिसका आचरण समाज का कोई भी व्यक्ति अपने अन्तिम ध्येय की सिद्धि के लिए कर सकता है। स्मृतियों में दिखाये गये संस्कारों से मनुष्य स्व को और जगत् को सच्चे रूप से परखने की शक्ति प्राप्त कर सकता है। भिन्न-भिन्न संस्कारों से मनुष्य अपने जीवन में अनुशासन, मर्यादा तथा नैतिकता का शिक्षण अपनाकर सबका आचरण कर सकता है। बचपन से संस्कार के बिना जीवन शुरू करने वाला व्यक्ति उम्र से तो जरूर बड़ा होता है, लेकिन सामाजिक रूप से इतना ही गौण बन जाता है। स्मृतिकारों का मन्तव्य है कि शारीरिक तथा मानसिक दोषों के निवारण के लिए प्रत्येक वर्ग का व्यक्ति यदि अपना कर्तव्य सच्चाई और ईमानदारी से पूर्ण करे तो अवश्य ही स्वर्ग और मुक्ति पा सकता है। संस्कारों के कारण ही मनुष्य संयमी, सहनशील और कर्तव्यपरायण बनता है। इसीलिए कहा गया है कि संस्कार तो योग

---

१. अमन्त्रिका तु कार्येयं स्त्रीणामावृदशेषतः। संस्कारार्थं शरीरस्य यथाकालं यथाक्रमम्॥ — मनुस्मृति २/६६

२. न हि कर्मभिरेव केवलैर्ब्रह्मत्वप्राप्तिः प्रज्ञानकर्मसमुच्चयात् किल मोक्षः। एतैस्तु संस्कृतः आत्मनोपासनास्वाधिक्रियते॥ — मनुस्मृति २/२८ पर मेधातिथि की सटीक व्याख्या

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्षेम से आध्यात्मिक प्रवेश का राजमार्ग है। इनसे ही जीवन के वैभव तथा सुखों की प्राप्ति के बाद स्वाभाविक त्याग की भावना उत्पन्न होती है। संस्कारों में यजमान और पुरोहित—दोनों की जागृति जरूरी है।

संस्कारों की संख्या

गृह्यसूत्रों में संस्कारों का वर्णन दो प्रकार के अनुक्रमों में हुआ है। अधिकांशतः विवाह से आरम्भ कर समावर्तन तक चले जाते हैं। हिरण्यकेशिगृह्य, भारद्वाजगृह्य एवं मानवगृह्यसूत्र उपनयन से आरम्भ करते हैं।"

मनु ने गर्भाधान से मृत्युपर्यन्त १३ संस्कारों को यथार्थ माना है। वे हैं — (१) गर्भाधान (२) पुंसवन (३) सीमन्तोन्नयन (४) जातकर्म (५) नामकरण (६) निष्क्रमण (७) अन्नप्राशन (८) चूडा (चौल) कर्म (९) उपनयन (मौञ्जी बन्धन) (१०) केशान्त (गोदान) (११) समावर्तन (स्नान) (१२) विवाह (उद्वाह) (१३) अन्त्येष्टि (श्मशान)। (मनुस्मृति २/२६, २७, ३/४) इनमें कर्णवेध, विद्यारम्भ और वेदारम्भ संस्कारों को सम्मिलित कर देने से १६ संस्कार होते हैं। मनुस्मृति में इस संख्या के बारे में कोई उल्लेख नहीं है। फिर भी यहाँ प्रत्येक का वर्णन किया गया है।

संस्कारों का विवेचन

पराशरगृह्यसूत्र में निम्नलिखित सोलह संस्कार बताये गये हैं—

गर्भाधानं पुंसवनं सीमन्तो जातकर्म च।
नामक्रिया निष्क्रमोऽन्नप्राशनं वपनक्रिया॥

कर्णवेधो व्रतादेशो वेदारम्भक्रियाविधिः।
केशान्तः स्नानमुद्वाहो विवाहाग्निपरिग्रहः।
प्रेताग्निसंग्रहश्चैव संस्काराः षोडश स्मृताः॥

प्राचीन सूत्रकारों और स्मृतिकारों ने भिन्न-भिन्न संस्कारों की जो अवधारणा, महत्ता और विवेचना उनके लक्षण तथा परिचय के साथ दिखलाने का प्रयत्न किया है, उनका संक्षिप्त परिचय निम्नलिखित है।

(१) गर्भाधान

'गर्भस्याऽऽधानं वीर्यस्थापनं स्थिरीकरणं यस्मिन्येन वा कर्मणा तद् गर्भाधानम्।'

गर्भाधान को निषेक या 'चतुर्थकर्म' के नाम से भी जाना जाता है। याज्ञवल्क्य (१/१०-११), विष्णुधर्म सूत्र (२/३, २७/१) और मनुस्मृत्ति में 'निषेक' को गर्भाधान के समान माना गया है।

'निषेकादिश्मशानान्तो मन्त्रैर्यस्योदितो विधिः।' मनुस्मृति २/१६

शांखायन गृह्यसूत्र (१/१८-१९), पारस्कर गृह्यसूत्र (१/११), आपस्तम्बगृह्यसूत्र (९/१०-११) के मत में चतुर्थी कर्म या चतुर्थी होम की क्रिया गर्भाधान में पायी जाती है, जबकि बौधायन (४/६/१), काठक (३०/८),

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गौतम (८/१४), याज्ञवल्क्य (१/११) में 'गर्भाधान' शब्द का प्रयोग पाया जाता है। वैखानस के अनुसार गर्भाधान की संस्कार-क्रिया निषेक या ऋतुसंगमन के उपरान्त की जाती है और गर्भाधान को दृढ़ करती है।

मिताक्षरा के अनुसार—गर्भाधान, पुंसवन, सीमन्तोन्नयन स्त्रियों के ही संस्कार हैं और ये सिर्फ एक ही बार सम्पादित होने चाहिए। कहा गया है—

"गर्भः संधार्यते येन कर्मणा तद् गर्भाधानमित्यनुगतार्थकर्म नामधेयम्।"

यह संस्कार आर्यों की सुविचारित जीवन-प्रणाली का परिचायक है। वंश, समाज तथा देश की उत्तरोत्तर अभिवृद्धि के लिए पति-पत्नी कामप्रवृत्ति को संयमित कर उत्तम सन्तान-प्राप्ति हेतु मानसिक तत्परता के साथ ये संस्कार सम्पन्न करते हैं। गर्भाधान के समय के बारे में कहा गया है कि कन्या और पुरुष का आवश्यक विवाह क्रमशः १६ और २५ साल की उम्र में होना चाहिए।[१] मध्यम समय २०-४० और उत्तम समय २४-४८ वर्ष पर्यन्त है। यह संस्कार सब प्रकार की उन्नति करने वाला कर्म है, इसलिए उत्तम सन्तानप्राप्ति के लिए क्रम को ध्यान में अवश्य रखना चाहिए।

(२) पुंसवन संस्कार

पुत्रप्राप्ति के लिए किया जाने वाला संस्कार पुंसवन है— 'पुमान् प्रसूयते येन कर्मणा तत्पुंसवनमीरितम्' — संस्कारप्रकाश पारस्कर, गोभिलीय और शौनक गृह्यसूत्रों के प्रमाण हैं कि "अथ पुंसवनं पुरा स्यन्दत इति मासे द्वितीये तृतीये वा।" मनु तथा याज्ञवल्क्य के अनुसार, गर्भ के स्पन्दन के पूर्व यह संस्कार किया जाता है। विष्णुधर्मसूत्र, बृहस्पति, पारस्कर आदि ने भी यही बात कही है।[२] मिताक्षरानुसार पुंसवन तथा सीमन्तोन्नयन संस्कारों का सम्पादन एक ही बार करना चाहिए, प्रत्येक गर्भधारण में नहीं।[३]

पुंसवन का ही एक भाग अनवलोभन या गर्भरक्षण है। इन दोनों संस्कारों का तात्पर्य गर्भपात को रोकना और शिशु को स्वस्थ तथा सबल बनाना है। सुश्रुत संहिता के मत से इस संस्कार में गर्भवती स्त्री के दाहिने नथुने में किसी सूखी हुई औषधि का रस डालें। यहाँ आयुर्वेद शास्त्र का महत्त्व है। कुछ आचार्यों के मत से प्रजावत् एवं जीवपुत्र नामक मन्त्रों का उच्चारण भी होना चाहिए।[४] स्मृत्यर्थसार के अनुसार, यह गर्भाधान के चौथे मास में और लघु— आश्वलायन (४/१-२) के अनुसार, छठवें या आठवें मास में होना चाहिए।

(३) सीमन्तोन्नयन संस्कार

"सीमन्त उन्नीयते यस्मिन् कर्मणि तत् सीमन्तोन्नयनमिति कर्मनामधयेम्।"

---

१. पञ्चविंशे ततो वर्षे पुमान्नारी तु षोडशे। समत्वागतवीर्यौ तौ जानीयात् कुशलो भिषक्॥ सुश्रुते सूत्रस्थाने - अ. ३५।

२. "गर्भाधानमृतौ पुंसः सवनं स्पन्दनात्पुरा।" या.स्मृ. १/१११

३. एते च पुंसवनसीमन्तोन्नयने क्षेत्रसंस्कारकर्मत्वात् सकृदेव कार्ये न प्रतिगर्भम्। — मिताक्षरा या.स्मृ. १/११

४. "अग्निरैतु, प्रथमो देवतानां सोऽस्यै प्रजां मुञ्चतु मृत्युपाशात्—" — आपस्तम्बीयमन्त्रपाठ २/४/१

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जिस कृत्य से गर्भिणी के केश को ऊपर उठाया जाता है। याज्ञवल्क्य एवं व्यास ने इस संस्कार को केवल 'सीमन्त' की संज्ञा दी है। गोभिल, मानवगृह्यसूत्र तथा काठकगृह्यसूत्र ने इसे 'सीमन्तकरण' कहा है। कहा गया है कि 'चतुर्थे गर्भमासे सीमन्तोन्नयनम्।' जिससे गर्भिणी स्त्री का मन सन्तुष्ट हो, गर्भ की स्थिरता रहे और आरोग्य उत्कृष्ट तथा प्रतिदिन बढ़ता जाये। इस संस्कार को करने के दो प्रमुख कारण हैं — (१) गर्भिणी स्त्री को अमंगल-अशुभ शक्तियों से बचाना, (२) गर्भिणी स्त्री को यथासंभव हर्षित तथा उल्लसित रखना। विश्व की ज्यादातर जातियों में गर्भिणी स्त्री की सुरक्षा ज्यादा की जाती है। ऐसी मान्यता है कि गर्भावस्था में विभिन्न भूतादि योनियाँ आक्रमण करती हैं, इसलिए देखभाल जरूरी है। वस्तुत: पति के द्वारा पत्नी के केश में सीमन्त लगाना लोकरीति में गर्भिणी के दोहदपूर्ण करने का प्रतीक है। इस संस्कार का यह मनोवैज्ञानिक महत्त्व है। यहाँ मंत्रों के साथ होम किया जाता है, किन्तु इसका केवल सामाजिक महत्त्व है।

(४) जातकर्म संस्कार

जातकर्म संस्कार अत्यन्त प्राचीन है। शिशु के जन्म के समय तथा नाभिछेदन से पूर्व यह संस्कार सम्पन्न होता है। मनु का मत यह है कि "प्राङ्नाभिवधनात् पुंसो जातकर्म विधियते। मन्त्रत: प्राशनाञ्चास्य हिरण्यमधु-सर्पिषाम्॥" यदि किसी कारण से निश्चित समय पर यह संस्कार न हो सके तो दस दिन में कर देना चाहिए। यह विधि पिता सम्पन्न करता है। इस संस्कार में वह दही, मधु तथा घृत को सुवर्णमिश्रित कर बालक को चटाते हैं। पारस्करगृह्यसूत्र, गोभिल, रवादिर— सबके मतानुसार, यह संस्कार नाल काटने के पूर्व हो जाना चाहिए।

जातकर्म संस्कार के बारे में स्वामी दयानन्द सरस्वतीजी का मत है कि पौराणिकों की मान्यता के अनुसार प्रसवागार में असुरों को दूर करने के लिए ही प्रसवकाल में स्त्रियाँ अपने सिर की ओर चाकू या लोहे की वस्तु रखती हैं। मार्कण्डेयपुराण में आया है कि कुछ मनुष्यों को अस्त्र-शस्त्र से सज्जित होकर रात्रि भर रक्षा करनी चाहिए। यहाँ दूध-घृत की आहुति देकर होम किया जाता है तथा पिता द्वारा भू:, भुव:, स्व: की भावना बालक में स्थापित की जाती है। इसके द्वारा बालक के भावी व्यक्तित्व में विश्वात्मक अनुभूति का नियोजन होता है। यहाँ उपयोग में लायी जानेवाली औषधियाँ, बालक के कान के पास 'वाक्' शब्द का किया जानेवाला उच्चारण, इन सब विधियों से बालक की उत्तम तथा शतवर्ष जीने की कामना तथा बुद्धिसम्पन्नता प्रस्तुत है, जो कि समय के प्रवाह से अप्रचलित हो गया।

(५) नामकरण संस्कार

मनुष्य-जीवन में नाम का अत्यन्त महत्त्व है। नाम के द्वारा ही एक वस्तु या व्यक्ति, अन्य वस्तु या व्यक्ति से भिन्न हो सकती है। इसलिए नामकरण भी एक महत्त्वपूर्ण, धार्मिक संस्कार बन गया। गृह्यसूत्रों में नाम के सन्दर्भ में कई नियम बनाये गये हैं। मनुस्मृति २/३० में मनु ने बताया है—

> **"नामधेयं दशम्यां तु द्वादश्यां वाऽस्य कारयेत्।**
> **पुण्ये तिथौ मुहूर्ते वा नक्षत्रे वा गुणान्विते॥"**

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आश्वलायन, शांखायन, काठक आदि के मतानुसार जन्म के दिन ही नाम रखने की व्यवस्था है। आपस्तम्ब, बौधायन, भारद्वाज तथा पारस्कर ने जन्म से दसवाँ दिन माना है। याज्ञवल्क्य ने ११वें दिन नामकरण की व्यवस्था की है। अपरार्क ने लिखा है कि लोग अपने-अपने गृह्यसूत्र के अनुसार तिथि का निर्णय करें। आधुनिक काल में जन्म के १२वें दिन बिना किसी वैदिक मन्त्रोच्चारण के नामकरण कर लिया जाता है। संस्कार-समारोह के दिन बच्चे के घर में स्त्रियाँ एकत्र होती हैं और फिर पुरुषों से परामर्श कर नाम घोषित कर देती हैं तथा बच्चे को पालने पर डाल देती हैं। कहीं-कहीं अब भी यह संस्कार विधिवत् किया जाता है। कहीं-कहीं माता के नाम से भी नामकरण करने का चलन हो गया है।

नामों के विषय में प्रमुख नियमों का निर्धारण गृह्यसूत्रों द्वारा ही हुआ है। मानवगृह्यसूत्र ने देवता का नाम वर्जित माना है, किन्तु देवता के नाम से निर्मित वासिष्ठ, नारद आदि नामों को स्वीकार किया है। आधुनिक काल में सीधे ढंग से लोगों के नाम बहुधा देवताओं, शूरवीरों या देवताओं के अवतारों से सम्बन्धित पाये जाते हैं। आधुनिक काल के संस्कार प्रकाश आदि ग्रन्थों में चार प्रकार के नामों से वर्णित हैं, यथा — देवतानाम, मासनाम, नक्षत्रनाम एवं व्यावहारिक नाम। निर्णयसिन्धु ने मास-सम्बन्धी १२ नामों के उल्लेख किये हैं, जिनमें जन्म के महीने को प्रमुखता दी गई है[1]। लड़कियों के नाम के विषय में भी विशिष्ट नियम बने थे। बहुत से गृह्यसूत्रों में ऐसा उल्लेख किया गया है कि लड़कियों के नाम में सम मात्रा के अक्षर होने चाहिए, किन्तु मानवगृह्यसूत्र (१/१८) ने स्पष्ट लिखा है कि उनके नामों में तीन अक्षर होने चाहिए। आजकल लड़कियों के नाम नदियों पर मिलते हैं, यथा — जाह्नवी, यमुना आदि। मनु ने गृह्यसूत्रों के जटिल नियमों का परित्याग किया है। उन्होंने दो सरल नियम दिये हैं— (१) सभी वर्णों के नाम शुभसूचक तथा शान्तिदायक होने चाहिए (२) ब्राह्मणों एवं अन्य वर्णों के नाम के साथ एक उपपद होना चाहिए। आश्वलायनगृह्यसूत्रानुसार वर या कन्या की पसंदगी में पिता एवं माता के वंश की परीक्षा करनी चाहिए। याज्ञवल्क्य के मतानुसार कन्या का वंश श्रोत्रिय और १० पीढ़ियों तक विद्या एवं चरित्र के लिए प्रसिद्ध हो। यह संस्कार आशीर्वाद तथा ब्रह्मभोजन से संपन्न होता है। आज के युग में यह संस्कार विधि-मन्त्रों के बिना ही कहीं-कहीं सम्पन्न होता है।

(६) कर्णवेध संस्कार

'कर्णविधो वर्षे तृतीये पञ्चमे वा ॥' (आश्वलायन गृह्यसूत्र) सुरक्षा और सौंदर्य की दृष्टि से यह संस्कार किया जाता है। चिकित्साशास्त्र की दृष्टि से कर्णवेध के कारण (कान में) विशिष्ट स्थान पर छेद करने से आन्त्रवृद्धि नहीं होती। यदि वधरावल (अंडकोष में जल भर जाने वाला रोग) हो भी गया तो दूर हो जाता है। कुछ ग्रन्थों में यह संस्कार नहीं गिना जाता, लेकिन संक्षिप्ततया कहा जाता है कि बालक के स्वास्थ्य और धार्मिक विधि को महत्त्व देकर शास्त्रकारों ने व्यवहार को संस्कार के साथ जोड़ दिया है। आधुनिक काल में जन्म के १२वें दिन यह संस्कार किया जाता है।

---

१. कृष्णोऽनन्तोऽच्युतश्चक्री वैकुण्ठोऽथ जनार्दनः।
उपेन्द्रो यज्ञपुरुषो वासुदेवस्तथा हरिः॥ स्मृतिसंग्रह— निर्णयसिन्धु, परिच्छेद ३ पूर्वार्ध।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(७) निष्क्रमण संस्कार

जन्म के चौथे मास में यह संस्कार किया जाता है, ऐसा अनेक स्मृतिकारों का मत है। इसमें बच्चे का पिता सूर्य की पूजा करता है। ऐसा अपरार्क का मत है, जबकि पारस्कर गृह्यसूत्र के अनुसार, पिता पुत्र को सूर्य की ओर दिखाता है और मन्त्रोच्चारण करता है। इसलिए व्यास मुनि ने इसे 'सूर्यदर्शन' और शंखस्मृति (२/४) ने 'आदित्यदर्शन' कहा है। इस संस्कार का व्यावहारिक अर्थ है— एक निश्चित समय के बाद बालक को घर से बाहर उन्मुक्त वातावरण में लाना। इससे बालक के आयुष्य और आरोग्य की वृद्धि होती है।

(८) अन्नप्राशन संस्कार

जन्म से छठवें मास में किये जाने वाली अन्नप्राशन-विधि में 'देवीं वाचम् अजनयन्त देवाः' मन्त्र बोला जाता है, जिससे वाणी देवी की कृपा से बालक में वाणी की शुद्धि तथा विद्वत्ता आती है। इससे बालक का शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है। जन्म से कई मास तक स्तनपान ही करते रहने वाला बालक उस समय तक ठोस आहार ग्रहण करने के योग्य हो जाता है, इसलिए यह जीवन का महत्त्वपूर्ण अवसर होता है।

जब बालक की शक्ति अन्न पचाने योग्य बनती है, तब यह संस्कार किया जाता है। जिस बालक को तेजस्वी करना हो, वह आयुर्वेदिक दृष्टि के अनुसार घृतवाला भात, दही, शहद के साथ मिलाकर विधिपूर्वक अन्नप्राशन कराये। एक मनोरंजक बात की चर्चा अपरार्क ने मार्कण्डेयपुराण के उद्धरण में की है। वह यह कि उत्सव के दिन पूजित देवताओं के समक्ष सभी प्रकार की कलाओं एवं शिल्पों से सम्बन्धित यन्त्रादि रख दिये जाते हैं और बच्चे को स्वतन्त्र रूप से उन पर छोड़ दिया जाता है। बाद में वह बच्चा जिस वस्तु को सर्वप्रथम पकड़ लेता है, उसी शिल्प में वह पारंगत होगा—ऐसा माना जाता है।

(९) चौल (चूडाकरण) संस्कार

धर्मशास्त्रकारों के मतानुसार, जन्म के ठीक बाद पहले एक वर्ष या तीसरे वर्ष में उत्तरायण काल के शुक्ल पक्ष में, जिस दिन आनन्दमङ्गल हो, तब यह संस्कार करना चाहिए। याज्ञवल्क्य, आश्वलायन आदि ने कुटुम्ब की परम्परा को ही मान्यता दी है। इस कृत्य में प्रमुख कार्य है बच्चे के सिर के केश कटवाना। इसके साथ धार्मिक रीति से होम, ब्राह्मण-भोजन, दक्षिणादान, आशीर्वचनग्रहण आदि कृत्य किये जाते हैं। यहाँ आयुर्वेदशास्त्र को भी ध्यान में रखा गया है, क्योंकि केश कटवाने, दाढ़ी बनवाने, नाखून कटवाने से स्वास्थ्य अच्छा रहता है, पाप का शमन होता है, कार्यक्षमता बढ़ती है तथा मन एवं शरीर को आनंद और स्फूर्ति मिलती है।

(११) उपनयन संस्कार

उप + नो + ल्युट् प्रत्यय से बने 'उपनयन' शब्द का अर्थ है— 'शिक्षण हेतु आचार्य के पास ले जाना।'

"उप समीपे आचार्यादीनां बटोः नीतिर्नयनं प्रापणमुपनयम्।" यह संस्कार शिक्षण के साथ जुड़ा हुआ है। इससे ही व्यक्ति द्विजत्व प्राप्त करता है, संस्कृत के विशाल ज्ञानभंड. ।ं म. प्रवेश करने का अधिकारी बनता है, ब्रह्मचर्याश्रम में प्रवेश करता है। इस संस्कार का धार्मिक महत्त्व है कि ब्राह्मण जन्म से ८वें, क्षत्रिय ११ वें और

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वैश्य १२ वें वर्ष में यज्ञोपवीत करें। क्रमशः १६, २२, २४ वर्ष से पूर्व तो उन्हें यज्ञोपवीत अवश्य कर लेना चाहिए[1]। 'संस्कारविधि' में दयानन्द सरस्वती जी का मत अलग है। बताये गये समय के उल्लंघन से 'व्रात्य' की संज्ञा मिलती है। देश की संस्कृति के संवर्धन, पोषण और सामाजिक उत्कर्ष के लिए उचित समय को ध्यान में रखना चाहिए।

सामान्यतया सूर्य की उत्तरायण स्थिति में यह संस्कार किया जाता है। वैश्य के लिए दक्षिणायण भी उचित है। ब्राह्मण, क्षत्रिय तथा वैश्य के लिए क्रमशः वसन्त, ग्रीष्म एवं शरद ऋतुएँ प्रशस्त हैं, जो शास्त्रोक्त हैं। यज्ञोपवीत सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण भाग है। परमात्मा को 'यज्ञ' कहा जाता है। तीनों वर्णों के दण्ड, मेखला, वस्त्र आदि के भी निश्चित विधान हैं। उनको ग्रहण करने के बाद ही ब्रह्मचारी गुरु के पास से सावित्री-मन्त्र सीखता है। यह मन्त्र बुद्धिप्रेरक है। इसलिए अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। यह संस्कार स्त्रियों का भी किया जाता है। गायत्री-मन्त्र में माता सावित्री तथा पिता आचार्य हैं, इसलिए धार्मिक महत्त्व भी है।

(१२) वेदारम्भ संस्कार

गौतम ने चार वेदव्रतों का उल्लेख किया है — महानाम्नीव्रत, महाव्रत, उपनिषद्व्रत तथा गोदान। उपनयन के बाद जब ब्रह्मचारी वेदों का अध्ययन प्रारम्भ करता है, तब यह संस्कार होता है। वेद, अर्थात् 'परमात्मा के पास से ऋषियों को प्राप्त होनेवाला ज्ञानन्यास', 'मानवजाति को समग्र जीवनदर्शन करानेवाला आदिग्रन्थ'। इसलिए इस संस्कार का भी ज्यादा महत्त्व है।

(१३) केशान्त (गोदान) संस्कार

गोदान संस्कार का सम्बन्ध शरीर के साथ तथा छात्र के आचरण के साथ रहता है। इसलिए यह अवशिष्ट रहा है। मनु के अनुसार (२/६५) ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य को अपने क्रमशः १६वें, २२वें और २४वें वर्ष में यह संस्कार करना चाहिए। कई ग्रन्थों के अनुसार यह संस्कार विवाह-प्रसंग में भी हो सकता है। यदि इसके नाम को देखा जाये तो, यहाँ ब्रह्मचारी गुरु को गाय का दान करते हैं। इसके बाद ब्रह्मचारी मौनव्रत और कठोर जीवनचर्या का पालन वर्षपर्यन्त करता है। मनुस्मृति (२/६६) अनुसार, स्त्रियाँ भी वैदिक मन्त्र-विधि के बिना यह संस्कार करती थीं।

(१४) समावर्तन (स्नान) संस्कार

"गुरुणाऽनुमतः स्नात्वा समावृत्तो यथाविधि" मनु, ३/४। ब्रह्मचर्य की समाप्ति के समय यह संस्कार किया जाता है। यह विद्यार्थी जीवन के अन्त का सूचक है। समावर्तन के प्रसंग पर ब्रह्मचारी गुरु के पास से विवाह के लिए आज्ञा प्राप्त करता है और अपने घर वापस लौटता है।

---

१. ब्रह्मवर्चसः कामस्य कार्यं विप्रस्य पञ्चमे। राज्ञो बलार्थिनः षष्ठे वैश्यस्येहार्थिनोऽष्टमे॥ — संस्कारविधिः

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समावर्तन के लिए कोई निश्चित समय नहीं था। समावर्तन विधि के साथ स्नान करने वाला व्यक्ति 'स्नातक' कहा जाता है। समाज में स्नातक अत्यधिक सम्मानित माना जाता है। आजकल यह संस्कार प्राय: लुप्त हो गया है, अर्थात् उपनयन या विवाह संस्कार इसमें अन्तर्भूत समझा जाता है।

(१५) विवाह (उद्वाह) संस्कार

आर्यों ने आर्य संस्कृति के विस्तार के लिए समन्वय की यह विशिष्ट नीति घोषित की कि किसी भी विवाह को सामाजिक मान्यता तभी मिलेगी, जब वर एवं वधू वैदिक विधि-विधानादि से अग्नि की साक्षी में पाणिग्रहण, सप्तपदी आदि करेंगे। दो हृदयों के विभिन्न भावों का भावबन्धन, चेतोवृत्तिगुम्फन पूर्ण रूप से एक हो जाये, यह 'रत्नकांचन संयोग' कहा जाता है। स्त्री, पुरुष और समाज इन सभी के कल्याण-निमित्त किया जाने वाला संस्कार-विवाह संस्कार अनुपम, अद्‌भुत, श्रेयस्कर है। विवाह संस्कार स्त्री-पुरुष की अपूर्णता को पूर्ण करने का अवसर देता है। हिन्दू संस्कारों में यह सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण संस्कार है। भारतीय परम्परानुसार इसके तीन प्रमुख उद्देश्य हैं, वें हैं —

अपत्यं धर्मकार्याणि शुश्रूषा रतिरुत्तमा।
दाराधीनस्तथा स्वर्गः पितृणामात्मनश्च ह॥ मनुस्मृति ९/२८

यहाँ धर्म कार्य को प्रथम और रति को अन्तिम स्थान दिया गया है। पुत्रप्राप्ति से मानसिक शान्ति, वंश-वृद्धि तथा कामना की पूर्ति होती है। यह संस्कार मनुष्य को भोग से संयम की ओर तथा प्रवृत्ति से निवृत्ति की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करता है। इससे पारिवारिक, सामाजिक सुरक्षा होती है।

भारतीय संस्कृति में देवऋण, ऋषिऋण तथा पितृऋण से मुक्ति पाने के लिए प्रतिदिन ब्रह्मयज्ञ, देवयज्ञ, भूतयज्ञ, पितृयज्ञ तथा अतिथियज्ञ करने की परम्परा है। इन सबके लिए विवाह ही एक उत्तम संस्कार है। विवाह, शब्द वि + वह् — 'विशेष रूप से वहन करना,' 'ले जाना', 'कन्या को पत्नी बनाकर ले जाना' अर्थ में है। 'लग्न' विवाह का पर्याय शब्द है। यह संस्कार ब्रह्मचर्याश्रम के बाद गृहस्थाश्रम के प्रवेश में आता है। इसलिए ज्यादा महत्त्व रखता है। (मनु. ४/१-२)

विवाह सिर्फ भोग-विलास का नहीं, अपितु मानव-जीवन का अद्‌भुत तन्तु है। भारत की तरह ग्रीस की प्रजा भी विवाह संस्कार को पवित्र और आदर्श मानती है। आजकल पाश्चात्य समाज विवाह-बन्धन को तोड़कर स्वच्छन्द दिखाई पड़ता है। इसके लिए यह संस्कार मार्गप्रदर्शक है। इसमें बताई गई विधियों से मनुष्य उन्नति के शिखर पर पहुँच सकते हैं। विवाह की समीक्षण विधि में वर वधू से कहता है— "हे वधू। तेरा प्रथम पति सोम, दूसरा गन्धर्व, तीसरा अग्नि और चौथा पति मैं हूँ।" यहाँ 'सोम', यानी 'चन्द्र' मन का स्वामी (मानसिक विकास का सूचक) है, 'गन्धर्व' सुन्दर, अर्थात् शारीरिक विकास का सूचक है, जो सांसारिक सुख के लिए है। 'अग्नि' शक्ति का प्रतीक है, इससे स्त्री की सन्तानोत्पत्ति शक्ति सूचित होती है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सप्तपदी विधि में सात प्रतिज्ञाओं का महत्त्व है। इसमें प्रथम पद ऐश्वर्य का, दूसरा शक्ति का, तीसरा जीवन-प्रगति का, चौथा सुखप्राप्ति का, पाँचवा पशुओं के कल्याण का, छठवाँ ऋतु के अनुसार सुख का और सातवाँ शाश्वत मैत्री का प्रतीक है।

आयुर्विज्ञान के अनुसार, जीवन के २५ वर्ष के पश्चात् विवाह-आयु शुरू होती है और ४०-४२ वर्ष की आयु सर्वोत्तम है। १६ वर्ष की कन्या एवं २५ साल का पुरुष समान रज-वीर्य के होते हैं। इनसे कम आयु वाले स्त्री-पुरुष के संयोग से होने वाला गर्भधारण, गर्भपात का परिणाम लाता है, अथवा इस तरह होने वाला बालक चिरंजीव नहीं होता अथवा अत्यधिक दुर्बल इन्द्रिय वाला होता है। मनु ने तो कन्या की प्रौढ़ता के बदले सर्वगुणसंपन्नता और सवर्णता पर अधिक बल दिया है। ऋतुमती कन्या भी भले ही जीवनपयन्त पिता के घर में रह जाये, किन्तु गुणहीन वर के हाथों नहीं देना चाहिए। उचित कन्या और योग्य वर के विवाह में ही सुख रहता है।

सृष्टि के प्रवाह को चिरन्तन बनाये रखने के लिए समाज के स्वरूप में उदात्तता और सौख्य प्रवाहित करने के लिए परिवार में समृद्धि तथा शान्ति का वातावरण बनाये रखने के लिए पति-पत्नी का अन्योन्याश्रित होना नितान्त आवश्यक है।

(१६) अन्त्येष्टि संस्कार

हिन्दुओं का अन्तिम संस्कार अन्त्येष्टि संस्कार है। यह शरीर के अन्त का संस्कार है। इसे नरमेध, पुरुषमेध, नरयाग, पुरुषयाग भी कहते हैं। मोक्ष पुरुषार्थ को ध्यान में रखकर इसे महत्त्व दिया गया है। मनु और याज्ञवल्क्य ने इसे 'श्मशान' नाम दिया है। वेदव्यास इसे 'प्रेताग्नि' संस्कार और जातुकर्ण्य ने 'अन्त्येष्टि' नाम दिया है। कई शास्त्रज्ञों ने इसे संस्कार मानने में मतभेद किये हैं। बालक, संन्यासी, रोगी, गर्भिणी, अपमृत्यु, इन सबके लिए किये जाने वाले अन्त्येष्टि संस्कार के स्वरूप में पर्याप्त अन्तर है।

उपसंहार

उपर्युक्त विविध संस्कारों के विवेचन से स्पष्ट है कि भारतीय संस्कृति में संस्कारों की योजना विशिष्ट प्रयोजनवशात् की गयी है। संस्कारों से प्राय: किसी न किसी प्रकार की शिक्षा या रहस्य को समझाया जाता है। मानव-जीवन के कर्तव्यों का भान संस्कारों से होता है। आज के युग में भी आदर्श जीवन के लिए ये जरूरी हैं। इनमें उपदिष्ट कर्तव्यों के बारे में स्वामी दयानन्द सरस्वती जी ने कहा है कि समस्त संसार एक शृंखला की भाँति परस्पर सम्बद्ध और प्राय: क्रमबद्ध ही है। ये मानव-जीवन को एक ऐसी पद्धति का मार्गप्रदर्शन कराते हैं, जिससे मानव स्वत: ही जीवन-लक्ष्य की ओर अग्रसर होकर प्रगति करता है। अत: स्पष्ट है कि संस्कारों का श्रद्धापूर्वक परिपालन करते हुए मनुष्य अपने जीवन को सार्थक तथा सफल बनायें।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मोक्ष-चिन्तन एवं मोक्ष के उपाय

विशेष रूप से सांख्य दर्शन के सन्दर्भ में

—डॉ० (श्रीमती) मधु आर्या

विषय प्रारम्भ करते समय 'मोक्ष' अथवा 'मुक्ति'—इन शब्दों का कोशसम्मत अर्थ जान लेना आवश्यक है। 'मुक्ति' शब्द 'मोक्ष' का ही पर्याय है। 'मुक्ति' शब्द 'मुच्' धातु से विस्तार, उन्मोचन, स्वातन्त्र्य, उद्धार, मोक्ष, आवागमन से आत्मा का छुटकारा या मोचन, छोड़ना. त्याग, परित्याग, टालना, फेंकना, गिरा देना, छोड़ देना, मुक्त करना, खोलना, ऋणमुक्त करना आदि हैं।[१] नैयायिकों के मतानुसार, आत्यन्तिक दुःखनिवृत्ति, वेदान्तियों के मत में नित्य सुख अवाप्ति ही मुक्ति है। भरत 'शरीरेन्द्रियाभ्यां आत्मनो मुक्तत्वं मुक्तिः' कह कर शरीरेन्द्रियों से अपने को स्वतन्त्र रखने को 'मुक्ति' कहते हैं। अमरकोषकार ने इसके तात्पर्यार्थ के रूप में— कैवल्य निर्वाण, श्रेय, निश्रेयस्, अमृत, मोक्ष तथा अपवर्ग को स्वीकार किया है। जटाधर ने अपुनर्भव, स्थिर, अक्षर अर्थ रूप में इसका ग्रहण किया। श्रीमद्भागवत में सार्ष्टिः, सालोक्य, सारुप्य, सायुज्य व निर्वाण नामात्मिका पञ्चविधा मुक्ति कही गयी है। 'मुक्तिस्तु त्रिविधाः साध्वि !' ऐसा कह कर मुक्ति की त्रिविधता को श्रुतियों ने स्वीकारा है। वैष्णवों के मतानुसार भी निर्वाण प्रदात्री हरिभक्ति प्रदा तथा हरिभक्ति के स्वरूपों का निदर्शन कराने वाली त्रिविधा मुक्ति कही गई है।[२] गुरुड़ पुराण में मुक्ति को विवेचित किया गया है।[३]सांख्यसूत्र में 'मुक्तिरन्तरायध्वस्ते न परः' कहकर विघ्ननिवृत्ति को ही मुक्ति की संज्ञा दी गई है।[४]अष्टावक्रसंहिता कहती है— यदि मुक्ति चाहते हो, तो समस्त विधि-विधानों का त्याग कर केवल अमृतस्वरूपक्षमा, ऋजुता, दया, संतोष इत्यादि विधि का नियमतः पालन करना चाहिए। महासागररूप मुक्ति को देनेवाला अनेक सफलताओं का प्रदाता, चित्तानुरञ्जक, गूढ़ से गूढ़ अष्टाक्षर नाम मन्त्र 'ॐ नमो नारायणाय' मन्त्र का उच्चारण मुख से करना सम्पूर्ण अर्थप्रदायक है।[५] देवी भागवत का भी कथन है—तां ध्यात्वा सागुणां माया मुक्तिदां निर्गुणान्तथा।[६] 'मोक्ष' शब्द मुक्ति का ही पर्याय है। यह मुच + भावे

१. संस्कृत हिन्दी कोश-V.S.Apte - पृ.सं.८०४
२. शब्दकल्पद्रुम-Vol.III - पृ० सं० - ७३३
३. गरुड़पुराण— २३० अध्याय
४. सांख्यसूत्र - ६/२०
५. अष्टावक्रसंहिता-१/२ तथा वह्निपुराण
६. देवीभागवत १/२/१०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

घञ् मोक्ष्यते दुःखमनेन । इसका अर्थ है— जिससे दुःख से मुक्ति पायी जा सके । सांख्यसार में चित्त की सभी आशाओं और सभी विषयों से निवृत्ति ही मोक्ष है ।[१]

महाभारत में मोक्षधर्म परमपुरुषार्थ के रूप में स्वीकृत है ।[२] गीता में कहा गया है[३]— 'मेरा आश्रय लेकर जरामरण से मुक्ति के इच्छुक यत्नकर्ता निष्कामकर्म शील व्यक्ति ब्रह्मरूप ही है । ऐसा जानो । रामानुज आत्मस्वरूप दर्शन को ही मोक्ष मानते हैं । उन्होंने तप, शम, योग, ज्ञान, मोक्ष के उपाय बताये हैं ।

अब प्रश्न उठता है कि इस मोक्ष या मुक्ति की आवश्यकता किसे है ? किससे मुक्ति होती है ? किसकी मुक्ति होती है ?

व्यावहारिक जगत् में स्वतन्त्र होने या परतन्त्र न होने का यह स्वभाव सर्वत्र देखा जा सकता है । जैसे— कलियों का संकुचन छोड़कर विकसन का भाव, व्यक्ति का स्वच्छन्द दशा में इच्छानुसार कार्य करना, बच्चों का पढ़ने से जी चुराना, खेल में लगना, पक्षियों का अण्डे से बाहर होकर पंख फड़फड़ा कर मुक्ताकाश में यथेच्छापूर्वक उड़ान भरना, मछलियों का पानी में स्वतन्त्र गति करना आदि । कीट-पंतग से लेकर मानव और सुर-असुर तक अपने विघातकों से बचने की अभिलाषा, प्रकृति द्वारा विभिन्न वृक्षों, पौधों के विभिन्न रूपधारी कीड़ों को भिन्न भिन्न रंग प्रदान करना आदि सभी सिद्ध करते हैं कि उन्हें कहीं से भय हैं, भय से दुःख उत्पन्न होता है । दुःख कोई लेना नहीं चाहता, उससे निर्मुक्त होना चाहता है । जड़ चेतन जगत् से उठकर मानव धरातल पर उतरते ही त्रिवर्गीय मानव सृष्टि-तामसी, राजसी सात्विकी । तीनों कोटि के मानव अपने अपने स्थलों पर स्वतन्त्र रहने के इच्छुक देखे जाते हैं । तमोगुणप्रधान जन अपनी अज्ञानता के कारण परोपकार, कष्टप्रदान व उत्पीड़न की स्वतन्त्रता के लोभी होते हैं । इसी में स्वसुख की इतिश्री समझ कर जीवन व्यर्थ करते रहते हैं । रजोगुणप्रधान व्यक्तित्व स्वार्थ व स्वाभिलाषापूर्ति में निरन्तर रत रहते हुए, कब कहाँ उनके द्वारा दूसरे के लिए उत्पीड़ित किया गया, इससे अनभिज्ञ होते हुए, मानोत्मादलोलुप होकर स्वार्थपरता के कवच से आवृत्त होकर अमूल्य जीवन को अधन्य करते हुए कर्म-अकर्म कर्ता बन जाते हैं, क्योंकि उन्हें कर्तव्याकर्तव्य उचितानुचित का भाव नहीं रहता । तीसरी मानव-सृष्टि अपने सत्वप्राधान्य के कारण पूर्ववर्ती उपदेशकर्ता धर्मोपदेशकों क्रान्त द्रष्टाओं के सार्वभौमिक सिद्धान्तों के श्रवण मनन निदिध्यासन द्वारा अपने जीवन में अनुभवों के आधार पर सार्वभौमिक नित्य सार रूप वस्तु का दर्शन करता है । अपना जीवन यज्ञ, दान, तप, उपासना, स्वाध्याय, क्षमा, शील, आचरण, शुद्धतायुक्त बनाता हुआ स्वार्थ, परद्वेषादि और अशान्ति के मार्ग से हटाता शान्ति-पथ का अनुगामी बन जाता है तथा अपने जीवन से नये मार्ग-स्तम्भ स्थापित करता चलता है । स्वजीवनधन्य होकर अन्य मानव सृष्टि का मार्गप्रदर्शक बन जाता है । ऐसे बहुत से उदाहरण व्यावहारिक जगत् में अपने आसपास तथा अपने देश के साथ-साथ अन्य देशों में भी देखे जा

१. सांख्यसार २/७/२५
न मोक्षो नभसः पृष्ठेन न पाताले न भूतले ।
सर्वाशासंक्षये चेतः क्षयी मोक्ष इति श्रुतेः ॥

२. महाभारत, 'शान्ति पर्व'

३. गीता ७/१९

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सकते हैं। इस कोटि के मानवों की स्वतन्त्रता दूसरों के लिए कष्टदायी न होकर पुष्पगन्ध कर्पूरगन्ध की तरह शीतलतादायिनी होती है। सामान्य व्यवहारकाल में लम्बे समय तक केवल सोचने वाला, किन्तु कार्य न करने वाला व्यक्ति अपनी आलस्य-भावना के कारण बन्धन में बँधता हुआ शान्ति नहीं पा सकता, भ्रमित होता रहता है। वह शान्ति का लाभ तभी ले सकता है, जब वह कर्म करके निवृत्त हो जाए। अत: यहाँ विभिन्न मनुष्यों के लिए इस मोक्ष या मुक्ति के स्वरूप को देखा जा सकता है। अकर्मशील का कर्म में लगना, कर्मशील का सदसद्विवेकपूर्वक सद्कर्म में लगना, सत् कर्मशील व्यक्ति का नित्यसत्स्वरूप ज्ञान से उचित अवसर पर कर्म करते हुए निष्काम कर्म से लगना ही मोक्षप्राप्ति है। ऐसी पद्धति अपनाने से स्वकीय, पारिवारिक व सामाजिक सुधार का स्वरूप सम्भव हो सकेगा। भौतिक जगत् में कवि सम्मेलनों, संगीतसभाओं में जाना, सौन्दर्यप्रेमियों का गन्धानुलेपन, साहचर्य, सहगमन, दूरदर्शनप्रेमियों का तत्सम्बन्धी प्रेम, प्रकृतिप्रेमियों का प्रकृति के प्रति आकर्षण आदि हमारी ज्ञानेन्द्रियों के शब्दस्पर्शरूपरसगन्ध के सुन्दरतम रूप को ग्रहण करने की प्रवृत्ति को व असुन्दर को ग्रहण न करने की इच्छा से बन्धनरूपता व उसका त्यजनीयता को सूचित करते हुए बन्धन व मोक्ष की स्थिति को व्यक्त करते हैं। अत: कर्मसंकल्प, कर्मतत्परता, कर्मयोग, कर्मकौशल मानव की मुक्ति का उपाय है और कर्मबन्धन जन्म-मरण के आवागमन के बन्धन से स्वतन्त्र होने का साधन है।

अब हम उपनिषद् भाग में मोक्ष तत्त्व पर्यालोचना की ओर ध्यान केन्द्रित करते हैं। यहाँ उप तथा नि उपसर्गों का तात्पर्य समीप में एकाग्रतापूर्वक अर्थ में है। सद् धातु बैठने, विशरण अर्थ, अर्थात् नाश करने, प्राप्त करने अर्थात् गति करने, और शिथिल करने (अवसादन करने) के अर्थ में आती है। क्योंकि शिष्य एकाग्र होकर गुरु के निकट बैठ कर अविद्या का नाश करके परतत्त्वोपदेश मार्ग से गति करता हुआ अपने कर्मबन्धों व तज्जन्य दु:खादि के शिथिलीकरण से युक्त होता है। अत: उपनिषद् ब्रह्मविद्या के वाचक बन गये हैं। कर्म एवं उपासना चित्तशुद्धि व एकाग्रता के साधन हैं और ब्रह्मप्राप्ति का साधन ज्ञान है। उपनिषद् में वह ब्रह्म सगुण एवं निर्गुण रूप ब्रह्म के रूप में मान्य है। 'अपर' ब्रह्म की संज्ञा 'ईश्वर' है। वह जगत् का कर्ता, धर्ता, हर्ता और नियन्ता है, सगुण है। ब्रह्म का 'पर' रूप अगोचर, निर्विकल्प और अनिर्वचनीय है, केवल अपरोक्षानुभूतिगम्य है। उपनिषद् में ब्रह्म के तटस्थ[१] व स्वरूपगत[२] लक्षणों से उसके सगुण और निर्गुण रूप को दर्शाया गया है। वह ब्रह्म ज्ञानेन्द्रियों से परे निर्विशेष, निर्गुण, निरुपाधि, अनिर्वचनीय व इन्द्रियातीत है[३], इन्द्रियों का आधार है।[४] उपनिषदों में भिन्न-भिन्न स्थलों पर माया या अविद्या का प्रतिपादन किया गया है।[५] इन ग्रन्थों में विदेहमुक्ति के साथ जीवन्मुक्ति भी सुस्पष्ट शब्दों में निरूपित है। आत्मज्ञान ही मोक्ष है। यह मोक्ष किसी नयी-नयी अप्राप्त वस्तु का नहीं, वरन्

---

१. तैत्तिरीय उप. ३/१, छान्दोग्य उप. ३/१४/१, ब्रह्म सूत्र १/१/२१ एवं माण्डूक्य उप. ६

२. तैत्तिरीय उप. २/१ 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' एवं बृहदारण्यक — ३-९-२८

३. बृहदारण्यक ३-८-८

४. केनोपनिषद् १-४ से ८ तक

५. ईश— १५, कठ- १/२,४,५, मुण्डक २/१/१० छान्दोग्य- १/१/१०, बृहदारण्यक— १/३/२८, प्रश्न— १/१६, बृहदारण्यक २/४/१४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आत्मा का निजस्वरूप ज्ञान ही है। स्वयं को बद्धजीव मानने वाले जीवात्मा के लिए मोक्ष चरमलक्ष्य है। साधना द्वारा आत्मज्ञान द्वारा अविद्या निवृत्ति द्वारा शुद्धचैतन्य आनन्द रूप ब्रह्म का प्रकाशन होता है। जीवात्मा जब ऐसा जान लेता है तो वह ब्रह्मज्ञाता स्वयं ब्रह्म बन जाता है। वह जीवित रहते हुए ही मुक्त हो जाता है। उसे प्रिय-अप्रिय सुख-दुःख स्पर्श बाधित नहीं करते[१] जैसे केंचुल उतार फेंकने वाले सर्प का केंचुल में मोह नहीं रहता, वैसे ही जीवन्मुक्त को अपने शरीर में मोह नहीं रहता[२]। प्रारब्धकर्म समाप्त होते ही जीवन्मुक्त शरीर छूट जाने पर विदेह-मुक्त भी हो जाता है। साधना के लिए विवेक-वैराग्य आवश्यक साधन है।[३] जैसा कि यमगृह में पहुँचे नचिकेता ने आत्मज्ञान के समक्ष सारे भोग्यविषयों का त्याग कर दिया।[४] मैत्रेयी ने कहा कि मैं ऐसे ऐश्वर्य को क्यों लूँ जो मुझे अमर न कर सके।[५] इस तरह ब्रह्मज्ञान या ब्रह्म रूप हो जाना ही उपनिषदानुसार मोक्ष है और विवेक वैराग्यादि उसकी प्राप्ति के साधन।

यहाँ उपनिषत्सार रूप गीता के अनुसार भी मोक्षतत्त्व पर विचार करना अयुक्त न होगा। गीताज्ञान, कर्म और भक्ति का विलक्षण समन्वयात्मक ग्रंथ है। योग का अर्थ है जुड़ना या मिलना। आत्मा परमात्मा का आत्यन्तिक मिलन ही योग है, जो दुःख के आत्यन्तिक वियोग में ही सम्भव है। वह दुःखनिवृत्ति सदसद्विवेचन, नित्यानित्यविवेक पर अवलम्बित है। योग धारणा, ध्यान, समाधि है, जो ध्यान योग है। योग स्थितप्रज्ञ की द्वान्द्वातीत स्थिति है, ब्राह्मी स्थिति है, जो ज्ञान योग कहलाती है। योग निष्काम कर्म है, कर्म कौशल है, जो कर्म योग कहा जाता है।[६] योग भक्ति द्वारा भगवत् तत्त्व का सम्यक् ज्ञान भगवत् प्रदेश है, जो भक्ति योग के नाम से जाना गया।[७] रागद्वेषादि द्वन्द्वों से अविचल रहना समत्व योग है।[८] भगवान् ने इसी को अपनी आत्मा कहा है।[९] भक्ति का अर्थ उपासना लेकर गीता में कहा गया तैल धारावत् नाम जप द्वारा निरन्तर स्मरण से संतुष्ट भगवान् अपने स्वरूप के प्रकट करते हैं और भक्त अखण्ड चिदानन्द अपरोक्षानुभूति करता हुआ एकीभाव से युक्त हो जाता है। इस प्रकार गीता पराभक्ति व ज्ञान की एकता का प्रतिपादन करती है। अनन्यभक्ति से भगवद्भक्त भगवद्तादात्म्य सम्भव कर सकता है। अपने आत्म रूप उपासक का भगवान् जन्ममृत्युरूप संसार-सागर से उद्धार करते हैं।[१०] भक्ति और ज्ञान एक दूसरे पर आश्रित हैं। दोनों का चरम लक्ष्य भगवद्-प्राप्ति है। भगवद्शरण में जाकर सारे पापों से मुक्त होना ही गीतानुसार मोक्ष है। स्वयं कृष्ण कहते हैं—

---

१. छान्दोग्य उप.— ब्रह्मविद् ब्रह्मैव भवति। अत्र ब्रह्म समश्नुते। इहैव तदाप्नोति। नाप्रियाप्रिये स्पृशतः छान्दोग्य ८/१२/१

२. बृहदारण्यक— ४/४/७

३. वही — ४/४/२३, मुण्डक १/२/१२

४. कठोपनिषद् — १/१/२५,२६

५. बृहदारण्यक — केनाहं तेन कुर्यां। येनाहं नामृता स्याम्। २/४/३

६. गीता २/५० 'योगः कर्मसु कौशलम्'

७. गीता ११/५४/१८-५५,८/२२

८. गीता ६/७,८

९. गीता १२/६,७

१०. गीता १८-५४,५५

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सर्वान् धर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वां सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः ॥[१]

अब मैं दार्शनिक सन्दर्भ में सभी का ध्यान आकृष्ट करना चाहूँगी । मोक्ष की सत्ता के सन्दर्भ में सभी नास्तिक-आस्तिक दर्शनों ने अपने विचार व्यक्त किये हैं । संक्षेपतः आस्तिक दर्शनों में उल्लेख करने के उपरान्त सांख्य पर केन्द्रित करना ही मेरा उद्देश्य है ।

न्याय वैशेषिक मोक्ष को 'अपवर्ग' कहते हैं, जिसका अर्थ है— जीवात्मा की २१ प्रकार के दुःखों व उसके कारणों से आत्यन्तिकी निवृत्ति ।[२] शरीर षडिन्द्रिय षडविषद षड ज्ञान सुख + दुःख (२१ = १ + ६ + ६ + ६ + १ + १ = २१) इन इक्कीसों से बन्धन उत्पन्न होता है । अतः मोक्ष दुःख के पूर्ण निरोध की अवस्था है ।

योगदर्शन की मान्यतानुसार, जब चित् शक्ति निरुपाधिक रूप से अपने आप में स्थित हो जाती है तो मोक्ष होता है । पतञ्जलि की उक्ति है कि संसार बन्धन से छूटने का एकमात्र उपाय चित्त की वृत्ति का निरोध है । यही योग है और विवेक ख्याति से भी वैराग्य होने पर दोषों के बीज का क्षय होने पर कैवल्य होता है ।[३]

मीमांसकों के अनुसार त्रिविध सांसारिक बन्धनों[४] (भोगायतन (शरीर) भोगसाधन (इन्द्रियों) और भोगविषय (शब्दादिविषयक जगत् आदि) से सदा के लिए सम्बन्ध-विच्छेद हो जाना 'मोक्ष' कहा जाता है ।[५] प्रभाकर के मत में समस्त धर्म व अधर्म का लोप हो जाने पर शरीर का आत्यन्तिक नाश हो जाता है और सांसारिक बन्धनों से सदा के लिए छुटकारा मिल जाता है । इसे ही मोक्ष कहा जाता है ।[६]

वेदान्त मत में अखण्ड ब्रह्म का ज्ञान हो जाने पर जब अज्ञान और उसके कार्य जगत् का नाश हो जाता है तो उस जगत् के अन्तर्गत रहने वाली अखण्डाकाराकारित चित्तवृत्ति भी नष्ट हो जाती है । उस समय केवल ब्रह्ममात्र ही शेष रहता है । जीव और ब्रह्म का तादात्म्य हो जाता है । इसे ही 'मुक्ति' कहते हैं ।[७] इस मत में धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष—इन चतुर्विध पुरुषार्थों में से मोक्ष ही परमपुरुषार्थ है ।[८]

१. गीता १८-६५-६६
२. न्यायसूत्र— 'तदत्यन्तविमोक्षोऽपवर्गः' १/१/२२
३. पातञ्जलयोग प्रदीप विभूतिपाद— ५० —"तद्वैराग्यादपि दोषबीजक्षये कैवल्यम्"
४. शास्त्रदीपिका १२५— "त्रेधा हि प्रपञ्चः पुरुषं बध्नाति— भोगायतनं शरीरम्, भोगसाधनानीन्द्रियाणि, भोग्याः शब्दादयो विषयाः।"
५. त्रिविधस्यापि बन्धस्यात्यन्तिको विलयः मोक्षः। — शास्त्रदीपिका १२५
६. आत्यन्तिकस्तु देहोच्छेदो निःशेषधर्माधर्मपरिक्षयनिबन्धनो मोक्षः। — प्रकरणपञ्चिका अष्टम प्रकरण १५६
७. भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः। क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन्दृष्टे परापरे ॥ मु. ३ २/२/८
८. इहखलु धर्मार्थकाममोक्षाख्येषु चतुर्विधपुरुषार्थेषु मोक्ष एव परमपुरुषार्थः। — वेदान्त परिभाषा-प्रत्यक्षपरिच्छेद पृ. ६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सांख्य दर्शन में प्रकृति के उपरत हो जाने पर पुरुष का अपने रूप में स्थित हो जाना ही मोक्ष माना गया है।[१] सांख्य प्रवचनसूत्र व सांख्यकारिका—दोनों प्रमुख ग्रंथों का प्रारम्भ दुःखनिवृत्ति रूप मोक्ष के निर्देश के साथ किया गया है।[२] मोक्ष की संज्ञा करते हुए विज्ञान भिक्षु व योगभाष्यकार व्यास का कथन है कि यह शास्त्र चिकित्सा शास्त्र के समान चतुर्व्यूह है। जिस प्रकार चिकित्सा शास्त्र के रोग, आरोग्य, रोगनिदान और भैषज्योपचार प्रतिपादन-विषय होते हैं, उसी प्रकार मोक्ष शास्त्र के हेय, हान, हेयहेतु, हानोपाय—ये चार प्रतिपाद्यविषय होते हैं। तीन प्रकार का दुःख हेय है, उसकी आत्यन्तिक निवृत्ति हान है। प्रकृति पुरुष के संयोग द्वारा अविवेक ही दुःख का हेतु है और विवेक ज्ञान ही हानोपाय है। मोक्ष की स्थिति में पुरुष प्रकृति से अपनी स्वतन्त्र सत्ता की अनुभूति करता है। उसका वास्तविक स्वरूप चेतन है। अतः वह अपनी स्वतन्त्र चैतन्यावस्था में आ जाता है, किन्तु वह केवल चैतन्य की ही अनुभूति करता है, आनन्द की नहीं, क्योंकि पुरुष निर्धर्मक है। अतः आनन्द रूप धर्ममुक्ति है— ऐसा नहीं कहा जा सकता[३]। पुरुष का स्वरूप केवल चेतन है। उसमें आनन्दादि किसी अन्य धर्म का समावेश नहीं किया जा सकता, क्योंकि सुख दुःख आदि धर्म बुद्धि के हैं, किन्तु मोक्षावस्था में तो पुरुष प्रकृति के समस्त विकारों से सम्बन्ध विच्छेद कर लेता है, ऐसी अवस्था में बुद्धि के एक गुण सुख अथवा आनन्द की अनुभति भी वह कैसे कर सकता है, अतः मोक्षावस्था में पुरुष सुखदुःखानन्द से रहित केवल चैतन्य रूप ही होता है। पुरुष व प्रकृति का परस्पर औदासीन्य होने पर अपवर्ग सिद्ध होता है अथवा प्रथम पुरुष को ही यदि प्रकृति से पृथक् होकर स्वस्थिति हो तो भी कैवल्य की सिद्धि होगी।[४] ध्यान, धारणा समाधि द्वारा इन्द्रियवृत्तियों के निरोध से आत्मा का विषयोपराग नष्ट हो जाता है, जिससे आत्मा का स्वरूपावस्थान होता है।[५] इस प्रकार मलिन बुद्धि के सम्पर्क से रहित हुआ स्वच्छ निष्क्रिय पुरुष, विवेक ज्ञान के सामर्थ्य से धर्माधर्म, अज्ञान, ऐश्वर्य, अनैश्वर्य वैराग्य और अवैराग्य—इन सातों से रहित और अपने लिए भोगादि परिणाम न उत्पन्न करने वाली प्रकृति को दर्शक की तरह देखता है, जैसे नर्तकी रङ्गस्थ दर्शकों के समक्ष नृत्य के लिए एक बार उपस्थित होने के बाद फिर प्रवृत्त नहीं होती। उस प्रकार प्रकृति पुरुष के समक्ष अपने को प्रकट कर देने के बाद फिर पुरुष के प्रति प्रवृत्त नहीं होती।[६] इस मुक्त कृतभोगापवर्ग पुरुष के लिए प्रकृति के परिणाम रुक जाते हैं, अन्य असिद्ध पुरुषों के लिए नहीं। जैसे जिस पुरुष को रज्जु में सर्पज्ञान निवृत्त हो जाता है, वह पुरुष उस सर्प से भीत नहीं होता। अन्य को तो वह रज्जुसर्प भय को उत्पन्न करता ही है।[७] पुरुष की मोक्षप्राप्ति के बाद भी जगत् की सत्ता नष्ट नहीं होती, वरन् उस मुक्त पुरुष

---

१. प्राप्ते शरीरभेदे चरितार्थत्वात् प्रधानविनिवृत्तौ। एकान्तिकमात्यन्तिकमुभयं कैवल्यमाप्नोति। सांख्यकारिका ६८
२. अथ त्रिविधदुःखात्यन्तनिवृत्तिरन्त्यपुरुषार्थः। सांख्य प्रवचन सूत्र १/१ (अ)
दुःखत्रयाभिधातात् जिज्ञासा तदपघातके हेतो॥ सांख्य कारिका १/१ (ब)
३. नानन्दाभिव्यक्तिर्मुक्तिर्निधर्मत्वात् साप्र.सू. ५/७७ पृ. ११९
४. (अ) सांख्य प्रवचन सूत्र ३/६५ (ब) विज्ञान भिक्षु भाष्य पृ. १६५
५. (अ) सांख्य प्रवचन सूत्र २१३४ (ब) योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः — पातञ्जलयोग सूत्र १/२
६. रङ्गस्य दर्शयित्वा निवर्तते नर्तकी यथा नृत्यात्। पुरुषस्य तथाऽऽत्मानं प्रकाश्य विनिवर्तते प्रकृतिः। सांख्यकारिका ५९
७. विज्ञानभिक्षु भाष्य — ३/६६ पृ. १६६

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के लिए निरर्थक हो जाती है और वह मुक्त पुरुष कभी बन्धन में नहीं पड़ता । प्रकृति इतनी सुकुमारतर है कि पुरुष के द्वारा जान लिये जाने के ज्ञान से युक्त होते ही वह उसकी दृष्टि में नहीं आती ।[१] इस प्रकार एक बार मुक्त हुए पुरुष का पुन: बन्धनयोग नहीं होता, क्योंकि श्रुति में मुक्त पुरुषों की अनावृत्ति कही गयी है ।[२] अत: मोक्ष नित्य है । सांख्यमत में मोक्ष का अर्थ किसी नवीन वस्तु को प्राप्त करना ही नहीं, वरन् केवल पुरुष की अपने चेतन स्वरूप में स्थिति भी है । विज्ञानभिक्षु का कथन है— अन्तराय के नाश होने पर मुक्तस्वभावात्मा का स्वरूपावस्थान ही मुक्ति है । जैसे स्वभावत: शुक्लस्फटिकमणि की जपापुष्प की उपाधि से उत्पन्न रक्तिमा शुक्लता का आवरण करने वाली विघ्न मात्र है । न तो जपापुष्प की उपाधि से स्फटिक की शुक्लता नष्ट होती है औन न जपापुष्प के हटने पर शुक्लता उत्पन्न होती है । ऐसे ही स्वभावत: सुखदु:खादि रहित, बुद्धि उपाधि से होने वाला दु:ख रूप प्रतिबिम्ब उसके स्वरूप पर आवरण डालने वाला विघ्न मात्र है । बुद्धि की उपाधि से न दु:ख उत्पन्न होता है, न उपाधि हटने पर नष्ट होता है । पुरुष नित्य ही मुक्त व चैतन्य स्वरूप है ।[३] उसकी अपने चेतनमात्र स्वरूप में स्थिति व उसके लिए प्रकृति का उपरत हो जाना ही मुक्ति है ।

---

१. सांख्यकारिका— ६१ (अ) विज्ञानभिक्षु भाष्य — ३/७० पृ.- १६८ (ब)

२. 'न मुक्तस्य पुर्नबन्धयोगोऽप्यनावृत्तिश्रुते:' साप्र.सू.६/१७
(अ) विज्ञानभिक्षुभाष्य — ६/१७ पृ.- २४४ (ब)

३. विज्ञानभिक्षुभाष्य— ६/२० पृ.- २४५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संस्कृत-रङ्गमञ्च और आधुनिक पुस्त-प्रयोग

रुनझुन बंसल

आहार्य अभिनय के चार प्रकार कहे गये हैं — पुस्त, अलङ्कार, अङ्गरचना और सञ्जीव।[१] इनमें पुस्त रचना इसलिए सबसे महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इसी के द्वारा रङ्गमण्डप पर दृश्य-विधान किया जाता है। 'पुस्त' शब्द का अभिप्राय है — लेप करना, रेखाचित्र बनाना तथा मिट्टी, काष्ठ या किसी धातु का शिल्पकार्य।[२] अत: लेपनादि के द्वारा मिट्टी, काष्ठ, वस्त्र, चर्म, चटाई, बाँस, भोजपत्र, लाख, मोम, अभ्रक आदि तत्त्वों से नाट्य में प्रयुक्त अपेक्षित पदार्थों, यथा—रथ, विमान, हाथी, घोड़े, भवन, प्रासाद, शैल आदि के सांङ्केतिक प्रतिरूपों की रचना को ही 'पुस्त' कहा जाता है।[३] नाट्यविदों के द्वारा देव-दानवों, यक्ष-हाथियों, घोड़ों और पक्षियों के प्रतिशीर्ष[४] (मुखौटे) पुस्त

१. (क) चतुर्विधन्तु नेपथ्यं पुस्तोऽलङ्कार एव च। तथाङ्गरचना चैव ज्ञेयः सञ्जीव एव च॥ नाट्यशास्त्र २३/५
(ख) नैपथ्यस्य विधानं स्यादाहार्यः स चतुर्विधः। पुस्तभूषाङ्गरचना सजीवः परिकल्पितः॥ नृत्तरत्नावली १/३६
(ग) चतुर्विधन्तु नेपथ्यं पुस्तोऽलङ्कार एव च। तथाङ्गरचना चैव ज्ञेयः सजीवमेव च॥ नृत्यरत्नकोश १/४/६
(घ) चतुर्विधं तु नेपथ्यं पुस्तोऽलङ्कारस्तथा। सञ्जीवश्चाङ्गरचना चेति पुस्तस्त्रिधा मतः॥ नर्तन निर्णय
(ङ) नानाविधं तथाप्येतच्चतुर्धा प्रोच्यते बुधैः। पुस्तमाल्यविभूषाङ्गपरिवर्तनभेदतः। संगीतार्णवचन्द्रिका ५/३८७ और संगीतनारायण ३/१४२

२. संस्कृत-हिन्दी कोश, वामन शिवराम आप्टे, मोतीलाल बनारसी दास

३. (क) शैलयानविमानानि चर्मवर्मध्वजा नगाः। यानि क्रियन्ते नाट्ये हि स पुस्त इति सञ्ज्ञितः॥
काष्ठचर्मसु वस्त्रेषु जतुवेणुदलेषु च। नाट्योपकरणानीह लघुकर्माणि कारयेत॥ ना० शा० २३/८
(ख) मृदा वा दारुणा वापि वस्त्रेणाप्यथ चर्मणा। लौहैरनुकृतिर्वापि पुस्त इत्यभिधीयते। विष्णुधर्मोत्तरपुराण ३/२७/३-४
(ग) तत्र शैलविमानादि नाट्ये यद्यत्रदृश्यते। तत्तत्पुस्त इतिज्ञेयः स च त्रेधा विधीयते॥ नृ० र० १/३७
(घ) पुस्तः स उच्यते नाट्ये यद्विमानादि दृश्यते। नृ० र० को० १/४/१३
(ङ) शैलयानविमानानि चर्मवर्मायुधध्वजाः। यानि क्रियन्ते तान्येव स पुस्त इति सञ्ज्ञितः। न० नि० ४/१/२/१७-१८
(च) शैलयानविमानानि चर्मवर्मध्वनादयः। मृदा च दारुणावाथ वस्त्रेणाप्यथ चर्मणा॥
लोहरत्नैः कृतं वापि पुस्तमित्यभिधीयते। शास्त्राणि सर्पाविकृतमुखानि च वपुषि च। यानि च क्रियते नाट्ये तत्पुस्तमिति कीर्त्यते॥ स० अ० च० ५/३८८-३९८ और संगीतनारायण ३/१४३-१४५

४. (क) अथ शीर्षविधानार्थम्—/ना० शा० २३/१४७-१८३
(ख) देवदानवयक्षानां गजाश्वमृगपक्षिणाम्।
कार्याणि प्रतिशीर्षाणि नाट्यज्ञः पुस्तकर्मणा॥ वि० ध० पु० ३/२७/४-५
अश्वादयः च कर्तव्याश्चर्मकाष्ठादिभिः समाः॥ वही, ३/२९/१८

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तकनीक (विद्या) से तैयार कर रङ्गमञ्च पर प्रस्तुत किये जाते हैं, जिससे नाट्यप्रयोगों में सजीवता आ जाती है। नाट्यशास्त्र नृत्तरत्नावली, नृत्यरत्नकोश, नर्तननिर्णय सङ्गीतार्ण चन्द्रिका और सङ्गीतनारायण में पुस्तरचना की तीन विधियाँ[१] बतायी गयी हैं, जो इस प्रकार हैं—

(i) सन्धिम —'सन्धिम' विधि के अन्तर्गत चटाई, बाँस, भोजपत्र, चर्म, वस्त्र आदि विभिन्न पदार्थों को आपस में बाँधकर, जोड़कर चिपकाकर अथवा सीलकर वृक्ष, नदी, पर्वत, यान, विमान, मकान, प्रासाद, रथ, वाहन, हाथी, घोड़ों आदि नाट्योपयोगी पदार्थों का निर्माण किया जाता है।[२]

(ii) व्याजिम — 'व्याजिम' विधि यान्त्रिक विधि है, जिसमें विभिन्न यन्त्रों की सहायता से रथ-यान, पशु-पक्षी आदि भौतिक पदार्थों को रङ्गमञ्च पर उपस्थित किया जाता है तथा आवश्यकता पड़ने पर इन्हीं यान्त्रिक साधनों के द्वारा मञ्च पर इन पदार्थों को कृत्रिम गति भी प्रदान की जाती है।[३] आचार्य अभिनवगुप्त, जायसेनापति और राणा कुम्भा का मत है कि ऐसे पदार्थों को सूत्र अथवा रस्सी को आगे-पीछे खींचकर गतिशील बनाया जा सकता है।[४]

(iii) वेष्टिम — जब रङ्गोपयोगी पदार्थों का निर्माण वस्त्र, चर्म, लाख आदि वस्तुओं से आवेष्टित करके अथवा भली-भाँति लपेटकर अथवा परत चढ़ाकर किया जाए तो उसे 'वेष्टिम' पुस्त समझना चाहिए।[५] इसे 'चेष्टिम' भी कहा जाता है।

---

१. (क) पुस्तस्तु त्रिविधो ज्ञेयो नानारूपप्रमाणतः। सन्धिमो व्याजिमश्चैव वेष्टिमश्च प्रकीर्तितः॥ ना० शा० २३/५
(ख) तत्तत्पुस्त इति ज्ञेयः स च त्रेधा विधीयते। आदिमस्सन्धिमस्तत्र मध्यमो व्याजिमः स्मृतः। अन्तिमश्चेष्टिमस्तेषाम्—॥ नृ० र० १/३७-३८
(ग) पुस्तस्तु त्रिविधो ज्ञेयो नानारूपप्रमाणतः। सन्धिमो व्याजिमश्चैव चेष्टितश्च प्रकीर्तितः॥ नृ० र० को० १/४/७
(घ)... पुस्तस्त्रिधा मतः। सन्धिमा व्याजिमा चैव चेष्टिमा चेति नामतः॥ न० वि० ४/१/२/१५
(ङ) तत्रिधा सन्धितं चैव व्याजितं चेष्टितं तथा/स० अ० च० ५/३८१, और संगीतनारायण ३/१४६

२. (क) किलिञ्जचर्मवस्त्राद्यैर्यद्रूपं क्रियते बुधैः। सन्धिमो नाम विज्ञेयः पुस्तो नाटकसंश्रयः॥ ना० शा० २३/७
(ख किलिञ्जचर्मवस्त्राद्यसन्धानाः तत्र सन्धिमः। नृ० र० १/३८
(ग) किलिञ्जैश्चर्मवस्त्राद्यैः संधानात् सन्धिमो मतः॥ नृ० र० को० १/४/१३
(घ) कीलितं वस्त्रचर्माद्यैर्यद्रूपं क्रियते नटैः। सन्धिमा....॥ न० नि० ४/२/२/१६)
(ङ) कलिञ्जचर्मवस्त्रैश्च यत्पुस्तं क्रयते नटैः। सन्धितम्....॥ स० अ० च० ५/३८१ और सङ्गीतनारायण ३/१४६

३. (क) व्याजिमो नाम विज्ञेयो यन्त्रेण क्रियते तु यः। ना० शा० २३/८
(ख) ... व्याजिमा ज्ञेयो यन्त्रेण क्रियते तु यः॥ न० नि० ४/१/२/१६
(ग) ... तद् व्याजितं तु यन्त्रेण क्रियते हि यत्। स० अ० च० ५/५/३-९१, और सङ्गीतनारायण ३/१४६

४. (क) व्याजः सूत्रस्य कर्षादिरूपः आक्षेपः तेन निर्वृत्तः व्याजिमः।
(ख) सूत्राकर्षादिभिर्व्याजैर्निर्वृत्तं व्याजिमं विदुः। नृ० र० १/३९
(ग) व्याजैः सूत्रार्षणाद्यै रचितो व्याजिमो मतः। नृ० र० को० १/४/१४

५. (क) वेष्ट्यते चैव यद्रूपं वेष्टिमः स तु सञ्ज्ञितः॥ ना० आ० २३/८
(ख) जतुसिक्थादिसम्बन्धात् चेष्ट्यते यस्स चेष्टिमः॥ नृ० र० १/४०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुस्त—निर्माण एवं प्रस्तुतीकरण के सन्दर्भ में भरतादि के समय में यान्त्रिक साधनों के उन्नत न होने के कारण सम्भवत: सन्धिम और वेष्टिम विधियाँ ही अधिक उपयोगी सिद्ध होती होंगी, लेकिन आज रङ्गमञ्चीय यन्त्रों की समृद्धि ने व्याजिम विधि को पुस्त-आहार्य का प्रमुख एवं सशक्त प्रकार बना दिया है, तथापि सन्धिम और वेष्टिम विधियाँ आज भी पुस्त आहार्य का आधार रूप ही हैं।

इन्हीं तीनों विधियों का आश्रयण करके संस्कृत रूप को एवं काव्यों में वर्णित पर्वत, प्रासाद, वाहन, विमान, पशु, पक्षी आदि के वर्णनों को मञ्च पर रूपायित किया जाता है। अभिज्ञानशाकुन्तलम्, मृच्छकटिकम् और बालरामायण में क्रमश: रथ, नौका, मिट्टी की गाड़ी और रावण के पुष्पक विमान की रङ्गमञ्च पर उपस्थिति पुस्त की सन्धिम आदि तीनों विधियों पर आश्रित है।[१] हर्ष की रत्नावली के वानर, अभिज्ञानशाकुन्तल के मृगशावक और सिंहशावक, दूतवाक्य के गरुड़ तथा राम-सम्बन्धी रूपकों के जटायु, गिद्ध तथा हनुमान्-सुग्रीवादि वानरों के प्रतिशीर्ष[२] इन्हीं सन्धिम और वेष्टिम विधियों द्वारा तैयार किये जाते हैं। प्रतिज्ञायौगन्धरायण अथवा स्वप्नवासवदत्तम् की घोषवती वीणा, प्रतिमा नाटक में मनु, दिलीप, रघु आदि दिवंगत राजाओं की मूर्तियाँ तथा बालरामायण के मनुष्यधारी शङ्ख; चक्र, शार्ङ्ग आदि सभी प्रयोग पुस्त-आहार्य द्वारा सम्पन्न हो पाते हैं।[३]

इतना ही नहीं, संस्कृत के कुछ नाटककारों ने स्वयं अपनी रचनाओं की कथावस्तु में इन पुस्त विधियों द्वारा निर्मित पदार्थों का समावेश किया है। राजशेखर के बालरामायण में कामोन्मत्त दशानन की कामशान्ति हेतु 'यन्त्रनिर्मित जानकी' की कल्पना इसी शैली में है। हनुमन्नाटक में रावण द्वारा मायानिर्मित रामलक्ष्मण के मस्तकों का कथन किया गया है। कथासरित्सागर में वत्सराज उदयन की कथाओं में 'यन्त्रनिर्मित हाथी' का उल्लेख मिलता है तो भास द्वारा रचित प्रतिज्ञायौगन्धरायण में यौगन्धरायण ने मल्लिका लता एवं साल के वृक्षों से ढके हुए तथा नख-दन्त से रहित 'नीलबलाहक' नामक हाथी का सङ्केत किया है।[४] क्योंकि भास आचार्य भरत से ३००-४०० वर्ष पूर्व हुए, इसलिए यह कहा जा सकता है कि उक्त पुस्तविधि भरत से पूर्व भी नाट्यविदों को भली-भाँति ज्ञात थी, जिसका वे आवश्यकतानुसार प्रयोग रङ्गकर्म में करते थे। स्वयं आचार्य भरत के नाट्यशास्त्र में पुस्तविधि से सम्पन्न होनेवाले पदार्थों की एक लम्बी सूची प्रस्तुत की है। नाट्योत्पत्ति के प्रसङ्ग में नाट्यशास्त्र के प्रथमाध्याय में जर्जर, दण्डकाष्ठ, छत्र, चामर, मुकुट, भृङ्गार (कलश) आदि का निर्देश तथा गतिप्रचाराध्याय में विभिन्न स्तरों के

(ग) मधूच्छिष्टान्नजत्वादियोगैर्यश्चेष्ट्यते नटै: ॥ नृ० र० को० १/४/१४
(घ) चेष्ट्यते चैव यद्रूपं चेष्टिम: स तु सञ्ज्ञित:। नृ० वि० ४/१/२/१८ (ङ) चेष्टते तत्र यद्भूयस्तत्तु चेष्टितमुच्यते। स० अ० च० ५/३९२ और सङ्गीतनारायण ३/१४७

१. (क) अभि० शा०, अङ्क १/६-१४ (ख) मृच्छ०, अङ्क ६ (ग) बाल० रा०, अङ्क १/३०-३३

२. (क) अभि० शा०, अङ्क १/३-४, अङ्क ७
(ख) रामकथा सम्बन्धी रूपक यथा — प्रतिमा, अभिषेक, महावीरचरित, आश्चर्यचूड़ामणि, अनर्घराघव, बालरामायण, हनुमन्नाटक।

३. (क) प्रतिज्ञा०, अङ्क १, स्वप्नवा० (ख) प्रतिमा०, अङ्क ३, बालरामायण, अङ्क १

४. (क) सूत्रधारचलद्दारुगात्रेयं यन्त्रजानकी। वक्त्रस्थ सारिकालापा लङ्केन्द्रं वञ्चयिष्यति ॥ बाल० रा०, अङ्क ५/६-२
(ख) कथासरित्सागर २/४-५, १८-२० (ग) प्रतिज्ञा०, अङ्क १

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पात्रों, जैसे—राजा-मन्त्री, युवराज, महारानी तथा समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों के लिए प्रयुज्य सिंहासन, वेत्रासन, कुशासन काष्ठासनादि का जो कथन भरत ने किया, उन सबका सङ्कलन भी पुस्तश्रेणी में किया गया।[१]

नाट्यशास्त्र में इनका नामनिर्देश मात्र ही नहीं है, अपितु दण्डकाष्ठ, जर्जर, प्रतिशीर्ष, मुकुट, आभूषण, पर्वत, प्रासाद, फल-फूल-बर्तन और अस्त्र-शस्त्रादि के निर्माण की स्पष्ट एवं सम्पूर्ण विधि भी नाट्यविदों को भरत ने समझायी।[२]

विष्णुधर्मोत्तरपुराण, नृत्तरत्नावली आदि के समय तक आते-आते रङ्गकर्मी इन पुस्तप्रयोगों में सिद्धहस्त हो चुके थे। सम्भवतः इसीलिए विष्णुधर्मोत्तरकार और जायसेनापति आदि ने उक्त निर्माण-विधि पर चर्चा करना आवश्यक नहीं समझा।

पुस्त-निर्माण के सन्दर्भ में भरत के विधि-निषेध —

नाट्यकथावस्तु की आवश्यकतानुसार नाट्य में प्रयुक्त युद्ध एवं नियुद्ध (बाहुयुद्ध) आदि के दृश्यों को रोमाञ्चकारी एवं प्रभावी बनाने के लिए दण्ड, ढाल, शूल, तोमर, शक्ति, भाला, शतघ्नी, धनुष, बाण, गदा, वज्र, तलवार इत्यादि अनेक प्रकार के अस्त्र-शस्त्रों की रचना एवं प्रयोग पर विचार किया गया है। अस्त्र-शस्त्र एवं आभूषणों के सम्बन्ध में आचार्य भरत ने कुछ विधि-निषेध भी किये हैं। भरत का कहना है कि रङ्गकर्म में प्रयुक्त ये अस्त्रादि लौकिक पदार्थों की अनुकृतिमात्र होनी चाहिए, उनके वास्तविक रूप नहीं। इनके निर्माण हेतु घास, बाँस, उसकी पत्तियाँ एवं खपच्चियाँ, लाख, मधु, तुम्बी आदि हलके पदार्थों को ग्रहण करना चाहिए, न कि लोहे-पत्थर आदि भारी वस्तुओं को। वजनदार अस्त्र-शस्त्रादि के प्रयोग के सम्बन्ध में भरत का दूसरा विधिनिषेध यह है कि रङ्गमञ्च पर हथियारों का वास्तविक प्रहार (प्रयोग) नहीं करना चाहिए और न ही किसी पात्र का छेदन अथवा ताड़न करना चाहिए। दूर से ही इनका अङ्गों से स्पर्शमात्र कराना चाहिए।[३]इस स्पर्श से किसी भी प्रकार की शरीर-हानि नहीं होनी चाहिए। यदि कभी यथार्थप्रदर्शन हेतु रक्तस्त्राव दिखाना भी पड़े तो पुस्तविधि द्वारा इसे सम्भव बनाना चाहिए।

आचार्य भरत इस बात से भी परिचित थे कि स्वर्ण-रत्नादि बहूमूल्य पदार्थ आसानी से उपलब्ध नहीं होते। इसलिए मुकुट आदि आभूषणों का निर्माण वस्त्र, मोम, अभ्रक, ताँबे के द्वारा करना चाहिए, क्योंकि भारी गहनों से लदे रहने पर पात्रों को युद्ध, नृत्यादि के प्रदर्शन में पसीना अथवा बेहोशी आ सकती है।[४]

आचार्य भरत के द्वारा नाट्य-सफलता हेतु पुस्तविधि का यह विस्तृत विधान उनकी अतिशय प्रतिभा का सूचक है। सम्भवत: उनके इसी विश्व पुस्त-निरूपण को देखकर पुराणकार और जायसेनापति आदि ने इस

---

१. ना० शा० १/६०-६२,१२/२१४-२१६

२. ना० शा० १/६०-६२,१२/२१४-२१६

३. मोक्तव्यं नायुधं रङ्गे न छेद्यं न च ताडनम्। प्रादेशमात्रं गृह्णीयात् सञ्ज्ञार्थं शस्त्रमेव च॥ अथवा योगशिक्षाभिर्विद्या मायाकृतेन वा। शस्त्रमोक्ष- प्रकर्त्रव्यो रङ्गमध्ये प्रयोक्तृभिः॥ ना० शा० २३/२१०-२११

४. ना० शा० २३/२००-२०९

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्बन्ध में अधिक चर्चा करना जरूरी नहीं समझा। फिर भी जहाँ भरत पुस्त-निर्माण-सामग्री में लोहे जैसी भारी धातुओं का निषेध करते हैं, वहीं पुराणकार, नीलकण्ठ और नारायण लोहे के प्रयोग की स्वीकृति देते हैं।[1] सम्भवतः यहाँ पुराणकार का अभिप्राय लोहे की हलकी-पतली चादरों और उनके खोखले पाइपों से हो, तथापि पुराणकार आदि का यह मत इस कड़ी के विकास का सूचक है।

आधुनिक पुस्त-रचना —

(i) आधुनिक पुस्त उपकरण एवं दृष्टिकोण — आधुनिक युग में परिस्थितियाँ बदल चुकी हैं। आज के नये युग में मनुष्य के उपेयाग हेतु नयी-नयी वस्तुएँ एवं नए-नए पदार्थ उभरकर आए हैं। प्राचीन आचार्यों द्वारा कथित मिट्टी, वस्त्रादि पुस्त-उपकरणों के अतिरिक्त आजकल प्लाईवुड, थर्मोकोल, कागज, गत्ते, पलास्टर ऑफ पेरिस, फाइवरग्लास, प्लास्टिक, पॉलिथिन, लोहे, एल्युमीनियम, गोबर, फर, नैट, फोम आदि का प्रयोग प्रचुर मात्रा में होने लगा है। विभिन्न वस्तुओं के निर्माण में पदार्थों को परस्पर चिपकाने हेतु आज के नाट्यविद् केवल बेल के घोल और आटे की लेई पर निर्भर न रहकर फेविकोल एवं उत्तम श्रेणी के गोंद (एडैसिव) का प्रयोग करने लगे हैं। पुस्त-सामग्री को अधिक आकर्षक एवं यथार्थ बनाने में अब नाट्यविद् केवल प्राकृतिक रङ्गों पर आश्रित न रहकर प्लास्टिक पेंट, इनेमल पेंट, पोस्टर कलर आदि कृत्रिम रङ्गों का भी प्रयोग करने लगे हैं, क्योंकि ये रङ्ग सुलभ हैं ही, इनके परिणाम प्राकृतिक रङ्गों की अपेक्षा अच्छे रहते हैं। लोहे और एल्यूमीनीयम के अन्तर्गत लोहे आदि की तारों, चादरों, पाइपों, ऐंङ्गल, नट-बोल्ट्स, कीले, क्लिप्स, हैंडल, चक्र आदि का प्रयोग होता है। पाइपों, एंगल, नट-बोल्ट्स, क्लिप्स आदि की सहायता से आजकल ऐसे दृश्यबन्ध बनाये जाते हैं, जो फोल्डिंग होते हैं।

आज के नाट्य-प्रयोक्ता पुस्त-नेपथ्य को क्रियान्वित करते हुए इसके उत्पादन और निर्माण के प्रति चार प्रकार की दृष्टियाँ रखते हैं। पहली तो यह कि पुस्त-निर्माण हेतु ऐसे पदार्थों का चयन जो सरलता से उपलब्ध हो सके। दूसरी—रूपकों के मञ्चन के समय रङ्गमञ्च के दृश्यबन्ध (पुस्तप्रतिरूपों) दृश्यानुसार बदलने में आसान और सुविधाजनक हो, अर्थात् श्रमसाध्य एवं अधिक समय लेनेवाली न हो। तीसरी यह है कि नाट्यमञ्चन हेतु एक स्थान से दूसरे स्थान पर (अथवा एक शहर से दूसरे शहर में) ले जाने में सुविधाजनक हो, अर्थात् उनका स्वरूप फोल्डिंग हो। आखिरी यह कि आज के नाट्यविद् ऐसी पुस्त-सामग्री पसन्द करते हैं, जो लम्बे समय तक काम देनेवाली हो, अर्थात् दीर्घजीवी हो।

(ii) कुछ आधुनिक पुस्त-निर्माण व प्रयोग — आज के नाट्य की भाषा में उक्त पुस्त-सामग्री को प्राप्स प्रोपर्टी कहा जाता है। आज भी नाट्य-उपस्थापक प्राचीन आचार्यों द्वारा कथित सन्धिम-वेष्टिम विधियों का आश्रयण कर रङ्गोपयोगी पुस्ताकृतियों की रचना करते हैं अथवा करवाते हैं। नाट्य की कथावस्तु के अनुरूप वृक्ष, स्तम्भ, द्वार, वातायन, दीवार, भवन, प्रासाद आदि का कैनवस या प्लाईवुड पर रेखाङ्कन कर कट-आऊट कर लिया जाता है और फिर उसपर अपेक्षित आकृति के अनुरूप चित्रकारी कर दी जाती है। गाड़ी, रथ, विमान आदि वाहनों

---

१. (क) लौहैरनुकृतिर्वापि पुस्त इत्यभिधीयते। वि० ध० पु० २७/४
(ख) लोहरत्नैः कृतं वापि पुस्तमित्यभिधीयते॥ स० अ० च० ५/३९० और सङ्गीतनारायण ३/१४४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तथा छत्र आदि के निर्माण के लिए उनकी आकृतियों के अनुरूप लोहे अथवा लकड़ी के फ्रेम तैयार कर उसे वस्त्रादि से आवेष्टित कर दिया जाता है। इस प्रकार का प्रयोग प्रो० रीता कोठारी द्वारा निर्देशित 'विक्रमोर्वशीयम्' नाटक में देखा गया है, जिसमें उर्वशी को ले जाने हेतु इसी प्रकार के कृत्रिम रथ का निर्माण किया गया था। कागजों, थर्मोकोल और विभिन्न रङ्गों से इन पदार्थों को कलात्मकता प्रदान की जाती है। गाड़ी व रथ को यथास्थान चक्रों के द्वारा तथा विमान को रङ्गाकाश में लगी घिरनी (पर लगी रस्सी आदि) के बल पर गति प्रदान की जाती है जबकि कभी-कभी इनपर आरूढ़ होनेवाले पात्र इनमें प्रवेशकर स्वयं चलकर इन्हें गति प्रदान करते हैं। यथा—अभिशाप नाटक के अन्तर्गत मञ्चित 'विक्रमोर्वशीय' में युद्ध के समय उर्वशी और उसकी सखियाँ केवल वस्त्र से आवेष्टित रथ के आयताकार ढाँचे में प्रवेशकर स्वयं गति प्रदान कर रही थीं। पर्वतों के निर्माण के सन्दर्भ में तो प्लाईवुड आदि के अभीष्ट आकार में कट-आउट कर लिये जाते हैं या फिर काष्ठासन (बेंच अथवा कुर्सी) पर लकड़ी की खपच्ची लगाकर अथवा किसी भी स्टैंड पर (+ आकारवाला) कोई वस्त्र डालकर, उसपर प्लास्टर ऑफ पेरिस का गाढ़ा घोल डाल दिया जाता है और सूखने पर अपेक्षित रङ्गकर दिए जाते हैं।

विभिन्न प्रकार के पुष्प और गजरें (वेणियाँ) कागज, कपड़े, पॉलिथिन, प्लास्टिक और सोलोवुड (Solowood) से बनाये जाते हैं, जबकि फल व पक्षी मिट्टी, कागज, प्लास्टर ऑफ पेरिस, प्लास्टिक आदि से।

पेपरमैशी कला के द्वारा बननेवाले फल, सब्जी, पक्षी, बर्तन, मूर्तियाँ, विभिन्न प्रकार के मुखौटे एवं अनेकानेक पुस्त-आकृतियाँ हलकी, आकर्षक एवं जीवन्त सदृश होती हैं तथा प्लास्टर ऑफ पेरिस की तुलना में अधिक टिकाऊ भी होती हैं, तथापि अधिकांश नाट्यविद् इस कला से अनभिज्ञ होने के कारण पुस्त-निर्मिति हेतु इसका उपयोग नहीं कर पाते। लेकिन फिर भी निकट भविष्य में पेपरमैशी रङ्गकर्मीय पुस्त हेतु एक उपयुक्त साधन बन जायेगा।

वानर, सिंह, मृग आदि पशुओं की चर्म के सामान रूप-रङ्गवाले फर-वस्त्र की पोशाक बनाकर पात्रों को पहनाकर, प्रतिशीर्ष लगाकर तत्-तत् रूप में मञ्च पर उपस्थित किया जाता है। निर्देशक रतन थियम द्वारा निर्देशित अज्ञेय द्वारा रचित 'उत्तरप्रियदर्शी' में युद्धरत अशोक को पृष्ठारूढ़ किये एक हाथी और 'कलिङ्गविजय' नाटक में दूर से आते हाथियों से सुसज्जित (गजारोही) अशोक के सैन्यदल के दृश्य में एक साथ अनेक हाथियों को मञ्च पर अवतरित किया गया। अपने रूप-रङ्ग-आकार और हाव-भाव की दृष्टि से ये हाथी पुस्तकृति प्रतीत न होकर एकदम सजीव प्रतीत हो रहे थे।

प्रासाद, राजसभा, कुटिया आदि की प्रस्तुति हेतु भी प्लाईवुड और कैनवस का प्रयोग किया जाता है। प्रासादादि के विभिन अङ्गों के लिए प्लाई के अगल-अलग टुकड़ों का प्रयोग किया जाता है, जिसे 'फलक' कहा जाता है। कभी इन फलकों को आपस में नट-बोल्ट्स (पेंच) और लोहे की क्लिप्स (कब्जों) से जोड़ दिया जाता है तो कभी एक फलक के सिरे को दूसरे फलक के सिरे में फँसाकर अथवा रस्सी या लोहे के तारों से बाँधकर सेट कर दिया जाता है। इसके उपरान्त थर्मोकोल पर बेल-बूटों, पशु-पक्षी आदि आकृतियोंवाला शिल्पकार्य कर, तथा उनपर अपेक्षित रङ्ग देकर प्रासादादि को भव्यता प्रदान की जाती है ग्राम्य एवं आश्रम की उटजों हेतु इन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

फलकों के ऊपर कपड़ा या बोरी (पटसन से बना वस्त्र) चिपकाकर, उसके ऊपर फेविकोल मिला हुआ गोबर, मिट्टी आदि का अपेक्षित लेप कर दिया जाता है और उसकी छत दर्शाने के लिए, उसके ऊपर आगे-आगे, अर्थात् केवल सामने की तरफ सरकण्डों की घास लगा दी जाती है।

स्थापत्य-सम्बन्धी पुस्त-निर्माण में नाट्यविदों द्वारा यह ध्यान अवश्य रखा जाता है कि मञ्चन हो रहा रूपक किस प्रदेश अथवा काल का है, ताकि वे पुस्त-रचना में उसी काल अथवा प्रदेश की स्थापत्य शैली का प्रयोग कर सकें।

(iii) आधुनिक पुस्त-आहार्य के नये अङ्ग — विज्ञान की समृद्धि एवं यान्त्रिक उपकरणों के विकास के परिणामस्वरूप आधुनिक पुस्त के रङ्गदीपन और ध्वनि-सङ्केत—ये दो नये अङ्ग बन गये। इसके अतिरिक्त विज्ञान ने और भी ऐसे रङ्गमञ्चीय यान्त्रिक साधन उपलब्ध कराये जिन्होंने पुस्त-आहार्य की गति प्रदान की। पुस्त-आहार्य के नवीन अङ्गों का वर्णन इस प्रकार है —

(क) रङ्गदीपन — (Stag Lighting)

आचार्य भरतादि के युग में गैस एवं विद्युत्-प्रकाश की सुविधा नहीं थी। फिर भी नाटक दिन में अथवा रात्रि में खेले जाते थे। दिन में मञ्चित होनेवाले रूपकों के लिए सूर्य का नैसर्गिक प्रकाश (जो नाट्यमण्डप में बने गवाक्षों से आता था) पर्याप्त रहता होगा, लेकिन सूर्यास्त के उपरान्त होनेवाले नाटकों में प्रकाश की विशेष व्यवस्था अपेक्षित रहती थी। इसके लिए तत्कालीन रङ्गकर्मी सम्भवतः दीपकों एवं मशालों का प्रयोग करते होंगे, क्योंकि रङ्गपूजन के सन्दर्भ में भरत ने दीपकों से सम्पूर्ण रङ्गस्थल को आलोकित करने की बात कही है।[१] उस समय रङ्गदीपन के समर्थ साधन अप्राप्य होने के कारण भरतादि के रङ्गदीपन का पुस्त-आहार्य के अन्तर्गत समावेश नहीं किया।

रङ्गदीपन का यह कार्य आचार्य भरतादि के युग के तेलादि दीपकों से चलकर चालीस की बत्ती और कारबाइड आर्कलैम्प से होता हुआ उन्नीसवीं सदी में विद्युत्-प्रकाश पर आ पहुँचा, जिसके बल पर रङ्गदीपन पुस्त-आहार्य एवं रङ्गमञ्चीय गतिविधियों का एक सशक्त अङ्ग बन गया।

रङ्गदीपन दीपन और सृजन नामक दो प्रकारों से नाट्यकर्म का उपकारी है। इसके दीपनकार्य द्वारा मञ्च पर उपस्थित वस्तुओं, व्यक्तियों, पदार्थों एवं क्रिया-व्यापारों को आवश्यकतानुसार दृश्य अथवा अदृश्य बना दिया जाता है।

नाट्य-प्रयोक्ता विभिन्न पात्रों के चरित्रों को इसी प्रकाश-शैली के द्वारा अधिकाधिक जीवन्त कर दिया जाता है। प्रधान एवं गौण पात्रों की भूमिकाओं का अन्तर भी प्रकाश-योजना के द्वारा निरन्तर बनाये रखा जाता है। कहने का अभिप्राय यह है कि नाटक के मुख्य पात्रों को अधिक भासित किया जाता है, जबकि गौण को कम।

---

१. भिनं कुम्भे ततश्चैव नाट्याचार्यः प्रयत्नतः।
प्रगृह्य दीपिकां दीप्तां सर्वं रङ्गं प्रदीपयेत्॥ ना० शा० ३/९१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विभिन्न रसों के भावों के अनुकूल प्रकाश-रङ्गों से प्रयोगजन्य भावों को और अधिक सशक्त बना दिया जाता है, जिससे तत्-तत् रस सहज ही मुखरित हो उठता है। अभिप्राय यह, कि नाट्य-घटनाक्रम के फलस्वरूप पात्रों की परिवर्तित होती मनोवृत्तियों एवं भावों को रङ्गीन आलोक और अधिक स्पष्ट तथा रसासिक्त बना देता है। इस आधार पर पुस्त-आहार्य के इस नये अङ्ग को सात्त्विकाभिनय का पोषक भी कहा जा सकता है। रङ्गदीपन के द्वारा ही संस्कृत नाटकों की स्वगत और जनान्तिक रूढ़ियाँ सरलतापूर्वक सम्पन्न हो पाती हैं।

प्रकाश की सर्जन-शक्ति के द्वारा गगनिका (Syclorama) पर नाट्य से सम्बद्ध विभिन्न प्राकृतिक दृश्यों का आधान किया जाता है। पुस्त-आहार्य के अङ्गभूत आलोक-चित्र प्रक्षेपक उपकरण (Projecter) के द्वारा दृश्यानुसार पृष्ठ-पट पर वसन्तर्त्तु का स्वच्छाकाश प्रस्तुत हो सकता है तो वर्षा ऋतु की घनघोर घटाएँ तथा नभ में उमड़ते काले-घने-गरजते मेघ और चमकती बिजलियाँ। बारिश के रुकने के दृश्य में एकाएक दर्शकों के समक्ष स्वच्छ आसमान में इन्द्रधनुष उपस्थित हो जाता है। झर-झर बहता झरना हो अथवा उग्र समुद्र की लहरें, यज्ञाग्नि का आधान हो अथवा भयङ्कर दावानल का,[१] आधुनिक रङ्गमञ्चीय प्रकाश-योजना द्वारा मञ्च पर सब सम्भव है। निर्देशक वेंकट शास्त्री द्वारा निर्देशित 'कीचक-वध' और 'भगवद्गीता' (गेय) रूपक में इस तरह के चमत्कारिक प्रयोग किये गये।

अभिज्ञान आदि संस्कृत नाटकों के सूर्योदय सूर्यास्त, ऋतुविपर्ययादि प्राकृतिक दृश्यों के प्रस्तुतीकरण हेतु तत्कालीन नाट्याचार्य ('चित्रप्रक्षेपक' उपकरण जैसे समर्थ साधन की अनुपलब्धि के कारण) सङ्केतात्मक विशिष्ट मुद्राओं पर आश्रित थे तथा चित्राभिनय के द्वारा वे इन्हें अभिनीत करते थे। किन्तु आज के नाट्यनिर्देशकों के समक्ष उक्त दृश्यों के दृश्याङ्कन हेतु रङ्गदीपन और मुद्राएँ—ये दोनों विकल्प उपस्थित हैं। आज का संस्कृतेतर रङ्गमञ्च तो इस तरह की दृश्यावली के लिए केवल रङ्गदीपन पर ही आश्रित है, किन्तु संस्कृत नाट्य-निर्देशक स्वेच्छानुसार उक्त दोनों विकल्पों में से किसी एक का चयन करते हैं अथवा दोनों का मिश्र रूप। पुरनपि, प्राकृतिक दृश्यों के अभिनेयार्थ केवल मुद्राओं का चयन कर लेने के उपरान्त भी रङ्गदीपन अपरिहार्य ही है।

राजसभा, राजमहल, अन्तःपुर, वन-उपवन, आश्रमादि परिवेशजन्य उपयुक्त वातावरण की सर्जना भी रङ्गदीपन द्वारा की जाती है। इतना ही नहीं, किसी स्थान, मार्ग एवं काल की स्थिति अथवा व्यय का निर्देश भी चल-प्रकाश द्वारा सरलतापूर्वक कर दिया जाता है। भरत के समय में मार्ग, कालादि के व्यय के लिए कक्ष्याविधि का अथवा वाचिक सूचनाओं का आश्रय लिया जाता था, किन्तु आज इन दोनों के साथ-साथ प्रकाश-पुञ्ज के द्वारा मार्ग-व्यय, काल-व्यय तथा स्थान-परिवर्तन को और अधिक बोधगम्य एवं सुस्पष्ट बना दिया जाता है। कावालम नारायण पणिक्कर द्वारा प्रस्तुत 'कर्णभारम्' रूपक में महाभारत युद्धक्षेत्र में कर्ण द्वारा (अपने शस्त्रों को निरर्थक हुआ जान) परशुराम के शाप रूपी पूर्ववृत्त का स्मरण, कुन्ती का कर्ण से मिलने का पूर्व वृत्त इसी शैली में रूपायित

१. (क) रत्नावली में समुद्र के तुफान में वासवदत्ता का डूब जाना। (ख) उत्तररामचरित। अभिज्ञानशाकुन्तल में यज्ञाग्नि का आधान, रामायण पर आधारित नाटकों में लङ्का-दहन, भास के अभिषेक नाटकों में सीता के अग्निप्रवेश में अग्नि का आधान, रत्नावली में ऐन्द्रजालिक द्वारा मायाग्नि का आधान।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किये गये । 'स्वप्नवासवदत्तम्' में यौगन्धरायण और वासवदत्ता के अग्नि में जल मरने के वृत्त भी पणिक्कर ने इसी शैली में प्रस्तुत किये थे ।

इसके अतिरिक्त संस्कृत नाटकों में जो सूचनाएँ विषकम्भक आदि अर्थोपक्षेपकों के द्वारा पात्रों के परस्पर बातचीत के द्वारा दी जाती थी, वे भी अधिकतर अब गगनिका पर तेजपुञ्ज के माध्यम से दे दी जाती है, जैसे—किसी की मृत्यु का समाचार देने के लिए पृष्ठ-पट पर धीरे-धीरे एक रक्त-रेखा नीचे से ऊपर की ओर उभरती है और ठीक मध्य से कुछ ऊपर जाकर रुक जाती है । इस तरह बिना वाचिक सूचना के मौन अभिव्यक्ति द्वारा ही प्रेक्षक इस कथ्य को समझ जाते हैं । निर्देशक वेंकट शास्त्री द्वारा निर्देशित, 'कीचक-वध' रूपक में कीचक का वध होते ही गगनिका रक्तिम हो उठती है ।'

रङ्गदीपन के छाया-सिद्धान्त (Shadow Theory) के अन्तर्गत प्रकाश और छाया के समन्वय से छाया-दृश्यों की अद्‌भुत सर्जना की जाती है । इस प्रक्रिया में सम्पूर्ण मञ्च पर अथवा मञ्च के अपेक्षित अंश को अन्धकार में रखकर, श्वेत पृष्ठ-पट के पीछे से छायादीप (Shadow-Lamp) के द्वारा प्रकाश डाला जाता है तथा पट के पीछे से ही अभिनय-व्यापार सम्पन्न किया जाता है । इस प्रक्रिया में गगनिका अथवा अपेक्षित पट के पीछे हो रहे क्रिया-व्यापारों की केवल छाया पट के ऊपर उभरकर आती है, अर्थात् पात्रों की आकृतियाँ मात्र होती हैं, भाव-विशेष नहीं । गम्भीरता, भय, त्रासदी और भावोत्तेजना से युक्त जो दृश्य प्रेक्षकों के समक्ष साक्षात् प्रस्तुति के योग्य नहीं होते, उनका प्रस्तुतीकरण इस विधि द्वारा अधिक रोमाञ्चकारी बन जाता है । रा०ना०वि० में प्रसन्ना जी द्वारा निर्देशित (१९९१ ई०) 'उत्तररामचरितम्' में छाया सीता का दृश्याङ्कन इसी शैली में किया गया ।

अतिप्राकृतता का सत्याभास देने के लिए भी रङ्गदीपन का कलात्मक प्रयोग उल्लेखनीय है । पणिक्कर द्वारा निर्देशित 'मध्यम-व्यायोग' रूपक में घटोत्कच की विशालकाय और भयावह आकृति प्रकाश की इसी शैली से और अधिक मुखरित हो उठी थी ।

(ख) ध्वनि

चूँकि रूपक काव्य की एक दृश्य-श्रव्य विधा है, अतः जितना चाक्षुष प्रत्यक्ष करके सामाजिक रसानुभूति करता है, उतनी ही उपयोगिता उस अनुभूति को पुष्ट करने में श्रव्य उपकरणों की भी होती है । नाट्यशास्त्र में इस सन्दर्भ में यह निर्देश है कि नट के द्वारा उच्चार्यमाण संवादों के अतिरिक्त वाद्ययन्त्रों के द्वारा उत्पन्न ध्वनियों से अभिव्यक्तियों को प्रभावपूर्ण बनाया जाना चाहिए । इस सन्दर्भ में भरत विभिन्न प्रकार के वाद्यों तथा उनसे पैदा होनेवाले ध्वनिप्रभावों का विस्तृत वर्णन करने में सन्नद्ध हैं ।[१] आजकल इन यन्त्रों के अतिरिक्त पहले से ही रिकॉर्ड पर रखे हुए ध्वनिप्रभावों का प्रयोग किया जा रहा है । आधुनिक जीवन में प्रयोग होनेवाले बिजली आदि उपकरणों, यथा—धूम्रयन्त्र (Smokcoan) की सहायता से भी रङ्गमञ्च पर प्रभाविता उत्पन्न की जा रही है ।

---

१. ना० शा० , अध्याय ३०,३३

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अस्तु, लगभग ढाई सहस्र वर्षों की इस नाट्यप्रयोग मात्रा में पुस्त का प्रयोग किसी न किसी रूप में सतत होता रहा है। प्रत्येक युग तथा देश में उपलब्ध संसाधनों के द्वारा अभिव्यक्तियों को इनके माध्यम से संवेगी एवं प्रभावी बनाया जाता रहा है। आज संसाधनों की क्रान्ति ने इस विधि को आमूल परिवर्तित कर दिया है। पुनरपि, प्राचीन आचार्यों की उपजीव्यता निःसन्दिग्ध है। विशेष रूप से ध्वनि और प्रकाश के संयोजन से तो रङ्गमञ्च एक सर्वथा नवीन रूप में ही उपस्थित है। इसका चरम परिणाम 'Man props' है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारतीय दर्शन में सर्वज्ञता-विचार और २१वीं शताब्दी का मानव

डॉ० रमेशचन्द्र भारद्वाज

भारतीय दार्शनिक साहित्य मानवीय मेधा की प्रकृष्टतम चिन्तन का परिचयप्रदाता है। वह मानव को उसके वास्तविक स्वरूप में परिनिष्ठित करने के लिए अपनी विभिन्न-विविध विचारसरणियों के द्वारा अवसर प्रदान करता है। उन्हीं में से एक प्रमाणमीमांसान्त विचार सर्वज्ञता का है। जो शास्त्र वेदों को अपौरुषेय तथा स्वतन्त्र प्रमाण मानते हैं, उनकी दृष्टि में सर्वज्ञत्वादि अलौकिक गुणों से युक्त मानव का ज्ञान-धर्म वास्तविक सत्य का ज्ञान नहीं करा सकता। दूसरी तरफ जो शास्त्र पौरुषेय या मानव को परम सत्य की प्राप्ति का साधन (शक्ति केन्द्र) मानते हैं, वे मानव में अतीन्द्रिय ज्ञान सर्वज्ञत्व की प्रस्थापना करते हैं। विचारसरणिद्वय में विभक्त इस सत्यमीमांसा में शताब्दियों से एक ओर मीमांसा[१] है तो दूसरी ओर न्याय[२], सांख्ययोग[३], बौद्ध[४] और जैन दर्शन[५] हैं।

---

१. पूर्वमीमांसा दर्शन में अपौरुषेयत्व की प्रामाणिकता तथा सर्वज्ञ पुरुष की अप्रामाणिकता का प्रदर्शन—
(क) वेदों के अपौरुषेयत्व का उपपादन सूत्रकार जैमिनि एवं भाष्यकार ने अध्याय १ पाद १ अधिकरण ८, सूत्र २७-३२ के द्वारा।
(ख) कुमारिल ने
(अ) चोदनासूत्र व्याख्यान में श्लोक-संख्या ११७ से १४० तक बौद्धसम्मत सर्वज्ञत्व का खण्डन
(आ) १४१-१४२ से जैनसम्मत सर्वज्ञत्व का खण्डन
(ई) १४३ में आस्तिकदर्शनसम्मत सर्वज्ञत्व का खण्डन।
(ग) "प्रमाणेन हि भूतमर्थं परिच्छिद्य या भावना, सा स्मृतिसन्तितिरेव"। प्रकरणपंचिका, पृ० १४४

२. युगपदेकयैव बुद्ध्या सर्वत्र सर्वान् अर्थान् द्रक्ष्यन्ति योगिनः। पृ० १०७-८ न्यायमंजरी

३. "Yogi alone, who has acquired peculiar powers through the favourable influence of the dharma born of yoga can percieve objects in all times and places through the connection of his mind with Prakṛti, the ultimate ground of all existence. 1-90 Aniruddha-सांख्यसूत्रवृत्तिः।

४. १-११, न्यायविन्दुः, ३१-४४, प्रमाणसिद्धिः (प्रमाणवार्तिक)

५. पृ० १३-१८, प्रमाणमीमांसा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सर्वज्ञतावाद का आधार है मानव द्वारा किन्हीं विशेष उपायों — यौगिक शाक्तियों से अतीन्द्रिय ज्ञान प्राप्त करना । भारतीय समाज की धार्मिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक पृष्ठभूमि में अतीन्द्रिय ज्ञान की मान्यता रही है । बौद्ध धर्म ने अपने दार्शनिक परिवेश की संरचना नें वेदशास्त्रों के अप्रामाण्य और भगवान् बुद्ध के वचनों को प्रामाणिकता प्रदान करने के लिए 'सर्वज्ञतावाद' को उपस्थित किया । जिसका सर्वप्रथम उल्लेख 'अभिधर्मकोश' में प्रस्तुत किया गया ।[१] सर्वज्ञवाद को प्रमाणमीमांसा के साँचे में धर्मकीर्ति आदि ने पूर्णता प्रदान की । यद्यपि ईसा पूर्व कणाद तथा पाँचवीं शती में वात्स्यायन ने प्रतिभा (जिसे गोपीनाथ कविराज ने 'बौद्धसम्मत प्रज्ञा का पर्याय' कहा), को छठवीं शती में प्रशस्तपाद ने 'योगी प्रत्यक्ष' के रूप में स्थापित किया और ९वीं शती के जयन्त भट्ट[२] तथा भासर्वज्ञ[३] ने इसे अपनी स्वीकृति प्रदान की ।

इस निबन्ध का उद्देश्य न तो बौद्ध, मीमांसा और न ही न्यायदर्शन के मध्य सदियों चली बहस को प्रस्तुत करना है, न किसी अन्य पक्ष की प्रामाणिकता को प्रस्थापित करना है । अपनी व्यक्तिगत सामर्थ्य की महिमा से समष्टिगत आज के युग में जब मानव-समाज वैज्ञानिक और यांत्रिकी विकास के वर्तमान और भविष्य को उज्ज्वल बनाने में असमर्थ हो रहा है, मानव-जीवन के श्रेय व प्रेय का भेद भूलकर क्षणिक भौतिक सुख के लिए वास्तविक भौतिक और आध्यात्मिक सुख से पराङ्मुख हो रहा है । ऐसे समय में सर्वज्ञत्व-प्राप्ति के लिए प्रदर्शित उपाय साधनों, विधि को अपनाकर वह २१वीं शती के लिए उपयुक्त मानव का निर्माण कैसे कर सकता है—उस ओर ध्यान आकृष्ट करना इस निबंध का उद्देश्य है ।

धर्मकीर्ति के अनुसार—भूतार्थ = वस्तुत: विद्यमान: अर्थ = चार आर्यसत्य की भावना = भूतार्थ की बार-बार चित्त में स्थापना करने के प्रकर्षपर्यन्त (भाव्यमान अर्थ को भासित करनेवाले ज्ञान में स्फुटाकारता का आरम्भ होना भावना का प्रकर्ष है— इसकी चरमावस्था से पहली वाली अवस्था) से उत्पन्न होने वाला योगी ज्ञान है ।[४] इस अतीन्द्रिय ज्ञान से सम्पन्न भगवान् बुद्ध के प्रामाण्य के लिए करुणा को साधन बताते हुए उन्होंने कहा-

"साधनं करुणाभ्यासात् सा बुद्धेर्देहसंश्रयात् ।
असिद्धोऽभ्यास इति चेन्नाश्रयप्रतिषेधत: ।।"[५]

बौद्ध धर्म में सभी प्राणियों का दु:खदर्शन ही करुणा का मूल उत्पत्तिस्थल है । मनोरथनंदि के अनुसार, "दु:खाद् दु:खहेतोश्च समुद्धरणकामना करुणा ।"[६] अर्थात् दु:ख का ज्ञान होने पर पूर्व संस्कार के प्रभाव से दया निसर्गत: उत्पन्न होती है-"दु:खसन्तानसंस्पर्शमात्रेणैव दयोदय: ।"

---

१. ६.६-१५ अभिधर्मकोश
२. - पृष्ठ १०९, न्यायमंजरी
३. - पृष्ठ १७०-१७१, न्यायभूषणम् ।
४. भावना = सत्यचतुष्टयविषयो विजातीयाव्यवहित: सदृशचित्तप्रवाहो भावनेति । १-११, धर्मोत्तरप्रदीप, न्यायबिन्दु
५. १-३६ प्र० वा०
६. १-३६ प्र० वा०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आज जब मानव स्वार्थपरायणता में लीन है, अपने सुख को सुख और दूसरे के सुख को दुःख मानता है, तब प्राचीन काल के बुद्धत्व का आदर्श स्मरण हो उठता है। आम आदमी के लिए बुद्ध बनना दुष्कर हो सकता है, किन्तु बोधिसत्त्व बनना कठिन नहीं है, जिसके अनुसार जिस स्थिति में अपना और दूसरे का दुःख समान प्रतीत होता हो और सबकी दुःखनिवृत्ति ही अपने दुःख की निवृत्ति में परिणत हो जाती हो, वही बुद्धत्व का प्रथम सोपान है।

उपनिषद् दर्शन के अनुसार जीवन्मुक्ति की दशा में करुणा का प्रकाशक्षेत्र रहता है। योगदर्शन में भी चित्त के परिमार्जन के साधनों के रूप में मैत्री, करुणा, महुता आदि का निरन्तर अभ्यास आवश्यक माना गया है। इस करुणा के संस्कार और मानव-जीवन में उसके निरन्तर अभ्यास के प्रचार से हम इन नये उपजे सामाजिक द्वन्द्वों से मुक्ति पा सकते हैं। जीवन की साधना में अग्रसर मानव के जीवन में अन्य सद्गुणों का प्रसार तभी सम्भव है, जब करुणा का आधार प्राप्त हो । जिनके हृदय में सेवावृत्ति, दया और करुणा की भावना न हो, उनका हृदय निःसन्देह संकुचित रहेगा। उनसे किसी भी प्रकार की समष्टि की कल्याण-भावना की उपेक्षा करना व्यर्थ है। २१वीं शती में मानव-समाज को ऐसे बोधिसत्वों की आवश्यकता है। महामहोपाध्याय गोपीनाथ कविराज के शब्दों में— महाबोधि का लाभ तब तक नहीं होगा, जब तक निखिल विश्व को अपना समझकर करुण-भाव से उनकी सेवा न की जाए। सेवाकर्म चर्या है, बोधिभाव प्रज्ञा है, एक आश्रय में दोनों के युगपत् अवस्थान से बुद्धत्व और भगवत्ता का अभेद से नाश होता है। यही मानव-जीवन का चरम आदर्श है, यही बुद्ध की भगवत्ता है।[१]

---

१. पृष्ठ २५, भूमिका, बौद्धधर्म-दर्शन

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

धर्मशास्त्र की दृष्टि से क्रत्वर्थ और पुरुषार्थ का विवेचन

प्रो. नीना डोगरा

क्रत्वर्थ और पुरुषार्थ मीमांसा तथा धर्मशास्त्र के महत्त्वपूर्ण सिद्धान्त हैं। इनकी विवेचना हमें जैमिनि सूत्रों में उपलब्ध होती है। मीमांसा दर्शन का चतुर्थ अध्याय इन्हीं विषयों का विवेचन करता है—"अथातः (अथातो) क्रत्वर्थपुरुषार्थयोर्जिज्ञासा"[१]।

अर्थात् व्यक्ति को कर्मप्रधान पुरुषार्थ की जिज्ञासा करनी चाहिए। भारतीय मनीषा का विश्वास जिस संस्कृति पर है, उसका उद्देश्य है मानव को पुरुषार्थी बनाना।

भारतीय मनीषा ने पुरुषार्थ को चार भागों में विभाजित किया है। ये हैं—धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष। पुरुषार्थ के चारों अंग मानवमात्र के लिए उपयोगी हैं। पुरुषार्थ की ऊर्जा से ही मानव के पशुत्व का निवारण हो सकता है और उसे अपने जीवनकाल में परम आनन्द की वास्तविक अनुभूति हो सकती है।

पुरुषार्थ की परिभाषा शबर ने इस प्रकार की है —

"यस्मिन् प्रतीतिः पुरुषस्य तस्य लिप्साऽर्थलक्षणाऽविभक्तत्वात्।"[२]

अर्थात् पुरुषार्थ प्रीति के साथ अविभक्त, अर्थात् संयुक्त है। जो-जो पदार्थ प्रीति का साधन है, वह पुरुषार्थ है। अतः धर्म-अर्थ-काम को प्रत्यत्नपूर्वक करते हुए मनुष्य को यदि प्रसन्नता होती है तो वह पुरुषार्थ ही है। इस प्रकार कहा जा सकता है कि पुरुषार्थ वही है, जिसे सुख के फल की प्राप्ति के लिए साधारणतः व्यक्ति अपनाता है अथवा पुरुषार्थ वह विषय है, जिसे करने पर मनुष्य को सुख प्राप्त होता है, किन्तु क्रत्वर्थ वह है, जो पुरुषार्थ की पूर्ति में सहायक होता है और स्वयं सीधे तौर से कर्ता को कोई फल नहीं देता है।

कृत्वर्थ और पुरुषार्थ का गम्भीर विवेचन करने से पूर्व हमें इनके मुख्य बिन्दुओं को स्पष्ट समझना होगा, जिनका विवेचन हमें धर्मशास्त्र के ग्रन्थों में प्राप्त होता है।

मीमांसा में शबर ने द्वितीय वर्णकम् में दर्श पूर्णमास के प्रसंग में कहा है — "आहार्यपुरीषां पशुकामस्य वेदिं कुर्यात्", अर्थात् पशुकामनावाले यजमान की वेदीशुष्क तालाब आदि से लायी हुई मिट्टी से बनाये, यहाँ

१ (मीमांसादर्शन ४/१/१)

२ पू.मी.सी.४/१/२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संदेह उपस्थित होता है कि पुरीष आहरण क्रत्वर्थ है अथवा पुरुषार्थ। हम जानते हैं कि जिसमें पुरुष की प्रीति होती है, वह पुरुषार्थ ही होता है। पुरुष आहरण से प्रीति (पशु आदि की कामना) सम्पन्न होती है। इसलिए ये पुरुषार्थ हैं। आक्षेप करने वाले कहते हैं कि क्रतु का प्रत्यक्ष उपकार — वेदि सिद्धि आदि देखा जाता है। समाधान करते हुए कहा जाता है कि सत्य ही क्रतु का उपकार देखा जाता है, परन्तु क्रतु के उपकार के लिए कहा नहीं गया है। जिस कारण से उन पुरीष आहरण आदि से पशुप्राप्ति फल सुना जाता है, वह पुरुष का उपकारक होता है। अत: यह पुरुषार्थ है, क्रत्वर्थ नहीं।

पू.मी. सू. ४/१/२ के तृतीय वर्णकम् में कहा गया है कि ब्राह्मण को दान-ग्रहण से[१], क्षत्रिय को विजय द्वारा तथा वैश्य को कृषि आदि से धन कमाना चाहिए। ये नियमों के समान लगते हैं। यदि धनप्राप्ति क्रत्वर्थ हो और यदि कोई शास्त्रविहित साधनों के अतिरिक्त अन्य साधनों से धन प्राप्त करता है और उस धन से यज्ञ करता है तो स्वयं यज्ञ दोषपूर्ण हो जायेगा और वाञ्छित फल नहीं देगा। किन्तु यदि धन की प्राप्ति पुरुषार्थ से हुई हो तो चाहे जिस साधन से उसकी प्राप्ति हुई हो, उसमें किया गया यज्ञ दोषपूर्ण नहीं कहा जाएगा। मिताक्षरा ने गुरु प्रभाकर की एक गति उद्धृत की है[२]। विश्वरूप ने भी कहा है कि धन की प्राप्ति के विषय के नियम पुरुषार्थ हैं[३]। धन प्राप्ति शास्त्र पर नहीं निर्भर है। इसके अतिरिक्त यह सभी को ज्ञात है कि धन जब कमाया जाता है तो वह प्राप्तिकर्ता को सुख देता है। अत: धन पुरुषार्थ है और यज्ञ, जो धन द्वारा सम्पादित होते हैं, भी पुरुषार्थ हैं। सामान्य नियम यह है कि सभी अंग कृत्वर्थ हैं और सभी प्रमुख कृत्य (दर्थ पूर्णमास, सोमभाग) पुरुषार्थ हैं।

उपर्युक्त मीमांसा विषय का अध्ययन करने के पश्चात् धर्मशास्त्र विषय पर दृष्टि डालना उपयोगी होगा, क्योंकि यह सभी को ज्ञात है कि धर्मशास्त्र तथा मीमांसा के मध्य अत्यन्त निकट का सम्बन्ध है। मीमांसा के इन व्याख्या-नियमों का उपयोग धर्मशास्त्र के ग्रन्थों में किया गया है। जब हम इन विषयों को धर्मशास्त्र के परिप्रेक्ष्य में देखते हैं, तब हमें ज्ञात होता है कि क्रत्वर्थ और पुरुषार्थ की चर्चा याज्ञवल्क्यस्मृति की विज्ञानेश्वर प्रणीत मिताक्षरा टीका में 'दायभाग' प्रकरण के अन्तर्गत स्वत्व विषय के प्रसंग में की गयी है। यहाँ पर प्रश्न उपस्थित होता है कि स्वत्व का अर्थ हम शास्त्रों में ढूँढें अथवा उसे सामान्य प्रयोग के अर्थ में लें। कुछ लोगों ने, यथा — गौतम ने स्वत्व के अर्थ के लिए केवल शास्त्रों पर ही निर्भर रहना अंगीकार किया है। उन्होंने स्वत्व के पाँच उद्गम या साधन बताये हैं — रिक्थ (वसीयत), क्रय (खरीद), संविभाग (विभाजन), परिग्रह (बलवश ली हुई सम्पत्ति) और अधिगम (अनायास गुप्त धन कोष आदि पर अधिकार)। गौतम ने यह भी कहा है—ब्राह्मणों, क्षत्रियों, वैश्यों और शूद्रों के विषय में क्रम से दान, विजय, कृषि-लाभ तथा सेवा स्वत्व के अतिरिक्त साधन हैं। यदि स्वत्व को प्रमाणान्तर माना जाये तो यह वचन सार्थक नहीं होगा। अपि च — यदि स्वत्व को लौकिक माना जाये तो मेरा धन इसने चुरा लिया है—ऐसा नहीं कहा जा सकता। उस स्थिति में चोर का ही उस पर अधिकार होगा।

---

१ ४/१/२

२ २/११४

३ (चाल. २/१४४ टीका में)

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यदि स्वत्व शास्त्रैकसमधिगम्य है, अर्थात् उसका उद्गम यदि शास्त्र द्वारा माना जाये तो शास्त्रनिन्द्य साधनों से प्राप्त किया गया धन व्यक्ति का धन नहीं कहलायेगा और न उसके पुत्र उसका विभाजन कर सकते हैं, क्योंकि उसे 'सम्पत्ति' की संज्ञा प्राप्त ही नहीं होती हैं। यदि स्वत्व लौकिक है तो उस दशा में गर्हित साधनों से उत्पन्न धन 'व्यक्ति की सम्पत्ति' की संज्ञा पाता है। उस व्यक्ति के पुत्र अपराधी नहीं होते, भले ही प्राप्तिकर्ता को प्रायश्चित्त करना पड़े। पुत्र उस सम्पत्ति का विभाजन भी कर सकते हैं।

मिताक्षरा तथा उसके अनुयायियों का कहना है कि स्वत्व का अर्थ हमें शास्त्र के आधार पर न लेकर सामान्य प्रयोग के अर्थ में लेना चाहिए। उन्होंने कई तर्क दिए हैं — जिस प्रकार चावल भौतिक उपयोग की वस्तु है, उसी प्रकार स्वत्व का भी भौतिक आदान-प्रदान या क्रय-विक्रय हो सकता है। जिसके पास भौतिक पदार्थ नहीं होंगे, वह बन्धक रखने या बिक्री का कार्य नहीं कर सकता है। आहवनीय अग्नि का उपयोग शास्त्रीय कर्मों के अतिरिक्त अन्य लौकिक कार्यों में नहीं हो सकता है। शास्त्रों के ज्ञान से शून्य म्लेच्छों और नीच लोगों में भी क्रय आदि से उत्पन्न स्वामित्व या स्वत्व की धारणा पायी जाती है। स्वत्व लौकिक है—ऐसा न्यायवेत्ता भी मानते हैं। लिप्सासूत्र के तृतीय वर्णक में कहा गया है —

द्रव्यार्जन के नियमों को क्रत्वर्थ मानने पर तो स्वत्व ही नहीं होगा। अतः स्वत्व के अलौकिक होने से प्रभाकर गुरु ने पूर्वपक्ष समर्थित किया है कि — द्रव्यार्जन के साधन प्रतिग्रहादि से स्वत्व लोकसिद्ध है। पुनः यहाँ कोई व्यक्ति यह शंका कर सकता है कि द्रव्यार्जन को क्रत्वर्थ मानने पर स्वत्व नहीं होगा; जब स्वत्व नहीं होगा तो यज्ञ ही सम्पन्न नहीं हो सकेगा। यह किसी ने प्रलाप में (अनर्गल) ही कह दिया है कि अर्जन स्वत्व को उत्पन्न नहीं करता है। अतः सिद्धान्त पक्ष में स्वत्व को लौकिक मानकर कहा जाता है कि नियम का अतिक्रमण पुरुष को होता है, क्रतु को नहीं, अर्थात् द्रव्यार्जन के नियमों को पुरुषार्थ मानते हुए अतिक्रमण करके अर्जित किये गये द्रव्य से क्रतुसिद्धि होती है। अतिक्रमण दोष पुरुष को होता है।

प्रभाकर और भवनाथ (नयविवेक के लेखक, जो मीमांसा के विद्वान् भी माने जाते हैं) का कथन है कि स्वामित्व, जो मिश्रित साधनों (यथा—क्रय आदि) से उत्पन्न होता है, भौतिक उपयोग या लोकसिद्ध या अनुभूति का विषय है। भवनाथ का कथन है — प्राप्ति के ऐसे साधन यथा—क्रय आदि लोकसिद्ध हैं। स्वामित्व के साधनों के विषय की मान्यताएँ शास्त्रों से नहीं उद्भूत हुई हैं, प्रत्युत् वे स्मृतियों आदि के बहुत पहले से ज्ञात थीं। तात्पर्य यह है कि स्वामित्व-प्राप्ति के साधन की धारणा शास्त्रों से पुरानी है। केवल शास्त्रों ने आगे चलकर उसे सुव्यवस्थित ढंग से रख दिया है।

संक्षेप में क्रत्वर्थ का अनुसरण यदि नहीं किया जाये तो स्वयं कृत्य दोषपूर्ण रह जाता है, किन्तु पुरुषार्थ का अनुसरण न किया जाये तो स्वयं व्यक्ति अपराधी या पापी होता है, किन्तु अनुष्ठान या कृत्य दोषपूर्ण नहीं होता है। दर्शपौर्णमास ऐसे सभी प्रमुख यज्ञ पुरुषार्थ के अन्तर्गत सम्मिलित है, किन्तु क्रत्वर्थ के अन्तर्गत वे सभी सहायक कृत्य रखे जाते हैं, जो प्रमुख कृत्य को पूर्ण करने के उपयोग में आते हैं। यथा—पाँच प्रयाग याग जो दर्शपौर्णमास के लिए सहायक हैं, क्रत्वर्थ हैं और स्वयं दर्शपौर्णमास पुरुषार्थ हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

योगः कर्मसु कौशलम्

डॉ० (श्रीमती) सुधा गुप्ता

'कर्मों में कौशल योग है'— योग योगेश्वर भगवान् श्रीकृष्ण द्वारा उपदिष्ट यह वाक्य एवं सम्मेलन के विभिन्न विचारणीय विषयों में से एक 'संस्कृत और सामयिक समस्याएँ', जिसके अन्तर्गत विश्व में व्याप्त अनेकानेक समस्याएँ, जो मूलत: कर्मजन्य ही हैं— मुझे पुन: एक बार कर्मयोगपरक उस कौशल पर विचार करने हेतु प्रेरित किया, जो एक ओर से योग की सिद्धि में सहायक है और दूसरी ओर जन्म-मृत्यु के चलते हुए चक्र में फँसे मानव की मुक्ति का साधन होने के साथ-साथ तत्सम्बन्धी समस्त समस्याओं को दूर करने में भी समर्थ है। व्यक्ति से लेकर विश्वजनीन समस्याओं तक यदि ध्यान से देखा जाये तो सबके अन्तर में समस्या का मूल कारण 'कर्म' में ही निहित है। व्यक्ति के द्वारा बिना विचारे किये गये कर्म स्वयं व्यक्ति, परिवार, समाज, राष्ट्र व विश्व में समस्याओं को जहाँ एक ओर जन्म दे सकते हैं, वहीं दूसरी ओर शास्त्रोक्त विधि से फलेच्छा को त्यागकर, आसक्ति से रहित होकर सम्पन्न करने पर उन्हीं समस्याओं का उन्मूलन भी कर सकते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में संस्कृत की अहं भूमिका है। इसका कारण यह है कि आदि काल से लेकर आज तक विश्व में उपलब्ध समस्त साहित्य में से केवल संस्कृत-साहित्य में ही इहलौकिक से लेकर पारलौकिक जीवनपर्यन्त तत्सम्बन्धी समस्त पहलुओं का जितना वैज्ञानिक, मनोवैज्ञानिक, तार्किक, दार्शनिक और आध्यात्मिक सूक्ष्म चिन्तन उपलब्ध होता है, उतना अन्य किसी भी भाषा के ग्रन्थों में नहीं होता है।

वैयक्तिक समस्याओं से लेकर सामाजिक स्तर की— चाहे वह अर्थ, राजनीति, पर्यावरण, जनसंख्या, आतंकवाद, भ्रष्टाचार, बेकारी, बेरोजगारी, चारित्रिक स्वास्थ्य अथवा प्राकृतिक विपदा जैसी सम-सामयिक कोई भी समस्या हो, सभी केवल कर्मगत दोषापनयन से ही दूर हो सकती हैं, अन्यथा नहीं। कारण, सभी समस्याओं का बीज कर्म में ही निहित है। कायिक, मानसिक, वाचिक आज हमारे सभी कर्म दूषित हो चुके हैं। परिणामस्वरूप चारों तरफ समस्याएँ ही समस्याएँ दृष्टिगोचर होती हैं। ऐसी स्थिति में हमारे ज्ञान के अक्षय स्रोत श्रुतियाँ व स्मृतियाँ हमारा मार्ग-निर्देशन करती हैं। महर्षि जैमिनि के अनुसार— "कर्मबीजं संस्कारः तन्निमित्ता सृष्टिः।[१]" अर्थात् कर्मबीज एवं सृष्टि का कारण संस्कार है। तात्पर्य यह है कि कर्म की प्रारम्भिक अवस्था से ही संस्कार का विधान हमारे संस्कृत ग्रन्थों में दृष्टिगोचर होता है। शङ्कराचार्य के अनुसार- "संस्कारो हि नाम संस्कार्यस्य

---

१. शाबर भाष्य ३/१/३

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुणाधानेन वा स्याद्दोषापनयनेन वो ।"[१] अर्थात् संस्कार्य पदार्थ में विशेष गुण लाने अथवा दोष हटाने से संस्कार होता है । याज्ञवल्क्य ने तो यहाँ तक कहा है कि संस्कार करने से बीज-गर्भ से उत्पन्न दोष भी मिट जाते हैं। यथा— 'एवमेनः शमं याति बीजगर्भसमुद्भवम्' ।[२]

इस प्रकार संस्कृत धर्मशास्त्रों में गर्भाधान संस्कार से लेकर अंत्येष्टि संस्कार तक हमारे प्रत्येक कर्म का संस्कार कर शुचिता, पवित्रता, सामाजिक एकनिष्ठता व उन्नति का मार्ग प्रशस्त किया गया है । इसके अतिरिक्त वर्ण-व्यवस्था, आश्रम-व्यवस्था, पुरुषार्थ चतुष्ट्य, पञ्च महायज्ञ, ऋणत्रय आदि सभी व्यवस्थाएँ हमारे महर्षियों के द्वारा इसीलिए की गयी थीं, ताकि मनुष्य को अपने कर्तव्यों व उत्तरदायित्वों का बोध भली-भाँति हो सके । प्रत्येक संस्कार व व्यवस्था इसी दृष्टि से थी कि कहीं कोई समस्या उत्पन्न ही न हो सके । यदि यहाँ व्यक्ति प्राकृतिक सम्पदा का भी उपभोग करता है तो उसे यज्ञ आदि के माध्यम से पुनः प्रकृति को देने का विधान है । श्रुतियाँ उपभोग का अधिकार यदि देती हैं तो वह भी त्यागपूर्वक । यथा—

"तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्यस्विद् धनम् ॥"

सर्वथा त्याग और अनासक्ति के साथ ही समस्त प्रकार के नित्य, नैमित्तिक, प्रायश्चित्त और उपासना कर्मों का विधान है । प्रायश्चित जैसे कर्मों का विधान दोषों के प्रक्षालनार्थ किया गया है । कारण—दोषोत्पत्ति किसी भी स्तर पर सम्भावित है । कायिक, वाचिक, मानसिक—सभी प्रकार के कर्मों की जितनी सुस्पष्ट विधि-निषेध संयोजना संस्कृत ग्रन्थों में प्राप्त होती है, उतनी अन्य किसी भी भाषा के ग्रन्थों में नहीं ।

स्मृति ग्रन्थों में प्रमुख स्मृति श्रीमद्भगवद्गीता है, जो साक्षात् योग योगेश्वर भगवान् श्रीकृष्ण के मुखारविन्द से निःसृत है; उसमें 'कर्मों में कुशलता ही योग है'—यह कहकर भगवान ने कर्मों को करने में किसी कौशल की ओर इङ्गित किया है । कारण, यदि 'कर्मयोग' से तात्पर्य केवल कर्मठ बने रहने अथवा निरन्तर कर्म करते रहने से होता तो निश्चत रूप से संसार के न जाने कितने कीट- पतङ्ग आदि भी कर्मयोगी हो जाते, क्योंकि वे भी तो अपनी रुचि के कर्मों में निरन्तर लगे रहते हैं । इसका अर्थ यह है कि कर्मठता कर्मयोग नहीं है । वास्तविक कर्मयोगी तो योगनिष्ठ होकर कर्म करता है; जो सामयिक समस्याओं को सुलझाने का एकमात्र उपाय है । अतः आवश्यक है कि पहले इस योग के विषय में ही जान लिया जाये कि 'योग' क्या है ? गीता में ही भगवान् का स्पष्ट कथन है कि 'समत्वं योग उच्यते', अर्थात् समत्व को ही योग कहते हैं । 'समत्व' से तात्पर्य है— आसक्ति को त्यागकर सिद्धि और असिद्धि में समान बुद्धिवाला होना । तभी तो अर्जुन से प्रति भगवान कहते हैं —

"योगस्थः कुरु कर्माणि, सङ्गं व्यक्त्वा धनञ्जय !
सिद्ध्यसिद्ध्योः समो भूत्वा, समत्वं योग उच्यते ॥"[३]

१. ब्रह्मसूत्र, शाबरभाष्य १/१/४
२. याज्ञवल्क्यस्मृति १/३
३. श्रीमद्भगवद्गीता २/४८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अर्थात् हे धनञ्जय। तू आसक्ति को त्याग कर तथा सिद्धि और असिद्धि में समान बुद्धि से संपन्न होकर योग में स्थित हुआ कर्तव्य कर्मों को कर, क्योंकि समत्व को ही तो योग कहते हैं। स्पष्ट है कि योग का प्रथम चरण है 'अनासक्ति' और अनासक्ति भी चतुर्मुखी अर्थात् सर्वाङ्गीण। तभी तो गीता में कहा है कि—

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि॥[१]

अर्थात् सर्वप्रथम कर्मासक्ति का निषेध। श्लोक के प्रथम चरण में ही कहा गया है कि वे कर्म एवं अधिकार— अर्थात् तुम्हारा (मात्र) कर्म करने में ही अधिकार है। उन कर्मों के प्रति तुम्हें आसक्त नहीं होना है। प्राय: कर्म करते हुए मनुष्य की उसमें इतनी आसक्ति हो जाती है कि थोड़ी सी भी बाधा उपस्थित होने पर वह न जाने कितने अनर्थकारी कृत्यों को जन्म दे देता है; जो न केवल स्वयं उसके लिए ही, अपितु उससे सम्बन्धित सभी के लिए कई समस्याओं का कारण बन जाता है। इसलिए कर्म तो करना है, किन्तु आसक्त नहीं होना है।

द्वितीय चरण 'मा कदाचन फलेषु मा' उसके फलों में कमी नहीं है, अर्थात् फलासक्ति का निषेध किया गया है। भगवान् का कहना है कि फलों में तेरा कभी अधिकार नहीं है। किस कर्म का क्या फल होगा और वह फल उसे किस जन्म में और किस प्रकार प्राप्त होगा— यह किसी को भी ज्ञात नहीं है और न ही कोई उससे बच सकता है। फल का विधान सर्वथा विधाता के अधीन है। हाँ, पुत्रेष्टि आदि शास्त्रीय यज्ञानुष्ठानों के साङ्गोपाङ्ग पूर्ण होने पर उनके फल प्राप्त होने का निश्चित विधान है; किन्तु यह विहित फल भी सकाम कर्मकर्ता के अधीन नहीं हैं, वह भी देवता के अधीन हैं। साथ ही अत्यन्त तुच्छ तथा अल्पकाल स्थायी अनित्य हैं। अतएव किसी फल की कामना और फिर उसकी पूर्ति में आसक्ति हो जाना। यदि पूर्ति हो भी जाये तो फिर कभी उसके च्युत न होने की कामना आदि और यदि पूर्ति न हो तो उसी में आसक्त रहना व अन्य कर्तव्य कर्मों को यथासमय न करना; जिससे अनेकानेक समस्याओं को उत्पन्न कर लेना यह सब भी अनर्थकारी ही है। अत: फलासक्ति का भी अभाव होना चाहिए।

तत्पश्चात् इस तृतीय चरण में 'कर्मफल हेतु: मा भू:' अर्थात् 'तू कर्मों के फल का हेतु मत बन' कहकर 'कर्मफल हेत्वासक्ति' का निषेध किया गया है। मन, बुद्धि तथा इन्द्रियों द्वारा किये हुए शास्त्रविहित कर्मों में और उनके फल में ममता, आसक्ति, वासना, स्पृहा, आशा तथा कामना करना ही कर्मफल का हेतु बनना है। इस हेतु के प्रति भी मनुष्य को अनासक्त रहना चाहिए— यह तृतीय प्रकार की अनासक्ति है। ममता, आसक्ति और कामना से रहित होकर कर्म करने वाला मनुष्य शुभ और अशुभ किसी भी प्रकार के कर्मों के फल का हेतु नहीं बनता।[२] कारण, शुभ कर्मों के फल का त्याग कर देने से उनके फल का हेतु नहीं बनता है और पाप-कर्मों में प्रवृत्ति का हेतु यद्यपि आसक्ति ही है, किन्तु उनके प्रति आसक्ति और कामनारहित हो जाने से नवीन पाप उससे बनते

---

१. श्रीमद्भगवद्गीता, २/४७
२. वहीं, १८/१२

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नहीं हैं और पूर्व कृतपाप अनासक्त कर्मों के प्रभाव से भस्म हो जाते हैं । इस प्रकार उसके समस्त कर्म विलीन[१] होकर वह अनामय[२] पद को प्राप्त हो जाता है ।

अन्ततः 'ते अकर्मणि सङ्गः मा अस्तु', अर्थात्— तुम्हारे कर्म न करने में भी आसक्ति न हो—ऐसा कहकर अकर्मासक्ति का निषेध किया गया है । यदि शास्त्रविहित निषिद्ध कर्मों का आचरण करना कर्माधिकार का दुरुपयोग करना है, तो वर्ण, आश्रम, स्वभाव व परिस्थिति के अनुसार अवश्यकर्तव्य का न करना भी अधिकार का दुरुपयोग करना ही है । इनका मोहपूर्वक त्याग तामसत्याग है[३] और शारीरिक क्लेश के भय से त्याग करना राजसत्याग है ।[४] वस्तुतः विहित कर्मों का अनुष्ठान किये बिना मनुष्य कर्मयोग की सिद्धि को नहीं पा सकता है ।[५] अतः विहित कर्मों का अनुष्ठान न करने में आसक्ति नहीं होनी चाहिए । इसके अतिरिक्त यहा सोचकर भी कि कर्म करने से उनका फल अवश्य मिलेगा और फल भोगने हेतु शरीर धारण करना पड़ेगा, फिर मृत्यु भी अवश्य आनी है । शरीर धारण करने पर कर्म भी करना पड़ेगा, फिर फल भोग, फिर जन्म-मृत्यु । इस प्रकार यह क्रम चलता ही रहेगा । तो क्यों न हम कर्म ही न करें । अकर्मण्य होकर चुपचाप शान्त बने रहें, किन्तु यह भी सम्भव नहीं है । कारण—कर्मों का स्वरूपतः त्याग करने में कोई भी स्वतन्त्र नहीं है । यथा—'न हि कश्चित् क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत् ।'[६] अर्थात्—कोई भी मनुष्य किसी भी काल में क्षणमात्र भी बिना कर्म किये नहीं रहता है । यदि वह कायिक (शरीर-सम्बन्धी) कर्मों को रोक भी लेता है तो कभी वह वाचिक (वाणी-सम्बन्धी) कर्मों को कर रहा होता है अथवा मानसिक कर्मों में उलझा होता है । अतः कर्म अवश्यम्भावी है और 'कर्मों' में कुशलता ही योग है' तो अत्यन्त गहन कर्मों की इस गुत्थी को सुलझाने के लिए यह आवश्यक है कि यह जान ले कि कर्म क्या है ?

वस्तुतः कर्म मनुष्य द्वारा प्रतिक्षण की जाने वाली क्रियाओं की वह परिणति है, जो एक बीज की भाँति अपनी चरम परिणति फल के रूप में देती है । जिस प्रकार एक बीज उचित वायु, जल, प्रकाश व खाद्य आदि के मिलने पर क्रमशः अङ्कुरित, पल्लवित तथा पुष्पित होता हुआ अन्ततः फलित होता है, उसी प्रकार हमारे द्वारा किया गया कोई भी कर्म, चाहे वह पुण्य कर्म हो अथवा पाप कर्म, दोनों ही फल अवश्य देते हैं । यही फल भोगने हेतु मनुष्य को बारम्बार जन्म-मृत्यु के चक्र में निरन्तर घूमते रहना पड़ता है, अनन्त दुःखों का सामना करना पड़ता है । ऐसी स्थिति में इस कर्मबन्धक से मुक्ति का यदि कोई उपाय है तो वह है ज्ञान । यथा—

"ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि भस्मसात् कुरुतेऽर्जुन ।"[७]

---

१. गीता, ९/२३
२. वहीं, २/५१
३. वहीं, १८/७
४. वहीं, १८/८
५. वहीं, ३/४
६. वहीं, ३/५
७. वहीं, ९/३७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समस्त प्रकार के कर्मों से तात्पर्य यहाँ सञ्चित, क्रियमाण और प्रारब्ध कर्मों से है। जन्म-जन्मान्तर में एकचित्त होते रहने वाले व समयानुसार फल-भोग हेतु प्रारब्ध बन कर उन्मुख होने वाले सञ्चित कर्म अनाज के उस भण्डार की भाँति होते हैं, जिन्हें कृषक समय पड़ने पर बीजारोपण हेतु व उपभोग हेतु निकालता है। यदि इस भण्डार में अग्नि लगा दी जाये तो वह जिस प्रकार जलकर समस्त भण्डार को नष्ट कर देती है, उसी प्रकार ज्ञान रूपी अग्नि इन कर्मों को नष्ट कर देती है। वर्तमान समय में मनुष्य द्वारा किये जानेवाले कर्म क्रियमाण कर्म हैं, जैसे वपन किये जानेवाले उन बीजों की भाँति होते हैं, जो समयानुसार फलित होते हैं। यदि हमें इन्हें फलित नहीं होने देना चाहते हैं तो यह आवश्यक है कि उनका कुछ ऐसा संस्कार कर दिया जाये कि वे फलित न हो सकें। इसके लिए हम उन्हें भून देते हैं, ताकि वे बीज अङ्कुरित ही न हो सकें। ठीक इसी प्रकार हम अपने किये जाने वाले कर्मों को अनासक्त रहते हुए आशा, कामना और स्पृहारहित होकर सम्पन्न करते हैं, अर्थात् पहले ही ज्ञान की अग्नि में भून लेते हैं, ताकि वे फल देने हेतु उन्मुख ही न हों। यही कर्मों में वह कुशलता हैं, जिसके लिए योग योगेश्वर भगवान् श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कर्तव्य कर्मों में नियुक्त करने के पहले उपदेश दिया था। आज की समस्याओं से निपटने का भी यही उपाय है।

कर्मों की वह परिणति, जिसे भोगने के लिए हमें यह शरीर (भोगायतन) प्राप्त होता है, 'प्रारब्ध कर्म' कहे जाते हैं। इस प्रकार ये फल देने के लिए उन्मुख हो चुके वे कर्म हैं, जिनका भोग मनुष्य को अवश्य ही भोगना पड़ता है। ये कुम्भकार के उस चक्र की भाँति हैं, जिसकी गति पूरे चक्कर (जितनी शक्ति से उसे घुमाया गया है, उसी के अनुसार) लगाने के पश्चात् ही विराम लेगा। इसीलिए ज्ञान हो जाने के पश्चात् जीवन्मुक्त प्राणी को भी अपने प्रारब्ध कर्मों को भोगने के लिए शरीर को धारण किये रहना पड़ता है। प्रारब्ध भोग की समाप्ति पर देहान्त होकर वह विदेहमुक्त हो जाता है। यह प्रारब्ध भी तीन प्रकार से भोगा जाता है—

(१) स्वेच्छा प्रारब्ध— जीविकोपार्जन हेतु कष्ट अङ्गीकार करना 'स्वेच्छा प्रारब्ध' है। इन्हें करने के लिए जो अन्तःप्रेरणा होती है, उसका कारण प्रारब्ध है।

(२) अनिच्छा प्रारब्ध— मार्ग में जाते समय अचानक बिजली का गिर जाना, कोई मूल्यवान वस्तु का प्राप्त हो जाना आदि दुःख-सुख रूप भोग, जिनको प्राप्त करने की सम्भावना अथवा इच्छा मन में नहीं थी और अनायास ही प्राप्त हो गयी, यही 'अनिच्छा प्रारब्ध' है।

(३) परेच्छा प्रारब्ध— बिच्छू का डंक मारना, डॉक्टर द्वारा रोगी का रोग-निवारण करना आदि भोग जो दूसरों की इच्छा से उपलब्ध होते हैं, वे 'परेच्छा प्रारब्ध' कहलाते हैं। जीवन्मुक्त प्राणी भी इन तीन प्रकार के प्रारब्ध भोग से निर्लिप्त नहीं हैं। यथा— भिक्षा के लिए घूमना स्वेच्छा प्रारब्ध, समाधि दशा में शिष्यों द्वारा उपाहारादि दिया जाना परेच्छा प्रारब्ध व समाधि में अथवा उठने पर पर्वत से लुढ़क जाना, काँटा लग जाना आदि अनिच्छा प्रारब्ध हैं।

इस प्रकार कर्मों की गति समझकर अपने को उनके फल-भोग का हेतु बनने से बचाते हुए, अर्थात् पूर्वोक्त वर्णित चारों प्रकार की आसक्तियों से रहित होकर कुशलतापूर्वक कर्म करते हुए विदेहमुक्तिपर्यन्त जीवनयापन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करना ही योग में संस्थित (सम्यक् स्थिति) होना है । यह संस्थिति (समभाव में सम्यक् स्थिति) ही समस्त समस्याओं के उन्मूलन का एकमात्र उपाय है । प्रति व्यक्ति यदि राग-द्वेष, लाभ-हानि, जय-पराजय, सुख-दुःख आदि समस्त प्रचार के द्वन्द्वों में समभाव से स्थित होकर शास्त्रोक्त विहित कर्तव्य-कर्मों का सम्पादन करे तथा निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दें तो निश्चित रूप से सामयिक समस्याओं से मुक्ति पाई जा सकती है, अन्यथा आपस में स्वार्थ टकराते रहेंगे और नई-नई समस्याएँ नित्य-प्रति उठती रहेंगी । संस्कृत में उपलब्ध श्रुतियाँ, स्मृतियाँ, पुराण, सूत्र आदि ग्रन्थ भूरि-भूरि समस्याओं को दूर करने के उपाय बतलाते हैं । आवश्यकता है तो सिर्फ उनके कथनों व उपदेशों को आत्मसात् करने की, उनमें अधिकाधिक गहरे पैठ कर उनके अंशों को समझने की । हमारे ग्रन्थ तो प्रति व्यक्ति की क्षमता के अनुरूप कहीं तपश्चर्या से, कहीं यज्ञादि कर्मकाण्ड से, कहीं सांख्य योग (ज्ञान) से तो कहीं कर्मयोग (निष्काम कर्मयोग) से— तन्त्र, मन्त्र आदि न जाने कितनी प्रकार से समस्याओं के उन्मूलन का प्रकार बतलाते हैं । यह हम भारतीयों का दुर्भाग्य है कि औषधि उपलब्ध होते हुए भी हम क्षणिक स्वार्थवश नित-नूतन समस्याओं को जन्म देकर रोगी बने रहते हैं । जितनी शक्ति, बुद्धि, समय, मनोयोग से हम पर-प्रवञ्चना या आत्मप्रवञ्चना में लगे रहते हैं, उसका चौथाई अंश भी यदि हम आत्मविश्लेषण में लगा दें तो निश्चित रूप से दोषापनयन की प्रक्रिया प्रारम्भ हो जायेगी । एक बार दो निकल जायें तो फिर गुणाधान होने में समय नहीं लगता । एक बार कपड़े से मैल दूर हो जाये, तो फिर उसे रंगने में समय नहीं लगता है । एक बार समाज से बुराइयाँ दूर हो जायें तो राष्ट्र को उन्नति-पथ पर अग्रसर होने में देर नहीं लगेगी ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शौरसेनी आगम-साहित्य एवं संस्कृत भाषा

डॉ. सुदीप जैन

प्राच्य भारतीय वाङ्मय में श्रमण-परम्परा का अन्यतम योगदान रहा है। इस परम्परा में प्राकृत भाषाओं की प्रमुख साहित्यिक प्राकृत 'शौरसेनी प्राकृत' में निबद्ध जैन-साहित्य को 'शौरसेनी आगम-साहित्य' की संज्ञा दी गयी है। यह साहित्य भारतीय तत्त्वज्ञान के उच्चतम मानदण्डों का निदर्शक आदर्श साहित्य है, जिसमें बहुआयामी विषयों का सूक्ष्मतम विवेचन प्राप्त होता है। अतः विषय की गरिमा की दृष्टि से तो यह साहित्य अन्यतम है ही, भाषा की दृष्टि से भी यह अत्यन्त उपयोगी उपादान है। विशेषतः इस दृष्टि से कि विद्वानों एवं भाषाशास्त्रियों ने 'शौरसेनी प्राकृत भाषा को संस्कृत भाषा के सर्वाधिक निकट' माना है तथा वे ही तथ्य प्रमाणित करते हैं कि शौरसेनी भाषा के प्राचीनतम एवं मूल-प्रयोग शौरसेनी आगम-साहित्य में ही सुरक्षित मिलते हैं।

बिहार प्राशासनिक सेवा के अधिकारी **निर्मल कुमार वर्मा** ने सिंधु-लिपि पर शोध में दस वर्षों के सतत अध्ययन के बाद यह निष्कर्ष निकाला है कि भारत की अत्यंत प्राचीन भाषाओं में से एक, प्राकृत भाषा वास्तव में सिंधु-सभ्यता की भाषा थी।

प्रायः यह कहा जाता है कि 'प्राकृत तो मात्र स्त्रियों, बच्चों, अनपढ़ गँवारों एवं निम्नवर्ग के लोगों की भाषा थी'; किन्तु यह कथन पूर्वाग्रह से प्रेरित है, जिसमें सम्पूर्ण भारतीय सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक तथ्यों की घोर उपेक्षा की गयी है। क्योंकि स्वयं स्वयम्भू ब्रह्मा, भगवान् राम, नारायण श्रीकृष्ण एवं सप्तर्षि आदि पूज्य-पुरुष न केवल प्राकृतज्ञ थे, अपितु प्राकृत में भी लिखते-बोलते थे। जैसे—

— संस्कृत वैयाकरण आचार्य पाणिनि स्वीकारते हैं— "संस्कृते **प्राकृते** चापि स्वयं प्रोक्ता स्वयम्भुवा।"

— योगवाशिष्ठकार लिखते हैं— "सात्त्विक : प्राकृतो भागः रामः तज्जज्ञो हि यो भवेत्।"

— प्राकृत के बारे में नारायण श्रीकृष्ण लिखते हैं—

"तत्रादौ तावदुच्यन्ते निःशेषा ज्येष्ठिनां गुणाः।
संस्कृत-प्राकृताभ्याञ्च ततो लौकिकभाषया॥"

— 'वाराही संहिता' के अनुसार, सप्तर्षि भी प्राकृत बोलते थे—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"सप्तर्षीणां मतं यच्च संस्कृतं प्राकृतञ्च यत्।
यानि चोक्तानि गर्गाद्यैर्यात्राकारैश्च ॥"

— वैदिकों ने स्वयं वेदभाषा को संस्कृत-प्राकृत-समन्वित माना है—

"संस्कृत-प्राकृताभ्यां यद् भाषाभ्यामन्वितं शुभम्।
मन्त्रार्थवर्णनञ्चात्र क्रियते कामधुङ् मया ॥"

— शब्दकल्पद्रुमकार मानते हैं—'हीन लोगों के पढ़ने-बोलने से प्राकृत की महिमा कम नहीं होती'—

"ऐश्वर्यादिप्रमत्तस्य दारिद्र्योपप्लुतस्य च।
उत्तमस्यापि पठतः प्राकृतं नैव दुष्यति ॥"

— 'रामचरितमानस' के प्रणेता महाकवि तुलसीदास प्राकृत का महत्त्व बताते हुए लिखते हैं—

"जे प्राकृत-कवि परम सयाने, भाषौ जिन हरिचरित बखाने।
भये जे अहहिं जे होंहहि आगे, प्रनवहुँ सबहिं कपट सब त्यागे ॥"

इतने श्रेष्ठजनों के द्वारा प्रयुक्त, प्रशंसित एवं महाज्ञानी जैनाचार्यों के द्वारा विपुल परिमाण में ग्रन्थ-रचना की गयी, ऐसी श्रेष्ठ प्राकृत भाषा को व्याकरणादिविहीन 'अपंग भाषा' के रूप में देखने-सोचने की विकलांग मनः स्थितिवाले विद्वानों को अपनी चिन्तन-पद्धति पर पुनः विचार करना होगा। क्योंकि जैनाचार्यों द्वारा आगम ग्रन्थों में प्रयुक्त शौरसेनी प्राकृत भाषा शुद्ध एवं समृद्ध भाषा थी— ऐसा सभी विद्वानों ने अतिप्राचीन काल से माना है, तभी तो उन्होंने प्राकृत को शुद्ध रूप में ही पढ़ने-लिखने पर जोर दिया—"पढ़ें संस्कृत प्राकृत सुद्ध"। इतना ही नहीं, वक्ता के श्रेष्ठ गुणों में भी प्राकृत-संस्कृत आदि का ज्ञाता होना एक अनिवार्य गुण बताया गया है।

अस्तु, ईर्ष्यावश कोई कुछ भी कहे, किन्तु तथ्यों एवं उपलब्ध साहित्य के आधार पर ये बातें उगे हुए सूर्य की भाँति स्पष्ट है कि प्राकृत व्याकरणादि संस्कारों से समन्वित एवं बहुजन-समादृत व्यापक भाषा थी। यद्यपि क्षेत्र-काल आदि कारणों से इसके अनेक भेद भी हुए, तथापि उन सभी से समन्वित मूल मातृभाषा प्राकृत सीखने-पढ़ने योग्य थी, ऐसा भरतमुनि ने स्वीकार किया है— **"विज्ञेयं प्राकृतं पाठ्यं नानावस्थान्तरात्मकम्"**

यहाँ प्रश्न उपस्थित होता है कि प्राकृत के उपलब्ध भेदों में मूल प्राकृत कौन थी ? बौद्ध-ग्रन्थों में लिखा है— **"सा मागधी मूलभाषा"**, अर्थात् मागधी ही मूल प्राकृत भाषा थी, तथा प्राकृतों की प्रकृति (मूल रूप) जानने की जिज्ञासा उपस्थित करने पर प्राकृत वैयाकरण वररुचि लिखते हैं— **"प्रकृतिः शौरसेनी"** अर्थात् शौरसेनी प्राकृत ही अन्य प्राकृतों की प्रकृति, किं वा मूलभाषा थी। अब सत्य किसे माना जाये ? प्राचीन सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक तथ्यों का सूक्ष्म निरीक्षण एवं विश्लेषण करने के बाद मनीषीगण लिखते हैं कि 'दोनों कथन अपनी-अपनी जगह पर सत्य हैं, पूर्व में 'मागधी' एवं पश्चिम में 'शौरसेनी'— ये ही समस्त परवर्ती प्राकृतों की मूल भाषाएँ थीं। मागधी में बौद्ध-साहित्य एवं शौरसेनी में जैन-साहित्य प्रमुखतया लिखा गया। हमारे देश की आज की राष्ट्रभाषा 'हिन्दी' का उद्भव इसी शौरसेनी प्राकृत से हुआ है एवं प्राचीनकाल में शौरसेनी ही वृहत्तर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारत के अधिकांश क्षेत्रों में बोली जाती थी, अत: हम शौरसेनी प्राकृत को निस्संकोच 'भारत की मूल मातृभाषा' कह सकते हैं।

इसी भाषा के व्यापक प्रभाव के कारण आदि शंकराचार्य ने भी अपने संस्कृत-ग्रन्थ में संस्कृत पद 'गोपेन्द्र'— इस की जगह शौरसेनी प्राकृत के पद 'गोविंद' इस का प्रयोग किया है। जैनश्रमणों द्वारा अपनायी जाने के कारण श्रमणों के विहार के साथ-साथ यह भाषा भी उनके उपदेशों के माध्यम से सुदूर अफगानिस्तान से दक्षिण भारत एवं श्रीलंका तक फैली, तथा साहित्य एवं वाग्व्यवहार का माध्यम बनी। आज भी सिंहली, कन्नड़, तमिल, तेलगु, मराठी, पंजाबी, सिंधी, मारवाड़ी, मेवाड़ी, भोजपुरी बुन्देली आदि अनेक भाषाओं बोलियों में शौरसेनी प्राकृत के शब्द एवं व्यापक प्रभाव दृष्टिगोचर होते हैं।

दिगम्बर जैन आम्नाय की तो शौरसेनी प्राकृत मूल भाषा रही, तथा इस आम्नाय के समस्त आगम-ग्रन्थ इसी शौरसेनी प्राकृत में निबद्ध हैं। इसके 'छक्खंडागमसुत्त', 'कसायपाहुडसुत्त' आदि प्राचीन ग्रन्थों व आचार्य कुन्दकुन्द के साहित्य में शौरसेनी प्राकृत के प्राचीन रूप प्राप्त होते हैं, वहीं परवर्ती आचार्यों के प्राकृत-साहित्य में विकसित एवं परिवर्धित रूप मिलते हैं।

प्राचीनकाल में शौरसेनी प्राकृत ही प्रधान एवं प्राचीनतम प्राकृत होने से 'प्राकृत' इस सामान्य-संज्ञा से अभिहित होती थी, जैसे परवर्ती युग (ई. पाँचवी शताब्दी के बाद) 'महाराष्ट्री' प्राकृत को सामान्यत: 'प्राकृत' सामान्य-संज्ञा से संज्ञित किया गया।

यह शौरसेनी प्राकृत न केवल प्राचीनतम थी, अपितु विद्वज्जन-समादृत भी थी। जितने भी संस्कृत-नाटककार हुए, उनके नाटकों में आगत प्राकृत-अंश में ७५% से ८०% भाग शौरसेनी प्राकृत में निबद्ध हैं तथा अपेक्षाकृत शिष्ट एवं कुलीन पात्रों से उन्होंने शौरसेनी प्राकृत में ही वाग्व्यवहार कराया है।

शौरसेनी प्राकृत संस्कृत भाषा के सर्वाधिक निकट रही है— यह तथ्य सभी भाषाविदों ने एक स्वर से स्वीकार किया है। इसीलिए वैयाकरणों एवं साहित्यकारों के लिए भी शौरसेनी प्राकृत सर्वाधिक इष्ट रही है।

उपलब्ध प्राकृत-व्याकरण के ग्रन्थों में शौरसेनी प्राकृत के बारे में जो सूत्र प्राप्त होते हैं, उनका विवरण निम्नानुसार प्रस्तुत है—

(१) त्रिविक्रमकृत 'प्राकृत व्याकरणवृत्ति' में पृष्ठ १४७ से २०३ तक शौरसेनी प्राकृत के नियमों का विश्लेषण किया गया है। इनकी कतिपय बानगियाँ द्रष्टव्य हैं—

(i) दस्तस्य शौरसेन्यामखावचोऽस्तोः ॥ १ ॥

(ii) मागध्यां शौरसेनीवत् ॥ २७ ॥ मागध्यां यद्वक्ष्यते ततोऽन्यत् शौरसेनीवत् द्रष्टव्यम्।

(iii) शौरसेनीवत् ॥ ६८ ॥ अपभ्रंशे प्रायः शौरसेनीवत् कार्यं भवति।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(२) वररुचिकृत 'प्राकृत प्रकाश' में 'द्वादश परिच्छेद' में शौरसेनी प्राकृत के नियमों का विधान किया गया है। साथ ही 'दशम' एवं 'एकादश' परिच्छेदों में 'पैशाची' एवं 'मागधी' प्राकृतों का वर्णन करते हुए 'शौरसेनी' को इनकी 'प्रकृति अर्थात्' 'आधार भाषा' बताया है—

(i) **प्रकृतिः शौरसेनी ॥ १०/२ ॥ अस्याः पैशाच्याः प्रकृतिः शौरसेनी। स्थितायां शौरसेन्यां पैशाची लक्षणं प्रवर्तयितव्यम्।**

(ii) **प्रकृतिः शौरसेनी ॥ ११/२ ॥ अस्याः मागध्याः प्रकृतिः शौरसेनीति वेदितव्यम्।**

(३) आचार्य हेमचन्द्रकृत 'प्राकृत व्याकरण' के 'शौरसेनी भाषा प्रकरण' में सूत्र-क्रमांक ९३१-९५७ तक शौरसेनी प्राकृत के नियमों का विधान किया गया है तथा 'मागधी' भाषा के प्ररूपण-प्रसंग में सूत्र-क्रमांक ९७३ में आचार्य हेमचन्द्र कहते हैं—

(i) **शेषं शौरसेनीवत्॥ ८/४/३०२ ॥ मागध्यां यदुक्तं ततोऽन्यच्छौरसेनीवद् द्रष्टव्यम्।**

इसी प्रकार 'पैशाची' भाषा के प्रकरण में भी सूत्र क्रं. ९५५ में वे कहते हैं—

(ii) **शेषं शौरसेनीवत् ॥ ८/४/३२३ ॥ पैशाच्यां यदुक्तं ततोऽयच्छेषं पैशाच्यां शौरसेनीवद् भवति।**

यही नहीं, अपभ्रंश भाषा के प्रकरण में भी वे कहते हैं—

(iii) **शौरसेनीवत्॥ ८/४/४४६ ॥ अपभ्रंशे प्रायः शौरसेनीवत् कार्यं भवति। अपभ्रंश-भाषायां प्रायः शौरसेनी-षा-तुल्यं कार्यं जायते; शौरसेनी-भाषायाः ये नियमाः सन्ति, तेषा प्रवृत्तिरपभ्रंशभाषायामपि जायते।**

(४) 'प्राकृत चन्द्रिका' के 'नवम् प्रकाश' में शौरसेनी प्राकृत के नियमों का विवेचन है तथा तदुपरान्त 'मागधी' एवं 'पैशाची' प्राकृतों का विवेचन करते हुए कहा गया है—

(i) **मागध्यां यद्विशिष्य न लक्षितं, तत् शौरसेनीवत् ज्ञेयम्।** (ii) **पैशाचिकेऽपि यदनुक्तं, तत् शौरसेनीवदूह्यम्।**

इसके अतिरिक्त 'प्राकृतचंद्रिका' कार ने आर्षप्राकृतों का परिचय देते हुए शौरसेनी को 'आर्ष प्राकृत' कहा है। —(द्र. मंगलाचरण, पद्य १०)

(५) 'प्राकृत विमर्श' में पृष्ठ ५८ से ६२ तक शौरसेनी प्राकृत के नियमों का विवेचन है तथा शौरसेनी को 'मागधी एवं पैशाची की आधारभाषा' माना है।

मध्यदेश और शौरसेनी प्राकृत

प्राचीन विद्वानों ने विभिन्न क्षेत्रों में बोली जानेवाली बोलियों एवं तत्तत्क्षेत्रीय प्राकृतों का परिचय देते हुए 'शौरसेनी प्राकृत भाषा' का व्यवहार-क्षेत्र 'मध्यदेश' बताया है। तदनुसार यद्यपि शौरसेनी का जन्मक्षेत्र शूरसेन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रदेश था, किन्तु यह सम्पूर्ण मध्यदेश में बोली जाती थी। प्राचीनकाल में (ईसापूर्व काल में) 'मध्यदेश' किसे कहा जाता था?— इसका अन्वेषण करने के लिए प्राचीन साहित्य का आलोड़न किया गया तो 'मध्यदेश' के परिचायक तीन प्रमुख वर्णन प्राप्त हुए।

प्रथम वर्णन 'मनुस्मृति' नामक विश्रुत कृति में मिला है। इसमें 'मध्यदेश' की सीमाओं को रेखांकित करते हुए कहा गया है—**"हिमवद्विन्ध्ययोर्मध्ये यत् प्राग् विनशादपि। प्रत्यगेव प्रयागाच्च मध्यदेशः प्रकीर्तितः ॥"**

अर्थः— पश्चिमोत्तर में कुरु-पांचाल प्रदेश तथा पूर्वोत्तर में कामरूप देश (वर्तमान असम प्रान्त) के मध्यवर्ती देश को 'मध्यदेश' कहा जाता था।

द्वितीय वर्णन विष्णुपुराण में आता है—

"तास्विमे कुरु पांचाला मध्यदेशादयो जनाः।
पूर्वदेशादिकाश्चैव कामरूपानिवासिनः ॥"

अर्थ—पश्चिमोत्तर में कुरु पांचाल प्रदेश तथा पूर्वोत्तर में कामरूप देशं (वर्तमान असम प्रान्त) के मध्यवर्त्ती देश को 'मध्यप्रदेश' कहा जाता था।

तृतीय वर्णन 'ब्रह्माण्ड पुराण' में प्राप्त होता है—

"शूरसेना-भद्रकारा-बोधाः सह पटच्चराः।
मत्स्याः कुशल्याः सौशल्या कुंतलयाः काशि-कोसला ॥

गोधा भद्राः कलिंगाश्च मागधाश्चोत्कलैः सह।
मध्यदेश्या जनपदाः प्रायशः तत्र कीर्तिताः ॥"

अर्थ— शूरसेन, भद्रकार, बोधा, पटच्चर, मत्स्य, कुशल्य, सौशल्य, कुंतल, काशी, कोसल, गोधा, भद्रा, कलिंग, मगध एवं उत्कल— इतने 'मध्यदेश' के नाम से जाने गये हैं।

उपर्युक्त तीनों सन्दर्भों में तृतीय सन्दर्भ सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें मात्र सीमांकन नहीं है बल्कि इस क्षेत्र में आनेवाले प्रत्येक जनपद का स्वतंत्र नामोल्लेख भी किया गया है।

शौरसेनी प्राकृत के बारे में विशेषज्ञ विद्वानों के विचार

"शौरसेनी प्राकृत भाषा का क्षेत्र कृष्ण-सम्प्रदाय का क्षेत्र रहा हे। इसी प्राकृत भाषा में प्राचीन आभीरों के गीतों की मधुर अभिव्यंजना हुई है, जिनमें सर्वत्र कृष्ण कथापुरुष रहे हैं और यह परम्परा ब्रजभाषा-काव्यकाल तक अक्षुण्ण रूप से प्रवाहित होती आ रही है।" — डॉ. सुरेन्द्रनाथ दीक्षित (भरत और भारतीय नाट्यकला, पृष्ठ ७५)

"भक्तिकालीन हिन्दी काव्य की प्रमुख भाषा 'ब्रजभाषा' है। इसके अनेक कारण हैं। परम्परा से यहाँ की बोली शौरसेनी 'मध्यदेश' की काव्य-भाषा रही है। ब्रजभाषा आधुनिक आर्यभाषाकाल में उसी शौरसेनी का

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रूप थी। इसमें सूरदास जैसे महान् लोकप्रिय कवि ने रचना की और वह कृष्ण-भक्ति के केन्द्र 'ब्रज' की बोली थी, जिससे यह कृष्ण-भक्ति की भाषा बन गयी।" — विश्वनाथ त्रिपाठी (हिन्दी-साहित्य का संक्षिप्त इतिहास, पृष्ठ १८)

"प्राकृत बोलियों में बोलचाल की भाषाएँ व्यवहार में लायी जाती है। उसमें प्रथम स्थान शौरसेनी का है। जैसा उसका नाम स्वयं बताता है, इस प्राकृत के मूल में शूरसेन के क्षेत्र में बोली जानेवाली भाषा है। इस शूरसेन की राजधानी मथुरा थी।— आर० पिशल (कम्परेटिह्व ग्रामर ऑफ प्राकृत लैंग्वेज, पृष्ठ ३०-३१)

वैदिक भाषा एवं शौरसेनी प्राकृत

	वैदिक प्रयोग	संस्कृत	शौरसेनी प्राकृत
(i)	हरी	हरिः	हरी
	दूलह	दुर्लभः	दूलहो
	वायू	वायुः	वायू
(ii)	महि	मही	महि
(iii)	तनुवम्	तन्वम्	तणुवं
(iv)	एतो	इतः	एदो
(v)	पिता	पितृ	पिदर
	बुंद	वृंद	बुंदो
(vi)	सेन्यं	सैन्यं	सेण्णं
	ओषधी	औषधी	ओसधि
	लोण	लवणं	लोणं
	ओनति	अवनयति	ओणादि
(vii)	देवो	देवः	देवो
	सो	सः	सो

व्यंजन-परिवर्तन

प्राकृत के शब्दों में व्यंजन-परिवर्तन की प्रवृत्ति कई प्रकार से देखी जाती है। आदिव्यंजन-लोप, मध्यव्यंजन लोप एवं अन्त्यव्यंजन-लोप उनमें प्रमुख हैं। वैदिक भाषा में भी सभी प्रकार के व्यंजन-परिवर्तन पाये जाते हैं। यथा—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वैदिक प्रयोग	संस्कृत	शौरसेनी प्राकृत
मुह	मुखं	मुहं
णो	नः	णो
णायामि	नयामि	णेमि
ककुह	ककुभः	ककुहो
जज्ञानां	यज्ञानां	जण्णाणं
जामि	यामि	जामि
सूर्य्य	सूर्यः	सुज्जो
पूव्यं	पर्वं	पुव्वं
उच्चा	उच्चात्	उच्चा
नीचा	नीचात्	णीचा

शब्दरूपों में समानता

प्राकृत में कारकों की कमी तथा उनका एक-दूसरे के स्थान पर प्रयोग प्रायः देखने को मिलता है। वेदों में भी चतुर्थी के स्थान पर षष्ठी और तृतीया के स्थान पर षष्ठी, सप्तमी आदि का प्रयोग देखने को मिलता है। सर्वनामों में भी दोनों स्थान पर समानता के दर्शन होते हैं। द्विवचन के स्थान पर बहुवचन का प्रयोग वैदिक भाषा एवं प्राकृत में समान है। कुछ उदाहरण द्रष्टव्य हैं—

	वैदिक प्रयोग	संस्कृत	शौरसेनी प्राकृत
(i)	तुवं	त्वम्	तुवं
	ता(पं.ए.व.)	तस्मात्	ता
(ii)	रायो	राज्ञः	रायो
	छाग	छाग	छाग
	जाया	जाया	जाया
	पूतं	पूतं	पूदं
	मूढ	मूढः	मूढो
(iii)	हनाति	हन्ति	हणदि
	शयते	शेते	सयते

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इसी तरह अन्य क्रियारूपों, कृदन्त-प्रयोगों, अव्यय एवं संधि-रूपों में भी इन दोनों भाषाओं में समान प्रवृत्तियों के दर्शन होते हैं:—

संस्कृत	अर्थ	शौरसेनी प्राकृत
छाया	छाया	छाया
विष्टर	बिछौना	वित्थर
स्थान	स्थान	ठाण
अभ्र	बादल	अब्भ
क्षुद्र	छोटा	खुद्द-खुद्द
उक्ष	बैल	उच्छ

प्राकृत, 'जन्दावेस्ता' (पारसीग्रंथ) की भाषा 'जन्द' और संस्कृत

शौरसेनी प्राकृत	संस्कृत	जन्द	अर्थ
असुर	असुर	अहुर	परमेश्वर
सोम	सोम	होम	वनस्पति
सत्त	सप्त	हप्त	सात
सेणा	सेना	हेना	सेना
हत्थ	हस्त	जस्त	हाथ
बाहु	बाहु	बाजु	हाथ
अहि	अहि	अजि	सर्प
वज्ज	वज्र	वज्र	वज्र
अजा	अजा	अजा	बकरी
विस्स	विश्व	विस्प	संसार, सब

शौरसेनी प्राकृत, संस्कृत-फारसी शब्द-साम्य

शौरसेनी प्राकृत	संस्कृत	फारसी	अर्थ
तणु	तनु	तन	शरीर
जाणु	जानु	जानु	घुटना
पिट्ठ	पुष्ठ	पुश्त	पीठ

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

णाभि	नाभि	नाफ	नाभि
चम्म	चर्म	चिरम	चर्म
अस्सो, आसो	अश्व	अस्प	घोड़ा
खर	खर	खर	गधा
गो	गौ	गाव	गाय
कीड किरमी	कृमि	किरम	कीड़ा
खीर	क्षीर	शीर	दूध
सलागा	शलाका	सलाख	सलाई
पुरु	पुरु	पीर	श्रेष्ठ

शौरसेनी प्राकृत, संस्कृत-अरबी-शब्दतुल्यता

शौरसेनी प्राकृत	**संस्कृत**	**अरबी**	**हिन्दी अर्थ**
हम्म	हर्म्य	हरम	महल
सुर	सुर	हूर	देवता
अंतकाल	अन्तकाल	इन्तकाल	मृत्यु
कित्तण	कीर्तन	किरतैअन	पठन
मा	मा	मा	नहीं, निषेध
छट्ठ	षष्ठ	सित्ता	छठवाँ
दिज्ज	दैत्य	दियत	राक्षस
ओरस	औरस	वारिस	पुत्र/उत्तराधिकारी
अम्मा	अम्बा	उम्म	माता
धणि	धनी	गनी	धनवान्
अब्बण	अर्वन	अरबन	अश्व

आदमः— 'ब्रह्मा' ही इस्लामी और यहूदी ग्रंथों का 'आदम' है। अब्राह्म-ब्रह्म, आदम-आदिमानव 'इब्राहिम'। — (द्र. भारतीय संस्कृति का इतिहास, भगवद्दत्त, चौथा अध्याय)

भरत और शौरसेनी

भरत मुनि ने अपने 'नाट्यशास्त्र' में विभिन्न प्राकृतों के नाम के साथ शौरसेनी का उल्लेख कर 'प्राकृत' भाषा के कुछ नियम और उदाहरण भी दिये हैं। प्रारम्भ में १० गाथाएँ प्राकृत में ही लिखी मिलती हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारत के द्वारा उल्लिखित 'प्राकृत' भाषा एवं अन्य नाटककारों द्वारा प्रयुक्त 'प्राकृत' भाषा का आशय शौरसेनी प्राकृत है, यह मत प्रो. मनमोहन घोष आदि विद्वान् कर चुके हैं। भरत के द्वारा उल्लिखित ये प्राकृत के नियम भी दिगम्बर जैन-परम्परा के सिद्धान्त-ग्रन्थों की भाषा में प्राय: उपलब्ध है। कुछ उदाहरण द्रष्टव्य हैं—

	भरत नाट्यशास्त्र	शौरसेनी आगम-ग्रन्थ
१.	ख, घ थ, ध और भ का 'ह' में परिवर्तन—	
	मुख>मुह, मेघ>मेह, कथा>कहा, प्रभूत>पहूअ	मुह (णियमसार ८), मेह, बंधकहा, पहुदि (णियमसार १४), पहु (पंचत्थिकापसंगहो २७)
२.	'ट्' का 'ड्'—	
	कुटी>कुडी, कटक>कडग	कोडी (छक्खंडागान्सुत्र १-५-१८), कडग (समयपाहुडं १३०)
३.	'प' का 'व'—	
	आपानआवाण	आवण्ण (समयसार १३९), तव (समयसार १५२)
४.	'च' को लोप—	
	अचिर>अइर	अइर (भावपाहुड ७९), पवयण
५.	'ध' को 'ह'—	
	यथा>जधा, तथा>तधा	जधा (पवयणसार ६८), तधा (पवयणसार ८)
६.	संयुक्त० व्यंजनों के परिवर्तन—	
	पथ्य>पच्छ, मह्यं>मज्झं,	पच्छ (भावपाहुड ७३), मज्झ (पवयणसार ७३),
	दृष्ट>दट्ठ, उष्ण>उण्ह,	दट्ठ (भावपाहुड १५), उण्ह (पवयणसार ६८),
	ब्रह्मा>बम्हा, शक्र>सक्क	बम्हा (षट. ५-५-१२), सक्क (बारसाणुवेक्खा ५)

ऐसे अनेक उदाहरण मिल सकते हैं। इनके अतिरिक्त भरत के इन नियमों में १३वें श्लोक में उसने सम्भवत: शौरसेनी के उस प्रसिद्ध नियम का उल्लेख किया है, जिसमें अनादि 'तकार' को 'दकार' होता है। यथा— लता>लदा, चतुर्गति>चउग्गदि, गच्छति>गच्छदि इत्यादि।

भरत और शौरसेनी प्राकृत पर विस्तार से विवेचन करने की आवश्यकता है।

"सर्वास्वेह हि शुद्धासु जातिषु द्विजसत्तमाः।
शौरसेनीं समाश्रित्य भाषा काव्येषु योजयेत्॥"— (नाट्यशास्त्र)

अर्थ:— हे श्रेष्ठ ब्राह्मणो ! सभी शुद्ध जातिवाले लोगों के लिए शौरसेनी प्राकृतभाषा का आश्रय लेकर ही काव्यों में भाषा का प्रयोग करना चाहिए।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

127130 गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय

संस्कृत समान व्यवहार की भाषा

डॉ. प्रेमकान्त झा

संस्कृत-साहित्य भारत का राष्ट्रीय गौरव है। प्रत्येक देश के साहित्य में उस देश के निजी गुण-दोष प्रतिबिम्बित होते हैं। संस्कृत साहित्य भारत के गर्वोन्नत भाल की दीप्ति से संक्रान्त जीवन का चित्र है। संसार की समस्त परिष्कृत भाषाओं में संस्कृत ही प्राचीनतम है। इस विषय में विद्वानों में किसी प्रकार का मतभेद नहीं है। संस्कृत साहित्य जिस भाषा में निबद्ध किया गया है, उसका प्रचलित नाम है संस्कृत भाषा, देववाणी या सुरभारती। "किं नाम संस्कृतमिति जिज्ञासितं चेत् परिस्कृतं, परिशुद्धं, व्याकरणादि दोष रहितं यत् तत् संस्कृतम्"। भाषा तो संस्कृत का अंग है। संस्कृत भाषा आदिम समाज से आज तक विकसित होती रही है। समाज-व्यवस्था के परिवर्तन से भाषा का रूप भी बदलता है। ग्रीक, लैटिन, संस्कृत आदि भाषाओं में बहुत से शब्द सामान्य हैं, किन्तु इनका सामाजिक स्वरूप अलग-अलग है। भाषा-वैज्ञानिक इन्हें भाषा परिवार की धारणा में बांधकर एक बतलाते हैं। चाहे ब्लूमफिल्ड सम्प्रदाय हो या चाम्स्कीं सम्प्रदाय। संस्कृत भाषा को इण्डो-यूरोपियन परिवार की भाषा के रूप में मान्यता प्राप्त है। संस्कृत में निबद्ध रामायण-महाभारत, पुराण, स्मृति और समय-समय पर संग्रहीत लोक कथाओं की विरासत लेकर उपस्थित है। रामायण तथा महाभारत के रचनाकाल के बाद हमने संस्कृत साहित्य का पहला प्रतिनिधि अश्वघोष को माना है। संस्कृत काव्यों के अध्ययन में कई कठिनाइयाँ ऐसी हैं, जिनका सामना किये बिना संस्कृत काव्यों का वास्तविक आस्वाद नहीं हो सकेगा। अश्वघोष, कालिदास, भास या शूद्रक के अतिरिक्त अन्य कवियों को समझने के लिए संस्कृत भाषा का प्रौढ़ ज्ञान अपेक्षित है।

आधुनिक युग में देवभाषा अध्ययन में अनेक कठिनाइयाँ हैं। संस्कृत साहित्य के इतिहास के क्षेत्र में आधुनिक युग का आरम्भ १६वीं शताब्दी से हुआ। इसी समय से संस्कृत साहित्य में नवीन दृष्टिकोण का समावेश होने लगा था। दो संस्कृतियों के मेल के प्रभाव-विस्तार का परिणाम संस्कृत में परिलक्षित होने लगा। १७वीं एवं १८वीं शताब्दी में तो संस्कृत भाषा और साहित्य के क्षेत्र में नवीन विचारों का अभ्युदय होने लगा। यूरोपीय विद्वानों का श्रम उस दिशा में स्तुत्य है। इन यूरोपीय विद्वानों की प्रेरणा से भारतीय विद्वानों ने भी उस दिशा में कार्यारम्भ किया। स्वतंत्रता-प्राप्ति के बाद से ही इस क्षेत्र में प्रगति का पथ अग्रसर होता आ रहा है। आधुनिक युग में संस्कृत शिक्षा अनेक सकारात्मक परिधियों का निर्माण कर रही है। संस्कृत साहित्य को जातीय पूर्वाग्रहों से बचाना होगा। आजकल साहित्य में क्षेत्रीयता की भावना घर कर रही है। इससे भाषा और साहित्य का सही

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आकलन नहीं हो सकता है । संस्कृत साहित्य के भाषागत इतिहास के दो आधार हैं । एक निरुक्त और दूसरा पाणिनि का व्याकरण, जो अन्य सभी पूर्ववर्ती विचारों का संकलन तथा परवर्ती भाषा सौष्ठव का कोष है ।

संस्कृत-साहित्य के ज्ञान हेतु अध्ययन आवश्यक है । प्रारम्भिक स्तर से उच्च स्तर तक संस्कृत शिक्षा की व्यवस्था विद्यमान है, किन्तु संस्कृत शिक्षा की प्रणाली अभी भी अवरुद्ध है । संस्कृत शिक्षण की योजना में प्रायोगिक और समन्वित कार्यक्रम की उपयोगिता का अधिक से अधिक प्रचार किया जाना चाहिए । संस्कृत शिक्षा के स्तरोन्नयन के पूर्व उसे समकालीन सामाजिक धरातल पर स्थापित करना होगा और इसे आर्थिक सुविधाओं से युक्त करना होगा । संस्कृत शिक्षा को अधिक से अधिक युगानुकूल स्वरूप प्रदान करना होगा । संस्कृत भाषा के शिक्षण में ध्वनि का विशेष महत्त्व है । संकल्पनात्मक सम्प्रेषण हेतु संस्कृत अत्यन्त ही अनुकूल है । संस्कृत भाषा को दैवी पृष्ठभूमि से हटाकर देखने के बाद ही इसके सामाजिक विकास को ठीक से समझा जा सकेगा । तटस्थ मस्तिष्क ही स्वस्थ विचार पनपा सकेगा । भाषा के इतिहास को मात्र उसके कवियों, लेखकों, निबन्धकारों और महाकाव्यकारों की कार्यपद्धति और रचना-शैली से ही नहीं देखना होगा, अपितु उससे भिन्न भाषा की क्रमिक सहजता और सर्वग्राह्यता को भी स्वीकार करना होगा । परस्पर ग्राह्य तभी सम्भव है, जब भाषा सरल हो । संस्कृत भाषा भी एक सहजता में आबद्ध है । ईसा से पूर्व और ईसा के बाद की शताब्दियों में भी संस्कृत की व्यावहारिक उपयोगिकता एक ही रूप में विद्यमान रही है । हजारों वर्षों के बाद भी सः गच्छति और सा गच्छति में कोई प्रयोगिक अन्तर नहीं आया । संस्कृत भाषा का व्यवहार सदैव समान रहा और है ।

संस्कृत भाषा को विकसित होने में अन्य भाषाई अनियमितताओं का भी सामना करना पड़ा और पड़ रहा है । संस्कृत भषा के वर्त्तमान विकास को राजनैतिक कारणवश उर्दू, अरबी और फारसी के साथ जोड़ दिया जाता है । विवश होकर सरकार को संस्कृत के साथ उर्दू, फारसी और अरबी को भी चिपकाना पड़ता है । संस्कृत भाषा इस देश की प्राचीन भाषा है । सांस्कृतिक दृष्टि से संस्कृत भाषा को जो विरासत प्राप्त है, वह उर्दू क्या, विश्व की किसी भी भाषा को प्राप्त नहीं है । यह सब जानते हुए भी संस्कृत भाषा को उपेक्षा की दृष्टि से देखना दिन को रात कहना है । इससे स्पष्ट है कि संस्कृत भाषा को वह सम्मान अभी तक नहीं मिला, जो इसे मिलना चाहिए । संस्कृत भाषा की वर्त्तमान सामाजिक स्थिति को सुस्थिर करने के लिए इसे प्रचलित भाषाई विकास के क्रम में रखना पड़ेगा । पुरा काल में इसे धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के साथ सम्बद्ध कर दिया गया था । उस समय समाज का ढाँचा अलग-अलग था । पहले संस्कृत भाषा मात्र पुरुष समुदाय में ही सीमित थी । यद्यपि वैदिक युग में कतिपय स्त्रियों की उपस्थिति मात्र प्रणेताओं के क्रम में है । अब संकीर्णता का वातावरण समाप्त हो चुका है । आवश्यकता है संस्कृत भाषा को वर्त्तमान परिस्थिति के सन्दर्भ में विकसित होने का अवसर दिया जाये । जीवन व्यवस्था के प्रत्येक क्षेत्र में संस्कृत को कार्यशील बनाया जाये । मात्र कुछ अनुदान से कोई भाषा विकसित नहीं हो सकती है । संस्कृत भाषा की दयनीय स्थिति पर किसी विद्वान द्वारा प्रस्तुत यह विचार द्रष्टव्य है—

यत्र चापि वराकीयं परित्यक्तेव भामिनी ।
अस्माकं जननी देवी दीना हीना च दृश्यते ॥

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वैदेशिकी च गौराङ्गभाषाराज्यस्य वल्लभा।
नृत्यन्ती हावगर्वाभ्यां क्षते क्षारं करोति नः ॥

मेरे विचार से सामयिक समस्याएँ अनेक हैं। उदाहरणस्वरूप—कुछ महत्त्वपूर्ण सामयिक समस्याओं का उल्लेख कर रहा हूँ। यथा—

(१) इस भाषा का विकास ज्यों ही प्रारम्भ किया जाता है, त्यों ही राजनीतिक रूप दे दिया जाता है। यह गलत है।

(२) अधिकतर संस्कृत संस्थाओं में कार्यरत व्यक्ति अपनी सन्तानों को संस्कृत नहीं पढ़ाना चाहते हैं। इससे वे दूसरों को संस्कृत के प्रति अभिरुचि जागृत करने में समर्थ नहीं हो पाते हैं।

(३) यू.जी.सी. का वेतनमान प्राप्त करने पर भी कई अध्यापक उपादान तो रखते हैं, परन्तु वे नग्न पाँव ही चलते हैं, जिससे समाज में गलत संदेश जाता है।

(४) कई राज्य सरकारें संस्कृत को हेय दृष्टि से देखती हैं तथा वर्षों तक संस्कृत संस्था में कार्यरत कर्मियों का वेतन भी अवरुद्ध कर देती हैं। इससे भी समाज में संस्कृत के प्रति गलत संदेश जाता है।

(५) आज आवश्यकता है सभी राज्यों में संस्कृत को कम से कम मैट्रिक परीक्षा तक अनिवार्य विषय के रूप में रखा जाये।

(६) केन्द्रीय सरकार द्वारा देश के सभी संस्कृत विश्वविद्यालयों को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा तक नहीं देना चिन्ता का विषय है।

(७) जिस राज्य में अभी तक संस्कृत विश्वविद्यालय और केन्द्रीय विद्यापीठ की स्थापना नहीं की गयी है, वहाँ शीघ्र स्थापना हेतु कदम उठाये जाये।

(८) संस्कृत पढ़नेवालों के लिए सरकारी नौकरी में आरक्षण की व्यवस्था की जाये।

(९) संस्कृत के मेधावी छात्रों को समुचित छात्रवृत्ति की व्यवस्था करना अत्यावश्यक है।

(१०) उच्च कोटि के संस्कृत लेखक एवं शोधकर्त्ता को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार की व्यवस्था करना आवश्यक है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संस्कृत और सदाचार

डॉ० गंगाधर झा

आचार—'आङ्' उपसर्गपूर्वक चर् धातु से घञ् प्रत्यय लगने 'आचार' शब्द का निर्माण हुआ है। 'आचार' शब्द का प्रयोग विभिन्न अर्थों में किया गया है। यथा— आचरण, व्यवहार, कार्य करने की रीति, चालचलन, प्रथा, रिवाज, प्रचलन, लोकाचार, प्रथा-सम्बन्धी कानून, रूप, उपचार आदि।

मानव संस्कृति के निर्माण में सदाचार एवं सच्चरित्रता का महत्त्व रहा है। इनके बिना सुश्लिष्ट सामाजिक जीवन असम्भव होता और व्यक्तिगत सुख तथा शान्ति की कल्पना भी नहीं होती। हमारे देश में आचार तथा चरित्र की प्रतिष्ठा का प्रधान आधार प्रकृति की उदारता और सहनशीलता रही है। मानव सामाजिक व्यवहार में स्वार्थ एवं संकीर्णता से उठकर उदात्त भावना से युक्त हुआ। इसमें इश्वर की असीम कृपा ही है।

युग-निर्माण की पृष्ठभूमि में मानव की उच्चतम चरित्र-निष्ठा रही होगी, इसका ज्ञान हमें अपने संस्कृत वाङ्मय के आकर ग्रन्थों से प्राप्त होता है। तत्कालीन मानवों ने सामूहिक प्रयास किया। ऐसी सभ्यता के निर्माण में असंख्य देवी-देवताओं एवं मानवों के सदाचार एवं सच्चरित्रता का योगदान रहा है।

वैदिककालीन आचार-पद्धति में ऋत अथवा सत् की सर्वोच्च प्रतिष्ठा थी। ऋत वह वस्तु है, जिसके कारण संसार के सारे कार्य चलते हैं। इसके अभाव में संसार की गति रुक जायेगी। वैदिक धारणानुसार, चराचर लोक की सृष्टि, संवर्धन और संहार के नियामक ऋत की प्रतिष्ठा सामाजिक जीवन में की। उनके यागिक विधानों में क्रियाओं का क्रम था। उस क्रम का व्यवधान होने से पुण्य के स्थान पर पाप होता था। निश्चित रूप से तत्कालीन सामाजिक जीवन सदाचार पर आधारित था। "वैदिक ऋषियों का विश्वास था कि देवता मानवों के चरित्र का पर्यालोचन करते हैं तथा वे पापियों को दण्ड देते हैं। ऋग्वेद के अनुसार, सूर्य मानवों के साधु और असाधु आचार को देखते हुए ऊपर चढ़ता है। मित्र और वरुण सत्य के द्रष्टा हैं। ऊँचे आकाश से वे सबको देखते हैं। वरुण की दोनों आँखें सारे संसार को देखती हैं। कोई व्यक्ति स्वर्ग के दूसरे छोड़ पर ही उड़कर क्यों न चला जाये, वह वरुण की दृष्टि से नहीं बच सकता। वरुण के दूत पूरी पृथ्वी पर विचरण करते हुए पापियों को ढूँढ़ निकालते हैं।"

ऋषियों को देवताओं के परोपकार और सुकृत का परिचय प्राप्त था। वैदिक साहित्य में इन्द्र और अश्विनद्वय आदि देवताओं की परोपकारमयी उदात्त भावनाओं का जो आदर्श है, वह ऋषि-वर्ग में प्रतिष्ठित हुआ। मानवों ने देवताओं की सहायता के लिए स्तुति की, उनका गुण-गान किया और उनके आदर्शों को अपने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जीवन में डाला । ऋषियों का विश्वास था कि देवताओं की कृपा उन्हें ही प्राप्त हो सकती है, जो उनके अनुशासन को मानते हैं और स्वयं पुण्य-पथ पर अग्रसर हैं ।

यद्यपि काम, क्रोध, लोभ, मोह, दम्भ, घमण्ड, राग-द्वेष, अभिमान, अहंकार, क्रूरता, निर्दयता, अज्ञान, संशय, भ्रम, निद्रा, आलस्य, विक्षेप, चिन्ता, शोक, भय, वैर, कुटिलता, नीचता, नास्तिकता, अश्रद्धा आदि दुर्गुण तथा छल, कपट, छिद्र, झूठ, चोरी, डकैती, व्यभिचार, अनाचार, अत्याचार, मांस-भक्षण, मदिरापान, मादक वस्तुओं का सेवन, जूआ खेलना, हिंसा, प्रमाद, उद्दण्डता आदि दुराचार हैं । ये आसुरी सम्पदा हैं । ये हमेशा त्याज्य हैं । इसके विपरीत जो क्षमा, दया, शान्ति, सन्तोष, शम, दम, धैर्य, भक्ति, ज्ञान, वैराग्य, तेज, विनयता, सरलता, धीरता, वीरता, गम्भीरता, निर्भयता, हृदय की पवित्रता, आस्तिकता, श्रद्धा आदि सद्गुण तथा यज्ञ, तप, दान, तीर्थव्रत, उपवास, सेवा, पूजा, आदर, सत्कार, सत्यभाषण, ब्रह्मचर्य-पालन, स्वाध्याय, परोपकार, माता-पिता, गुरुजनों तथा अनाथों, आतुरों की सेवा आदि सदाचार हैं । ये दैवी सम्पदा के लक्षण हैं, और अनन्तकाल से सभ्य पुरुषों में स्वभावसिद्ध चले आ रहे हैं ।

काल के प्रभाव एवं विदेशियों के कुसंग और शासन से सदाचार एवं सच्चरित्रता बहुत ही दब सी गया है, जिसके कारण इस वैज्ञानिक युग में भी भौतिक सुख-साधन से सम्पन्न व्यक्ति भी बेचैन हैं ।

हमारे संस्कृत वाङ्मय में सदाचार एवं चरित्रता के अनेक उदाहरण हैं, जिसके कारण हमलोग देश में रामराज्य की कल्पना करते हैं एवं अपनी सन्तानों का नाम राम, कृष्ण, श्रवण कुमार, प्रह्लाद आदि रखते हैं । बड़ों का आदर-सत्कार ही सदाचार एवं सच्चरित्रता का मूल कारण है । प्राचीन आकर ग्रन्थों का अनुसन्धान करने पर ज्ञात होता है कि माता-पिता आदि गुरुजनों का आज्ञापालन, वन्दन और सेवा-पूजा करना— यह भी हमारी संस्कृति का प्रधान अंग है । सदाचार एवं सच्चरित्रता का प्रसंग श्रुति स्मृति, गीता, रामायण, इतिहास, पुराण आदि ग्रन्थों में कूट-कूटकर भरा है । उन स्थलों को पढ़ने से रोमाञ्च होने लगता है, हृदय प्रफुल्लित होने लगता है । श्री राम, श्री लक्ष्मण, श्री भरत, श्री शत्रुघ्न आदि तो इसके विशेष आदर्श माने गये हैं ।

अध्यात्म रामायण में वन जाते समय श्री राम माता कैकेयी से कहते हैं—

"पित्रर्थे जीवितं दास्ये पिबेयं विषमुल्बणम् ।
सीतां त्यक्ष्येऽथ कौशल्यां चापि त्यजाम्यहम् ॥[1]

अर्थात् पिताजी के लिए मैं जीवन दे सकता हूँ, भयंकर विष पी सकता हूँ, तथा सीता, कौशल्या और राज्य को भी छोड़ सकता हूँ ।

श्रुति कहती है—

मातृ देवो भव । पितृ देवो भव ।
आचार्य देवो भव । अतिथिदेवो भव ॥[2]

---

१. अध्यात्म रामायण— ३-५८-६० ॥
२. तैत्तिरीय— १-११-२ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

माता को देव (ईश्वर) माननेवाला हो। पिता को ईश्वर माननेवाला हो। आचार्य को ईश्वर माननेवाला हो। अतिथि को ईश्वर माननेवाला हो॥

भरतजी की प्रार्थना पर भगवान् उन्हें चौदह वर्ष की अवधि के आधार के लिए चरणपादुका देते हैं, तब वे उन्हें लेकर बड़े आनन्दित होते हैं और बार-बार भगवान् को प्रणाम करते हैं—

गृहीत्वा पादुके दिव्ये भरतो रत्नभूषिते।
रामं पुनः परिक्रम्य प्रणमाम पुनः पुनः॥

ऋषिकुमार श्रवण ने तो माता-पिता की सेवा करके ऐसी अनुपम ख्याति प्राप्त कर ली कि आज भी यदि कोई व्यक्ति माता-पिता की सेवा विशेष रूप से करता है तो उसे 'श्रवण कुमार' की उपाधि दी जाती है। श्री राम सम्राट बनने के पूर्व अपने निर्मल चरित्रों द्वारा सर्वोत्तम मर्यादाओं को स्वयं पालन करके दिखलाये। एक व्यक्ति परिवार, समाज, राष्ट्र आदि के साथ कैसा व्यवहार करे, एक व्यक्ति को जीवन-यात्रा चलाने के लिए तथा जीवन के महान् उद्देश्य पर ब्रह्म परमात्मा की प्राप्ति के लिए किस प्रकार के गुणों की, किस प्रकार के त्याग-तप की आवश्यकता होती है— इसका दिग्दर्शन भगवान् श्रीरामचन्द्रजी ने अपनी लीलाओं द्वारा मर्यादाएँ प्रतिष्ठापित करके प्रत्यक्ष करा दिया।

महाभारत में धर्म के मूल तत्त्व के रूप में शिष्टाचार को रखा गया है। यज्ञ, दान, तप, स्वाध्याय और सत्य शिष्टाचार के प्रमुख अंग माने गये।

यज्ञो दानं तपो वेदाः सत्यं च द्विजसत्तम।
पञ्चैतानि दानं पवित्राणि शिष्टाचारेषु सर्वदा॥[१]

महाभारत के अनुसार, सदाचार केवल आध्यात्मिक अभ्युदय की दृष्टि से ही ग्रहणीय नहीं है, अपितु शील के साथ धर्म, धर्म के साथ सत्य, सत्य के साथ सदाचार, सदाचार के साथ बल और बल के साथ लक्ष्मी का निवास होता है—

धर्मः सत्यं तथा वृत्तं चैव तथाप्यहम्।
शीलमूला महाप्राज्ञ सदा नास्त्यत्र संशयः॥[२]

कहना न होगा कि पाश्चात्य सभ्यता पर आधारित इतिहास भी एक विचित्र गोरखधंधा है। आर्यों का पश्चिमोत्तर एशिया से भिन्न देशों में जाकर आबाद होना, उन्हीं की एक श्रेणी का भारत में आना; ग्रीक, लैटिन, जेन्द आदि भाषाओं के समान ही सर्वभाषाओं की जननी संस्कृत भाषा को सब भाषाओं की बहन मानना और किसी अनुपलब्ध भाषा को ही सर्वभाषाओं की जननी मानना; आर्यों-अनार्यों का भेद करना आदि बहुत-सी भीषण ऐतिहासिक कल्पनाएँ जान-बूझकर गढ़ी गयी हैं।

१. वन पर्व १९८/५२६
२. शान्ति पर्व १२४/६२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रामराज्य की परिकल्पना सदाचार एवं सच्चरित्रता पर आधारित है। वह अनादि, अनन्त ईश्वरीय अपौरुषेय शास्त्रों एवं आर्ष; धार्मिक, राजनीतिक, आर्थिक शास्त्रों तथा प्रामाणिक परम्पराओं के आधार पर स्थिर है। यह प्रणाली ईश्वर, राज्य, धर्मराज्य, रामराज्य, पक्षपातविहीन, धर्मसापेक्ष राज्य, अध्यात्मवाद पर आधारित धर्मनियंत्रित शासनतंत्र आदि नामों से प्रसिद्ध हैं। वह लाखों-करोड़ों नहीं, अरबों वर्षों से अनुभूत है।

सम्राट अशोक का शस्त्र त्यागकर बौद्धभिक्षुक बनना, महात्मा गांधी का वकालत छोड़कर, देश की स्वतंत्रता के लिए कांग्रेस का नेतृत्व करना, नेल्सन मण्डेला द्वारा संसार से काला-गोरा के विवाद को समाप्त करने के लिए २७ वर्षों तक बन्दीगृह में निवास करना, विभिन्न राजनीतिक संगठनों द्वारा अपने देश के सम्पूर्ण विकास के लिये संघर्ष करना आदि सदाचार एवं सच्चरित्रता के ही उदाहरण हैं।

अत: संस्कृत भाषा में निर्मित सभी शास्त्रों का अध्ययन-मनन लौकिक एवं पारलौकिक कल्याण के लिए परमावश्यक है। मात्र इसके द्वारा ही संसार का कल्याण हो सकता है।

अत: सदाचार के लिए निम्नलिखित सुझाव अवलोकनीय है—

(१) प्राथमिक शिक्षा से उच्च शिक्षा तक एवं सभी तकनीकी शिक्षाओं में संस्कृत अनिवार्य रूप से होना चाहिए, जिसमें तीन पुस्तकें यथा—गीता, हितोपदेश एवं चाणक्य का अर्थशास्त्र अवश्य हो।

(२) पाश्चात्य शिक्षा-प्रणाली के स्थान पर भारतीय शिक्षा-प्रणाली, जो त्याग पर आधारित हो, लागू होना चाहिए।

(३) रक्षा के समान ही सम्पूर्ण राष्ट्र की शिक्षा का दायित्व केन्द्रीय सरकार का हो।

(४) संस्कृत भाषा राष्ट्रभाषा का स्थान ग्रहण करे, ऐसा संविधान में संशोधन हो।

(५) शिक्षा का स्थान साक्षरता न ले, अर्थात् शिक्षा के पाठ्यक्रम में उन विषयों को रखा जाए जिससे मानसिक, शारीरिक नैतिक एवं आध्यात्मिक विकास हो।

(६) सामान्य शिक्षा के ग्रन्थों के अतिरिक्त अन्य तकनीकी शिक्षा के पुस्तकों का अनुवाद संस्कृत भाषा में हो।

(७) राजनेता एवं शिक्षक आदर्श चरित्र उपस्थापित करें।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विध्यर्थ-विचार

('न्यायकुसुमाञ्जलि' के आलोक में)

डॉ. अरविन्द कुमार

'स्वर्गकामोऽग्निष्टोमेन यजेत' आदि विधिवाक्य में प्रयुक्त 'यजेत' आदि पद के घटक प्रत्यय (सीयुट् + त = ईत) को 'विधिप्रत्यय' कहा जाता है। विधिप्रत्यय के अर्थ के विषय में वैयाकरणों, मीमांसकों तथा नैयायिकों के भिन्न-भिन्न मत हैं। १०वीं शती ई० के उत्तरार्द्ध में नैयायिक उदयनाचार्य द्वारा विरचित 'न्यायकुसुमाञ्जलि' के आलोक में विध्यर्थविषयक विभिन्न मन्तव्यों पर इस आलेख में विचार करना अभीष्ट है।

कुछ विचारकों का मत है कि 'स्वर्गकामो यजेत' आदि विधिवाक्य से प्रेरित होकर यज्ञादि कर्म को करने वाले नियोज्य कर्ता में रहने वाला 'स्पन्दन' अथवा 'प्रयत्न' अथवा 'इच्छा ही विधिप्रत्यय का अर्थ है। उदयनाचार्य ने इस मत को दोषयुक्त मानते हुए कहा है—

(क) यदि नियोज्यकर्ता में होनेवाले स्पन्दन, अर्थात् शारीरिक चेष्टा को विधिप्रत्यय का अर्थ माना जायेगा तो 'आत्मानं विजानीयात्' आदि विधिवाक्य के वक्ता प्रवर्तक पुरुष के इष्ट उद्देश्य की हानि होगी। उक्त वाक्य (आत्मानं विजानीयात्) में आत्म-ज्ञान का उपदेश है। इस विधिवाक्य को सुनने पर नियोज्य पुरुष में आत्मज्ञान के लिए प्रवृत्ति हो जाए— यह प्रवर्तक (नियोक्ता) का इष्ट है। उक्त वाक्य को सुनने पर मुक्ति की कामना करने वाले पुरुष को पहले यह ज्ञान होता है कि आत्मज्ञान उसके इष्ट मोक्ष का साधन है, तदनन्तर उसे आत्मज्ञान को प्राप्त करने की इच्छा होती है और तत्पश्चात् वह आत्मज्ञान के लिए प्रवृत्त होता है, किन्तु आत्मज्ञान की प्राप्ति नियोज्यकर्ता में होनेवाली शारीरिक चेष्टा, अर्थात् हस्त आदि अङ्ग के सञ्चालन से नहीं होती है। अतः यह स्वीकार करना होगा कि उक्त विधिवाक्य जैसे स्थल में विधिप्रत्यय से नियोज्यकर्ता को अपने में रहनेवाले 'स्पन्दन' (शारीरिक चेष्टा) का ज्ञान नहीं होता है। यदि 'शारीरिक स्पन्दन' को विध्यर्थ माना जायेगा तो 'आत्मानं विजानीयात्' आदि वाक्य को सुनने पर नियोज्य पुरुष में आत्मज्ञान की प्राप्ति के लिए प्रवृत्ति न होने के कारण उक्त विधिवाक्य के प्रयोक्ता (प्रवर्तक) के इष्ट उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो सकेगी।[१]

---

१. इष्टहानेरनिष्टाप्तेरप्रवृत्तेर्विरोधतः। असत्त्वात् प्रत्ययत्यागात् कर्तृधर्मो न सङ्करात्॥— न्यायकुसुमाञ्जलि, ५.८ इस पर द्र.— (क) स हि न स्पन्द एव, आत्मानमनुपश्येदित्याद्यव्याप्तेः। — उदयनाचार्य, न्या. कु. (५/८), पृ. ६४५
(ख) स्पन्दस्य कर्तृधर्मस्य प्रवृत्तिप्रयोजकत्वे 'आत्मानं विजानीयात्' इत्यत्र अप्रवृत्तिप्रसङ्गात्, ग्रामं गच्छतीत्यतः प्रवृत्त्यापत्तेश्च।— हरिदास भट्टाचार्य (१४६०-१५४० ई.), न्यायकुसुमाञ्जलिवृत्ति (५/८), पृ. २२५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किञ्च, 'ग्रामं गच्छति' वाक्य का श्रवण होने पर श्रोता को 'गच्छति' पद से यह ज्ञान होता है कि गमनकर्ता में चरणों की सञ्चलन-क्रिया के रूप में 'स्पन्दन' हो रहा है, जो ग्राम-गमन में उपयोगी है। यहाँ 'गच्छति' वाक्य को सुनने पर श्रोता को यह ज्ञान होने लगेगा कि 'गच्छति' पद से ज्ञात होने वाला उक्त 'स्पन्दन' विधिप्रत्यय का ही अर्थ है, अतः ग्राम-गमन में उसकी प्रवृत्ति होने लगेगी। किन्तु 'ग्रामं गच्छति' वाक्य के श्रोता में ऐसी प्रवृत्ति नहीं देखी जाती है। अतः कर्तृनिष्ठ 'स्पन्दन' (शारीरिक चेष्टा) को विध्यर्थ नहीं माना जा सकता।[1] इस प्रकार स्पन्दन-ज्ञान को प्रवर्तक मानना युक्तियुक्त नहीं होगा।

(ख) यदि नियोज्यकर्ता में रहनेवाले (क्रियानुकूल) 'यत्न' को विधिप्रत्यय का अर्थ माना जाएगा तो वैध (= विधिबोधित) कर्म में नियोज्य पुरुष की अप्रवृत्ति होने लगेगी। इसका कारण यह है कि नैयायिक मत में 'यत्न' को आख्यातसामान्य, अर्थात् सभी लकारों में आदेशभूत 'तिङ्' का वाच्यार्थ माना गया है।[2] ऐसी स्थिति में 'चैत्रः ग्रामं गच्छति' जैसे वाक्य के अन्तर्गत 'गच्छति' पद के प्रयुक्त 'ति' (तिङ्) प्रत्यय से भी श्रोता को (संयोगानुकूल व्यापार के जनक) कर्तृनिष्ठ 'यत्न' का ज्ञान होता है। अतः 'चैत्रः ग्रामं गच्छति' वाक्य को भी विधिवाक्य मानना पड़ेगा, परन्तु यह लोकविदित है कि इस वाक्य को सुनने पर श्रोता की ग्राम-गमन में प्रवृत्ति नहीं होती है। इसी प्रकार 'स्वर्गकामोऽग्निष्टोमेन यजेत्' आदि विधिवाक्य के अन्तर्गत 'यजेत' आदि पद में प्रयुक्त 'तिङ्' (त) प्रत्यय से कर्तृनिष्ठ 'यत्न' का ज्ञान होने पर नियोज्यकर्ता की वैध यज्ञ-कर्म में प्रवृत्ति का अभाव होने लगेगा।[3] अतः कर्तृनिष्ठ 'यत्न' को विध्यर्थ नहीं माना जा सकता।

(ग) यदि नियोज्यकर्ता में रहनेवाली 'इच्छा' को विधिप्रत्यय का अर्थ माना जाएगा तो विरोध, अर्थात् अन्योन्याश्रय-दोष की प्रसक्ति होगी। इसका कारण यह है कि विधिप्रत्यय के अर्थ को जानने के पश्चात् वैध

(ग) 'कर्तृधर्मः' स्पन्दलक्षणो विध्यर्थः, तज्ज्ञानमेव प्रवर्तकम् इत्येके। इत्यादौ स्पन्दासम्भवेन विधिप्रयोगलक्षणेष्टहान्यापत्तेः।- नारायणतीर्थ, कुसुमाञ्जलिकारिका-व्याख्या (५८), पृ.७८)

१. (क) ग्रामं गच्छतीत्यादावतिव्याप्तेश्च। — उद., न्या.कु.(५८), पृ.६४५
(ख) 'ग्रामं गच्छति' इत्यादौ स्पन्दसत्त्वेन विधिप्रयोगप्रसङ्गानिष्टाऽपत्तेश्च। कु.का.व्या.(५८), पृ.७८ टि.- आत्मा ही कर्ता है, 'स्पन्दन' आत्मा में साक्षात् नहीं रहता है, तथापि आत्मा शरीर की क्रिया का जनक होता है। अतः जनकता-सम्बन्ध से 'स्पन्दन' आत्मा में रहता है। इसी कारण 'स्पन्दन' को कर्तृधर्म (= कर्तृनिष्ठ) कहा गया है। तन्न। कुतः? 'इष्टहानेः' "आत्मानं जानीयाद्"

२. तुल.— पचतीत्यादावाख्यातस्य यत्नो वाच्यः पचति पाकं करोतीत्यादियत्नार्थककरोतिना सर्वाख्यातविवरणात्।- किं करोतीति यत्नप्रश्ने पचतीत्युत्तरस्य यत्नार्थत्वं विना अनुपपत्तेरित्याचार्याः। — गङ्गेशोपाध्याय, तत्त्वचिन्तामणि, शब्दखण्ड आख्यातवाद, पृ.८१-२०

३. (क) नाऽपि तत्कारणं प्रत्यनः। तस्य सर्वाख्यातसाधारणत्वात्। — उद., न्या.कु.(५-८), पृ.६४५
(ख) यत्नस्य विधित्वे दोषमाह—अप्रवृत्तेः। अख्यातान्तरेण यत्ने बोधितेऽपि इष्टसाधनत्वाऽप्रतिसन्धाने अनिष्टसाधनत्वज्ञाने वा अप्रवृत्तेः। — ह.दा.भ., न्या.कु.वृ.(५.८), पृ.२२५
(ग) ननु यत्नलक्षणः कर्तृधर्मो गृह्यताम्, अत आह— 'अप्रवृत्तेः' इति। इष्टसाधनत्वाद्यप्रतिसन्धाने अख्यातासाधारणयत्नज्ञानस्याप्रवर्तकत्वाद् इत्यर्थः। — कु.का.व्या.(५.८), पृ.७८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कर्म को करने की इच्छा (चिकीर्षा) होगी। तदनन्तर चिकीर्षा के कारण वैध कर्म में प्रवृत्ति होगी। इस प्रकार वैध कर्म में प्रवृत्ति के कारणभूत चिकीर्षा की उत्पत्ति में विध्यर्थ के ज्ञान की अपेक्षा (= आकाङ्क्षा) होगी। ऐसा होने पर 'इच्छा' (चिकीर्षा) को विध्यर्थ स्वीकार करने के कारण 'इच्छा' (चिकीर्षा) ही विध्यर्थविषयक ज्ञान का विषय होगी अतः 'इच्छा' (चिकीर्षा) को विध्यर्थविषयक ज्ञान का कारण मानना होगा। तात्पर्य यह है कि चिकीर्षाविषयक ज्ञानमानस प्रत्यक्षस्वरूप होता है। अतः प्रत्यक्ष में चिकीर्षा-रूप विषय के कारणभूत (हेतुभूत) होने से एक दूसरे की उत्पत्ति में पारस्परिक अपेक्षा होगी, अर्थात् चिकीर्षा की उत्पत्ति में विध्यर्थविषयक ज्ञान की अपेक्षा तथा विध्यर्थविषयक ज्ञान की उत्पत्ति में चिकीर्षा की अपेक्षा स्वीकार करनी होगी। इसी प्रकार अन्योन्याश्रय-दोष होगा।[१]

II. विध्यर्थ के विषय में एक अन्य मत यह है कि 'कर्म' का धर्म 'कर्मत्व', अर्थात् 'कार्यत्व' ही विधिप्रत्यय का अर्थ है। 'कर्म' शब्द के व्युत्पत्तिभेद से तीन अर्थ हो सकते हैं — (क) 'क्रियते (= उत्पाद्यते) इति कर्म = (फलम्)'— इस व्युत्पत्ति के आधार पर कृ से कर्मार्थक 'मनिन्' प्रत्यय के योग से निष्पन्न 'कर्म' शब्द का अर्थ 'फल' है। (ख) 'क्रियतेऽनेनेति कर्म'— इस व्युत्पत्ति के आधार पर करणार्थक 'मनिन्' प्रत्यय के योग से निष्पन्न 'कर्म' शब्द का अर्थ 'अपूर्व' (अदृष्ट) है। (ग) 'करणं (= निष्पादनं) कर्म'— इस व्युत्पत्ति के आधार पर भावार्थक 'मनिन्' प्रत्यय के योग से निष्पन्न 'कर्म' शब्द का अर्थ 'क्रिया' है।[२] 'कर्म' शब्द के इन तीनों अर्थों — 'फल' 'अपूर्व' तथा 'क्रिया' को 'कार्य' (= कर्तव्य) कहा जाता है।

(क) 'कर्म' शब्द का अर्थ फल-रूप 'कार्य' मानने पर 'स्वर्गकामो यजेत'— इस वैदिक विधिवाक्य के प्रयोग-स्थल में स्वर्ग-रूप फल ही 'कार्य' होगा। अतः स्वर्ग-रूप फल में रहने वाला 'कार्यत्व' धर्म ही विधिप्रत्यय का अर्थ होगा, परन्तु विधिप्रत्यय के इस अर्थ (कार्यत्व = फलत्व) को स्वीकार करने पर अतिव्याप्ति दोष आता है।[३] तात्पर्य यह है कि उक्त विध्यर्थ को स्वीकार करने पर 'स्वर्गकामो यजेत' वाक्य को सुनने पर नियोज्य पुरुष को विधिप्रत्यय से 'कार्य', अर्थात् स्वर्ग-रूप 'फल' का ही बोध होगा। अतः उसकी स्वर्ग-रूप 'फल' में प्रवृत्ति होगी अर्थात् स्वर्ग को प्राप्त करने की इच्छा होगी, उस फल के साधक यज्ञ में उसकी प्रवृत्ति नहीं होगी, परन्तु उक्त विधिवाक्य का प्रयोजन स्वर्गाभिलाषी नियोज्य पुरुष को स्वर्ग-रूप फल के साधनभूत यज्ञ में ही प्रवृत्त करना है, स्वर्ग-रूप फल में नहीं। इस प्रकार फल-रूप 'कार्य' को विध्यर्थ मानने पर (स्वर्ग-रूप 'फल' में प्रवृत्ति अथवा इच्छा होने से) अतिव्याप्ति-दोष आता है।[४]

---

१. (क)...विरोधतः।— न्या. कु., ५.८
(ख) द्र.— महाप्रभुलाल गोस्वामी, कुसुमाञ्जलिसारसङ्कलनम्, पृ. १६४-६५

२. कर्मभिः क्रियत इति व्युत्पत्त्या फलं वा करणव्युत्पत्त्याऽपूर्वं वा भावव्युत्पत्त्या तत्करणं क्रिया व विवक्ष्यते।— वरदराज, बोधनी (न्या. कु., ५-१२), पृ. ६९७

३. ननु अस्तु कर्मधर्मो विधिः? तत्राह— अतिप्रसङ्गान्न फलं नाऽपूर्वं तत्त्वहानितः। तदलाभान्न कार्यञ्च न क्रियाऽप्यप्रवृत्तितः॥— न्या. कु., ५.१२

४. (क) कर्म हि फलं वा स्यात्,...? न प्रथमः फलेच्छायाः प्रवृत्तिं प्रत्यहेतुत्वात्, अतिप्रसङ्गात्। उद., न्या. कु. (५-१२), पृ. ६८८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) 'कर्म' शब्द का द्वितीय अर्थ 'अपूर्व' (अदृष्ट)— रूप 'कार्य' माना गया है। 'अपूर्व' को 'कार्य' इसलिए माना गया, क्योंकि वह (अपूर्व) कर्ता की 'कृति (= यत्न) का उद्देश्य' अथवा उसकी (कर्ता की) 'कृति से साध्य' होता है। 'स्वर्गकामो यजेत' आदि वैदिक विधिवाक्यों में इस 'अपूर्व' नामक 'कार्य' को ही प्राभाकर मीमांसक विध्यर्थ मानते हैं। उनके अनुसार, उक्त वैदिक विधिवाक्य में 'याग स्वर्ग का साधन है', 'याग में स्वर्गोत्पादन की योग्यता है'— इस बात का ज्ञान किसी प्रकार से भी नियोज्य पुरुष को नहीं हो पाता। उसे तो यह आशङ्का होती है कि क्षणिक याग दीर्घकाल-स्थायी स्वर्ग का साधन कैसे हो सकता है। अतः यहाँ 'कार्य का अर्थ' 'अपूर्व' (अदृष्ट) करने की आवश्यकता होती है।[1] परन्तु 'तृप्तिकामः पचेत्' जैसे लौकिक विधिवाक्यों में प्रवृत्ति का हेतु 'कार्यता-ज्ञान' है, अर्थात् 'यह कार्य मुझे करना चाहिए', 'यह मेरा कर्तव्य है'— इस प्रकार का कर्तव्य-बोध ही विधिप्रत्यय से उपस्थित होता है। यहाँ 'अपूर्व' जैसे किसी अदृष्ट धर्म अथवा व्यापार को विध्यर्थ मानने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि उक्त लौकिक विधिवाक्य में 'पाक' तृप्ति-रूप फल का साधन है, अर्थात् तृप्ति-रूप फल के उत्पादन की योग्यता 'पाक' में है— इस बात का ज्ञान लौकिक प्रत्यक्ष आदि प्रमाणों से ही हो जाता है, परन्तु उदयनाचार्य प्रभाकर मीमांसकों के विध्यर्थ-सम्बन्धी उक्त मत से सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि यदि विधिप्रत्यय का अर्थ 'अपूर्व'रूप 'कार्य' माना जाएगा तो उस (अपूर्व) की अपूर्वता नहीं रह पायेगी।[2] अभिप्राय यह है कि शाब्दबोध से पूर्व प्रतीत होने के कारण ही तो मीमांसक 'अपूर्व' नामक कार्य की कल्पना करते हैं, परन्तु यदि शाब्दबोध से पहले अपेक्षित शक्तिग्रह के लिए 'अपूर्व' नामक 'कार्य' का ज्ञान मान लिया जायेगा,

---

(ख) स्वर्गः कार्यमिति ज्ञानात् स्वर्ग एवेच्छा स्यात्। सा च कुत्र प्रवर्तयेदित्यर्थः।-शङ्करमिश्र, आमोद (न्या. कु., ५-१२), पृ. ६९०

(ग) तत्र फलस्य धर्मः तद्विषयेच्छैव सम्भवति स तावन्न विधिः। न हि फलेच्छा साधने प्रवृत्तिं प्रसूते, अतिप्रसङ्गात्।— वरदराज, बोधनी (न्या. कु., ५.१२), पृ. ६९७

(घ) कर्म स्वर्गादिः, तद्धर्मः कार्यत्वम् यदि विध्यर्थः, तत्राह::: 'अतिप्रसङ्गान्न फलम्' इति। स्वर्गे कार्यत्वज्ञाने सति स्वर्गाऽसाधनेऽपि प्रवृत्त्यापत्तेः।— न्या. कु. वृ. (५.१२), पृ. २४३

(ङ) 'अतिप्रसङ्गान्न फलम्' इति। स्वर्गसाधनत्वज्ञानाभावेऽपि स्वर्गज्ञानात् प्रवृत्त्यापत्तेः कार्यपदार्थो न फलमित्यर्थः। — कु. का. व्या. (५-१२), पृ. ८१

१. (क) क्रिया हि क्षणिकत्वेन कालान्तरभाविनः। स्वर्गादेः काम्यमानस्य समर्था जननं प्रति॥ इष्टस्याजनिका सा च नियोज्येन फलार्थिना। कार्यत्वेन न सम्बन्धमर्हति क्षणभङ्गिनी॥ तस्मान्नियोज्य-सम्बन्ध-समर्थविधिवाचिभिः। कार्यं कार्यान्तरस्थायि क्रियातो भिन्नमुच्यते॥ तद्धि कालान्तरस्थानात् शक्तं स्वर्गादिसिद्धये। सम्बन्धोऽप्युपपद्येत नियोज्येनास्यकामिना॥ क्रियादिभिन्नं यत् कार्यं वेद्यं मानान्तरैर्न तत्। अतो मानान्तरापूर्वम् अपूर्वमिति गीयते॥— शालीकनाथ मिश्र, प्रकरणपञ्चिका, कारिका २७४-७८

(ख) आस्तां तावत् क्रिया लोके गमनागमनक्रिया। अन्ततः स्तन्यपानादिस्तृप्तिकारिण्यपि क्रिया॥ स यावन्मम कार्येयमिति नैवावधार्यते। तावत् कदापि मे तत्र प्रवृत्तिरभवन् नहि॥ कार्यमेव हि सर्वत्र प्रवृत्तावेककारणम्। प्रवृत्त्यभिचारित्वाल्लिङाद्यर्थोऽवधार्यते॥— तदैव, कारिका २५८, २५९, २६५

२. —नापूर्वं तत्त्वहानितः।— न्या. कु., ५.१२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तब तो उसका अपूर्वत्व ही नष्ट हो जायेगा। यदि शाब्दबोध से पूर्व अपेक्षित शक्तिग्रह के लिए 'अपूर्व' का ज्ञान नहीं माना जायेगा तो उस स्थति में 'लिङ्' का शक्तिग्रह और उस पर आधृत शाब्दबोध नहीं हो पायेगा।[१]

(ग) 'कर्म' शब्द के अर्थ 'कार्य' का एक अभिप्राय 'क्रिया' माना गया है। इस मान्यता के अनुसार 'स्वर्गकामो यजेत'— इस विधिवाक्य में प्रयुक्त विधिप्रत्यय से 'याग क्रिया' का बोध होता है। इस वाक्य को सुनने पर नियोज्य पुरुष यह समझता है कि मुझे 'याग क्रिया' करनी चाहिए। अतः वह याग करने का संकल्प करने हेतु उस (याग क्रिया) में प्रवृत्त होता है।

परन्तु 'क्रिया' रूप 'कार्य' को भी विध्यर्थ मानने में दोष आता है। इसका कारण यह है कि जब तक नियोज्य पुरुष को यह ज्ञान नहीं हो जाता कि याग-क्रिया उसके इष्ट (स्वर्ग) का साधन है, तब तक वह याग क्रिया में प्रवृत्त नहीं होता। इष्टसाधनता का ज्ञान होने पर ही कोई व्यक्ति यागादि क्रिया में प्रवृत्त होता है।[२]

III. विध्यर्थ के विषय में भाट्ट मीमांसकों का मत है कि 'स्वर्गकामो यजेत' आदि विधिवाक्य के अर्थ-ज्ञान के प्रति करणभूत 'लिङ्' आदि प्रत्यय-रूप शब्द के धर्म, अर्थात् व्यापार 'अभिधा' का ज्ञान होने पर नियोज्य पुरुष यागादि में प्रवृत्त होता है। अतः 'अभिधा' ही विध्यर्थ है।[३] यहाँ 'अभिधा' का अर्थ 'शाब्दी भावना' =(प्रवर्तना) का तथा (लिङ् के आदेशभूत 'तिङ्' में रहने वाले) 'तिङ्त्व' अंश में 'आर्थी भावना', अर्थात् 'फलानुकूल व्यापार' की प्रतीति होती है।[४] इसीलिए कुमारिल भट्ट ने कहा है कि 'लिङ्' आदि शब्द 'आर्थी

---

१. (क)...तत्कारणमपूर्वं वा...? ...न द्वितीयोऽव्युत्पत्तेः।...शब्दप्रवृत्ति-निमित्तस्यापूर्वत्वस्य प्रमाणान्तरादवगतावपूर्वत्वव्याघात्, अनवगतावव्युत्पत्तेः।— उद., न्या.कु.(१५.१२), पृ.६८८
(ख) अपूर्वं कार्यमिति ज्ञानं यदि लिङा जन्येत तदा व्युत्पत्तिग्रहदशायामेवापूर्वावगतावपूर्वत्वव्याघातः। — आमोद (न्या. कु.,५.१२), पृ.६९०
(ग) यदि कर्म = अपूर्वम्, तद्धर्मः कार्यत्वं विध्यर्थः, तत्राह— "नाऽपूर्वं तत्त्वहानितः।" शाब्दबोधात् पूर्वं न उपस्थितम् इति अतएव अपूर्वम् पूर्वमुपस्थितौ च न तत्त्वम्, अनुपस्थितौ च कथं तत्र शक्तिधीः?— न्या.कु.वृ.(५.१२), पृ.२४४-४५
(घ) ननु तर्हि अपूर्वं कार्यपदार्थोऽस्तु। इत्यत आह— 'नापूर्वम्' इति अपूर्वत्वहानितो नापूर्वं कार्यशब्दार्थ इत्यर्थः। शक्तिग्रहं विना विधिप्रत्ययाद् अपूर्वोपस्थितिर्न सम्भवति। शक्तिग्रहश्च नापूर्वोपस्थितौ। तथा च लिङ्पदनिरूपित-शक्तिग्रहकाले पूर्वमपूर्वस्यावश्यं प्रतीत्या शब्दबोधात् पूर्वमप्रतीतत्वरूपापूर्वत्वं तत्र भज्येतेति भावः।— कु. का. व्या. (५.१२), पृ.८१

२. ...न क्रियाऽप्यप्रवृत्तितः।... न्या.कु.,५.१२ इस पर द्र.—
(क) ननु कर्म यागादि, तद्धर्मः कार्यत्वं विधिः? तत्राह— न क्रियाऽपीति। अनिष्टसाधनताधीकाले प्रवृत्त्यदर्शनात्— न्या. कु.वृ.(५.१२), पृ.२४७
(ख) ननु क्रियैव कार्यपदार्थोऽस्तु। तत्राह–'न क्रिया' इति। इष्टसाधनताज्ञानाभावदशायां यागादिरूपक्रियाज्ञानात् प्रवृत्त्यभावेन क्रियाऽपि न विध्यर्थ इति भावः।— कु.का.व्या.(५.१२), पृ.८१

३. (क) ननु करणं शब्दः, तद्धर्मः अभिधा, तज्ज्ञानं प्रवर्तकम्।— न्या.कु.वृ.(५.१३ के पूर्व), पृ.२४८ इस पर द्र.— अत्र करणपदं लिङादिशब्दात्मकरणपरम्। — श्रीनारायण मिश्र, 'प्रभा' व्यांख्या (नया.कु.वृ.,५.१३ के पूर्व), पृ.२४
(ख) प्रवृत्तिं प्रति पुरुषेण नियुज्यमानो लिङादिशब्दः करणम् तस्य च धर्मो व्यापारः स च स्वार्थस्य भावना या अभिधा सैव प्रवर्तनात्मको विधिः।— बोधनी (न्या.कु.,५.१३), पृ.७१२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भावना' से भिन्न 'अभिधा' नाम की 'शाब्दी भावना' (प्रवर्तना) का प्रतिपादन करते हैं तथा 'शाब्दी भावना' से भिन्न 'आर्थी भावना' तो आख्यातमात्र अर्थात्, सभी लकारों के आदेशभूत 'तिङ्' का वाच्य है।[१]

उदयनाचार्य ने भाट्ट मीमांसकों के विध्यर्थविषयक उक्त मत का खण्डन करते हुए कहा है कि 'अभिधा' = (शाब्दी भावना) का अस्तित्व ही नहीं है, क्योंकि उसकी सत्ता किसी प्रमाण से सिद्ध नहीं होती।[२] तात्पर्य यह है कि वाक्यार्थ का ज्ञान कराने में करणभूत शब्द (विधिप्रत्यय) का व्यापारयुक्त होना आवश्यक है, इसलिए भाट्ट मीमांसक विधिप्रत्यय-रूप शब्द में रहने वाली 'अभिधा' (= शाब्दी भावना = प्रवर्तना) की कल्पना 'व्यापार' के रूप में करते हैं, परन्तु उदयनाचार्य इस 'अभिधा' (= शाब्दी भावना) को 'व्यापार' के रुप में स्वीकार करना उचित नहीं समझते, क्योंकि उनके अनुसार 'पदार्थस्मृति', अर्थात् विधिप्रत्यय के अर्थ की स्मृति को ही 'व्यापार' मान कर काम चल सकता है।[३]

'अभिधा' को विध्यर्थ न मानने के पक्ष में उदयनाचार्य ने एक युक्ति यह भी दी है कि 'अभिधा' शब्द से 'शाब्दी भावना' (= प्रवर्तना) याग में प्रवृत्ति को उत्पन्न करती है'— इस अर्थ का ज्ञान होने पर भी किसी की याग में प्रवृत्ति तब तक नहीं होती, जब तक उसे यह ज्ञान न हो जाये कि याग उसके इष्ट (स्वर्गादि) का साधन है।[४] अतः 'अभिधा' का ज्ञान होने पर भी यागादि में प्रवृत्ति के न होने से 'अभिधा' (= शाब्दी भावना) को विध्यर्थ नहीं माना जा सकता।

IV. कतिपय विद्वान् स्वर्गादि फल के प्रति करणभूत यागादि के धर्म 'इष्टसाधनत्व' को विधिप्रत्यय का अर्थ मानते हैं। इन विद्वानों में प्राचीन नैयायिक[५], मीमांसक मण्डन मिश्र[६] तथा वैयाकरण नागेश भट्ट[७] के नाम

---

५. विधिशब्दे लिङ्त्वांशेन शाब्दी भावना आख्यातत्वांशेन च आर्थी भावना प्रतीयते इति विवेकः।—'प्रभा' व्याख्या (न्या. कु. वृ., ५.१३ के पूर्व), पृ. २४८

१. अभिधां भावनामाहुः अन्यामेव लिङादयः।
अर्थात्मभावना त्वन्या सर्वाख्यातस्य गोचरः॥ —तन्त्रवार्तिक, २.१.१

२. अस्तु तर्हि करणधर्म्मः। न करणं हि शब्दः, तद्धर्मोऽभिधा वा स्यात्? न प्रथमः– असत्त्वादप्रवृत्तेश्च नाभिधाऽपि गरीयसी। बाधकस्य समानत्वात् परिशेषोऽपि दुर्लभः॥—५.१३ सङ्गतिप्रतिसन्धानाधिकायां तस्यां प्रमाणाभावात्। अन्यसमवेतस्यापूर्ववदन्यव्यापारत्वेनाप्युपपत्तेः। —न्या० कु० (५-१३), पृ० ७०९

३. वाक्यार्थज्ञानकरणस्य शब्दव्यापारवत्त्वमावश्यकम् इति हेतोः व्यापाररूपेण शब्दनिष्ठा अभिधा कल्प्यते, परन्तु पदार्थस्मृतेरेव व्यापारत्वसम्भवे अतिरिक्तायाः अभिधायाः स्वीकारो निर्युक्तिकः। —'प्रभा' व्याख्या (न्या० कु० वृ०, ५.१३), पृ० २४९

४. (क) अभिधाशब्दतः 'अभिधा यागप्रवृत्तिजनिका' अभिधाज्ञानेऽपि इष्टसाधनताज्ञानाभावे अप्रवृत्तिरेव सर्वानुभवसिद्धेति।— तदैव, पृ. २५०
(ख) अपि चाभिधा न लिङर्थ इष्टसाधनताज्ञानं विना तज्ज्ञानादप्रवृत्तेः। — कु. का. व्या. (५.१३), पृ. ८१

५. तुल.-(क) विधिप्रत्ययार्थसम्बन्धे प्राचीननैयायिकाभिमतपक्षस्योत्थापनं क्रियते— कस्मिन्नपि कर्मणि इष्टसाधनताज्ञानानन्तरं तत्कर्मचिकीर्षा भवति, ततश्च कर्मणि प्रवृत्तिर्जायते।
(ख) प्रवर्तकज्ञानविषयो विधिरिति नैयायिकाः। प्रवर्तकत्वं च कृतिसाध्यत्व इष्टसाधनत्व-बलवदनिष्टाननुबन्धित्वानां

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उल्लेखनीय हैं । 'इष्टसाधनत्व' को विध्यर्थ मानने वालों के अनुसार 'स्वर्गकामो यजेत' वाक्य का श्रवण होने पर श्रोता अथवा नियोज्य पुरुष याग में इसलिए प्रवृत्त होता है, क्योंकि उसे 'यजेत' पद में प्रयुक्त 'लिङ्' से यह ज्ञान होता है कि 'याग' स्वर्ग रूप इष्ट का साधन है ।

परन्तु उदयनाचार्य ने पाँच युक्तियों के द्वारा उक्त मत का खण्डन किया है । प्रथम युक्ति यह है कि उक्ति मत में विधिवाक्य के प्रयोग-स्थल में 'इष्टसाधत्व' अर्थात्, 'यागादि कर्म इष्ट (स्वर्ग) का साधन है'— यह अनुमेय, अर्थात् साध्य होगा तथा विधिप्रत्यय का अर्थ उस साध्य का हेतु अथवा ज्ञापक (साधक) होगा । ऐसी स्थिति में यदि 'इष्टसाधनत्व' को विधिप्रत्यय का अर्थ माना जायेगा तो 'इष्टसाधनत्व'— रूप साध्य का साधक (हेतु अथवा ज्ञापक) स्वयं 'इष्टसाधनत्व'— रूप विध्यर्थ ही हो जायेगा । परन्तु 'हेतु' (साधक/ज्ञापक) साध्य नहीं हो सकता, क्योंकि वह (हेतु) सिद्ध होता है । जो अज्ञात तथा जानने के लिए उपयुक्त होता है, वही 'साध्य' होता है । अत: उक्त दोष के कारण 'इष्टसाधनत्व' को विध्यर्थ नहीं माना जा सकता ।[१]

द्वितीय युक्ति यह है कि 'तरति ब्रह्महत्यां योऽश्वमेधेन यजते'— इस अर्थवादवाक्य से ज्ञात हो जाता है कि अश्वमेध-यज्ञ में ब्रह्महत्या के पाप से मुक्ति-रूप इष्ट की साधनता है, फिर भी 'ब्रह्महत्यासन्तरणकाम: अश्वमेधेन यजेत'— इस विधिवाक्य का अनुमान करने की क्या आवश्यकता है ? अत: स्पष्ट है कि इस अनुमित विधिवाक्य में विधिप्रत्यय का अर्थ 'इष्टसाधनता' से भिन्न ही है ।[२] 'इष्टसाधनत्व' को विध्यर्थ न मानने में तृतीय युक्ति यह है कि विधिलिङ् के माध्यम पुरुष के 'कुर्या:' आदि तथा उत्तम पुरुष के 'कुर्याम्, आदि पदों में प्रयुक्त विधिप्रत्यय से 'इष्टसाधनता' का नहीं, अपितु 'आज्ञा' अथवा 'अनुज्ञा' का बोध होता है । अत: प्रथम पुरुष के विधिप्रत्यय का अर्थ भी 'इष्टसाधनता' नहीं हो सकता ।[३]

चतुर्थ युक्ति के अनुसार विधिलिङ् का अध्येषणा[४] (पाणिनिने-अर्धसम्प्रश्न,[५], प्रार्थना[६] जैसे अन्य अर्थों में भी विधान[७] दिया गया है । इन सभी अर्थों में वक्ता की 'इच्छा' ही प्रकट होती है, 'इष्टसाधनता' नहीं ।[८]

ज्ञानम् । अतस्तेषु लिङ्शक्तित्रयम् ।— वैयाकरणसिद्धान्तपरमलघुमञ्जूषा, पृ. ३०४

६. पुंसो नेष्टाभ्युपायत्वात् क्रियास्वन्य: प्रवर्तक: । प्रवृत्तिहेतुं धर्मं च प्रवदन्ति प्रवर्तनाम् ॥— विधिविवेक, पृ. १७३

७. प्रवर्तनात्वं च प्रवृत्तिजनकज्ञानविषयतावच्छेदकत्वम् । तच्चेष्टसाधनत्वमेव इति तदेव लिङर्थ: ।— वै.सि.प.ल.म., पृ. २५७

१. द्र.— कु.सा.स., पृ. १७९-८०

२. द्र.— 'प्रभा' व्याख्या (न्या. कु. वृ., ५.१४), पृ. २५२

३. द्र.— (क) न्या.कु.वृ. (५.१४), पृ. २५५ (ख) 'प्रभा' व्याख्या (न्या. कु. वृ., ५.१४), पृ. २५२

४. श्रोतृसम्मानादिव्यञ्जिका अध्येषणा ।— 'प्रभा' व्याख्या (न्या. कु. वृ., ५.१४), पृ. २५३

५. अभिधानप्रयोजनेच्छा सम्प्रश्न: ।— यथा— किं नु खलु भो: तर्कशास्त्रम् अधीयीय ? इति ।— तदैव, पृ. २५३

६. लाभेच्छा प्रार्थना ।— तदेव, पृ. २५३

७. विधिनिमन्त्रणमन्त्रणाधीष्टसम्प्रश्नप्रार्थनेषु लिङ् ।— अष्टाध्यायी, ३.३.१६१

८. 'अन्यत्र क्लृप्तसामर्थ्यात्' = अध्येषणादिलिङम् इच्छावाचकत्वकल्पनात् । — न्या. कु. वृ. (५.१४), पृ. २५६

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पञ्चम युक्ति यह है कि 'न कलञ्जं भक्षयेत्' (विषाक्त बाण से मारे गये मृग या पक्षी के मांस अथवा शुष्क मांस का भक्षण न करें) जैसे निषेधवाक्य में यदि 'इष्टसाधनत्व' को विध्यर्थ माना जायेगा तो उसके साथ अन्वित होने वाला नञर्थ 'अभाव' बाधिक होता है, क्योंकि खाने वाले व्यक्ति के लिए 'कलञ्ज भक्षण' तृप्ति-रूप इष्ट का साधन है ।[१]

इस प्रकार 'इष्टसाधनत्व' को विध्यर्थ नहीं माना जा सकता ।[२]

V. विध्यर्थ के विषय में उपर्युक्त मतों को निरस्त करके उदयनाचार्य ने जो अपना मत प्रस्तुत किया है, उसके अनुसार 'वक्ता (प्रवर्तक) का प्रवृत्तिविषयक अथवा निवृत्तिविषयक अभिप्राय अथवा इच्छा' ही विधिप्रत्यय का वाच्यार्थ है । 'इष्टसाधनता' तथा 'अनिष्टसाधनता' की प्रतीति तो अनुमान से होती है ।[३] 'स्वर्गकामो यजेत' आदि विधिवाक्य में वक्ता (परमेश्वर) के प्रवर्तना रूप अभिप्राय (इच्छा) का बोध विधिप्रत्यय से तथा याग आदि की इष्टसाधनता की प्रतीति अनुमान से होती है । 'न कलञ्जं भक्षयेत्' आदि निषेधवाक्य में वक्ता के निषेध-रूप अभिप्राय का बोध विधिप्रत्यय से तथा कलञ्ज-भक्षण की अनिष्टसाधनता की प्रतीति अनुमान से होती है ।[४]

---

१. 'निषेधाऽनुपपत्तितः' = 'न कलञ्जं भक्षयेत्' इत्यत्र इष्टसाधनत्वनिषेधस्य बाधितत्वात् ।— तदैव, पृ.२५७

२. अस्तु तर्हि करणधर्मः । न । करणं हि शब्दः_ तद्धर्म इष्टसाधनता वा ?_ हेतुत्वादनुमानाच्च मध्यमादौ वियोगतः । अन्यद्धि क्लृप्तसामर्थ्यानिषेधानुपपत्तितः ॥— न्या.कु.,५.१४

३. विधिर्वक्तुरभिप्रायः प्रवृत्त्यादौ लिङादिभिः । अभिधेयोऽनुमेया तु कर्तुरिष्टाभ्युपायता ॥— न्या.कु.,५.१५

४. द्र.— कु.का.व्या.(५.१५),पृ.८३

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

केशव मिश्रकृत 'अलङ्कारशेखर' में कविसम्प्रदाय-विवेचन

डॉ. पूनम लखनपाल

कवियों की कृति को चराचर से विलक्षण माननेवाले केशव मिश्र के अनुसार, कवि अकरणीय का अन्यथाकरण भी कर सकता है और उसे करणीय भी बना सकता है ।[१] उसी सन्दर्भ में कविसम्प्रदाय को सर्वापेक्षया अभ्यर्हित घोषित करते हुए वह त्रिविध सम्प्रदाय की स्थापना करते हैं— 'इदानीं' कविसम्प्रदायस्य सर्वापेक्षया-भ्यर्हितत्वं दर्शयन्नाह[२]— यहाँ 'सम्प्रदाय' तथा 'अभ्यर्हित'—इन दो शब्दों के अर्थ की समीक्षा अपेक्षित है ।

'सम्प्रदाय' शब्द का पर्याय है 'आम्नाय', जो अभ्यासार्थक 'म्ना' धातु से निष्पन्न है । अमरकोश के टीकाकार भानुजिदीक्षित सम्प्रदाय का अर्थ करते हैं— गुरुपरम्परागत सदुपदेश ।[३] । सम् उपसर्ग में समीचीनता का भाव विद्यमान है । दा धातु से भाव अर्थ में घञ् प्रत्यय तथा व्याकरण की प्रक्रियानुसार युक् का आगम होने पर[४] सम्प्रदाय शब्द सिद्ध होता है । इसमें प्रकरणानुसार वर्णनों के परम्परागत होने का भाव है । भवभूति द्वारा अथ तत्सम्प्रदायेन रामभद्रे स्थिता अपि[५] में 'सम्प्रदाय' शब्द प्रयोग-परम्परा अर्थ को ही पुष्ट करता है ।

दूसरा शब्द है— 'अभ्यर्हित', जिसमें अभि उपसर्ग के साथ अर्ह धातु का प्रयोग है । कोषकार इसका अर्थ देते हैं— प्रतिष्ठित, अत्यादरणीय ।[६] पाणिनि के द्वारा 'अभ्यर्हित' पद का प्रयोग भी विशेष अर्चनीय अर्थ में किया प्रतीत होता है, जब वे 'अल्पाच्तरम्' उस सूत्र के अपवाद रूप से 'यमाजिनौ' को प्रस्तुत करते हैं ।[७] भारवि ने 'अभ्यर्हिता बन्धुषु तुल्यरूपा वृत्तिविशेषेण तपोधनानाम्'[८] उपर्युक्त अर्थ में इस शब्द का प्रयोग किया है । इस

---

१. कवीनां घटनाऽन्यैव चराचरविलक्षणा ।
अकर्तुमन्यथाकर्तुं कर्तुं या क्षमते जगत् ॥ अ.शे.पृ.५८

२. वही पृ.५९

३. अ.को.३/२/७

४. आतोयुक्चिण्कृतो ७/३/३३

५. उ.रा.५/१५

६. सं.हि.कोष—आप्टे

७. अ.२/२/३४

८. किरात ३/११

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भाव को स्पष्ट करने से 'अभ्यर्हित' शब्द का भाव अधिक विशद हो जाता है। यशस्वियों की प्रियजनों के प्रति कल्याणवृत्ति समान रूप से होती है, परन्तु तपस्वियों के सम्बन्ध में उनका भाव अधिक पूजनीय होता है। यही भाव कालिदास ने भी व्यक्त किवा है।[१] इसी प्रकार केशव मिश्र का सभी काव्यशास्त्रीय विषयों की अपेक्षा कविसम्प्रदायवर्णन में विशेष आग्रह है।

शास्त्रीय ग्रन्थों में कविसम्प्रदाय के लिए 'कविसमय' शब्द का अधिक प्रयोग है। कुछ अन्य नाम भी प्रयुक्त हैं, जैसे—ध्वन्यालोक में 'कविप्रौढोक्ति'[२] पद का प्रयोग मिलता है। हिन्दी अलंकारशास्त्र के आचार्य केशव कविप्रिया में 'कविमत' शब्द का प्रयोग करते हैं। आधुनिक निबन्धकारों तथा आलोचकों ने 'कविप्रसिद्धि' और 'कविसम्प्रदाय' की संज्ञा दी है[३]। ये सभी शब्द प्राय: एक समान भाव के ही द्योतक हैं। वामन द्वारा प्रयुक्त 'काव्यसमय'[४] शब्द समान प्रतीत होते हुए भी भिन्न ही हैं।

वर्णनों की विशिष्ट परम्पराएँ यूँ तो ऋग्वेद से लेकर सकल काव्यों एवं शास्त्रीय ग्रन्थों में देखी जा सकती है, परन्तु काव्यांग के रूप में कविसम्प्रदाय का व्यवस्थित रूप राजशेखरकृत काव्यमीमांसा में कवि समय के रूप में प्रतिष्ठित है। अत: राजशेखर को कविसमय विवेचन का केन्द्र मानकर उसका कालविभाजन इस प्रकार किया जा सकता है—

१. प्रारम्भिक युग — प्रथम शती से नवम् शती के उत्तरार्ध तक

२. व्यवस्थापन युग — (राजशेखर का काल) दशम शताब्दी का पूर्वार्ध

३. सम्प्रदाय युग — सत्रहवीं शताब्दी तक।

अलंकारशेखर को तृतीय वर्ग में निर्धारित किया जा सकता है।

राजशेखर से पूर्ववर्ती और पश्चाद्वर्ती लक्षणग्रन्थकारों द्वारा कविसमय को विभिन्न प्रसंगों के अन्तर्गत ग्रहण किया गया है, वे प्रसंग इस प्रकार है—

१. काव्यदोष विवेचन—भामह, दण्डी, वामन, रुद्रट, अग्निपुराणकार, मम्मट, जयदेव, विश्वनाथ[५]

२. अलंकारों के स्वरूपाधायक तत्त्व—भामह, दण्डी, रुय्यक, अप्पयदीक्षित[६]

३. ध्वनि व्यंजक—आनन्दवर्धन, पं० राजजगन्नाथ[७]

---

१. कु.सं.५/३१

२. सा.द.७/२३-२४

३. हजारी प्रसाद द्विवेदी — हिन्दी साहित्य की भूमिका, निबन्ध-कविप्रसिद्धियाँ

४. काव्यसूत्रवृत्ति ५/१

५. काव्या. ४/३०, काव्यादर्श ३/१६८ का.सू.वृ. २/२/२२ काव्या. ६/११-१३, ७/८, अ.पु. ३४७/३०-४० का.प्र. उदा. ७/२६५-६७, चन्द्रा २/३५, सा.द.७/२२-२५

६. काव्या. २/४६, काव्यादर्श २/१८८, १८७, अलं.स.उदा १०, २२-२९

७. ध्वन्या. २/२४ का उदा; रसगंगा. पृ० ११२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

४. कवि शिक्षा - भरत, हेमचन्द्र, देवेन्द्र, अरिसिंह, केशव मिश्र[१]

५. स्वतन्त्र विवेचन - राजशेखर[२]

केशव मिश्र ने प्रधानतया 'कविसमय' नाम से व्यवहृत परम्परागत वर्णनों को 'कविसम्प्रदाय' नाम दिया। इन्होंने कविसमय-सम्बन्धी विस्तृत चर्चा की है। वर्ण्यविषय तथा शैली की दृष्टि से जो परम्पराएँ चली आ रही थीं, उन सभी को कविसम्प्रदाय में सम्मिलित कर लिया गया।

अलंकारशेखरकार ने कविसम्प्रदाय को परिभाषित नहीं किया है। अत: कविसम्प्रदाय को समझने के लिए राजशेखर की परिभाषा को समझना आवश्यक है। नौवीं दसवीं शती में उत्पन्न यायावरीय बहुमुखी प्रतिभासम्पन्न राजशेखर के अनुसार, कविसमय की परिभाषा है— 'अशास्त्रीयमलौकिकं च परम्परायातं यमर्थमुपनिबध्नन्ति कवय: स कविसमय:'।[३] परिभाषा के तीन अवयव हैं— १. अलौकिक वर्णन २. अशास्त्रीय वर्णन ३. वर्णन का परम्परागत होना। यहाँ प्रयुक्त नञ् समास का निषेधसूचक 'अ' पद कोश में अल्पता, अन्यत्व, सादृश्य, विरोध तथा अभाव का सूचक है[४], परन्तु कविसमयों के सम्बन्ध में 'अ' की लोक तथा शास्त्र के साथ संगति अन्यत्व के अतिरिक्त अन्य किसी अर्थ में उचित नहीं बैठती। अत: अशास्त्रीय और अलौकिक शब्द का अर्थ शास्त्र अथवा लोक के विरुद्ध नहीं होता, अपितु शास्त्र तथा लोक में अप्रचलित एवं अनुक्त, असाधारण एवं लोकोत्तर समझना चाहिए। राजशेखर ने भामह तथा उद्भट को उद्धृत करते हुए बताया कि अर्थ उभयविध हैं— १. विचारित सुस्थ २. अविचारित रमणीय[५]। प्रथम श्रेणी में वे वर्णन होते हैं, जो विचार करने के पश्चात् सत्य एवं सुन्दर प्रतीत होते हैं। उनका सम्बन्ध शास्त्र से है। द्वितीय अविचारित रमणीय अर्थ काव्यों में पाया जाता है, जिसे 'आपातरमणीय' भी कहते हैं। काव्यों में वर्णित अर्थ सुनने और जानने पर एक बार चमत्कार उत्पन्न कर देता है, किन्तु यदि उसपर क्षोदक्षेम या तर्कवितर्क किया जाए तो उसके भीतर कुछ तत्त्व नहीं मिलता। राजशेखर के अनुसार, आभास वस्तु का वास्तविक धर्म नहीं होता। फिर भी शास्त्र और काव्य में उल्लेख योग्य होता है[६] अत: कविसमय शास्त्र और लोकप्रसिद्धि के सर्वथा विरुद्ध वर्णन नहीं, अपितु उन जैसे ही अनूठे वर्णन हैं।

परिभाषा का तीसरा तत्त्व है— अशास्त्रीय व अलौकिक वर्णनों में परम्परागत होने का भाव है। परम्परा का अर्थ है कवियों की श्रेणी। ये अशास्त्रीय तथा अलौकिक निबन्धन, जिन्हें राजशेखर ने 'कविसमय' कहा है, परम्परा से विकसित हुए हैं और इनका वर्णन कवि-परम्परा के अनुसार ही करना चाहिए।[७]

---

१. ना.शा.६/४२,४३,२६/२७,३१ काव्यानु.अ.प्रथम, काव्यकल्पलतावृत्ति द्वितीय प्रतान, अ.शे.पृ.५९-६८
२. का.मी.अ.१४-१६
३. वही, अ.१४ पृ.१९६
४. शब्दसागर, पृ.१९६
५. का.मी.अ.९ पृ० ११०
६. वही, पृ० ११२
७. वही, पृ० २७६

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संक्षेपतः काव्यजगत् की परम्परागत कल्पनाएँ ही कविसमय हैं, जो लौकिक तथा शास्त्रीय सत्य तो हैं, किन्तु लोक और शास्त्र के सत्य पर किसी रूप में आश्रित हैं और साहित्यिक सत्य के रूप में काव्य के अन्तः बाह्य सौन्दर्य के पोषक हैं।

यद्यपि राजशेखर द्वारा प्रयुक्त कविसमय तथा केशव मिश्र द्वारा प्रयुक्त कविसम्प्रदाय में अर्थ साम्य हैं, किन्तु केशव मिश्र ने कविसम्प्रदाय में केवल अशास्त्रीय तथा अलौकिक वर्णनों को ही समाहित नहीं किया, अपितु उनके अतिरिक्त भी जो वर्णन काव्यपरम्परा में चले आ रहे थे, कविसम्प्रदाय में समाहित कर लिये। इस प्रकार केवल कविप्रसिद्धियाँ ही नहीं, अपितु काव्यरूढ़ियाँ भी इसी श्रेणी में आने लगीं। यहाँ समय और रुढ़ि शब्द पर विचार करना उचित रहेगा। समय शब्द सम् उपसर्ग पूर्वक इण् गतौ धातु से अच् प्रत्यय करके निष्पन्न है। इसमें गति का भाव है। जहाँ गति है, वहाँ परिवर्तन है और परिवर्तन में सौन्दर्य आँका गया है। — क्षणे क्षणे यन्नवतामुपैति तदेव रूपं रमणीयतायाः[१]। सम् उपसर्ग सम्यक् का भी बोधक है और अच् प्रत्यय भावार्थक है। दूसरी ओर रूढ़ि में रूह् धातु से क्तिन् प्रत्यय भाव अर्थ में विद्यमान है। कृदन्त पद की सिद्धावस्था द्योतित हो रही है, जिसमें गति के विपरीत स्थैर्य की अनुभूति होती है।

कविसमय और काव्य रूढ़ि को प्रायः समान समझ लिया जाता है,[२] परन्तु दोनों में अन्तर स्पष्ट है, जैसा कि धातुपरक अर्थ के द्वारा बताया गया है। दोनों में दूसरा अन्तर यह है कि काव्यों, महाकाव्यों में कविसमय प्रयोग रसोन्मेष में सहायक दिखाई देते हैं, जबकि रूढ़ियाँ रस की दृष्टि से अरुचिकर भी हो सकती हैं। जैसे प्रेम के प्रसंग में समान रूप से वियोग दशाओं का वर्णन, नायक-नायिकाओं का नखशिख वर्णन, शुद्ध के प्रसंग से पक्ष तथा विपक्ष दोनों ओर की चेष्टाओं, मनःस्थितियों का एक ही प्रकार से वर्णन, सन्ध्या तथा तथा नगर उद्यानादि का समानतः समान प्रसंगों में उल्लेख करना आदि काव्य की रूढ़ियाँ हैं। नाटकों में स्त्री तथा भृत्यों से प्राकृत में बातचीत कराना, महाकाव्यों में एक ही सर्ग में एक ही छन्द में रखकर अन्त में छन्द-परिवर्तन की रूढि तथा प्रवन्ध काव्यों में सर्गविधान में निश्चित संख्या का पालन करना इत्यादि रूढ़ियाँ हैं।

तीसरा अन्तर यह है कि कविसमय अशास्त्रीय तथा अलौकिक परम्परायात निबन्धन हैं, किन्तु काव्यरूढ़ियों में अलौकिकता तथा अशास्त्रीयता का भाव नहीं होता। वे काव्यशास्त्र द्वारा निर्धारित होती हैं, उनमें परम्परागत होने का भाव अवश्य दिखता है।

दोनों में एक अन्तर यह भी है कि रूढ़िपालन में वर्ण्यविषय या वर्णन शैलीगत बातों को यन्त्रवत् दोहराया जाता है, किन्तु कविसमय में नहीं। इसके अतिरिक्त दोनों के प्रभाव में भी अन्तर है। कविसमयों का प्रयोग परम्परायात होने पर भी काव्य में नित्य नूतनता का संचार कर सकता है,[३] परन्तु काव्यरूढ़ियाँ काव्य की मौलिकता का अपहरण कर उसे प्रभावोत्पादक बनाने में बाधक भी हो सकती हैं।[४]

---

१. शिशु.४/१७
२. का.मी.अ.१४ पृ० १९७
३. व.जी.४/८
४. कविसमयमीमांसा, पृ.६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अलंकारशेखर में कविसमय और रूढ़ि के अन्तर को धूमिल कर दिया गया है यद्यपि दोनों में अन्तर स्पष्ट हैं, तथापि दोनों में कुछ ऐसे तत्त्व हैं—जिनके आधार पर रूढ़ि और कविसमयों में विवेक नहीं किया जाता जैसे काव्य के वर्णनीय तत्त्वों में दोनों का समान रूप में उल्लेख कर दिया गया है। दोनों ही कविशिक्षा तथा कविपरम्परा के अंग हैं।

कविसम्प्रदाय की उपर्युक्त भूमिका से यह तथ्य स्पष्ट हो जाता है कि सोलहवीं शताब्दी तक कविसमय और काव्यरूढ़ियों का ऐक्य सा हो गया था। कवियों की निरंकुशता पर नियन्त्रण रखने के लिए सम्भवतः इस प्रकार का काव्यानुशासन प्रचलित हो गया था।

कविसम्प्रदाय वर्गीकरण—

असतोऽपि निबन्धनेन सतामप्यनिबन्धनात्।
नियमस्य पुरस्कारात् सम्प्रदायस्त्रिधा कवेः ॥[१]

अलंकारशेखरकार के अनुसार, असत् का भी निबन्धन, सत् का भी अनिबन्धन तथा नियम निबन्धन से कविसम्प्रदाय तीन प्रकार का है। यह वर्गीकरण राजशेखर के समान होते हुए भी कुछ विस्तृत विषयों से समाविष्ट है। इसमें पूर्ववर्ती आचार्य विश्वनाथ द्वारा प्रदर्शित दोहद कविसमयों का भी उल्लेख है। इसमें कुछ ऐसे कविसमय भी सम्मिलित किए गए हैं, जिनका उल्लेख केशव मिश्र के पूर्ववर्ती आचार्यों ने नहीं किया, किन्तु वाल्मीकि आदि महाकवियों के काव्यों में वे पाये जाते हैं। यद्यपि वैदिक साहित्य के नीरक्षीरविवेक आदि में कविसम्प्रदाय के संकेत मिलते हैं, किन्तु रामायण अलंकृत शैली का प्रथम महाकाव्य हैं, जिसमें इस प्रकार के वर्णन उपलब्ध हैं। वस्तुत जिस महाकाव्य का क्षेत्र जितना विस्तृत होता है, उतना अधिक वर्णन का अवसर प्राप्त होता है। अश्वघोष के बुद्धचरित का क्षेत्र सीमित है, किन्तु सौन्दरान्द का विस्तृत। उसमें संसार के दोषों का हीं नहीं, स्वर्ग के दोषों का भी वर्णन मिलता है। उसमें भी ऐसी परम्पराएँ हैं, जिन्हें हम कविसम्प्रदाय नाम दे सकते हैं। कालिदास के रघुवंश एवं कुमारसम्भव में भी यह उपलब्ध है। उसी की सुकुमार शैली में कुमारदास के जानकीहरण और पद्मपरिमल के नवसाहसांकचरित रचित हैं। वैचित्र्यशैली को अपनानेवाले कवियों में इन वर्णन परम्पराओं का पर्याप्त बाहुल्य है, जैसे—शिशुपालवध, किरात और नैषध में। कुछ वर्णन इस काल तक रूढ़ भी हो गए। इन सभी ग्रन्थों को लेकर इसपर कविसम्प्रदाय का विवेचन करनेवाले आचार्यों में केशव मिश्र काप्रमुख स्थान है।

असत् निबन्धन - 'वस्तुगत्या यन्न भवति तदपि कविभिर्निबध्यते'[२]

वास्तविक रूप में जो (लोक या शास्त्र मे) नहीं होता, उसका भी वर्णन कवियों द्वारा किया जाता है यथा यत्र तत्र पर्वत पर रत्न-वर्णन- काव्यजगत् में स्वर्ण तथा रत्नों के पाये जाने का उल्लेख मिलता है[३]। इसकी पुष्टि

---

१. अ.शे., पृ.५९
२. वही, पृ.५९
३. का.मी.अ.१४, पृ.१९८

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वाल्मीकि रामायण से होती है, जहाँ अधिकांश पर्वत स्वर्ण तथा रत्नमय कहे गये हैं[१]। महाभारत में भी हिमालय को कनकाकर कहा गया है[२]। सुर्वणमय सुमेरु पर्वत अनेक रत्नों से सम्पन्न है[३] कालिदास ने हिमालय को अनन्त रत्नप्रभव कहा है[४] माघ ने रैवतक पर्वतशिखरों से उत्कृष्ट और उज्ज्वल रत्नों की प्राप्ति का वर्णन किया है[५]। भारवि भी रत्नराशियों से युक्त हिमालय शिखरों का उल्लेख करते हैं[६]। परवर्ती कवियों ने भी यत्र तत्र पर्वतों पर स्वर्णरत्नादि का उल्लेख किया है, परन्तु पर्वतमात्र में रत्न नहीं होते स्वयं संस्कृतग्रन्थ इसकी पुष्टि करते हैं— शैले शैले न माणिक्यं, मौक्तिकं न गजे-गजे[७]। कवियों के मस्तिष्क में पर्वतों के जिस आदर्श की कल्पना समा गयी है, वह सम्भवतः स्वर्णरत्नादि के उल्लेख से ही पूर्ण होती है।

इसी प्रकार अल्प जलाशय में हंस[८] जल में हस्ती[९] सुरसरित् तथा नदी में कमलादि का वर्णन[१०] अंधकार की मुष्टिग्राह्यता तथा सूचिवेधता[११] कीर्तिपुण्यादि में शुक्लता[१२] अपयश पापादियों में कालिमा[१३] प्रताप में रक्तोष्णता[१४] क्रोध तथा राग में रक्तता[१५] चकोरों को ज्योत्स्नापान[१६] सब लताओं में प्रवाल वर्णन[१७] केसर तथा

---

१. रामा. ४/४१/४०, ४/४२/३०
२. महा ५/१११/२४
३. वही १/१७/९
४. कु.सं. १/३
५. शिशु. ४/११
६. किरात ५/८
७. शब्दकल्पद्रुम से उद्‌धृत चाणक्य शतक ५५
८. का.मी.अ. १४ पृ. १९८, सा.द. ७/२३, भरतकोश पृ० १२५ रामा. २/४९/१२, ४/१/६३, रघु. ५/७५, १६/५६, १९/४० ९/२७, किरात ८/३१, शिशु. १२/६१. विक्रमांक १३/४
९. रघु. ५/४३, किरात. ६/७, शिशु ५/३७, नवसाहसांक १३/३९ विक्रमांक ५/१३, जीवजगत् पृ० ६३२
१०. का.मी.अ. १४ पृ० १९८, सा.द. ७/२६, रामा. ४/२७/२२, ३/१६/२६, २/९५/१४, रघु. १६/५१, कु.सं. २/४४, शिशु. ४/६६ भा.पु. ९/९३
११. का.मी.अ. १४ पृ. २०२, मेघ. पूर्व ४१, अ.शे.पृ. ६५,
१२. अ.शे.पृ. ६६, का.मी.अ. १५ पृ. २०९, सा.द. ७/२३ भा.पु. ९/१३ महा. वनपर्व ८/६ भट्टिकाव्य ११/२ नवसाहसांक १/१५,१६,६२,७८. श्रीकण्ठ. ४/१३ नैषध १/१२
१३. का.मी.अ. १५ पृ. २०९, भा.पु. ९/९३, सा.द. ७/२३ नैषध १२/१०५, शिशु १६/६, सं. शब्दार्थकौस्तुभ.
१४. ना.शा. ८/१५८, ६/४२, रामा. १/७५/१०, १/७४/२० रघु. ४/१५, ४९, नैषध १/८,१०
१५. का.मी.अ. १५ पृ. २०९ सा.द. ७/२३, भा.पु. ३/४०, १०५, ना.शा. ८/४९, १५८, ६/४२ रामा. ५/२२/३०, बुद्धचरित-८/३१, भट्टि-६/३२, जानकीहरण १/२ शिशु २/१८ नैषध १७/१९, श्रीकण्ठ २०/६४, कु.सं. ८/७६ नवसाहसांक ३/३५,५६
१६. का.मी.अ. १४ पृ. २०५, हलायुधकोश पृ. २९२, सं.श.कौस्तुभ, रघु. ७/५९, ७/२५, विक्रमांक ९/२७, भामिनीविलास २/७३, श्रीकष्ठ १२/८२, नैषध ४/५८ गीत. १०/१
१७. का.मी.अ. १४ पृ. २०६, अ.शे.पृ. ४०, काकोलकीय ३.१५०, शाकु. अंक ६, ऋ.सं. ३/३९,५४, ५/३४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अशोक का वरवर्णिनी स्त्री गण्डूष तथा पादप्रहार से खिलना[१] सामान्तर में पुष्प[२] स्त्री में रोमालि तथा त्रिवली का वर्णन[३] असन्निबन्धन के उदाहरण हैं ।

२. सत् का अनिबन्ध— 'पारमार्थिकमपि न निबद्ध्यते'[४]

वस्तु की विद्यमानता होते हुए भी उसका वर्णन न करना 'सदनिबन्धन' नामक कविसम्प्रदाय का द्वितीय प्रकार है । जैसे— वसन्त में मालती पुष्प का वर्णन न करना[५] चन्दन में फल और पुष्पों का वर्णन न करना[६] कामियों के दाँतों, कुन्द के कुड्मलों को लाल न कहना[७] नारियों की श्यामता का तथा स्तनपात का वर्णन न करना[८] ।

नियम निबन्ध— नियमत: वर्णन करना, अर्थात् कविसम्प्रदाय में जिस आश्रयी के साथ जिस आश्रय का सम्बन्ध स्थापित कर दिया गया है, उसका उसी रूप में वर्णन करना नियम वर्णन है । राजशेखर ने भी इसका उल्लेख किया है[९] । यह सम्भव है कि कवियों ने अपना सामर्थ्य प्रदर्शित करने की कामना में कुछ नये प्रयोग किये हों और वे उचित भाव की अभिव्यक्ति में सफल न हो सके हों, क्योंकि नियम वहीं बाँधा जाता है, जहां अनियमितता के दर्शन होते हैं[१०] । कवियों की इस निरंकुशता के कारण ही आचार्यों को कविशिक्षा देनी पड़ी हो । इस प्रकार नियम निबन्ध वे वर्णन हैं, जिनके अनुसार कोई भी वस्तु या द्रव्य एक आश्रयी के आतिरिक्त अन्यत्र भी उपलब्ध होता हो, परन्तु उसका वर्णन कविसम्प्रदायानुसार ही किया जाना चाहिए, जैसे—हिमालयों में ही भोजपत्रों का वर्णन[११] मलयपर्वत में ही चन्दन का वर्णन[१२], हेमन्त और शिशिर को छोड़कर सब ऋतुओं में कमलों की स्थिति का वर्णन[१३] ।

---

१. का.मी.अ. १३,१८, पृ. १८३, २६६, सा.द. ७/२४, रघु. १९/१२, ९/३०, शिशु ६/७, नवसाहसांक ६/७२, ७५, श्रीकण्ठ ८/२०, ३१ विक्रमांक १०/२५, २४, कु.सं ३/२६

२. का.मी.अ.पृ. २७६, शाकु. ७/३०.

३. कु.सं.५/२४, १/३८, ३९, भट्टिकाव्य ४/१६ जानकीहरण १/२५, नवसाहसांक १४/५९, किरात ८/२४ शिशु ११/२९, नैषध ७/३८, १०/७४ बृहत्संहिता ७०/५

४. अ.शे.पृ. ५९

५. का.मी.अ. १४ पृ. २००, सा.द. ७/२५, मेघ उ. ४०, ऋ. सं ३/२, किरात १२/२०, शिशु ६/३६, नल ७/४७, रामा. ४/१/७६, काद. पूर्वभाग, अलं. चिन्तामणि १/६८-८०

६. का.मी.अ. १४ पृ. २०० सा.द. ७/२५ सुभाषितरत्नभाण्डागार २४९/५४ Indian Trees P. ५५३

७. का.मी.अ. १५ पृ. २१०, हलायुध पृ. २२०, ऋ.सं. ६/३१, शिशु २/२१ शिशु ५/७, ६/६६

८. ना.शा. ६/४२, भामिनी वि. २/११८, कु.सं. ५/२१, १/४०, ५/८, २४, किरात ८/३२ शिशु ७/१९

९. का. मी. अ. १४ पृ. १९७

१०. मीमांसासूत्र

११. का.मी.अ. १४ पृ. २०४, कु.सं १/७, रघु. ४/७३ Indian Trees P. ६२२ रामा २/९४/२४

१२. रामा. ४/२७/२४, रघु. ४/५१, किरात ७/२९, Indian Trees P.५५३ क.म. १/१७

१३. भा.प्र. पुष्पवर्ग रामा. ४/२७/२२, २/९५/१४, रघु. १३/५४,६० ६/६६, ८६ मेघ पू. ४३ कु.सं. ५/२७ रामा. ३/१६/२६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विशेष रूप से ये तीन ही 'नियम' कविसमय में कहे गये हैं, किन्तु सामान्य ग्रहण में कुछ अन्य कविसमयों का उल्लेख हैं, जैसे— पुष्प, जल, छत्र और वस्त्र में शुक्लता का वर्णन[१] चामर तथा हंसों की शुभ्रता का वर्णन[२] वक और भस्म का शुभ्र रूप में[३] सब वृक्ष, सर्प, मेघ, वारिधि तथा लताओं की कृष्णता, धातु, माणिक्य, जपा, रत्न तथा सूर्य में लौहित्य, पद्मपल्लव, बन्धूक दाडिमी तथा नख आदि में लौहित्य[४] धान्य, मण्डूक, वल्कल तथा पराग में पीतता[५] वर्षा में ही मयूर का प्रौढ़त्व[६] वसन्त में ही कोयल की कूक का वर्णन[७] आदि नियम कविसम्प्रदाय के अन्तर्गत हैं।

अन्य भी कुछ ऐक्य-सम्बन्धी वर्णन कविसम्प्रदाय में ग्रहण किये गये हैं, जैसे—कमला तथा सम्पद् में[८] कृष्ण तथा हरित में [९] नाग तथा सर्प में[१०] पीत और लोहित में[११] स्वर्णपराग तथा अग्निशिखा में, चन्द्रगतशश तथा हरिण में[१२] कामध्वज में मकर तथा मत्स्य का[१३] दानव, असुर, तथा दैत्यों में ऐक्य[१४] वर्णित किया गया है। कुछ पर्यायों का निषेध किया गया है, जैसे—शिव को शूली तो कहना पर सर्पी नहीं[१५] चन्द्रमा को शशी तो कहना पर हरिणी नहीं[१६] महादेव को चन्द्रमौलि तो कहना पर गंगामौलि नहीं[१७]।

महाकाव्यदि रचनाओं में वर्णनीय विषय भी अलंकारशेखर में प्रदर्शित किये गये हैं जिनमें राजा, महिषी, देश, ग्राम, नगर, नदियों, सरसी, समुद्र, वन, उद्यान, पर्वत, प्रयाण, युद्ध, पशु तथा अश्व, हस्ती, सूर्य, चन्द्र, ऋतुवर्णन, विवाह, स्वयंवर, सुरापान, पुष्पावचय, जलकेलि, सुरत, विरह, मृगया, आश्रम के विशिष्ट वर्णन प्रकारों का उल्लेख किया गया है।[१८]

---

१. कु.सं. १/१४४, गाथा ७/२२, महा. भीष्म पृ.१७/१५,३४
२. शिशु २०/४७, किरात ५/३१
३. किरात १८/१५
४. वही ५/१, रघु. ५/७२, ९/१३, १९/८
५. कु.सं. ५/८
६. रघु. ४/८८, रामा. ४/२८/१८, ३४
७. रघु. ९/२६
८. वही ३/३६, ४/५, १०/८ सौन्दरा. ६/२६
९. का.मी.अ. १५ पृ. २१३
१०. राजतरंगिणी १/२२०, २१, ३९, ४३
११. किरात ९/२२
१२. वही ९/१७, १०/११
१३. नैषध २१/१३५
१४. श्रीकंठ २४/१६, २५, कु.सं. १५/३, १७/१
१५. कु.सं. ३/५६, शिशु १/५०
१६. कु.सं. २/२६, शिशु. ९/३१
१७. कु.सं. ५/८६, ७/६३, ९४, रघु. ६/३४
१८. अ.शे. पृ. ६१-६४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

केशवमिश्र ने कविपम्परा में निर्णीत श्वेतनीलादि वर्ण का वस्तु एवं प्राणिविशेष के साथ सम्बन्ध स्थापित कर वर्ण-संबंधी कविसमय को प्रस्तुत किया[१] । नियमान्तर के अन्तर्गत शेखरकार ने विभिन्न संख्याओं को प्रदर्शित करनेवाली अनेक वस्तुओं का परिगणन करते हुए संख्या-संबंधी नियम प्रस्तुत किये हैं[२]

शेखरकार इस कविशिक्षा से संभवत: काव्यहेतुत्रय में से अभ्यास को नवोदित कवियों के लिए विवृद्ध करना चाहते हैं । यहाँ ग्रन्थकार का कथन हैं कि प्रस्तुत काव्यमार्ग में मेरे जैसे व्यक्ति ही पथिक होते हैं, अर्थात् किसी व्यक्ति के पास कोई काव्य सरणि अनुपलब्ध हो तो मेरे जैसे व्यक्तियों को इस परम्परा का अनुसरण करना चाहिए ।[३]

निष्कर्षत: कविशिक्षा का अंगभूत कविसम्प्रदाय प्रसंग अलंकारशेखरकार की काव्यशास्त्र को दी गयी एक महत्त्वपूर्ण धरोहर है, जो राजशेखर की परम्परा का अनुसरण करती हुई उसी के पूरक रूप में ग्राह्य है । केशव मिश्र ने वर्णन की प्रथाएँ प्रकट की हैं, जैसा कवियों का आभास मिला अथवा किसी गुण और अवगुण में इसके परिणाम का अनुरोध दृष्टि में रखा है । 'मुण्डे मुण्डे मतिर्भिन्ना तुण्डे तुण्डे सरस्वती' इस विचार का पल्लवन भी इन अप्रसिद्धि एवं विरूपता में कारण बना है । ये प्रथाएँ रूढ़ि इसलिए कही जाती हैं, क्योंकि प्रख्यात हो गयी हैं । अनेक प्रथाएँ द्विरूप हैं, अन्य अनेक रूप हैं, सबकी प्रामाणिकताएँ हैं, क्योंकि उनका वर्णन वेदादि शास्त्रों में मिलता है । न कवेल संस्कृत-साहित्य में, अपितु जैनों, बौद्धों के द्वारा रचे गए काव्यों में भी वे उसी प्रकार गृहीत हैं । एक प्रकार से समन्वय की दिशा में संकेत किया गया है । इसकी विशेषता यही है कि उसमें सत्य एवं सौन्दर्य दोनों का मिश्रण स्वर्ण में सुगन्ध की तरह है ।

---

१. वही पृ.६५,६६
२. वही पृ.६७.६८
३. वही पृ.६८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'भावस्थिराणि जननान्तरसौहृदानि' काव्य-संग्रह के परिप्रेक्ष्य में अध्ययन

—प्रो० रवीन्द्र वि. खाण्डवाला

आधुनिक संस्कृत कविता में डॉ. हर्षदेव माधव एक 'प्रयोगधर्मी', 'युगद्रष्टा', 'नव्य शैली के प्रवर्तक' 'क्रान्तिकारी', 'विश्व कविता के प्रवाहों को संस्कृत में प्रवाहित करनेवाले सशक्त 'अङ्गुल्यग्रगण्य' एवं एक 'महिमा-मण्डित' स्थान पानेवाले बीसवीं सदी के प्रतिनिधि 'विलक्षण' कवि हैं। अपने अक्षुण्ण मार्ग पर चलने-वाले इस कवि ने प्रतीक बिम्ब मिथक, वास्तववाद, अतिवास्तववाद, धनवाद, ध्वनि, रीति, अलङ्कारों का नयी अर्थवत्ता के साथ प्रयोग, नये उपमानों, वैश्विक सन्दर्भो के सफल उपयोग, लघुबिम्ब काव्य, तान्का, हाईकु, सिजो, चित्रकाव्य, महाकाव्यखण्ड, एब्सर्ड नाटक आदि विधाओं की स्थापना के साथ 'आधुनिक युगबोध प्रस्तुत किया है, जो 'अनूठा' है।[१]

कवि श्री हर्षदेव माधव ने ई.सं. २००० में 'भावस्थिराणि जननान्तरसौहृदानि'[२] बृहत् संग्रह में विविध वादों की पृष्ठभूमि में काव्यों का संग्रह देकर संस्कृत कविता को वैश्विक चेतना प्रदान की है। प्रस्तुत काव्यसंग्रहान्तर्गत 'शनैः शनैः गलन्त्यः प्रतिच्छायाः'[३] स्तवक में परावास्तववादी (Sur-realism) पृष्ठभूमि है। संस्कृत कविता को परावास्तववादी मोड़ दिया कवि श्री हर्षदेव ने। विद्रोह एवं विध्वंस की नींव पर निर्मित एवं प्रवर्तमान व्यवस्था तथा मूल्यों के सम्मुख संशयात्मा तथा कला और विचार के क्षेत्रों में क्रान्ति लानेवाले 'परावास्तववाद' का अवतरण संस्कृत में हो सके यह भी एक क्रान्ति है। वैसे तो परावास्तववाद अनुभूतियों के संकुल परिणाम से निष्पन्न है। ह्युमनबेक ने केवल आवाज-शब्दहीन आवाज़ के आधार पर काव्यों का सर्जन किया। शब्दों को भी छोड़कर केवल अक्षरकाव्य (letter poems) भी लिखे गये। ई.सं. १९२२ में सररियालिश्रम के जनक आन्द्रे ब्रेतों ने आधुनिकता की समझ कलावादियों में फैलाने के लिए एक अन्तरराष्ट्रीय कांग्रेस बुलाने का भी निश्चय किया था। श्री ब्रेतों के अनुसार, परावास्तववाद मनोगत संकुल संवेदनाओं को

---

१. आवरण पृष्ठ २, भावस्थिराणि जननान्तरसौहृदानि

२. भावस्थिराणि जननान्तरसौहृदानि, डॉ. हर्षदेवो माधवः, प्रकाशकः पार्श्व पब्लिकेशन, प्रथमं संस्करणम्, ई.स. २०००, अहमदाबाद— ३८०००१

३. वहीं पृ. २४३

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

परम्परागत भाषा और उसकी संघटना को हटाकर, तर्कसंगतियों का विच्छेद करके शब्दों को नये अर्थों के साथ जोड़कर, चित्त की स्वतंत्रता के साथ स्वयंस्फूर्त विचारों को अभिव्यक्त करता है ।

परावास्तववाद का उद्देश्य 'To change our perception of world and hence to change the world itself' है । अचेतन मन में एक साथ कई भाषाओं का घुल-मिल जाना स्वाभाविक है ।

संस्कृत में व्याख्यागम्य दुर्बोध काव्य लिखने की बात नयी नहीं है, लेकिन परावास्तववाद की नींव पर लिखी गयीं ये रचनाएँ व्याख्यागम्य नहीं हैं, अनुभूतिगम्य हैं ।[१]

डॉ. धीरूभाई ठाकर ने[२] परावास्तववाद को समझाते हुए लिखा है कि "परावास्तववाद, अर्थात् चर्मचक्षु के द्वारा देखे जाने वाले वास्तव के पीछे निहित असंप्रज्ञात मनोभूमिका पर स्थित, अनेकविध असंबद्धताओं से संचित सृष्टि का वास्तव" इन असंगतताओं की कल्पना के रूप में जब कल्पनाशील मनुष्य के चित्त में स्वयमेव स्फुरित होकर शब्दबद्ध होती है, तब यह सर्‌रियल कृति बनती है । स्वप्न और जाग्रत अवस्था की अनुभूति की भाँति उसमें चेतन, अचेतन या अर्धचेतन मन के संवेदन एकरूप हो जाते हैं । परावास्तविक अनुभूति एक तरह से संकुल है, उसमें स्वयसंचलित लय एवं कल्पना जुड़ते हैं । परावास्तविक अनुभूति को व्यक्त करने के लिए सर्रियल कवि भाषा, छन्द और लय के सर्वस्वीकृत संकेतों को तोड़कर एक नया ही खेल रचते हैं । परावास्तविक कविता की रचना भी मानवचित्त की संकुल प्रक्रिया की भाँति है ।

सर्रियल कवि कोई निश्चित नियमों के आधार पर या उनका अनुसरण करके काव्यसर्जन करते हैं, ऐसा कहने के बजाए कवि अपने विशिष्ट भावविश्व के लिए आरूढ़ और अनोखी स्वतः बनायी हुई पद्धति का आश्रय लेता है, ऐसा कहना ज्यादा सयुक्तिक है ।

इन्द्रियगम्य कल्पनाओं का सीधा उपयोग उस काम में नहीं आता । साम्य-वैषम्य, सङ्गति असङ्गति, प्रस्तुत अप्रस्तुत—इन सभी ख्यालों को जोड़कर इन सबको एकत्र प्रगट कर देना ऐसा कोई चैतसिक बिन्दु ही सर्‌रियल कवि का लक्ष्य हैं । इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिये कवि इन्द्रिय प्रत्ययों रूढ़ अध्यासो में से मुक्त करके उसके व्यत्यय, विरोध और विचित्र सम्मिश्रण द्वारा कवि उन संवेदनों की क्षितिजों का विस्तार करने के लिए जूझता है । साथ ही बौद्धिक प्रतीति के अन्दर बन्ध अनुभूति का उसके आदिम बिन्दु तक पहुँचाने का प्रयत्न प्रधान सर्रियल कवि करता है । उसके कथन में एक तरह का आदिम जोश प्रवर्तमान होता है और इसी जोश के कारण तमाम स्तर की भाषा का उसके लय एवं संकेत सहित प्रयोग कवि करता है । समग्र लोकशास्त्र की भाषा-शैली को काव्यगत करता है । लोककथा, दंतकथा, पुराकल्प, पुराणकथा का मिश्रण इस प्रकार के काव्य में होता है । वास्तव-जगत् की किसी भी चेष्टा का वर्णन करने के लिए सर्रियल कवि को कोई संकोच नहीं होता । इस प्रकार

---

१. पृ.२४५

२. अर्वाचीन गुजराती साहित्य की विकासरेखा, डॉ. धीरूभाई ठाकर, गुर्जर ग्रंथरत्न कार्यालय, ९वीं आवृत्ति, २७८२, अहमदाबाद

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अभिव्यक्ति की शक्यताओं का विशाल क्षेत्र परावास्तववादी कवि के समक्ष अनावृत होता है। कविता के कलाइडोस्कोप में सर्रियल अनुभूति का फ्रेम-वर्क करने की कलादृष्टि कवि में कितना है, उसपर कविता की सफलता का आधार रहता है।

श्री माधव की खूबी लय के स्वयंसंचालित प्रवाह में वाचक को खींचकर सर्रियल संवेदना का उसे सीधा स्पर्श करा सके, ऐसे संयोजन में रही है। श्रीमाधव सूझबूझ पूर्वक अर्थविस्तार को सूचित करनेवाले संकेत का प्रयोग करते हैं। वे अनेक नये रवानुकारी शब्द को प्रयुक्त करते हैं, जैसे—परंपरित सवैया छन्द में बद्ध 'छाया' काव्य—

छाया नग्ना मग्नाः सुप्ताः, छाया नग्ना मग्ना भुक्ताः,
छाया नग्ना लग्ना लुप्ताः
छाया नग्ना नग्ना स्नाताः
छाया नग्ना नग्नाः प्रतिच्छायाभिर्जाताः।
प्रतिच्छायास्तु नग्ना नग्ना यताः।[१]

यहाँ शब्दों के प्रासानुप्रास से उत्पन्न लय छाया-प्रतिच्छाया का चाञ्चल्य सूचित करता है। यह सर्रियल शब्दसृष्टि अनायास परिवर्तन, अराजकता और असंख्य असंगतियों से परिपूर्ण है। अर्थ के उस पार के शब्द का आस्वाद्य और असरकारक बल, उसका श्राव्यध्वनि है यही जिसे निष्पन्न करने के लिए विशिष्ट वर्णविन्यास के द्वारा शब्दों को जोडते हैं।

'मेषा-प्रशस्ति' में ऐसा प्रयोग है— जैसे कि मेषा मेषा मेषा मेषा मे मे मे मे षाः षाः षाः षाः
श्यामकर्बुराः पीताः पीता मेषा मेषा मेषा मेषाः। मेषाः सर्वे सर्वे मेषाः सर्वे सर्वे मेषा मेषा....।
सर्वे मार्गे / मेषा मार्गे / सर्वे मा मामा सर्वे गै गै...। मेषा मोक्षे / मोक्षे मूढाः ज्ञानकथां
कुर्वन्ति मूढाः। मूढा मूढा मूढा मूढा मेषा मेषा मेषा मेषाः मार्गे:....।

खादन्तु खादन्तु तु तु तु..... चर्वन्तु चर्वन्तु तु तु.....
चर्वन्तु चर्वन्तु किन्तु ज्ञानं किन्तु ध्यानं किन्तु मानं किन्तु।[२]

यह मेषा-प्रशस्ति गीति के लय में है एवं मूढ़ और रुढ़िवादियों को सूचित करती है, यहाँ टाइपोग्राफी एवं घनवाद (cubism) का मिश्रण भी देख सकते हैं। प्रस्तुत काव्य में मुख्यतः कवि जो बात करना चाहता है वह 'मेषाः' के परम्परित शब्दलय के द्वारा मूढ़ता, गतानुगतिकता, दम्भ और कथित विद्वानों के प्रति व्यंग्य दृष्टिगोचर होता है।

---

१. भा.ज.सौ., पृ. २५२
२. भा.ज.सौ., पृ. २६४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'यन्त्राणि'[1] काव्य में कवि ने संस्कृत के वार्णिक छन्दों का त्याग कर परम्परित सवैया छन्द को अपनाया है। उसमें शब्द भी तर्कबद्धता के बिना रखे गये हैं। जैसे—

लोहमयं रक्त। वीर्यं / स्मरणं / मरणं / करणं / शरणं और ऐसी तर्कबद्धता का और भाषा की संकुचितता को छोड़ने के लिए कवि ने संस्कृत भाषा में अन्य भाषा के शब्द प्रयुक्त किये हैं। एक शब्द उर्दू और दूसरा अंग्रेजी—

"शयतानाः रे ! जायन्ताः रे !" यन्त्रसंस्कृति के तिरस्कार में लिखे गये इस काव्य में यन्त्र की सजीवता को और मनुष्य की परवशता मज़बूरी को सूचित करने के लिए "शयतानाः जायन्ताः" आदि पुल्लिंग शब्द प्रयोग है। प्रस्तुत काव्य में एक के अध्यास से दूसरा नया शब्द भी प्रयुक्त हुआ है। जैसे—

"कचडक् कचडक् भचडक् कचडक्... भुक्सुक् रुक्सुक्"

"कचडक् पिष्टाः रुकसुक् पिष्टाः
भचडक् पिष्टाः भुकसुक् पिष्टाः
वयं च पिष्टाः वयं च भुकसुक्,
वयं च कचडक् वयं च पिपीय् वयं च कचडक्"

यहाँ पर भी 'पिष्टाः' शब्द 'वयं च' को लेकर यन्त्रनाद में दब जाता है। साथ ही कवि ने यन्त्र की ही भाषा प्रयुक्त की है, जिसमें संस्कृत की पदावलियाँ छिन्न-भिन्न हो जाती हैं।

ऐसी ही एक दूसरी रचना है— 'हठसंभोग'[2] अर्थात् बलात्कार जिसमें रेल की छिन्न-भिन्न पटरियों, काला इंजिन, धूम, आवेग, अन्धकारयोनि में गिरता हुआ तारों का तेज और खण्डहर की तरह बिखरती हुई कल्पनाएँ आदि परावास्तववादी दृष्टिकोण का निर्देश करते हैं, जैसे—"रक्तमशक्तं, रक्तमशक्तं, रक्तमशक्तं लोहपट्टिकाहीनं रक्तं, सारमेयनेत्रं खलु रक्तम्॥"

इन पंक्तिओं में स्त्री का अपने बचाव के लिए प्रयास बलात्कार करनेवाले का लोहखण्ड की पटरी रूपी संयम तोड़कर बहता आवेग और कुत्ते की आँखोंवाला लहू ऐसी कल्पना में अदम्य आवेग तथा वासना अभिव्यक्त होती है। संस्कृत में ऐसे प्रयोग अशक्त थे, जिसे कवि ने क्रान्तिकारी ढंग से प्रस्तुत किया है। इसीलिए संस्कृत के प्रसिद्ध कवि श्री केशवचन्द्र दाश ने कल्पनावाद के स्थापक के रूप में कवि को सराहा है। श्री राधावल्लभ त्रिपाठीजी को भी 'माधव की कविता अनुभवों, कल्पनाओं एवं प्रतीकों का एक विराट संसार' महसूस हुआ है।[3]

आधुनिक कवि प्राचीन साहित्य की पंक्तियों को भी नवीन रूप देकर नवीन अर्थ उत्पन्न करते हैं। 'रोगभ्रमः'[4] काव्य में कवि ने गायत्री मन्त्र को भी आधुनिक रूप दिया है। जैसे—

---

१. भाज़.सौ., पृ. २४७
२. भाज़.सौ., पृ. २४८
३. भाज़.सौ., पृ. २४६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भूर्भुव: स्व: प्रचोदयात्......

ॐ प्रातर् ईले कॉफीयुतं, काष्ठत्वयुक्तं 'टेबलम्' गेहं च News मादकम् ।

यहाँ कॉफीयुक्त प्रभात, काष्ठत्व से युक्त टेबल और समाचार से मादक प्रात:काल हुआ है । वैसे गायत्रीमन्त्र तो प्रात:काल में चेतना-शक्ति को जागृत करने के लिए है, परन्तु यहाँ तो मृत्यु की ओर बढ़ता हुआ व्यक्ति अपनी चेतना खा रहा है । इसलिए कड़क कत्थई रंग की कॉफी में बाष्प जैसे उष्णश्वास, काफी के रंग में श्वान का रंग और वाष्प में श्याम होता हुआ श्वान का चीत्कार नजर के सामने मूर्तिमंत हो जाते हैं । इस तरह "परम्पराबद्ध संस्कृत कविता को आधुनिक वैश्विक संदर्भों से जोड़ने का कवि का काव्यपुरुषार्थ समुच्चय सार्थक है," डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता[१] का यह विधान समुचित ही है । वस्तुगत नवीनता एवं शिल्पगत प्रयोगशीलता इन कविताओं की अपनी शक्ति है ।

'माया'[२] काव्य की परम्परित सवैया छन्द की लय में प्रस्तुत हुआ है । इस काव्य में छन्द का लय माया के आभासी स्वरूप की लय के साथ मानो एकरूप हो गया है और इस लय को मनोविचारों की संकुलता के साथ प्रस्तुत किया गया है । जैसे—

"षण्ढा: ! माया कथं वदन्ती !"

षण्ढा: ! माया कथं लगन्ती !

मूर्खा: ! माया कथं चरन्ती ! और

"शुक् सुक् शुक् सुक्... शुक् सुक् शुक् सुक् शुक् सुक्" माया Station! माया Station

नास्ति संज्ञा नास्ति तेजोबिन्दु

इस तरह वाक्यों के विन्यास में तर्कबद्ध शैली तोड़ने का साहस कवि ने यहाँ किया है । इन रचनाओं में नितान्त नये प्रतीक, अस्त-व्यस्त पदावली, कठोर और कर्कश अभिव्यक्तियों, हताशा और निराशा जैसी संवेदनाओं की सचोट व्यञ्जनाएँ संस्कृत कविता को एक नया ही आयाम देती हैं । डॉ० जयश्री चट्टोपाध्याय ने इसी कारण हर्षदेव माधव को "A renowned modern poet in the field of Sanskrit Languuge and literature"[३] कहकर सराहा है । "कवि माधव की रचनाओं में अलग ही अभिव्यक्ति की ताजगी और चमत्कार का अनुभव" डॉ. जगन्नाथ पाठक[४] का हुआ है, तो दूसरी और डॉ० राधावल्लभ त्रिपाठीजी "माधव की

४. भाज़.सौ., पृ. २४७
१. गुर्जर राष्ट्रवीणा, डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता, दिसेम्बर, ७७, पृ २५, अ. ४१
२. भाज़.सौ., पृ. २५४
३. भाज़.सौ., पृ. ८८
४. भाज़.सौ. पृ. २१६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कविता संस्कृत कविता को अछूता भावबोध देनेवाली लगती है"[१] डॉ० ओमप्रकाश गुप्ता का "माधव की कविता में सर्जनात्मक चेतना का एक नया भावविश्व देखने को मिला है ।"[२]

इस तरह संस्कृत भाषा में परावास्तववादी कविता की रचना आधुनिक संस्कृत वाङ्मय में गुणवत्ता के ऐतिहासिक दृष्टि से भी अभूतपूर्व है । आधुनिक संस्कृत साहित्य में परावास्तववादी काव्यों का प्रारम्भ सर्वप्रथम हर्षदेव माधव ने किया है । वैश्विक घटनाएँ कविचेतना में जो स्पन्दन जगाती हैं, उनकी कलात्मक अभिव्यक्ति इन कविताओं में देखी जा सकती है । जीवनधर्मिता और रचनाधर्मिता का सार्थक सामञ्जस्य इन रचनाओं की विशिष्ट उपलब्धि है । यहाँ पर संस्कृत का आधुनिकता के साथ अजोड़ अनुसंधान दर्शनीय है । कवि ने भाषा को एक नयी प्रवाहिता देकर चित्त की संकुल स्थितियों को परावास्तववादी दृष्टिकोण से देखा है । श्रीमाधव संस्कृत में ऐसे नवीन पर ठोस प्रयोग कर रहे हैं, यह देखते हुए डॉ० चन्द्रप्रकाश देवल कहते हैं कि "इस तरह संस्कृत का आज के माध्यम की तरह बरतने का कार्य निश्चय ही वन्दनीय है । प्रतिभासम्पन्न लेखक, कवि ही यह गुरुतर कार्य निष्पादित कर सकता है ।"[३] श्री द्विवेदी 'प्रणव' भी कवि की इस कारयित्री प्रतिभा से प्रसन्न होकर कवि को 'बीसवीं शती की संस्कृत कविता का नूतन घनश्याम'[४] कहते हैं, यह उचित ही है । श्री गोविन्द झा का भी यह दृढ़ विश्वास है कि "पहली अनुक्रिया, जिसमें ऐसे उत्कृष्ट काव्य लिखे जाने लगे हैं, वह संस्कृत भाषा अब समकालीन साहित्य में उतना ही ऊँचा स्थान पा लेगी, जितना ऊँचा आसन प्राचीन साहित्य में उसे प्राप्त है" ।[५] श्री अभिराज राजेन्द्र मिश्र भी यही बात कहते हैं—वस्तुत: आभि: कविताभिर्नव्यप्रस्थानपोषणकरीभि: संस्कृतभारती साम्प्रतिकी महीयते ।[६] कवि ने अपनी नवकल्पित शैली में पुन: अर्वाचीन संस्कृत कविता जगत् में एक नया ही प्रकरण प्रारम्भ किया है । इस संदर्भ में डॉ० हरिदत्त शर्मा[७] कहते हैं कि नवसृष्टि, नवकाव्य संस्कृत-काव्य को विश्वभर में चल रहे नव काव्यान्दोलन के समानान्तर ला खड़ा कर देता है । साथ ही यह संस्कृत का 'मृतभाषा, क्लासिक भाषा तथा प्राचीन भाषा' के सीमित क्षेत्र से बाहर लाता है । इस तरह श्री हर्षदेव माधव ने संस्कृत को अपनी एक नयी पहचान बनाने का उपक्रम किया है । यह निस्सन्देह रंग लायेगा और आधुनिक संस्कृत साहित्य में ऐतिहासिक, अभूतपूर्व और अविस्मणीय स्थान प्राप्त करेगा ।

---

१. आवरण पृष्ठ-२, कण्णक्या क्षिप्तं माणिक्यनूपुरम् डॉ. हर्षदेवो माधवा प्रकाशिका-श्रीवाणी अकादमी, प्रथमं संस्करणम्, ई.स. २०००, अहमदाबादम्

२. एजन, आवरण, पृष्ठ २

३. भाज़.सौ., पृष्ठ १६५

४. भाज़.सौ., पृष्ठ १६४

५. आवरण पृष्ठ-२, कण्णक्या क्षिप्तं माणिक्यनूपुरम्, डॉ. हर्षदेवो माधव:, श्रीवाणी अकादमी, प्रथम संस्करणम्, ई.स. २०००, अहमदाबादम्

६. एजन, आवरण पृ. २

७. भा. ज. सौ., पृ. ३४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'लघुवाक्यवृत्ति' वेदान्त का प्रकरण ग्रन्थ

डॉ. चञ्चल मिश्रा

श्री शंकराचार्य अद्वैत वेदान्त के सबसे प्रौढ़ तथा प्रामाणिक व्याख्याता के रूप में जाने जाते हैं। उनके ग्रन्थों का अवलोकन करने से पता चलता है कि वे उच्च कोटि के केवल दार्शनिक ही नहीं, बल्कि मेधावी, सरस व्यक्तित्व वाले, कोमल तथा भावुक हृदय कवि भी थे। उनके उपदेश नितान्त प्रभावशाली थे, मगर उनकी कविताएँ स्निग्ध, हृदयग्राहिणी तथा रसमयी भी हैं। अपने ग्रन्थों में उन्होंने प्रौढ़, प्रसन्न और गम्भीर भाषा-शैली का प्रयोग किया है। उनके ग्रन्थों की विशेषता है कि उनमें शब्दों का समुचित प्रयोग किया गया है। श्री शंकराचार्य के नाम से उपलब्ध ग्रन्थों को हम तीन भागों में बाँट सकते हैं —

(१) भाष्य ग्रन्थ[१] (२) स्तोत्र ग्रन्थ[२] और (३) प्रकरण ग्रन्थ

भाष्य ग्रन्थ— भाष्य ग्रन्थों में उनकी सबसे प्रौढ़ तथा प्रामाणिक रचना 'ब्रह्मसूत्र भाष्य' मानी जाती है। उन्होंने अत्यन्त कठिन अर्थ च दुरूह ब्रह्मसूत्रों को अपने भाष्य में अत्यन्त सरलता और सुगमता से समझाया है। वाचस्पति मिश्र कहते हैं —

'नत्वा विशुद्धविज्ञानं, शङ्करं करुणाकरम्।
भाष्यं प्रसन्नगम्भीरं तत्प्रणीतं विभज्यते॥[३]'

स्तोत्र ग्रन्थ—आचार्य के स्तोत्र ग्रन्थ भी अत्यन्त मधुर, कोमल ललित, रसभावसम्पन्न तथा अलंकारों की छटा से परिपूर्णतः मण्डित दिखाई देते हैं।

प्रकरण ग्रन्थ — भाष्य और स्तोत्र ग्रन्थों के अतिरिक्त आचार्य शंकर ने छोटे-छोटे लघु प्रकरण ग्रन्थों की भी रचना की है। इन लघु ग्रन्थों का मुख्य लक्ष्य अद्वैत वेदान्त के गूढ़ तत्त्वों को जनसाधारण तक

---

१. भाष्य ग्रन्थों को हम दो भागों में बाँट सकते हैं —
(I) प्रस्थानत्रयी, अर्थात् श्रुति (उपनिषद्), स्मृति (गीता), सूत्र (ब्रह्मसूत्र) पर भाष्य। (II) इतर ग्रन्थों पर भाष्य

२. गणेश, शिव, देवी, विष्णु, युगलदेवता, नदी तीर्थ विषयक, साधारण, आनन्दलहरी, गोविन्दाष्टक, दक्षिणामूर्तिस्तोत्र, दशश्लोकी, चर्पटपञ्जरिका, द्वादशपञ्जरिका, षट्पदी हरिमीडे स्तोत्र, मनीषापञ्चक, सोनापञ्चक शिवभुजंगप्रयात आदि — वाणीविलास प्रेस — शङ्करग्रंथावली

३. उपाध्याय (बलदेव) — श्री शंकराचार्य, पृ. १५१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बोधगम्य कराना था। भाष्यों में प्रतिपादित अद्वैत सिद्धान्तों का विवेचन सरल, सरस और प्रसादमयी भाषा-शैली में किया गया है और यही इस प्रकरण की विशेषता है। वेदान्त के प्रतिपादक होने के कारण ही ये ग्रन्थ 'प्रकरण' कहलाए। प्रकरण की परिभाषा है—

'शास्त्रैकदेशसम्बद्धं शास्त्रकार्यान्तरे स्थितम्।
आहुः प्रकरणं नाम ग्रन्थभेदं विपश्चितः॥'[१]

अर्थात् जो ग्रन्थ किसी शास्त्र के एक भाग से सम्बन्धित होता है तथा शास्त्र का ही कार्य अंशतः करता है, उसे 'प्रकरण ग्रन्थ' कहते हैं। समस्त प्रकरण ग्रन्थ वेदान्तशास्त्र के एकदेश जीव-ब्रह्मैक्य से सम्बद्ध हैं।

लघुवाक्यवृत्ति की प्रामाणिकता—यद्यपि सभी प्रकरण ग्रन्थों का कोई निःसंदिग्ध प्रमाण उपलब्ध नहीं है, तथापि उनके नाम से अनेक प्रकरण[२] ग्रन्थ हमें उपलब्ध होते हैं। इन्हीं प्रकरण ग्रन्थों की शृंखला में 'लघुवाक्यवृत्ति' श्री शंकराचार्य का प्रामाणिक ग्रन्थ माना जाता है।[३] आफ्रेक्ट के अनुसार भी 'लघुवाक्यवृत्ति' श्री शंकराचार्य का प्रामाणिक ग्रन्थ है।[४]

डॉ. कामेश्वर नाथ ने भी लघु वाक्यवृत्ति को श्री शंकराचार्य का ग्रन्थ माना है।[५]

'प्रकरणपञ्चकम्' के संपादक श्री कृष्णपन्त शास्त्री ग्रन्थ की भूमिका में कहते हैं कि इन लघु ग्रन्थों की सरलता को देखकर कुछ लोग कहते हैं कि यह पाण्डित्यपूर्ण कृति शंकराचार्य की नहीं है, जिनकी प्रौढ़ लेखनी से 'ब्रह्मसूत्रभाष्य' उपनिषद्भाष्य आदि गंभीर आशय वाले ग्रन्थ लिखे गये थे। यह रचना उनके स्थानापन्न परवर्ती शंकराचार्यों की होगी—इस विषय में कोई अकाट्य प्रमाण नहीं है। यह बात तो प्रसिद्ध है कि ये सभी ग्रन्थ[६] शंकराचार्य विरचित ही हैं।[७]

'लघुवाक्यवृत्ति' वेदान्त का यह प्रकरण ग्रन्थ श्री कृष्ण पन्त शास्त्री द्वारा सं. १९९० में सम्पादित हुआ और अच्युत ग्रन्थमाला शृंखला में प्रकाशित हुआ। यद्यपि ग्रन्थ पर 'पुष्पाञ्जलि' नामक टीका का उल्लेख मिलता है, लेकिन यह टीका उपलब्ध नहीं है। कहा जाता है कि श्री शंकराचार्य ने भी इस पर टीका लिखी थी।

---

१. शुक्ल, बदरीनाथ, वेदान्तसार, पृ. २२

२. अद्वैतपञ्चरत्न, अद्वैतानुभूति, अनात्मश्रीविगर्हण प्रकरण, अपरोक्षानुभूति, आत्मबोध, उपदेशपञ्चक, उपदेशसाहस्री, एकश्लोकी, कौपीनपञ्चक, जीवन्मुक्तानन्दलहरी, तत्त्वबोध, तत्त्वोपदेश, धन्याष्टक निर्गुणमानसपूजा, निर्वाणमंजरी, पञ्चीकरण प्रकरण, परापूजा, प्रबोध सुधाकर, प्रश्नोत्तरमालिका, प्रौढ़ानुभूति, ब्रह्मज्ञानावलीमाला, वाक्यसुधा, ब्रह्मानुचिन्तन, मणिरत्नमाला, मायापञ्चक, मुमुक्षुपञ्चक, योगतारावली, लघुवाक्यवृत्ति, वाक्यवृत्ति, विज्ञाननौका, विवेकचूडामणि, वैराग्यपञ्चक, शतश्लोकी, सदाचारानुसन्धान, सर्ववेदान्तसिद्धान्तसारसंग्रह, स्वात्मनिरूपण आदि।

३. उपाध्याय बलदेव, श्री शंकराचार्य, पृ. १६३-१६७

४. Aufrecht(T) Catalogus Catalogorum, Vol. II, P. 626

५. डॉ. मिश्र (कामेश्वर नाथ), ब्र.सू.शां.भा., चतुःसूत्री, भूमिका।

६. आत्मबोध, अपरोक्षानुभूति प्रौढ़ानुभूति, लघुवाक्यवृत्ति और तत्त्वोपदेश।

७. प्रकरणपञ्चकम्, भूमिका, पृ. १५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रतिपाद्य विषय —सर्वसाधारण को अनायास ही अद्वैत तत्त्वों से अवगत कराने के लिए जिस सरल, संक्षिप्त भाषा शैली की आवश्यकता थी, उसी का अनुसरण करते हुए शंकराचार्य ने 'लघुवाक्यवृत्ति' नामक ग्रन्थ की रचना की है । प्रस्तुत ग्रन्थ वेदान्तशास्त्र के एकदेश जीवब्रह्मैक्य से सम्बद्ध है । इसलिए यह वेदान्त का प्रकरण ग्रन्थ है । इस ग्रन्थ में १८ अनुष्टुप् पद्यों के माध्यम से वेदान्तशास्त्र के परमतत्त्व चिति का निरूपण कर आत्मज्ञान को ही मोक्ष के साधन के रूप में स्वीकार किया गया है ।

ब्रह्म, अर्थात् चिति या चैतन्य को ही सर्वोच्च सत्ता के रूप में स्वीकार किया गया है । देह और आत्मा दो पृथक् वस्तुएँ है । शरीर के दो भेद हैं—[१] स्थूल और सूक्ष्म ।

"स्थूलो मांसमयो देहः सूक्ष्मः स्याद्वासनामयः ।
ज्ञानकर्मेन्द्रियैः सार्धं धीप्राणौ तच्छशरीरगौ ।।"

'वेदान्तसार' में तीन प्रकार के शरीर बताए गए हैं ।[२] वह परब्रह्म ही सत् है । वही स्वयंप्रकाश है । स्वयंप्रकाश होने के कारण ही वह सत् चित् है । ब्रह्म का चिद्विशेषण उसकी ज्ञान एवं स्वप्रकाशता का द्योतक है । श्रुति के अनुसार भी वह चिन्मात्र है[३] विज्ञानमय है ।[४] बृ. उ. में उसे 'ज्योतिषां ज्योतिः' कहा गया है । चित् शब्द 'संज्ञा' धातु से क्विप् प्रत्यय लगाकर निष्पन्न हुआ है, जिसका अर्थ 'चेतना' या 'अनुभव' है । जड़ वस्तुओं से भिन्न चैतन्य सत्ता ही परम सत्ता है । वही परब्रह्म है, उसे ही उपनिषदों में चित्, ज्ञान व प्रकाश—तीनों रूपों में कहा गया है, सूर्य के सदृश आत्मा एक है तथा स्वप्रकाश है, जड़ नहीं है । "एकः स्वप्रकाश आत्मेति सिद्धान्तः" । शंकराचार्य ने आत्मा का विशेषण देते हुए उसे साक्षी, निर्गुण, सक्रिय और स्वयंज्योति कहा है—

'नित्यानन्दैकरसः, प्रत्यग्रूपः परः स्वयंज्योतिः'[५]

वह आत्मा प्रकृति विकृति के विकारों से भिन्न सत्-असत् को प्रकाशित करता हुआ बुद्धि के साक्षी रूप में विद्यमान है ।[६] जैसे अमात्यादि प्रकृतियों से राजा भिन्न है, वैसे ही देह, इन्द्रिय, मन, बुद्धि से भिन्न उनकी वृत्तियों के साक्षी को आत्मा जानना चाहिए ।[७] शरीर और आत्मा दो पृथक् सत्ता हैं । शरीर के तीन भेद किये गये हैं—

(१) स्थूल शरीर, (२) सूक्ष्म शरीर और (३) कारण शरीर ।

स्थूल शरीर मांसमय है और सूक्ष्म शरीर वासनामय है ।[८] सूक्ष्म शरीर में पाँच ज्ञानेन्द्रियों तथा पाँच कर्मेन्द्रियों के साथ बुद्धि और प्राण रहते हैं ।

---

१. लघुवाक्यवृत्ति ।
२. वेदान्तसार, स्थूल, सूक्ष्म और कारण शरीर ।
३. चिदेकरसो ह्ययमात्मा, नृ. उ. ।
४. विज्ञानमानन्दं ब्रह्म, बृ. उ., ३-९-२८
५. विवेकचूड़ामणि, १५३
६. विवेकचूड़ामणि, १३७
७. आत्मबोध, १८
८. लघुवाक्यवृत्ति,१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"स्थूलो मांसमयो देहः सूक्ष्मः स्याद्वासनामयः ।
ज्ञानकर्मेन्द्रियैः सार्धं धीप्राणौ तच्छशरीरगौ ।।"

'कारण शरीर' की परिभाषा में कहा गया है कि सुषुप्ति अवस्था में अनुभूयमान अज्ञान कारण शरीर है ।

"अज्ञानं कारणं"[१]

स्थूल, सूक्ष्म और कारण—इन तीनों शरीरों का साक्षी एवं प्रकाशक वह ज्ञान, चिति अर्थात् चैतन्य है—

"साक्षी बोधस्तेषां विभासकः"[२]

वह चिति की समस्त सांसारिक पदार्थों की प्रकाशिका है, बुद्धि जड़ है । ज्ञान, अर्थात् चिति से ही जाग्रत अवस्था में बुद्धि के समस्त व्यापार प्रकाशित होते हैं ।[३] जैसे आग के संयोग से गरम हुआ जल आग के ही ताप से देह को तपाता है, क्योंकि उष्णता जल का स्वाभाविक गुण नहीं है, वह आग के सम्पर्क से उसे मिला है, उसी प्रकार ज्ञान से ही प्रकाशित होने वाली बुद्धि चिति के प्रकाश से पूरे जगत् को प्रकाशित करती है, उसमें स्वयं प्रकाश करने का सामर्थ्य नहीं है ।

"वह्नितप्तजलं तापयुक्तं देहस्य तापकम् ।
चिद्भास्या धीस्तदाभासयुक्तान्यं भासयेत्तथा ।।"[४]

कठोपनिषद् उ. में भी कहा गया है कि समस्त सांसारिक पदार्थ उसके प्रकाश से ही प्रकाशित होते हैं । वह चिति किसी पदार्थ के द्वारा प्रकाशित नहीं होती ।

न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रतारकं,
नेमां विद्युतो भान्ति कुतोऽयमग्निः ।
तमेवभान्तम अनुभाति सर्वं
तस्य भासा सर्वमिदं विभाति ।।

श्री शंकराचार्य के अनुसार भी— "साक्षीरूप आत्मा चेतना को प्रकाशित करता है, किन्तु स्वयं कभी चेतना का विषय नहीं बनता है, स्वयं विचार्य नहीं, सब विचार इसके लिए है, स्वयं एक दृश्य वस्तु नहीं है, किन्तु समस्त दृष्टि रूप का आधारत्व है ।"[५]

---

१. लघुवाक्यवृत्ति, २
२. वही, २
३. लघुवाक्यवृत्ति, ५
४. वही, ६
५. डॉ. राधाकृष्णन, भारतीय दर्शन—भाग २, पृ. १४५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चिति और बुद्धि में स्पष्ट भेद बताया गया है। यह तत्त्व बुद्धि से भी परे है।[१] यह आत्मा विषयग्राही इन्द्रियों से, मन से, विवेचनात्मक बुद्धि से तथा प्राणों से सबसे परे है।[२] रूप आदि विषयों में गुण-दोष आदि का विकल्प—यह अच्छा है या बुरा है, ऐसा करना बुद्धि का कार्य है, परन्तु रूपादि विषयों के साथ उसके कार्यों का प्रकाश करने वाली चिति ही है।[३]

"ताः क्रिया विषयैः सार्धं भासयन्ती चितिर्मता"

चिति इन विषयों से भिन्न है। वह बुद्धि की वृत्तियों को प्रकाशित करती है। कुछ लोग इन्द्रियों को ही आत्मा मानते हैं। इसलिए कहा गया है कि इन्द्रियाँ आत्मा नहीं हैं, क्योंकि इन्द्रियों के नष्ट हो जाने पर भी आत्मा बनी रहती है। श्री शंकराचार्य कहते हैं कि विषय और विषयी का तादात्म्य उसी प्रकार है, जैसे अन्धकार और प्रकाश के विरोधी स्वभाव का तादात्म्य। इसी प्रकार चैतन्य स्वरूप आत्मा का भी जड़ देह एवं इन्द्रियों के साथ तादात्म्य नहीं हो सकता[४]। श्रुतियाँ भी आत्मा को देह से भिन्न कूटस्थ, नित्य चेतन स्वभाव वाला बताती हैं।[५]

चिति विकाररहित है, जबकि बुद्धि में होने वाले विकार प्रत्येक क्षण में बदलते रहते हैं। जैसे मोतियों की माला में धागा पिरोया रहता है, ठीक वैसे ही बुद्धि के विकल्पों (या वृत्ति) में चिति अनुस्यूत है—

"मुक्तासु सूत्रवद्बुद्धिविकल्पेषु चितिः स्थिता।"[६]

जैसे मोतियों के मध्य में धागे को देखा जा सकता है, वैसे ही बुद्धि के विकल्पों से घिरी हुई चिति दो विकल्पों के बीच में रहती है।[७] पहले विकल्प के नष्ट होने पर जब तक दूसरा विकल्प उत्पन्न नहीं होता, तब तक निर्विकल्पक चैतन्य भासता है।[८]

'लघुवाक्यवृत्ति' में चिति की तीन अवस्थाएँ मानी गयी हैं। जागरण, स्वप्न और सुषुप्ति—इन उपाधियों के कारण ही ब्रह्म जगत् का कर्ता, पालक और संहारक दृष्टिगोचर होता है। जाग्रत में स्थूल शरीर, स्वप्न में सूक्ष्म शरीर और सुषुप्ति में कारण शरीर उपाधि होता है। अज्ञान के कारण ही वह चिति इन उपाधियों से आवृत्त की भाँति दिखाई देती है।

'लघुवाक्यवृत्ति' में चिति के दो रूप माने गए हैं— सविकल्पक और निर्विकल्पक। जीव सविकल्पक है और ब्रह्म निर्विकल्पक।

१. कठो.,१-३-१५
२. इन्द्रियेभ्यः परा ह्यर्थाः अर्थेभ्यश्च परं मनः,मनसस्तु परा बुद्धिर्बुद्धेरात्मा महान्परः— कठो.,१-१०-११
३. लघुवाक्यवृत्ति,७
४. ब्र.सू.शां.भा.— १-१-१
५. आ.उ.५
६. लघुवाक्यवृत्ति,९
७. वही,१०
८. वही,११

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"सविकल्पकजीवोऽयं ब्रह्म तन्निर्विकल्पकम्"[१]

'अहं ब्रह्मास्मि' वाक्य इसी बात का प्रतिपादन करता है ।

'अहं ब्रह्मेति वाक्येन सोऽयमर्थोऽभिधीयते'[२]

अविद्योपाधि से शुद्ध चैतन्य जीवभाव को प्राप्त होता है । जब तक उसका सम्बन्ध बुद्धिरूप उपाधि में रहता है, तब तक उसमें जीवत्व और संसारत्व रहता है[३] । 'अयमात्मा ब्रह्म'[४] 'तत्त्वमसि,'[५] अहं ब्रह्मास्मि[६] आदि श्रुतियों द्वारा जीव' (उपहित चैतन्य) और ब्रह्म (अनुपहित चैतन्य) की अभेदता का ही प्रतिपादन किया गया है ।[७] यही वेदान्त का तात्पर्य है । इस प्रकार सविकल्पक चिति ही अहं पदार्थ जीव है और निर्विकल्पक चिति ब्रह्म है ।

'लघुवाक्यवृत्ति' के अनुसार, बुद्धि में रहने वाला बोधाभास (ज्ञान का प्रतिबिम्ब) ही पुण्य और पाप का कर्ता है ।[८] "बोधाभासो बुद्धिगतः कर्ता स्यात्पुण्यपापयोः ।" वह बोधाभास (जीव) ज्ञान का प्रतिबिम्ब ही लोक तथा परलोक में आवागमन करता है ।[९] इसलिए धीर पुरुष को चाहिए कि वह बोधाभास से ज्ञान, अर्थात् शुद्ध बोध को पृथक् कर ले ।[१०] जागरण और स्वप्न में ही बोधाभास का अभिनय होता है । सुषुप्ति में जब बोधाभास का लय हो जाता है, तब शुद्ध बोध ही अज्ञान का प्रकाश करता है ।[११] प्राज्ञ जीव भी अपनी सुषुप्ति के समय स्थूल, सूक्ष्म सभी प्रकार के शरीर प्रपञ्च का लय होने पर अज्ञान की चैतन्य प्रदीप्त अति सूक्ष्म वृत्तियों से आनन्द का अनुभव करता है ।[१२] सुषुप्ति के समय अज्ञानवृत्ति से जीव को आनन्द का अनुभव होना 'आनन्दभुक् चेतोमुखःप्राज्ञः' जीव चेतोमुख होकर चैतन्य उद्दीप्त अज्ञान वृत्तियों से मुक्त हो कर आनन्द का भोग अनुभव करता है । इस श्रुति से सिद्ध है ।[१३]

मानव-जीवन का मुख्य लक्ष्य ब्रह्मज्ञान द्वारा मोक्षोपलब्धि है । ब्रह्मज्ञान के जिज्ञासुओं के लिए ब्रह्मप्राप्ति के साधनों में अभ्यास की महत्ता को बताया गया है । अभ्यास ही मुख्य साधन है । श्री शंकराचार्य कहते हैं कि

---

१. लघुवाक्यवृत्ति — १३
२. वही, १३
३. यावदेव चायं बुद्ध्युपाधिसम्बन्धस्तावज्जीवस्य जीवत्वं संसारित्वं च — ब्र.भू. शां० भा० ४-३-१४
४. बृह.उ.२-५-१९
५. छा.उ.६-८-७
६. बृ.उ.१-४-१०
७. विषयो जीवब्रह्मैक्यं शुद्धचैतन्यं प्रमेयं तत्रैव वेदान्तानां तात्पर्यात् — वेदान्तसार, पृ.१
८. लघुवाक्यवृत्ति- २
९. वही, ३
१०. वही
११. वही, ४
१२. वेदान्तसार, पृ.११४
१३. माण्डूक्य, ५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ब्रह्मज्ञान के जिज्ञासुओं को सभी प्रकार के विकल्पों का निरोध करना चाहिए[1]। 'शक्य: सर्वनिरोधेन' समाधियोगिनां प्रिय:" यदि सबका संयम एक साथ नहीं कर सकते तो क्षण भर के लिए करें, फिर एक, दो, तीन क्षणों तक क्रमश: निरोध की अवधि बढ़ाएँ।[2] वे कहते हैं कि इस वाक्यवृत्ति ग्रन्थ से ज्ञान प्राप्त कर बुद्धि की वृत्तियों द्वारा ब्रह्मता का चिन्तन करें।[3] केवल ब्रह्म का ही चिन्तन, ब्रह्म का ही कथन, परस्पर ब्रह्म का ही प्रबोधन एवं एकमात्र ब्रह्मपरायण होना ही 'ब्रह्माभ्यास' कहा गया है:—

'तच्चिन्तनं तत्कथनमन्योन्यं तत्प्रबोधनम्।
एतदेकपरत्वं च ब्रह्माभ्यासं विदुर्बुधाः॥'

अन्त में कहते हैं कि जैसी दृढ़ बुद्धि देह में है, यदि वैसी ही आत्मा में हो जाये तो व्यक्ति का जीवन सचमुच सफल हो सकता है। और समस्त कार्य भी इसी में समाप्त हो जाते हैं, क्योंकि संसार का सबसे बड़ा कार्य और सभी सुकर्मों का फल है — ब्रह्म में आत्मबुद्धि का दृढ़ होना। इसकी प्राप्ति के बाद पुरुष के सभी कर्म यहाँ समाप्त हो जाते हैं। मृत्यु कभी भी आए, लेकिन पुरुष अपने जीवन में ही मुक्त हो जाता है। जीवन्मुक्ति को ही यहाँ शंकराचार्य ने माना है। ब्रह्मज्ञान ही जीवन्मुक्ति का कारण है।

---

१. लघुवाक्यवृत्ति,५
२. वही,१५
३. वही,१६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वैदिक संस्कृति (आचार) की समसामयिकता

डॉ. प्रतिभा रानी मिश्रा

व्यक्ति का प्रत्येक पल कर्म करते हुए बीतता है। प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इन कर्मों का कोई न कोई उद्देश्य होता है। इन क्रियाओं में खाँसना, छींकना आदि कुछ अनैच्छिक क्रियाएँ होती हैं। इन्हें हम सामान्यत: जानबूझ कर नहीं करते, परन्तु जानबूझकर की जाने वाली ऐच्छिक क्रियाओं के विषय में दो तथ्य तत्काल हमारे सामने उपस्थित होते हैं। पहला— हम किसी कार्य को कैसे करते हैं; दूसरा— हमें कोई कार्य कैसे करना चाहिए। किया गया कोई भी कार्य उचित है या अनुचित, यह निर्धारित करने वाला शास्त्र आचार-शास्त्र है, और किसी भी समाज की संस्कृति वहाँ के आचार-विचार पर पर्याप्तरूपेण निर्भर करती है। आचार के लिए प्रयुक्त धर्म, कर्तव्य, नीति आदि, एक ही शब्द उद्देश्य— मानव-जीवन का उत्कृष्ट सञ्चालन, विदेशी भाषाओं के 'मॉरल' तथा 'एथिक्स' शब्दों के ग्रीक एवं लैटिन संज्ञा शब्द क्रमश: 'मोर्स' और 'एथॉस' भी मानव के रीति-रिवाज, व्यवहार या आचरण आदि अर्थों को ही द्योतित करते हैं। अत: कहा जा सकता है कि किसी भी समाज की संस्कृति उसमें रहने वाले लोगों के आचार-व्यवहार को ही प्रतिबिम्बित करती है।

आचारशास्त्र के पाश्चात्य विद्वानों—सिजविक, लिली, मैकेन्ज़ी, जॉनड्यूई आदि द्वारा दी गयी परिभाषाएँ भी निष्कर्षत: यही सिद्ध करती हैं कि मनुष्यों के जीवन में उपस्थित आचरण से परम शुभ, सत् कल्याण का मार्ग खोज निकालना ही आचारशास्त्र का मुख्य उद्देश्य होता है। कुछ परिभाषाएँ द्रष्टव्य हैं—

1. Ethics is the systemetic study of the ultimate problems of right human conduct. — Sidgwick

2. The Science of ideal involved in human life. — Mackenzie

3. Ethics is the normative Science of the conduct of human beings living in Societies. — William Wily

कोश ग्रन्थों में भी प्राय: 'आचार' का अभिप्राय व्यवहार, चाल-चलन और आचरण है, जो मनुष्य के जीवन का सार है। उचित व्यवहार या आचरण 'आचार' अथवा 'सदाचार' कहलाता है और अनुचित व्यवहार या आचरण 'अनाचार'।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'शिष्यतेऽनेन' की व्युत्पत्ति से शास धातु से ष्ट्रन प्रत्यय लगकर बना 'शास्त्र' शब्द हमारे यहाँ लगभग उसी अर्थ में प्रयुक्त होता है, जिस अर्थ में पाश्चात्यों के यहाँ 'विज्ञान' शब्द। यहाँ यह बताना आवश्यक हो जाता है कि शास्त्र और विज्ञान में अन्तर भले ही कुछ विद्वान् समझते हों, हमें यहाँ 'शास्त्र' और 'विज्ञान' दोनों शब्द उस ज्ञान के लिए अभिप्रेत हैं, जो साधारण ज्ञान से अधिक गहन, निश्चित और सर्वव्यापी ज्ञान देते हैं। जैसे विज्ञान हमें किसी वस्तु या पदार्थ का विशिष्ट ज्ञान देता है, वैसे ही शास्त्र भी अपने विषय से सम्बद्ध वस्तु अथवा पदार्थ के स्वरूप, प्रयोजन और मौलिक आधार के विशिष्ट तथा सर्वाङ्गीण ज्ञान से अवगत कराता है।

अब आचार और शास्त्र की पृथक्-पृथक् व्याख्या से अभिप्राय स्पष्ट हो जाता है कि आचार का शास्त्र 'आचार-शास्त्र' कहलाता है, अर्थात् जिसमें मानव-जीवन के चरम लक्ष्य—मोक्ष (परम आनन्द) को ध्यान में रखकर यह निर्णय किया जाये कि मनुष्य को क्या करना चाहिए, उसका कर्त्तव्य क्या है? उसे किस प्रकार के धर्म के मापदंण्ड बनाने चाहिए? नीति के किस प्रकार के पथ पर वह अग्रसर रहे? वही हमारी भाषा में 'आचार-शास्त्र' कहा जा सकता है।

वैदिक आचारशास्त्र के नाम से यद्यपि कोई ग्रन्थ साक्षात्कृतधर्मा ऋषियों ने हमें नहीं दिया, तथापि यदि सम्पूर्ण वैदिक वाङ्मय को आचारशास्त्र की संज्ञा दे दी जाये तो अत्युक्ति नहीं होगी। भले ही पाश्चात्य विद्वान् इन्हें 'गरड़ियों का गीत' कहें, परन्तु स्वामी विद्यानन्द सरस्वती ने स्पष्ट किया है कि हमारे इस महान् वैदिक वाङ्मय के विषय में गलत धारणाएँ बनाकर पाश्चात्यों को कितना पश्चात्ताप हुआ था। जो मैक्समूलर वैदिक सूक्तों को 'बचकाना और साधारण' कहता था, वही पश्चात्ताप के बाद अनुभव करता है कि वेद में पायी जाने वाली भाषा, जीवन-दर्शन और धर्म-दर्शन की दूरी को वर्षों में भी नहीं मापा जा सकता है।[१] अन्ततः मैक्समूलर कह ही उठा—'संसार का कोई भी साहित्य वैदिक साहित्य की तुलना में ठहर नहीं सकता'[२]

संसार के प्रत्येक उस व्यक्ति, जिसने वैदिक संहिताओं का अध्ययन किया, संहिताओं ने इसीलिए आकर्षित किया, क्योंकि जीन की निरन्तर परिवर्तित होने वाली परिस्थितियों के मनुष्य को किस प्रकार के आचार एवं व्यवहार से अपने को संयत रखना चाहिए? मानव की स्वाभाविक प्रवृत्तियों, शारीरिक या मानसिक-मूल्यों को सम्यक् समझ कर सदाचारी जीवन का निर्माण किस प्रकार किया जाए? जीवन के आदर्शों को प्राप्त करने के लिए कौन से साधन होने चाहिए? इन सबके विषय में समाधान के रूप में मूल रूप से हमारी वैदिक संहिताएँ तथा उन्हीं पर आश्रित अपर वैदिक वाङ्मय भी हमारे समक्ष उपस्थित हैं। मनुष्य के आचरणों का उचित-अनुचित

---

१. A large number of Vedic hymns are childish in the extreme, tedious, low and commonplace - *Chips form a German Workshop*, ed. 1866, p. 27. — वेद में जैसी भाषा पायी जाती है, उसमें जैसा जीवन-दर्शन तथा धर्म-दर्शन है, उससे जो दृश्यावली दृष्टिगत होती है, उसकी दूरी वर्षों में भी कोई नहीं नाप सकता—मूल—India - What Can it Teach us. p. 130

२. India-What Can it Teach us., p. 126 सभी अंश स्व० विद्यानन्द सरस्वती की **'मैक्समूलर का हृदय-परिवर्तन'** नामक पुस्तक से उद्धृत

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रूप में मूल्याङ्कन करने के लिए जिन विभिन्न मापदण्डों की आवश्यकता होती है, वे वैदिक वाङ्मय में सर्वत्र बिखरे पड़े हैं।

भारतीय परम्परा और वर्गीकरण के अनुसार वेदों के तीन प्रमुख भाग हैं—कर्मकाण्ड, ज्ञानकाण्ड और उपासनाकाण्ड। इन तीनों के अन्तर्गत प्रायः जीवन के सभी अंग समाविष्ट हो जाते हैं। आचार के सिद्धान्तों के रूप में नीति भी इनमें समाहित हो जाती है। अतः निःसङ्कोच यह कहा जा सकता है कि अन्य ज्ञान, विज्ञान, कथा, संस्कृति आदि की भाँति नीति अथवा आचार का प्रथम उन्मेष ऋग्वेद में और सर्वाङ्गीण रूप सम्पूर्ण वैदिक वाङ्मय में प्राप्त हो जाता है।

आचार को ध्यान में रखकर यदि वैदिक मन्त्रों का अध्ययन किया जाये तो ऊपर से दिखने वाली देवताओं की स्तुतियों, प्रार्थनाओं तथा धार्मिक कृत्यों में आचार और कर्त्तव्यों का ही निर्देश प्राप्त होता है, यद्यपि अनेक स्थलों पर स्पष्ट और स्वतन्त्र रूप से भी आचार के निर्देश प्राप्त होते हैं।

ऋग्वेदीय देवताओं की चारित्रिक विशेषताओं पर ध्यान देने से प्रतीत होता है कि इनके स्रोता ऋत, सत्य, अहिंसा, मैत्री, दान, दया, ज्ञान आदि आचारिक भावनाओं से ओतप्रोत हैं। सम्भवतः स्मृतिकारों, पुराणकार तथा महाभारतकार ने इन्हीं वैदिक भावनाओं के आधार पर धर्म या आचार के लक्षण निर्धारित किये[१] और संहिताओं में ऋषियों की व्यापक आचार दृष्टि के आधार पर ही आचार का महत्त्व स्वीकार किया। 'आचारहीनं न पुनन्ति वेदाः' तथा 'आचारः परमो धर्मः', 'आचाराद्विच्युतो विप्रो न वेदफलमश्नुते', 'आचाराल्लभते आयुः' आदि अनेक उक्तियाँ स्मृतिकारों द्वारा आचार के महत्त्व का प्रतिपादन करने के लिए प्रचारित की गयी थीं।

वस्तुतः वेदों ने जिसको स्वीकार किया, वही सर्वमान्य हो गया। आचार को ऋषियों ने प्रतिपल सजग होकर अनुभूत किया। तभी तो वह स्तुति करने में अपने इष्टदेव तक को उन्हीं गुणों से अभिभूत देखने लगे।

---

१. धृतिः क्षमो दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।
धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम् ॥ मनुस्मृति, ६.९२,
सत्यं दया तपः शौच तितिक्षेक्षा शमो दमः।
अहिंसा ब्रह्मचर्यं च त्यागः स्वाध्याय आर्जवम् ॥
संतोषः समदृक् सेवा ग्राम्येहोपरमः शनैः।
नृणां विपर्ययेहेक्षा मौनमात्मविमर्शनम् ॥
अनाद्यादेः संविभागो भूतेभ्यश्च यथार्हतः।
तेष्वात्मदेवताबुद्धिः सुतरां नृषु पाण्डव ॥
श्रवणं कीर्तनं चाऽस्य स्मरणं महतां गतेः।
सेवेज्यावनिर्दास्यं सख्यमात्मसमर्पणम् ॥
नृणामयं परो धर्मः सर्वेषां समुदाहृतः।
निंशल्लक्षणवान् राजन् सर्वात्मा येन तुष्यति ॥ श्रीमद्भागवतपुराण, ७८-१२
धारणात् धर्म इत्याहुः धर्मो धारयते प्रजा।
यस्माद् धारणसंयुक्तः स धर्म इति निश्चयः ॥ महाभारत, शान्ति पर्व, १०८.११

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अपने इष्ट को सत्य स्वरूप, अहिंसक, विद्वान्, परम मित्र, दयालु, निष्पाप आदि कहने का वैदिक ऋषि का अभिप्राय यही था कि ये सभी गुण उसे स्वयं अभिप्रेत थे। वह जानता था कि जो स्वयं निर्भीक नहीं होगा, वह औरों को अभयदान क्या कर पायेगा ? जो स्वयं अधीर होगा, वह दूसरों को धैर्य कैसे बँधायेगा ? जो स्वयं विद्वान् नहीं होगा, वह अन्य को ज्ञान क्या दे पायेगा आदि।

जिस वस्तु को हम लोक में सत्य के नाम से अभिहित करते हैं, वही वेदों में 'ऋत' कहा गया है। यद्यपि ऋतं च सत्यञ्चाभीद्धात्तपसोऽध्यजायत कह कर 'ऋत' और सत्य का एक साथ भी कथन है, परन्तु ऋषि त्रिकालज्ञ, सर्वज्ञ थे; अतः दैवी जगत् के सत्य को उन्होंने 'ऋत' कहा और लौकिक जगत् के सत्य को 'सत्य'। यद्यपि विभिन्न भारतीय तथा पाश्चात्य विद्वानों ने ऋत के भिन्न-भिन्न अर्थ बताये हैं, तथापि उस व्याख्या में जाना यहाँ अभीष्ट नहीं है, अतः ऋत आचार का एक अंग था और सत्य के पर्याय के रूप में प्रतिष्ठित था— 'इदमहमनृतात् सत्यम् उपैभि'[१] से सत्य के विपरीतार्थक अनृत शब्द से भी स्पष्ट हो जाता है। केवल यही स्पष्ट कर देना पर्याप्त है, क्योंकि पृथ्वी को धारण करने वाले तत्त्वों में ऋत और सत्य दोनों को परिगणित किया गया है और पृथ्वी सदाचार पर ही टिकी है। अनाचार के प्रसृत हो जाने पर तो पृथ्वी काँप उठती है, प्राणी त्राहि-त्राहि करने लगते हैं। 'तैत्तिरीय संहिता' में वर्णन है कि पृथ्वी, अन्तरिक्ष, द्युलोक, दिशाओं और स्वर्गलोक में सर्वत्र ऋत की विजय होती है।'[२] एक ऋग्वेदीय मन्त्र में ऋत की महिमा बताते हुए कहा गया है कि 'ऋत अनेक प्रकार की सुख-शान्ति का स्रोत है। ऋत की धारणा पापों और दुःखों को नष्ट करती है।[३]

आचार्य बलदेव उपाध्याय ने इस वैदिक 'ऋत' के विषय में लिखा है कि इस ऋत की सत्ता के कारण ही विषमता के स्थान पर समता का तथा अशान्ति के स्थान पर शान्ति का साम्राज्य विराजमान है। इस सुव्यवस्था का कारण क्या है ? ऋत अर्थात् सत्यभूत ब्रह्म।[४]

वैदिक आचार-शास्त्र का स्पष्ट निर्देश है कि दुष्कर्म करनेवाले, अर्थात् अनाचारी इस ऋत के पथ को पार नहीं कर सकते हैं।[५]

ऋत के अतिरिक्त संहिताओं में प्रमुखतः सत्य, अहिंसा, मैत्री, अभय, स्वस्ति, विवेक-बुद्धि, दानशीलता, यशोलिप्सा, पापराहित्य-पवित्रता आदि आचारिक तत्त्वों का उल्लेख है।

यद्यपि वैदिक संहिताओं में समष्टि की भावना पर अधिक बल है और अधिकतम प्रार्थनाओं तथा स्तुतियों में उत्तम पुरुष बहुवचन का प्रयोग है; हम सौ वर्ष तक देखें, सौ वर्ष तक सुनें, सौ वर्ष तक स्वस्थ रहें आदि में समष्टिभाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित है। प्रसिद्ध गायत्री मन्त्र में 'धियो यो नः' 'हम सबकी बुद्धियों को' कहकर भी

---

१. वा.सं.,१.५
२. तै.सं.,३.३.५.१९
३. ऋ.,४.२३.८
४. भारतीय धर्म और दर्शन— बलदेव उपाध्याय, पृ.४४
५. ऋतस्य पन्थाः न तरन्ति दुष्कृतः। ऋ.,९.७३.६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऋषि ने सबके कल्याण की प्रार्थना की है, फिर भी व्यक्ति का ही महत्त्व आरम्भ से अन्त तक है, व्यक्ति ही परिवार का कारण है और व्यक्ति ही समाज के निर्माण में सर्वाधिक अनिवार्य अंग है। सभी जानते हैं कि व्यक्ति या व्यक्तियों से रहित केवल मिट्टी, धरती, सरोवर, पर्वत आदि किसी राष्ट्र या समाज का निर्माण नहीं कर सकते। अत: जिस परिवार, समाज या राष्ट्र में प्रत्येक व्यक्ति का महत्त्व सागर में बूँद की भाँति है, वह यदि स्वयं शुद्ध आचारवान् हो जाये तो परिवार, समाज और राष्ट्र दूषित रह ही नहीं सकते हैं। वैदिक ऋषि इस तथ्य को जानते थे, अन्यथा वह ईश्वर से अपने इस मन को शुद्ध और शुभ सङ्कल्प वाला बनाने की प्रार्थना न करते, जिस मन के बिना कोई कार्य किया जाना सम्भव ही नहीं है।[१]

और, जिस व्यक्ति का मन शुभ सङ्कल्प वाला न होकर विद्वानों द्वारा बनायी गयी मर्यादाओं में से एक का भी उल्लंघन करता है, वह पापी होकर संसार में जीवन व्यतीत करता है, जबकि मर्यादा का पालन करनेवाला द्युलोक के कुलाय में, विविध जीवन-मार्गों के विस्तार-स्थल पर विद्यमान इन विविध नक्षत्रों में स्थित होता है।

ऋग्वेद के दसवें मण्डल में आये 'सप्तमर्यादा: कवयस्ततक्षु' मन्त्र[२] के आधार पर निरुक्तकार ने सात मर्यादाओं में 'सुरापान, जुआ खेलना, स्त्री-व्यसन, मृगया, कठोर दण्ड, कठोर वचन और दूसरे पर मिथ्या दोषारोपण, को मर्य-अदा: (मर्यादा) माना है, क्योंकि ये सात कार्य मनुष्यों को नष्ट कर डालते हैं। पक्षन्तर में वे चोरी, गुरु-स्त्री-गमन, ब्रह्महत्या, भ्रूणहत्या, सुरापान, दुष्कर्म का बार-बार सेवन और पातक करके असत्य-भाषण—इनको सात मर्यादाएँ मानते हैं।'[३]

जब किसी मनुष्य की प्रज्ञा विचारों को प्रक्षालित करके जीवन को तेजोमन बना देती है तो वह मानव आचारमय हो जाता है और स्वयं शुद्धाचारी होता हुआ परिवार, समाज तथा राष्ट्र को सदाचारी बनाने में सक्षम सहयोगी सिद्ध होता है, क्योंकि आचारनिष्ठ व्यक्ति को कर्तव्याकर्तव्य का बोध रहता है।

वैदिक मानव-जीवन के प्रति सदैव सजग रहा है। वह अपनी विवेकबुद्धि से परिपूर्ण अनुशासित, संयमित, सत्यसङ्कल्परूप था। वह अपने परम लक्ष्य मोक्ष की प्राप्ति के लिए प्रयत्नशील तो रहता था, परन्तु पलायनवाद का आश्रय लेकर नहीं। अपने कर्त्तव्यों को भूलकर या भुलाकर संन्यास लेने की ओर प्रवृत्त वैदिक ऋषि की कदापि नहीं थी। वह तो ब्रह्मचर्य, गृहस्थ को पूर्णरूपेण पालन करके, अपने कर्त्तव्यों का सम्यक् पालन करके 'मानव-जीवन को सफल बनाने में ही अभ्युदय और नि:श्रेयस के सिद्धिदायक धर्म को अपनाना अपनी आचार-संहिता मानता था। वह तो कर्म करते हुए ही असत् से सत् को, तमस से ज्योति को और मृत्यु से अमृतत्त्व को पाना चाहता था। उसके आचार-शास्त्र में तो ईश्वरार्पण करके त्याग भावना से किये जाने वाले कर्म करते हुए ही सौ वर्षों तक जीने की कामना करने के लिए कहा गया थो। उसे स्पष्ट निर्देश था कि लोभ न करे, क्योंकि सभी सांसारिक वस्तुएँ नश्वर हैं।

१. यस्मान्न ऋते किं च न कर्म क्रियते तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु। वा. सं., ३९.३
२. पानमक्षाः स्त्रियो मृगया दण्डः पारुष्यमन्यदूषणम् इति सप्तमर्यादाः यद्वा स्तेयं
३. गुरुतल्पारोहणं ब्रह्महत्या भ्रूणहत्या सुरापानं दुष्कृतकर्मणः पुनः पुनः सेवनं पातकेऽनृतोद्यमिति। निरुक्त, ६.२७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समाज के प्रत्येक वर्ग, प्रत्येक प्राणी के लिए वैदिक संहिताओं में आचारिक निर्देश हैं, चाहे वह राष्ट्र का पालक राजा हो अथवा परिवार का पालक मुखिया पिता; चाहे वह प्रजाजन के रूप में राष्ट्र का अंग हो अथवा पिता, माता, पति, पत्नी, भाई, बहन अथवा पुत्र या पुत्री के रूप में परिवार का अंग; वैदिक ऋषि मानो सब स्वरूपों में विद्यमान था । वह तो जहाँ कन्या को ब्रह्मचर्य के द्वारा श्रेष्ठ पति पाने का मन्त्र देता है, वहीं नववधू को पति-गृह में श्वसुर, श्वश्रू, ननद और देवरों पर सम्राज्ञी होने का आशीर्वाद भी; जहाँ वह पिता द्वारा पुत्रों की कामना करवाता हैं, वहीं पिता की गोद में पुत्रियों के सुखपूर्वक खेलने का भी उल्लेख करता है; जहाँ पिता में संतति के प्रति स्नेही और रक्षक होने की भावना भरता है, वहीं संतति में माता-पिता के प्रति आज्ञाकारी और भाई-बहनों के प्रति समान मन वाला होने की भावना भी उत्पन्न करता है ।

वैदिक संहिताओं में न तो कहीं माता-पिता द्वारा कन्या-जन्म पर अश्रु बहाने या दहेज के लिए कन्या को कोसने का उल्लेख है और न ही पति-गृह में किसी वधू को दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आशय । वैदिक समाज तो उस स्वस्थ मन-मस्तिष्क वाले आर्यों का समाज था, जहाँ सद्‌भावनाओं के लिए स्थान था, साथ ही असत्यभाषी, हिंसक, पापी, द्वेषी और अहिताकांक्षी व्यक्ति को समूल नष्ट करने की प्रार्थना भी ईश्वर से की, जिससे समाज अथवा राष्ट्र में अनाचार को प्रश्रय न मिल सके, चाहे वह पुरुष हो या स्त्री ।

वह समाज के कमजोर व्यक्तियों की दान सहायता देकर करना अपना कर्तव्य समझता था, क्योंकि वह जानता था कि सुख-दु:ख रथ के चक्र के समान क्रमश: ऊपर-नीचे आने-जाने वाले हैं ; अत: आज समर्थ होने पर यदि वह किसी की सहायता करता है तो अवसर आने पर उसकी सहायता भी लोग नि:सङ्कोच करेंगे ।

सांसारिक जीवन के प्रत्येक कृत्य में वह ईश्वर का हस्तक्षेप मानता था । इसीलिए वह यज्ञ, प्रार्थना और स्तुति रूप उपासनाओं से शुभ कर्मों में ईश्वर की सहायता की अपेक्षा रखता था और अशुभ कर्मों तथा असत् तत्त्वों से दूर रखने की कामना हर क्षण करता था । इसीलिए यज्ञ, प्रार्थना और उपासना उसके जीवन का प्रमुख अंग थे, फिर भी अकर्मण्यता इसके इष्ट को प्रिय नहीं थी । चाटुकारिता से उसका ईश्वर क्रुद्ध हो जाता था । इस तथ्य को जानते हुए वह भद्र को संबोधित एक मन्त्र में यह भी कह जाता है कि 'हे रुद्र, हम केवल नमस्कारों से तुझे क्रुद्ध नहीं करें' ।[१]

दर्शन शास्त्र का एक प्रसिद्ध सिद्धान्त है कि प्रत्येक कार्य का कोई न कोई कारण अवश्य होता है और किसी प्रयोजन के बिना तो मन्दमति भी किसी कार्य में प्रवृत्त नहीं होता है । इस सिद्धान्त के अनुसार, वैदिक आर्य भी निरर्थक ही किसी कार्य में प्रवृत्त नहीं होते थे । प्रत्येक कार्य की भाँति उनकी आचारिक प्रवृत्ति भी उद्देश्यपूर्ण थी । अत: वैदिक संहिताओं में आचार में प्रवृत्त होने के निर्देश के साथ ही उसके सुफल का भी बहुश: वर्णन है ।

वैदिक आर्य तीन मुख्य एषणाओं—पुत्रैषणा, वित्तैषणा तथा लोकैषणा के वशीभूत थे । यद्यपि वे सर्वशक्तिमान सत्ता के विषय में अधिकाधिक जानने के लिए उत्सुक रहते थे, तथापि इहलोक-परलोक के प्रति सदैव सजग रहते थे । धन-धान्य से सम्पन्न होकर भौतिक सुख-ऐश्वर्यों; पुत्र-पौत्रों के साथ शारीरिक, मानसिक

१. मा त्वा रुद्र चुक्रुधः धामा नमोभिः— ऋ. २.३३.४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शक्ति से युक्त होकर सौ वर्षों तक जीने तथा दान आदि उत्तम कर्मों के द्वारा यश पाने की कामना सदैव करते रहते थे। इसका प्रमुख कारण यही है कि उन्हें ज्ञात था कि संन्यास से मोक्ष नहीं, पलायनवादिता तथा कर्त्तव्यों से विमुख होना ही सम्भव है और अहिंसा, सत्य, उदारता, पवित्रता तथा जीवन के विविध सम्बन्धों के प्रति अपने कर्त्तव्यों का उचित निर्वाह इस लोक तथा परलोक—दोनों में लाभदायक है। वे आचार का महत्त्व जानते थे, इसीलिए संहिताओं में अनेक स्थलों पर आचार के महत्त्व के विषय में पर्याप्त सामग्री उपलब्ध होती है।

सत्य बोलनेवाला शुभ कर्म करके पार हो जाता है;[१] सत्यरूप परम तत्त्व का मुख सुवर्ण के पात्र से आच्छादित है[२]; ईर्ष्या-द्वेष करनेवाले मनुष्य को हिंसक पशु के मुख में डाल दो,[३] जो विद्वान् मित्र को छोड़ देता है उसकी वाणी, में कोई फल नहीं है। वह सब कुछ व्यर्थ ही सुनता है, वह सत्कर्म को नहीं जान सकता[४], हे ईश्वर तुम्हारे आश्रय में रहकर व्यक्ति भय का नाम तक नहीं जानता[५]: केवल अपना ही सुख और कल्याण चाहने वाला व्यक्ति सज्जन नहीं होता है[६], अज्ञानी मनुष्य (नरक में) विमज्जित होता है, डूब जाता है[७], दाताओं की मृत्यु नहीं होती है,[८] पुण्य से मनुष्य स्वर्ग प्राप्त करता है और इसके विपरीत फल को पाप से प्राप्त करता है[९]; कर्म-शून्य मनुष्य गड्ढे में जाता है[१०]; अतिथि-सेवा से गृहस्थ पृथ्वीलोक तथा अन्त में स्वर्गलोग को प्राप्त करता है[११], अग्नि की समिधा आहुति, वेदाध्ययन, नमस्कार आदि से परिचर्या करने वाला व्यक्ति अधिक यशस्वी होता है; उसे देवकृत और मनुष्यकृत पाप व्याप्त नहीं होते हैं,[१२] आदि।

इस प्रकार सभी आचारिक तत्त्वों के पालन का प्रतिफल लगभग एक समान भौतिक सुख-समृद्धि, सर्वजन-कल्याण, शान्ति और स्वर्ग की प्राप्ति बताया गया है। जहाँ जरामरणशून्यता का वर्णन है अथवा अमृतत्व की चर्चा है, उससे मोक्ष का अनुमान लगाया जा सकता है। अत: कहा जा सकता है कि स्पष्टत: पुरुषार्थ-चतुष्ट्य का उल्लेख न होने पर भी यही वैदिक आचार का लक्ष्य था। जहाँ वेदों में आचार या सदाचार का सुफल बताया गया है, वहाँ अनाचार या दुराचार का दुष्फल भी वर्णित है।

---

१. ऋ.,९.७३.१
२. Ref. 1
३. अथर्व,२.१९-२३
४. ऋ.,१०.७१.६
५. ऋ.,१०.३५.१४
६. ऋ.,८.८७.१८
७. ऋ.,९.६४.२१
८. ऋ.,१०.१०७.८
९. अथर्व.,११.८.३३
१०. ऋ.,९.७३.९
११. अथर्व.,९.६
१२. ऋ.,८.१९.५,१०,१३,१४,१२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वस्तुत: किसी भी वस्तु के दो पहलू होते हैं। यदि किसी वस्तु का सकारात्मक भाव होगा तो नकारात्मक भी अवश्य होगा। इसीलिए वेदों में द्यूत-व्यसनी का वर्णन तथा अन्य अनाचारों का वर्णन देखकर यह नहीं समझ लेना चाहिए कि वैदिक समाज में अनाचार ही सर्वत्र फूला-फला हुआ था, क्योंकि यह आवश्यक नहीं है कि किसी रोग के हो जाने पर ही उसका उपचार खोजा जाये। रोग होने की आशंका होते ही रोग का उपचार खोज लेना अधिक बुद्धिमानी होती है। इसी प्रकार सत्य के साथ असत्य की कल्पना, पुण्य के साथ पाप की कल्पना, सुख के साथ दु:ख की कल्पना, अहिंसा के साथ हिंसा की कल्पना या किसी भी सदाचार के विपरीत अनाचार का वर्णन आचार-शास्त्र का वैशिष्ट्य ही है। द्यूत-व्यसनी को सम्बोधित करके उसे द्यूत-कर्म से विरत करने का प्रसंग लक्षणात्मक भी माना जा सकता है। यदि वास्तविकता भी मान ली जाये तो 'अपवादा: सर्वत्र वर्तन्ते' के अनुसार अपवादस्वरूप एकाध अनाचार के उदाहरण मिल भी जायें तो कोई अन्तर नहीं पड़ता है। और फिर, द्यूत-व्यसनी की दुर्दशा देखकर कौन सद्‌बुद्धि उसका अनुकरण करने का साहस करेगा। वैदिक आर्य का आदर्श वह द्यूत-व्यसनी नहीं, उसका आराध्य था, जो आचार की प्रतिमूर्ति था, आदर्शरूप आराध्य में उसने आचारिक तत्त्वों का अवलोकन और प्रतिष्ठापन बार-बार इसीलिए किया कि उनसे प्रेरणा-प्राप्त मानव-मात्र में सदाचार का प्रचार-प्रसार हो। वह इस प्रकार जीवन व्यतीत करना चाहता था कि स्वयं के लिए तो सुखकर और कल्याणकर हो ही, समाज के अन्य लोगों तथा प्राणिमात्र को भी सुख पहुँचाने वाला और कल्याण करने वाला हो।

वैदिक मानव ने सदैव दिव्य गुणों की कामना की और दिव्य गुण दुराचार के लिए नहीं होते हैं।

इस प्रकार सम्पूर्ण वेदों में एक विशालकाय आचार-शास्त्र निहित है। तो यह कहना चाहिए कि वैदिक संहिताएँ एक समृद्ध आचार-शास्त्र के रूप में हमारे समक्ष उपस्थित हो सकती हैं। उल्लेखनीय है कि उस आचार-शास्त्र में वर्णित है कि 'आदर्श समाज के लिए न तो उलूक के समान चरित्र वाले व्यक्ति चाहिए (जो कार्य के समय सोते रहें और विश्राम के समय जागें तथा दूसरों की निद्रा में बाधा डालें) और न ही भेड़िये के समान दूसरों की हिंसा करके अपनी उदरपूर्ति करनेवाले चरित्रहीन चोर चाहिए। स्वान की भाँति स्वामी के आगे दुम हिलाने वाले विवेकहीन चाटुकार व्यक्ति भी आदर्श समाज नहीं बना सकते। रूप, विशालता और गति के मद में अन्ध गरुण की भाँति मदान्ध व्यक्ति भी आदर्श समाज नहीं बना सकते हैं। गिद्ध के समान लोभी व्यक्तियों से भी समाज नहीं बनता है।[१]

अत: छल-प्रपञ्च से रहित सरल स्वभाववाले स्वार्थ से ऊपर उठकर व्यक्तिगत जीवन को आचारनिष्ठ बनाने वाले; परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पित होकर सबको साथ लेकर चलने वाले, सबकी उन्नति की कामना करना सिखाने वाली केवल एकदेशीय एककालिक नहीं, सार्वभौम सार्वकालिक आचार स्थापित करने वाली वैदिक संहिताएँ यदि वैदिक आचार-शास्त्र वैदिक संस्कृति से अभिहित की जायें तो अत्युक्ति न होगी।

---

१. उलूकयातु शशुलूकयातुं जहि श्वयातुमुत कोकयातुम्।
सुपर्णयातुमुत गृध्रयातुं दृषदेन अ मृण रक्ष इन्द्र ॥ ऋ.७.१०४.२२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्प्रेषण कला का सर्वोत्तम माध्यम—सूक्ति एवं लोकोक्ति

डॉ. गिरीशचन्द्र पन्त

'वाग्वै सम्राट् परम् ब्रह्म'[१]

वाङ् मे मनसि प्रतिष्ठिता, मनो मे वाचि प्रतिष्ठितम्।

विज्ञ की आत्मानुभूति तथा अभिव्यक्ति का सर्वोत्कृष्ट रूप है साहित्य। साहित्यकार साहित्यसृजन के द्वारा अपनी अभिव्यक्ति दो रूपों में प्रकट करता है — (१) प्रत्यक्ष (direct) और (२) परोक्ष (indirect), इन दोनों रूपों में परोक्ष रूप साहित्यकार की चमत्काराभिव्यक्ति का पोषक है। भारतीय काव्यालोचन की परम्परा में स्थापित ध्वनि-सिद्धान्त की मूल व्यञ्जनावृत्ति काव्य के परोक्ष कथन का ही व्यवस्थित संगठन है।

परोक्ष कथन हमेशा गूढ़, चिन्तानापेक्ष, विचारवैविध्य तथा व्यङ्ग्यप्रधान होने से सहृदय समालोचकों और विचारवीथिविस्तारकों की समुन्नत लेखनी का विषय बन जाता है। व्याख्यासमपेक्ष इन कथनों की एकविधि 'सूक्ति और लोकोक्ति' नाम से जानी जाती है। सूक्ति को परिभाषित करते हुए Ludwikk Stern bach ने लिखा है —

Sūkti from Su + Ukti means wise or good saying, beautiful verse or stanza, beautiful saying.

लोकोक्ति के सन्दर्भ में उनका कथन है—

Lokoktiḥ from Loka and Uktiḥ means people's talk, a genaral or common or popular syaing, public opinion, a proverb.

स्टर्नवाख की इस स्पष्टीकरणविषयक धारणा से दोनों पारिभाषिक शब्दों का अन्तर स्पष्ट हो जाता है। संस्कृत वाङ्मय में प्राप्त सुभाषितों तथा सूक्ति वचनों को आज अनेक संकलनों[२] के रूप में एकत्र किया गया है, और किया जा रहा है, परन्तु लोकोक्तियाँ आज भी बिखरी हुई यत्र- तत्र-सर्वत्र की स्थिति में हैं।

---

१. वृहदारण्यक उपनिषद्।

२. द्रष्टव्य, सदुक्तिकर्णामृत, सुभाषितरत्नभाण्डागार, सुभाषितावली, इत्यादि।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लोकोक्ति, अर्थात् लोक की उक्ति, स्माज उसे अपनी मानता है। इसलिए वह लोकोक्ति कहलाती है। इन्हें 'अनुभव की दुहिता' कहा जा सकता है। जब कोई उक्ति संक्षेप, सारगर्भिता और सप्राणता—इन तीनों गुणों के रहते हुए लोकप्रियता का वरण करती है, तब वह लोकोक्ति कहलाती है। अपने कथन की पुष्टि में शिक्षा या चेतावनी देने के उद्देश्य से किसी कथ्य को प्रमाण रूप में कहने के अभिप्राय से अथवा उपालम्भ या व्यङ्ग्य कसने के लिए अपने में स्वतन्त्र अर्थ रखनेवाली जिस लोक-प्रचलित, सारगर्भित संक्षिप्त तथा चटपटी उक्ति का प्रयोग किया जाता है, वह लोकोक्ति है।

वाल्मीकि ने लोकोक्ति के लिए प्रवाद[१], लोकप्रवाह[२] का प्रयोग किया है। जहाँ तक लोकोक्तियों के महत्त्व का प्रश्न है, ये जनसमुद्र में बिखरे हुए रत्न हैं। इन रत्नों को किसने बिखेरा है, इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहा जा सकता है। इतना निश्चित है कि एकान्त में बैठकर इन लोकोक्तियों की रचना नहीं की गयी, प्रत्युत् जीवन की प्रत्यक्ष वास्तविकताओं ने लोकोक्तियों को जन्म दिया। मानव-जीवन की आवश्यकताओं के साथ इनका सापेक्ष सम्बन्ध है तथा मानव-मूल्यों के प्रति आस्था जागृत करने में इनका महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। ये न तो किसी प्रकार के धार्मिक सिद्धान्त हैं, न ही अनुशासन वाक्य जो कर्तव्य कर्म के लिए बाध्य करते हों। ये ऐसे मानव- मूल्य हैं, जो समाज, परिवार, राज्य और व्यक्ति के दायित्व के प्रति जागृति पैदा करते हैं। वस्तुतः ये सूक्ष्म वाक्य कार्य और अकार्य की नैतिकता व अनैतिकता के मूलभूत आधार हैं।

सम्प्रेषणीयता और लोकोक्ति — सम्प्रेषणीयता एक अध्यापक का सबसे बड़ा गुण माना गया है। ज्ञान के साथ सम्प्रेषणीयता का अन्योन्याश्रित सम्बन्ध है—

शिष्टा क्रिया कस्यचिदात्मसंस्था
संक्रान्तिरन्यस्य विशेषयुक्ता।
यस्योभयं साधु स शिक्षकाणां
धुरिप्रतिष्ठापयितव्य एव ॥[३]

एक अध्यापक ज्ञान रखता है, दूसरा ज्ञान का प्रसार तथा प्रकाश करने में चतुर है। परन्तु इन दोनों में ही जो सिद्धहस्त हैं, वही सबका शिरोमणि है।

साहित्य-शिक्षण के सन्दर्भ में यह कहा जा सकता है कि किसी भी साहित्य विधा के अध्यापन और अध्याप्य विषय के सम्प्रेषण में सूक्तियों और लोकोक्तियों के बहुशः प्रयोग को सर्वाधिक प्रभावी पाया गया है। यदि प्रथमतः महाकवि कालिदास को ही लें तो उनके द्वारा विरचित कुमारसम्भव महाकाव्य में लगभग २६,

१. प्रवादः सत्य एवायं त्वां प्रति प्रायशो नृपः।
पतिव्रतानां नाकस्मात्पतन्त्यश्रूणि भूतले ॥रामायण,६.४६७

२. लोकप्रवादः सत्योऽयं पंडितैः समुदाहृतः
अकाले दुर्लभो मृत्युः स्त्रिया व पुरुषस्य वा ॥वही,५.२५.१२

३. मालविकाग्निमित्रम १.१६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अभिज्ञानशाकुन्तलम् में लगभग १८ और मेघदूतम् में लगभग १० ऐसी उक्तियाँ प्राप्त होती हैं, जिन्हें हम लोकोक्ति के पास पाते हैं। इनमें भूष्यभूषणभावः[१], विषवृक्षोऽपि संवर्ध्य स्वयं छेत्तुमसाम्प्रतम्[२], न धर्मवृद्धेषु वयः समीक्षते[३], कः करः प्रसारयेत् पन्नगरत्न सूचये[४], क्लेशः फलेन हि पुनर्नवतां विधत्ते। अतिस्नेहः पापशङ्की[५] अनतिक्रमणीयानि श्रेयांसि[६], अनार्यः पदारव्यवहारः[७], अर्थो हि कन्या परकीय एव[८], कामी स्वतां पश्यति[९] उत्सवप्रियास्तु मनुष्याः[१०], कामार्ता हि प्रकृतिकृपणा चेतनाचेतनेषु[११], याञ्चा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा, रिक्तः सर्वो भवतिहिलघु पूर्णता गौरवाय[१२], सूर्यापाये न खलु कमलं पुष्यति स्वामभिख्याम्।[१३] नीचैर्गच्छत्युपरि च दशा चक्रनेमिक्रमेण[१४], अरण्ये रुदितम् मया[१५] इत्यादि प्रमुख हैं।

साहित्यशिक्षण का विषय चाहे सामाजिक हो या राजनैतिक, आर्थिक हो या धार्मिक, सभी पक्षों की गम्भीरता को सूक्तियों तथा लोकोक्तियों के माध्यम में उजागर किया जा सकता है। 'शठे शाठ्यं समाचरेत्, यथा यज्ञस्तथा बलिः', 'यादृशी मुखं तादृशी चपेटा' आदि उक्तियाँ जहाँ सामाजिक व्यवहार के प्रयोग पक्ष को बताती हैं, बहुदोषा हि शर्वरी[१६] जैसी उक्ति काल व्यवहार के औचित्य की ओर ध्यान दिलाती है।

इसी प्रकार पुष्पार्थिनः सिञ्चन्ति अद्भिः तरुम्,[१७] योग्येनार्थः कस्य न स्याज्जनेन,[१८] न्यायाधारा हि साधवः[१९] आदि उक्तियाँ व्यक्ति के उत्कृष्ट वैयक्तिक गुणों पर प्रकाश डालती हैं।

---

१. कुमार सम्भवम्, १.४२,
२. .५५
३. १.१६
४. ५. २
५. अ.शा.४.१९.१२
६. अ.शा.७.९
७. वही,७.२०
८. ५.२२
९. २.२
१०. अ० शा०, अंक ६
११. मेघदूतम्, १.५
१२. वही,१.२०
१३. वही,२.१९
१४. वही,२.४८
१५. वही
१६. मृच्छ०
१७. चा० सू०
१८. माघ,१८.६६
१९. भारवि,११.३०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यदि अध्यापन में किसी आर्थिक पक्ष पर चर्चा कर रहे हैं तो ऐसी अनेक प्रसिद्ध उक्तियाँ हैं, जिनका हम प्रयोग कर सकते हैं, यथा— अन्यायोपार्जितेनैव द्रव्येण सुकृतं कृतम्,[१] भाग्यक्रमेण हि धनानि भवन्ति यान्ति,[२] अस्थिरे जीविते ह्यास्था का धनेषु मनस्विनः[३], न नरस्य नरो दासो दासस्त्वर्थस्य भूयते[४] आदि ।

साहित्य-शिक्षण का विषय यदि कहीं राजनीति से जुड़ा हो तो प्रासंगिक होने पर अनेकानेक उक्तियाँ उपस्थापित की जा सकती हैं, यथा—राजा के सन्दर्भ में— 'वाराङ्गनेव नृपतिरनेकरूपा'[५], 'मैत्री च प्रायः कार्यव्यपेक्षिणी'[६] 'दुराराध्या हि राज्यलक्ष्मीरात्मवद्भिरपि राजभिः'[७] 'प्रायो नृपा नियमशून्यमनोनुभावा'[८] इत्यादि जैसी भाव विशेष की पूर्ति या समर्थन में ऐसी प्रसिद्ध उक्तियाँ व्यक्त की जा सकती हैं, यथा—वैदेही तु कथं भविष्यति ह हा हा देवि धीरा भव,[९] के समर्थन में यह उक्ति कही जा सकती है कि 'पुरन्ध्रीणां चित्तं कुसुमसुकुमारं हि भवति' ।

निष्कर्ष रूप में कथ्य यह है कि साहित्य-शिक्षण में किसी विषय को प्रभावोत्पादक और ग्राह्य बनाने में इन प्रसिद्ध तथा सूत्र रूप में व्यक्त की गयी बहुमूल्य उक्तियों का प्रयोग किया जाना चाहिए और इन उक्तियों के कण्ठस्थीकरण पर बल देना चाहिए ।

---

१. भा० पु०, १३.१२८
२. मृच्छ०, १.१३
३. कथा० स० सा०
४. हितो०, ३.७८
५. नीति, ३८
६. ह० च०, ७
७. मु० रा०, ३.७
८. प्रतिमानाटकम्, ३.२३
९. उ० रा० च०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"अहमर्थ" पर आचार्य वेदान्त देशिक का विचार

केदार प्रसाद परोहा

विशिष्टद्वैत मत में अहमर्थ ही आत्मा है। अद्वैत वेदान्त में - संवित, अनुभूति, ज्ञान को आत्मा मानते हैं। विचार करते हुये इसका आशय इस प्रकार है- यदि ज्ञान के द्वारा आत्मा को मानते हैं, तो एक ज्ञान दूसरे क्षण नष्ट हो जाता है, अत: ज्ञानात्मवाद अप्रमाणिक है, अपितु "अहमर्थ" ही प्रामाणिक है। इस सिद्धान्त को श्रुति, स्मृति एवं युक्तियों से भी प्रमाणित किया जाता है। "श्रीभाष्य" के जिज्ञासाधिकरण में इस विषय का विवेचन किया गया है।

अहमर्थो न चेदात्मा प्रत्यक्त्वं नात्मनो भवेत्।
अहंबुद्ध्या परागर्थात् प्रत्यगर्थो हि भिद्यते॥

निरस्ताखिलदु:खोऽहमत्यन्तानन्दभाक् स्वराट।
भवेयमिति मोक्षार्थश्रवणादौ प्रवर्त्तते।
अहमर्थविनाशश्चेन्मोक्ष इत्यध्यवस्यति॥

अपसर्पेदसौ मोक्षकथा प्रस्तावगन्धत:।
मयि नष्टेऽपि मत्तोऽन्या काचिज्ज्ञप्तिरवस्थिता।
इति तत्प्राप्तये यत्न: कस्यापि न भविष्यति॥

स्वसम्बन्धितया ह्यस्या: सत्ता विज्ञप्तितादि च।
स्वसम्बन्धिवियोगे तु ज्ञप्तिरेव न सिद्ध्यति॥

क्षेत्तु: क्षेत्रस्य चाभाषे च्छेदनादेरसिद्धिवत्।
अतोऽहमर्थो ज्ञातैव प्रत्यगात्मेति निश्चितम्॥

विज्ञातारमरे केन जानास्येवेति च श्रुति:।
एतद् यो वेत्ति तं प्राहु: क्षेत्रज्ञ इति च श्रुति:॥

नात्मा श्रुतेरित्यारभ्य सूत्रकारोऽपि वक्ष्यति।
ज्ञोऽत एवेत्यतो नात्मा ज्ञप्तिमात्रमिति स्थितम्॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इसलिए संविदात्मतावाद अप्रामाणिक है। 'अहं जानामि' इत्याकारक प्रत्यक्ष प्रतीति ही अहमर्थात्मत्व में प्रमाण है। इसी प्रतीति के आधार पर अहमर्थ का ज्ञानाश्रयत्व और आत्मत्व स्पष्ट रूप से प्रतीत होता है। संविद् के आत्मत्व में कुछ भी प्रमाण नहीं है। यहाँ सूक्ष्म दृष्टि से विचार करने पर ज्ञात होता है कि अहमर्थ ही अपने लिए स्वयं प्रकाशमान होने वाला पदार्थ है, उसके सम्बन्ध को प्राप्त होकर ही ज्ञान प्रकाशित होता है, दूसरों के प्रति नहीं। इसीलिए इसे अहमर्थ नहीं मान सकते।

विचारणीय बिन्दु

(१) यदि अव्यभिचरितप्रकाशसत्ताकत्व को "अहम्" का अर्थ माना जाए तो भी सुखादि में भी व्यभिचार हो जायेगा, क्योंकि सुख अनात्म है और सत्ताकाल में सबके प्रति प्रकाशमान है।

(२) सजातीय निरपेक्ष प्रकाशत्व रूप भी अजऽत्व नहीं मान सकते, क्योंकि दोपादि और घटादि में उसका कामचार है।

(३) यदि सर्वथा सजातीय निरपेक्ष को अजड़ मानें तो घटादिकों के द्रव्यत्वादि के द्वारा सजातीय प्रकाश सापेक्ष प्रकाशत्व होने के कारण व्यभिचार नहीं होगा। तब तो संविद् का भी हेतुमत्व असिद्ध हो जायेगा, क्योंकि वह भी आत्मसम्बन्ध सापेक्ष प्रकाशित है। यदि उसके प्रकाश में आत्मसम्बन्ध की अपेक्षा न होती तो यह स्वाश्रय व्यतिरिक्त पदार्थों के प्रति भी प्रकाशित होती है।

(४) यदि "स्वस्मै भासमानत्वमण्डत्वम" ऐसा लक्षण करेंगे तो संविद् में ही अन्याप्ति हो जायेगी, क्योंकि संविद अपने से भिन्न अहमर्घ के लिए प्रकाशमान है। संविद् अपने लिए प्रकाशित होती थी या अन्य के लिए, यदि अन्य के लिए प्रकाशित होती है तब तो घटारियत अनात्मा ही कही जायेगी। यदि कहा जाये अपने लिए कि प्रकाशित होना ही अजड़त्व है तो यह संविद् में असिद्ध है। अतः स्वस्मै प्रकाशमानत्व रूप अजऽत्व ही आत्मत्व साधक है, और वह अहमर्घ में ही है। इसलिए अहमर्घ ही आत्मा है- यह बात सरलता से सिद्ध हो जाती है। आगे और भी स्पष्ट रूप से विचारणीय है कि जो ज्ञाता होता हुआ क्षेय हो तथा क्षेय होता हुआ जो ज्ञाता हो, वही प्रत्यगात्मा हैं। यहाँ पर ज्ञाता और ज्ञेय एक हो जाते हैं एवं ज्ञाता तथा श्रेय का एक होना ही आत्मत्प है, जो पदार्थ ज्ञान का विषय होते हुए ज्ञान का आश्रय हो, वही आत्मा है और ज्ञेयाभिन्न जातव्व ही आत्मत्व है।

अहमर्थ आत्मा स्वयं प्रकाश होने के कारण ज्ञानस्वरूप है, साथ ही निराश्रय भी है, क्योंकि उसका कोई आश्रय नहीं है। अहमर्थ का आश्रय लेकर रहनेवाला धर्मभूत ज्ञान साश्रय है। ये दोनों स्थिर हैं। इनमें निराश्रय अहमर्थ रूपी ज्ञान का जातृत्व सिद्ध किया जाता है या साश्रय धर्मभूत ज्ञान का?

यदि प्रथम पक्ष लिया जाता है, तब तो वह हमें भी इष्ट है, क्योंकि हम भी अहमर्थ को ज्ञाता मानते ही हैं। यदि अहमर्थ से व्यतिरिक्त किसी दूसरे निराश्रय ज्ञान के सद्भाव को मानकर उसका ज्ञातृत्व सिद्ध किया जाता है तो आश्रयासिद्धि दोष हो जायेगा, क्योंकि इस प्रकार निराश्रय ज्ञान मानने में प्रत्यक्षादि विरोध है। "अपने लिए भासित होना"— इस अर्थ को आत्मत्व मानकर उसे अनुभूति में सिद्ध किया जाये तो प्रत्यक्ष विरोध होगा, क्योंकि अनुभूति अपने लिए भासित होने वाला पदार्थ ही नहीं है। अतः तृतीय पक्ष में भी अनुभूति में आत्मत्व

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का अभाव ही कल्पित होता है । जो रहते समय सदा प्रकाशित रहे, वह आत्मा है और सदा प्रकाशित रहना आत्मत्व है । इस प्रकार का आत्मत्व अनुभूति में सिद्ध किया जाये तो हमारे मत में सिद्ध साधन होगा । क्योंकि हमलोग अनुभूति को विषय-प्रकाशन बेला में सदा प्रकाशित रहनेवाला पदार्थ मानते हैं । इसके अनुसार सुख-दु:खादि को भी आत्मा मानना पड़ेगा । अत: उक्त रीति से भी अनुभूति में आत्मत्व सिद्ध नहीं किया जा सकता ।

"अहं जानामि"— इस वाक्य से अहमर्थ भाषा का धर्मस्वरूप से और ज्ञान का तद्धर्म भूतरूप से अनुभव किया जाता है, क्योंकि आत्मा ज्ञान का आश्रय है, और ज्ञान उसका आश्रित पदार्थ है । अत: उक्त अनुमान से यदि आश्रित ज्ञान परार्थ के साथ आश्रय आत्मा से अभेद सिद्ध करने की चेष्टा की जायेगी तो व्याघात दोष होगा। क्योंकि धर्म और धर्मी का भेद अवश्यम्भावी है । यदि धर्मी अहमर्थ आत्मा के ज्ञानरूपत्व का साधन किया जायेगा तो भी सिद्ध साधन दोष होगा । क्योंकि विशिष्टाद्वैत मत में भी स्वयं प्रकाश रूप होने के कारण आत्मा ज्ञानस्वरूप माना जाता है । साथ ही धर्म भूतज्ञान रूपी दूसरे व्यक्ति का आश्रय भी माना जाता है ।

विशिष्टाद्वैत मत में धर्मभूतज्ञान जो अहमर्थ आत्मा कहलाता है तथा धर्मभूतज्ञान, जो अहमर्थ आत्मा का आश्रय लेकर रहते हुए बाह्य विषयों को ग्रहण करता है । इस प्रकार दो ज्ञान मानने में गौरव है । इसकी अपेक्षा ज्ञानशब्द वाक्य-ज्ञान में ही विषयोल्लेख रूपी अवस्थाओं को मानने में लाघव है । अत: यही मानना उचित है। ज्ञान का यह स्वभाव है कि वह विषयों का उल्लेख करता हुआ ही उत्पन्न होता है । ज्ञान में यह स्वभाव दृष्टिगोचर नहीं होता कि वह पहले से विद्यमान रहते हुए भी कभी विषय का उल्लेख करता हो और कर्म न करता हो। निर्विषयक ज्ञान की स्थिति किसी भी प्रमाण से सिद्ध नहीं हो सकती । 'आत्म' शब्द वाच्य पदार्थ में जो विषयोल्लेख रूपी अवस्था में जब होती है, विषयों का उल्लेख करती हुई ही उत्पन्न होती हैं । विषयोल्लेख स्वरूप अवस्था ज्ञान है, उसका आश्रय आत्मा है । ऐसा मानने पर आत्मा को ज्ञाता, अर्थात् ज्ञान का आश्रय मानना पड़ेगा । अत: उक्त रीति से अद्वैत वेदान्तियों को भी आत्म रूपी ज्ञान को ज्ञाता मानना पड़ेगा । ज्ञाता आत्मा अहमर्थ है, ऐसा मानने पर भी यह प्रश्न उठता है कि ज्ञाता आत्मा अहमर्थ है, उसका आश्रय लेकर उसमें एक द्रव्य रहता है, जो सामग्री के अनुसार विषयोल्लेख रूप अनेक अवस्थाओं को प्राप्त होता है । यह विशिष्टाद्वैतवादियों का अभिमत है।

इस प्रकार विचार करने पर यही सिद्ध होता है कि अहमर्थ आत्मा ही है, न कि संविद् । अपितु ज्ञान अनुभूति रूप संविद् का आश्रय आत्मा है । यदि हम संविद् को आत्मा मानने के लिए प्रस्तुत हो जायें तो आत्मा के ज्ञान रूपत्व प्रतिपादन करनेवाले शास्त्र का कोई श्रोता नहीं मिलेगा, क्योंकि अद्वैत मत में भी आत्मभिन्नत्व के प्रति उपदेश दिया जाता है, ऐसा स्वीकार नहीं किया जाता । अद्वैत मत में संविद् मात्र रूप आत्मा माना जाता है, जो ज्ञातृत्व भाव से श्रवण करने में समर्थ नहीं हो सकता, शास्त्र में अनुष्ठानरूप अप्रमाण्या का प्रसङ्ग उपस्थित हो जायेगा ।

अत: ज्ञातृत्व, कर्तृत्व, भोक्तृत्व, विशिष्ट आत्मा को ही अहमर्थ मानना चाहिए ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्रीवल्लभचैतन्य के मतानुसार श्रीमद्भागवत का अर्थघटन—एक अपूर्व विमर्श

डॉ. कालिन्दी पाठक

०१. श्रीमद्भागवतमहापुराण में दशम स्कन्ध समग्र भागवतपुराण का प्राण है। दशम स्कन्ध के तीसरे अध्याय में कृष्णजन्म का वर्णन मिलता है।

०२. कृष्णजन्म के पूर्व के काल, दिशा, भूमि, जल, वनस्पति, वायु, अग्नि इत्यादि के वर्णन के द्वारा प्रकट हुए शुभसंकेतों को वेदव्यास ने तृतीय अध्याय के प्रारंभिक श्लोकों में दर्शाया है। वेदव्यास ने कृष्णजन्म के पूर्व शुभसूचक स्थूल परिस्थिति या अधिकारी नैमित्तिक गुणों का सुन्दर वर्णन सरल शब्दों में किया है। श्रीमद्भागवतमहापुराण के परम रहस्य को यथार्थ रूप से कौन जानता है? इस विषय में परम्परा से यह पद्य प्रसिद्ध है—

व्यासो वेत्ति शुको वेत्ति तृतीयो वेत्ति वा न वा।
श्रीधरः सकलं वेत्ति श्रीनृसिंहप्रसादतः॥

इस पद्य के अनुसार तो भागवत के रहस्य को केवल श्रीधर यथार्थ रूप से जानते हैं, परन्तु श्रीमद्भागवतपुराण पर टीका लिखने वाले जीव गोस्वामी और विठ्ठलेश महाप्रभुजी ने भी वेदव्यास की सरल और प्रसादगुणयुक्त भाषा का भिन्न तथा चमत्कृतिपूर्ण अर्थघटन किया है। प्रारंभ के दस श्लोकों की टीका में दोनों टीकाकारों ने जिस भिन्न-भिन्न दृष्टिकोण से भिन्न-भिन्न अर्थघटन किया है, उसका निरूपण इस शोधपत्र का विषय है।

१.० ईश्वरप्राकट्य के समय अधिकारी नैमित्तिक गुणों का विशेष प्रभाव न दर्शाया जाये तो ईश्वरजन्म भी सामान्य घटना गिनी जायेगी। इसलिए वेदव्यास ने प्रारंभिक श्लोकों में परिवर्तित अधिकारी नैमित्तिक गुणों का वर्णन किया है। अजन्मा के जन्म का वर्णन करते समय जिन शुभसंकेतों का प्रभाव—दिशा, काल, भूमि, जल, वायु और अग्नि से प्रकट होता है, उसका वर्णन वेदव्यास ने चार श्लोकों में अत्यन्त सरल भाषा में किया है। प्रथम श्लोक में वह लिखते हैं कि 'अजन्मा का जन्म हो रहा था, उस समय काल भी उनके जन्म शोभित करे। ऐसे गुणों को प्रकट करता है, यानी काल के अवयव रूप ग्रह शान्त हैं और ताराओं की स्थिति से रचित नक्षत्र भी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शान्त थे। इस प्रकार सर्वसुन्दर गुणों से युक्त होने के कारण काल अन्यन्त दर्शनीय था।[१] दूसरे श्लोक में वेदव्यास दसों दिशाओं में व्याप्त शुभ प्रभावों का वर्णन करते हैं। कहीं भी दिशाओं में अनिष्ट दिखाई नहीं देता। सभी दिशाएँ प्रसन्न थीं। आकाश भी ताराओं से पूर्ण स्वच्छ और प्रकाशित है। दूसरे श्लोक के उत्तरार्ध में पृथ्वी का वर्णन किया गया है। स्वयं भगवान के आविर्भाव की शुभ घटना को सूचित करने वाले मङ्गल चिह्न पृथ्वी पर प्रकट हुए हैं। पृथ्वी पर नगर, गाँव आदि मांगलिक चिह्नवाले हैं और रत्नों से परिपूर्ण हैं।[२] तीसरे श्लोक में जल के गुणों का वर्णन किया है। नदियों का जल स्वच्छ था और सरोवर भी कमल के फूलों से शोभायमान थे। वन-उपवन में पुष्पों के गुच्छ पर भ्रमर गुंजन करते थे।[३] व्यास ने चौथे श्लोक के पूर्वार्ध में वायु के सुन्दर गुणों का वर्णन किया है। शीतल, स्वच्छ, सुगन्धित पवन बह रहा था। ब्राह्मणों के द्वारा प्रज्वलित अग्नि भी शान्त एवं सुप्रज्वलित थे।[४] अर्थात् उसका ताप सहन कर सके, ऐसा था। व्यासजी ने अत्यन्त सरल भाषा में जो वर्णन किया है, उससे एक सुन्दर मनोहर चित्र उपस्थित हुआ है।

१.१ जीव गोस्वामी जी ने व्यास की इस वाणी का अर्थघटन किस रूप में किया है— यह हम देखें। व्यास जी ने काल के गुणों का वर्णन करते समय प्रथम श्लोक के दूसरे चरण में लिखा है।'यर्हि एव अजन जन्मर्क्षं शान्तऋक्षग्रहतारकम्'। यहाँ 'जन्मर्क्षम्' अर्थात् भगवान के जन्म का योग्यकाल—वह काल कौन सा हो सकता है? इस बात को स्पष्ट करने के लिए 'जन्मर्क्षम्' पद को समझाते हुए ज्योतिष के ग्रन्थों का उल्लेख करते हैं।[५]

व्यास ने जल के गुणों का वर्णन करते समय 'प्रसन्नसलिला' विशेषण का प्रयोग किया है। जीवगोस्वामी के मतानुसार, यह विशेषण 'नदी' और 'हृद'— दोनों के लिए उपयुक्त है। व्यास ने वायु के गुणों का वर्णन करते समय उनके लिए 'शुचि' विशेषण का प्रयोग किया है। वैसे तो 'शुचि' शब्द का अर्थ पवित्र होता है। जो निर्मल और शुद्ध हो, वह पवित्र माना जाता है। इसलिए जीव गोस्वामी 'शुचि' पद का पर्याय 'निर्मल' ऐसा करके सूचित करते हैं कि पवन के साथ धूल नहीं थी[६]; सिर्फ शीतल, सुगन्धित और स्वच्छ पवन ही धीरे धीरे बह रही थी।

---

१. अथ सर्वगुणोपेतः कालः परमशोभनः।
यर्ह्येवाजनजन्मर्क्षं शान्तर्क्षग्रहतारकम् ॥ १०-३-१ श्रीमद्‌भागवतपुराणम्,

२. दिशः प्रसेदुर्गगनं निर्मलोडुगणोदयम्।
मही मङ्गलभूयिष्ठपुरग्रामव्रजाकरा ॥ १०-३-२ ॥ श्रीमद्‌भागवतपुराणम्,

३. नद्यः प्रसन्नसलिला हृदा जलरुहश्रियः।
द्विजालिकुलसंनादस्तबका वनराजयः ॥ १०-३-३ श्रीमद्‌भागवतपुराणम्,

४. ववौ वायुः सुखस्पर्शः पुण्यगन्धवहः शुचिः।
अग्नयश्च द्विजातीनां शान्तास्तत्र समिन्धत ॥ १०-३-८ श्रीमद्‌भागवतपुराणम् * समेधिताः—इति कस्यचित्।

५. —शान्तर्क्षादिकत्वं तस्मिंस्तु रोहिणीदिने सर्वेषामृक्षादीनामुग्र दृष्टित्वराहित्यादिना तच्चोग्रादीनामुग्रत्वादिपरिहारादेः अत्र विशेषश्चोक्तः खमाणिक्यनाम्नि ज्योतिग्रंथे "उच्चस्थाः शशिभौमचांद्रिशनयो लग्नं वृषो लाभगो जीवः सिंहतुलादिषु क्रमवशात् पुषोशनोराहवः। नैशीथः समयोऽष्टमीबुधदिनं ब्रह्मर्क्षमत्र क्षणे श्रीकृष्णाभिधम्बुजेक्षणमभूदाविः परब्रह्म तत्।" इति किञ्चान्यत्र "वृषकन्या तुलामीनराजेषु स्फुटमुच्चगाः सोमसौम्यशनिक्षोणीसुतास्तज्जन्मनि स्थिताः। १०-३-१ इत्यत्र श्रीमज्जीवगोस्वामिरचिता वैष्णवतोषिणीटीका.—४०८

६. शुचिः निर्मल इति धूल्याद्यसम्बन्धेन मान्द्यमुक्तं—। १०-२-३

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चौथे श्लोक के उत्तरार्ध में अग्नि के गुणों का वर्णन करते हुए व्यासजी 'अग्नयः च समिन्धत, वाक्य का प्रयोग करते हैं। यहाँ जीवगोस्वामी 'समिन्धतः' क्रियापद का अर्थ 'निर्वाणप्रायाः' करते हैं, क्योंकि श्लोक के पूर्वार्ध में वायु को 'शीतल' कहा गया है और 'च' संयोजक से उत्तरार्ध को पूर्वार्ध के साथ जोड़ा गया है। यदि 'समिन्धतः' का अर्थ अन्य टीकाकारों की तरह 'सुप्रज्वलित' ऐसा करेंगे तो यह प्रश्न उपस्थित होता है कि अग्नि यदि सुप्रज्वलित है तो पवन किस प्रकार शीतल हो सकती है ? वह भी गरम ही होगी। तभी तो श्लोक के पूर्वार्ध और उत्तरार्ध के अर्थघटन में विरोधाभास उपस्थित होता है। इसलिए जीव गोस्वामी 'समिन्धतः' का अर्थ 'सुप्रज्वलितः' ऐसा न करके "जिसकी प्रदक्षिणा की जा सके" ऐसे सह्य तापवाला ऐसा करते हैं।[१]

१.२ व्यास ने प्रथम चार श्लोकों में जो वर्णन किया है, उसे विट्ठलेश महाप्रभुजी ने सुन्दर रूप से वर्गीकृत करके समझाया है। विश्व में घटित होने वाली किसी भी घटना के दो शाश्वत अधिकरण है— काल और स्थल। प्रथम श्लोक में व्यास ने कृष्णजन्म की घटना के कालरूप शाश्वत आधार को 'सर्वगुणसम्पन्न' कहा है। दूसरे श्लोक में व्यासजी ने भूमि, दिशा और आकाश का वर्णन किया है। विट्ठलेश महाप्रभु जी के मतानुसार, व्यास ने यह वर्णन अत्यन्त सूचक और तर्कपूर्ण दृष्टि से किया है। किसी भी घटना का शाश्वत आधार ऐसा स्थल (देश) त्रिविध है—अधोदेश-भूमि, परितदेश-दिशाएँ और उपरिदेश-आकाश। इस प्रकार विट्ठलेश महाप्रभु जी के मतानुसार, व्यास जी दूसरे श्लोक के वर्णन के द्वारा कहते हैं कि शाश्वत अधिष्ठानरूप त्रिविध देश भी अपने शुभ संकेतों को प्रकट करते हैं।[२] पहले और दूसरे श्लोक के वर्णन से ज्ञात होता है कि द्विविध शाश्वत आधार का यह लक्षण शुभसूचक है।

व्यास ने तीसरे और चौथे श्लोक में अनुक्रम से जल, वनस्पति, वायु और अग्नि के गुणों का वर्णन किया है। विट्ठलेश महाप्रभु जी पूर्वश्लोकों के विषय की दृष्टि से प्रस्तुत श्लोक के विषय का सुन्दर विभाजन करते हैं। उनके मतानुसार, प्रथम और द्वितीय श्लोक में काल और स्थलरूप शाश्वत अधिष्ठानों के गुणों का वर्णन करने के बाद अब तृतीय और चतुर्थ श्लोक के द्वारा व्यास जी ईश्वर के प्रभाव से भौतिक पदार्थों में व्याप्त मङ्गल-प्रभाव का वर्णन करते हैं।[३] जल के गुणों का वर्णन करते समय व्यास नदी और सरोवर—दोनों का वर्णन वे करते हैं। इस सन्दर्भ में विट्ठलेश महाप्रभु अत्यन्त सुन्दर व्याख्या करते हैं कि जल के तो अनेक प्रकार हैं, पर उसके दो मुख्य भेद हैं—स्थिर और गतिशील।[४] यहाँ व्यास जी 'नद्यः' पद से सभी प्रकार के गतिशील जल की

श्रीमद्भागवतपुराणम् इत्यत्र श्रीमज्जीवगोस्वामिरचिता वैष्णवतोषिणी टीका—पृ०-४०८

१. ....च शब्दोऽत्र वाय्वग्नयोर्युग्मतापेक्षया पूर्वोक्तसमुच्चये अत एव तत्र वायौ सतीत्यर्थः। शान्ता निर्वाणप्राया अपि यद्वा प्रदक्षिणवर्ताः सन्त इत्यर्थः १०-३-४ श्रीमद्भागवतपुराणम् इत्यत्र श्रीमज्जीवगोस्वामिनो वैष्णवतोषिणी टीका, पृ० ४०८

२. देशस्त्रिविधः अध उपरि परिश्चेति, तत्र परितो दिश उपरि द्यौरधो भूमिः, त्रयाणां दोषाभावपूर्वकं गुणा उच्यन्ते। १०-३-२ श्रीमद्भागवतपुराणम् इत्यत्र श्री सुबोधिनी— पृ० ४११

३. एवं देशकालयोर्गुणानुक्त्वा भौतिकानां तत्तद्भूतप्रधानानां गुणनाह। १०-३-३ श्रीमद्भागवतपुराणम् इत्यत्र श्री विट्ठलेश महाप्रभुणा विरचितम् श्री सुबोधिनी— पृ० ४११

४. ...यद्यप्यापो बहुविधा एकोनविंशतिभेदास्तथाप्युभयविधा एव स्थावरा वहन्त्यो वा, अत उभयानां गुणा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रसन्नता दर्शाते हैं, जबकि, हृदा पद से सभी प्रकार के स्थिर जल की प्रसन्नता दर्शाते हैं। विट्ठलेश महाप्रभु जी के मतानुसार, ह्रदा जलरुहश्रियः ऐसे पदों से व्यास जी का तात्पर्य सिर्फ रमणीय चित्र उपस्थित करना नहीं है, परंतु इन पदों का प्रयोजन अलग है। कमल तो जल का सारतत्त्व है। सरोवरों में कमलों के उदय के द्वारा जलरूप महाभूत ने अपने साररूप तत्त्व को प्रकट किया है।[१] उसके पश्चात् 'द्विजालिकुलसंनादस्तबकावनराजयः' पंक्ति से भी व्यास जी का एकमात्र उद्देश्य वनस्पतियों का सुन्दर चित्र उपस्थित करना नहीं है, पर यहाँ वर्णित पक्षी और भ्रमरयुक्त पुष्पगुच्छ सुगन्ध का निर्देश करते हैं। गन्ध पृथ्वी का गुण है, सारतत्त्व है। वेदव्यास यहाँ बताते हैं कि पृथ्वी रूपी महाभूत ने वन-उपवनों में सुगन्धित पुष्पगुच्छों के द्वारा अपने सारतत्त्व को प्रकट किया है।[२] विट्ठलेश महाप्रभु के मतानुसार 'पुण्यवन्धवहः' विशेषण सूचित करता है कि 'वायु भूमि के साररूप पुष्पगुच्छों की सुगन्ध को वहन करने का शुभ कार्य कर रहा है।[३] जबकि अग्नि का गुण प्रदीप्त होना है। इसलिए अग्नि ने कालनियन्ता के आविर्भाव के समय उनके प्रभाव से वशीभूत सुप्रदीप्त होकर अपने गुणों को प्रकट किया।

काल के नियामक भगवान के वशीभूत होकर पंचमहाभूतों ने इस प्रकार अपने सत्त्व को प्रकट किया। प्रकाशमान तारासमूह के द्वारा निर्मल आकाश ने, कमलों के उदय से जल ने, सुगन्धित पुष्पगुच्छों से पृथ्वी ने, सुगन्ध के वहन का कार्य करके वायु ने और प्रज्जवलित होकर अग्नि ने— इस प्रकार सभी ने अपने-अपने कार्यगुणों का प्रदर्शन किया।

२.० कारावास में वासुदेव ने जिस बालस्वरूप भगवान का सर्वप्रथम दर्शन किया है, वह कैसा है— इसका वर्णन व्यास नौवें और दसवें श्लोक में करते हैं। इस बालक की आँखें कमल जैसी सुन्दर हैं। उन्होंने अपनी चार भुजाओं में शङ्ख, गदा, चक्र, पद्म धारण किये हुए हैं। उनके वक्षःस्थल पर भृगु के पादप्रहार का चिह्न है। गले में कौस्तुभ मणि है। वे पीताम्बर धारण किये हुए हैं और सजल मेघ के समान शरीर का सुन्दर श्याम वर्णन है।[४] मुकुट में जड़ित वैदूर्य मणि की किरण और कान में पहने हुए कुण्डल की किरण उनके कुन्तल के आसपास दृश्यमान हो रही हैं। इसके उपरान्त चमकदार कटिबन्ध, बाजूबन्ध, कङ्कण आदि आभूषणों के तेज के कारण बालक का दर्शन किया जा सकता है।[५]

उच्यन्ते—कालनियन्तरि भगवति समागते नद्यः प्रसन्नं सलिलं यासां तादृश्यो जाताः, दोषनिवृत्तिपूर्वकः स्वाभाविकः गुणः उक्तः हृदाः स्थावराः। श्रीमद्भागवतपुराणम् १०-३-३ इत्यत्र श्री सुबोधिनी पृ०-४११-४१२

१. जलस्य योऽयं सारांशः स कमलादिः। १०-३-३ श्रीमद्भागवतपुराणम् इत्यत्र श्री सुबोधिनी, पृ०-४१२

२. भूमेर्गुणान् वक्तुं गन्धस्तस्या मुख्यो गुण इति स च पुष्पादिषु प्रसिद्ध इति गन्धरसकार्यकथनपूर्वकं पुष्पादिसम्पत्तियुक्तां वनरूपां भूमिमाह—। १०-३-३ श्रीमद्भागवतपुराणम् इत्यत्र श्री सुबोधिनी, पृ०-४१२

३. गन्धं च भूमेः वहतीति शुभकार्यं—१०-३-४ इत्यत्र श्री सुबोधिनी, पृष्ठ-४१२

४. तमद्भुतं बालकमम्बुजेक्षणं चतुर्भुजं शङ्खगदार्युदायुधम्। गदार्युदा-श्रीधर, वंशी, भक्त, द्युदायुधम्-गिरि। श्री वत्सलक्ष्मं गलशोभिकौस्तुभं पीताम्बरं सान्द्रपयोदसौभगम् ॥ १०-३-३ श्रीमद्भागवतपुराणम्।

५. महार्हवैदूर्यकिरीटकुण्डलत्विषा परिष्वक्तसहस्रकुन्तलम्।
वैदूर्य-श्रीधरः वंशी, विज. जीव गिरि भक्त।
उद्दामकाञ्च्यङ्गदकङ्कणादिभिर्विरोचमानं वसुदेव ऐक्षत ॥ १०-३-१० श्रीमद्भागवतपुराणम्

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

२.१ वसुदेव ने जिस बालस्वरूप भगवान को देखा है, उनका वर्णन वेदव्यास ने किया है, उसे जीव गोस्वामी जी स्थूल वर्णन के अर्थ में लेते हैं, परन्तु श्लोक में आये चतुर्भुज, शङ्खगदार्युदायुधम्, पद बालक के स्थूल वर्णन के साथ विरोधाभास उत्पन्न करते हैं कि सद्योत्पन्न बालक चतुर्भुज और आयुधों को धारण किया हुआ कैसे हो सकता है ?— तो जीव गोस्वामी इन पदों का प्रयोजन स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि जिस विष्णु ने कंस आदि दुष्ट तत्त्वों का वध करने के लिए बालस्वरूप धारण किया है, वह कंसहनन का कार्य शीघ्रता से पूर्ण होगा ।[1] शङ्खगदार्युदायुधम् पद में 'उत्' का अर्थ जीव गोस्वामी शीघ्र अथवा 'उद्यतानि उत्कृष्टानि' ऐसा करते हैं । व्यासजी ने जो वर्णन किया है, उसका जो वाच्यार्थ व्यक्त होता है, उसी अर्थ को स्वीकार कर जीव गोस्वामी इसके विषय में विशद टीका करते हैं ।

विट्ठलेश महाप्रभु जी व्यास के शब्दों से जो बालस्वरूप भगवान के स्थूल चित्ररूप का जो वाच्यार्थ उपस्थित होता है, उससे बिलकुल अलग अर्थघटन होता है । विट्ठलेश महाप्रभु के मतानुसार, नवम् श्लोक में बालक के देहसौन्दर्य का वर्णन करने वाले पद के द्वारा भगवान के छः लौकिक और छः वैदिक ऐश्वर्यों का बोध होता है । कृष्ण के बालस्वरूप का वर्णन करते हुए पदों से ही भिन्न भिन्न ऐश्वर्यों का प्रतिपादन करने के लिए विट्ठलेश महाप्रभु-'बालकम्, अम्बुजेक्षणम्, श्रीवत्सलक्ष्मं' इत्यादि पदों की विद्वत्तापूर्ण व्युत्पत्ति करते हैं । श्लोक में आये हुए पद्द से तो 'शिशु' इतना ही वाच्यार्थ प्राप्त होता है । लेकिन यह पद भगवान के लिए आया है, इसलिए विट्ठलेश महाप्रभुजी के मतानुसार, इस पद से भगवान के लौकिक 'यश' नामक ऐश्वर्य को व्यास ने सूचित किया है ।[2] इसे सिद्ध करने के लिए 'बालकम्' पद को इस तरह समझाते हैं[3]—

१. बाले बाले को ब्रह्मा, ब्रह्माण्डविग्रहो यस्य ।

२. बालः को ब्रह्मा यस्य ।

३. बालानामपि कं सुखं यस्मादिति ।

४. बलसम्बन्धिनो ये बालास्तेषां कं शिरोभूतम् ।

इस प्रकार बालक शब्द के 'बाल' और 'क'— इन दोनों शब्दों का भिन्न-भिन्न अर्थ लेकर भिन्न-भिन्न रूप से समासविग्रह करके 'बालक' पद का इतना अद्भुत अर्थघटन किया है कि इस पद के वाच्यार्थ का विस्मरण करा दिया है ।

---

१. ...बालकत्वेनैव प्रतीयमानं शङ्खादीनि उदिति झटिति ।
कंसादिहिंसनज्ञापनाय उद्यतानि उत्कृष्टानि आयुधानि...१०-३-९
श्रीमद्भागवतपुराणम् इत्यत्र श्री जीवगोस्वामिनः वैष्णवतोषिणी, पृष्ठः-४४७.

२. एवमद्भुतपराक्रमत्वेन यशो निरूपितम् । श्री भा. पु. १०-३-९ इत्यत्र श्री सुबोधिनी- पृ० - ४५०

३. श्रीमद्भागवतपुराणम् । १०-३-९ इत्यत्र श्रीसुबोधिनी पृ० -४५०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कृष्ण के सौन्दर्य का वर्णन करते हुए वेदव्यास ने उन्हें 'अम्बुजेक्षणम्' कहा है। विट्ठलेश महाप्रभु के मतानुसार इस पद से व्यास ने भगवान के 'श्री' नाम के लौकिक ऐश्वर्य का वर्णन किया है। इस अर्थ का प्रतिपादन करने के लिए 'अम्बुजेक्षणम्' पद को अलग अलग रीति से समझाया है।[१]

१. अम्बुजतुल्ये कमलतुल्ये ईक्षणे यस्य।

२. अम्बुजा वा लक्ष्मी: ईक्षणे यस्य।

३. अम्बुजौ वा सूर्यचन्द्रमसौ ईक्षणे यस्य।

४. अम्बुजे वा पञ्चाग्निविद्यया साधितरूपवती क्षणं ज्ञानं यस्य।

५. अम्बुजाया इ: कामस्तदेव क्षणं सुखं यस्य।

६. अम्बुजे ब्रह्माण्डे वा पालनार्थमीक्षणं यस्य।

७. अम्बुजायां पृथिव्यामेवेक्षमम् यस्य नान्यत्र।

८. अम्बुजायां लक्ष्म्यामीक्षणम् सुखं यस्य वा भोगायतनत्वात्।

इस प्रकार विट्ठलेश महाप्रभु के मतानुसार, 'अम्बुजेक्षण' पद में अम्बुज (कमल) सौन्दर्यप्रधान है, जबकि ईक्षण, अर्थात् नेत्र (ज्ञानेन्द्रिय) ज्ञानशक्ति प्रधान है। इन दोनों के अभेद से कहा जा सकता है कि इस पद से ज्ञानमयी 'श्री' का या ईश्वर की ज्ञानात्मिका शक्ति का निरूपण किया है।[२]

विट्ठलेश से मतानुसार, बालक के लिए आया हुआ चतुर्भुज पद ईश्वर की क्रियाशक्ति को दर्शाता है।[३] विट्ठलेश महाप्रभु के मतानुसार, सद्य:जात शिशु को 'चतुर्भुज' कहने का प्रयोजन यह है कि कृष्ण का जन्म मुक्तिदान, असुरवध, वंशवृद्धि और धर्मरक्षा—इस चार कार्यों को सम्पन्न करने के लिए हुआ है। या तो धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष—इन चार पुरुषार्थों; पृथ्वी, जल, तेज, वायु—ये चार महाभूत या धर्म, इन्द्र वरुण और कुबेर—ये चार दिक्पाल भगवान की चार भुजाएँ हैं, जबकि शंखगदार्युदायुधम्' पद से भगवान के लौकिक ऐश्वर्य वैराग्य का दर्शन होता है।[४] नवम् श्लोक के उत्तरार्ध में 'श्रीवत्सलक्ष्मम्' इस पद से भगवान के वैदिक ऐश्वर्य का बोध होता है।[५] इस अर्थ का प्रतिपादन करने के लिए विट्ठलेश महाप्रभु ने 'श्री वत्सलक्ष्मम्' पद को

१. श्रीमद्भागवतपुराणम्। १०-३-९ इत्यत्र श्री सुबोधिनी पृ० -४५०

२. एवमनेकधा भगवत: श्रीर्निरूपयितव्या ज्ञानात्मिका। १०-३-९
श्रीमद्भागवतपुराणम् इत्यत्र श्री सुबोधिनी, पृ० - ४५०,

३. क्रियाशक्तिं निरूपयंश्चतुर्विधमपि ज्ञानमाह चतुर्भुजमिति,
चत्वारो भुजा: क्रियाशक्तयो यस्य १०-३-९
श्रीमद्भागवतपुराणम् इत्यत्र श्री सुबोधिनी, पृ० -४५०,४५१

४. शङ्खगदाद्युदायुधमिति वैराग्यं। १०-३-९
श्रीमद्भागवतपुराणम् इत्यत्र श्रीसुबोधिनी पृ० -४५१

५. —पुनरैश्वर्यादयो वैदिका उच्यन्ते श्रीवत्सलक्ष्मीत्यादि। १०-३-९
श्रीमद्भागवतपुराणम् इत्यत्र श्री सुबोधिनी पृ० -५४१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भिन्न-भिन्न रूप से समझाया है। जैसे —"श्रीर्वत्सो लक्ष्म यस्य, श्रीर्वत्सा यस्य, यत् लक्ष्म्याः जनकं तद् भगवतश्चिह्नं व्यवर्तकं, सा हि ब्रह्मानन्दो भवति, तस्या मूलं ब्रह्मैव यत् सर्ववेदप्रतिपाद्यं स भगवतो साधारणो धर्मः सर्वात्मकस्य भगवतो जगदब्रह्मकालादिलक्षणधर्मवतो ब्रह्म हि मुख्यं लक्षणं भवति, अत एव हि ब्रह्माधारवतो भृगोः पदं तत्र प्रतिष्ठितं भवति स्वाश्रयत्वाल्लक्ष्म्याश्च स जनको भवति," 'भृगोः ख्यात्यां समुत्पन्ना श्रीः पूर्व' मिति वाक्याद् ब्रह्मलक्षणत्वेनैश्वर्यं निरूपितम्[१]

नवम् श्लोक के उत्तरार्ध में बालस्वरूप के बाह्य सौन्दर्य का वर्णन करते समय दूसरे विशेषण 'गलशोभिकौस्तुभम्' का प्रयोग किया है। इस पद से भगवान के वैदिक वीर्य गुण का निरूपण किया है।[२] पीताम्बर पद से उनकी निर्विकारिता का सूचन किया है।[३] जबकि 'सान्द्रपयोदसौभगम्' पद का प्रयोजन उनके शरीर के वर्ण को सिर्फ 'मेघ जैसा श्याम' कहना नहीं है। परन्तु इस पद से सूचित किया है कि "सान्द्र और नीलवर्ण मेघ जिस प्रकार जलवृष्टि करके ताप को दूर करता है, अन्न उत्पन्न करता है और आनन्द प्रदान करता है, उसी प्रकार मेघ जैसे श्याम भगवान भी कामनाओं की वृष्टि करके भक्तों के अनिष्ट का निवारण करके इष्ट की सिद्धि का आनन्द प्रदान करता है। इस विशेषण से भगवान की 'श्री' प्रभा का वर्णन किया है।"[४]

दसवें श्लोक में जीव गोस्वामी काञ्ची अङ्गद, कङ्कण आदि आभूषणों, विशेषण रूप से 'उद्दाम' पद का अर्थ 'उद्दामभिः तेजसात्युद्‌भटैः' ऐसे करते हैं, जबकि विट्‌ठलेश महाप्रभु 'उद्दाम' पद का अर्थ 'दामरहिता', अर्थात् 'बन्धनरहित' ऐसा करते हैं। काञ्ची, अङ्गद और कङ्कण— इन तीन पदों का अर्थ अनुक्रम से सात्त्विक, राजसी और तामसी ऐसे त्रिविध कर्म ऐसा करते हैं। वैदिक हिंसा शुद्धविधिप्रयुक्त होती है और उसमें राग का अभाव होता है। इससे उस बन्धन का कोई कारण नहीं है। इस प्रकार भगवान के सन्दर्भ में उद्दाम पद बन्धन के कारणभूत लौकिक कर्मों का परिहार करते हैं।[५] भगवान का आविर्भाव बालस्वरूप में हुआ है। उसका दर्शन स्वतःसिद्ध है तो इस 'ऐक्षत' क्रियापद की क्या आवश्यकता थी?—तो विट्‌ठलेश महाप्रभु इस 'ऐक्षत' क्रियापद का प्रयोजन स्पष्ट करते हुए लिखते हैं कि वसुदेव ने लौकिक और वैदिक ऐश्वर्य से युक्त बालक को देखा है। इसे सूचित करने के लिए व्यास ने 'ऐक्षत' क्रियापद रखा है।

---

१. श्रीमद्‌भागवतपुराणे १०-३-९
इत्यत्रश्रीविट्‌ठलेश महाप्रभुणा विरचितम् श्री सुबोधिनीजी पृ० -४५१

२. वीर्यं निरूपयन् कयाचिदवस्थायावस्थितं ब्रह्म जीवाख्यं लक्षणान्तरत्वेनाह गलशोभिकौस्तुभमिति। १०-३-९
श्रीमद्‌भागवतपुराणम् इत्यत्र श्री सुबोधिनी- पृ० -४५१

३. पीताम्बरं यस्येति, आकाशतनोरविकारसम्बन्ध एव शोभाहेतुर्भवति। १०-३-९
श्रीमद्‌भागवतपुराणम्, इत्यत्र श्री सुबोधिनी, पृ० -४५१.

४. अनेन कान्तिलक्षणश्रीर्निरूपिता। श्रीमद्‌भागवतपुराणम्, १०-३-९ इत्यत्र श्री सुबोधिनी. पृ० -४५१

५. कर्माण्यन्तायेव तथापि त्रिविधानि निरूप्यन्ते काञ्च्यङ्गदकङ्कणरूपाणि तमः सत्त्वरजोरूपाणि, एतानि त्रीणि वेदादिभूतानि स्वसजातीयानि बहून्येव जनिष्यन्ति, लोके काञ्ची सदामा भवति। इयं तूद्दामा दामरहिता, हिंसाप्रचुरापि वैदिकी कृतिर्न लोकानुसारिणी, भूमौ मायाव्याप्तानामेव तत्राधिकार इति पीताम्बरोपरि काञ्ची तिष्ठति, लौकिकानि तानि व्यावर्तयितुं लौकिकसूत्राभाव उक्तः १०-३-१० श्री.मा.पु. इत्यत्र श्री सुबोधिनी पृ० -४५१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

३.० इस प्रकार व्यास की सरल वाणी में से जीव गोस्वामी ने महदंश में वाच्यार्थ को ही विस्तृत रूप दिया है, जबकि विट्ठलेश महाप्रभु वाच्यार्थ से बिलकुल अलग अर्थघटन करते हैं। वे जैसे श्लोक में आये हुए पदों का सन्धिविच्छेद भिन्न-भिन्न ढंग से करते हैं, वैसे ही सामासिक विग्रह भी करते हैं। पृथक्कृत किए हुए पदों के कोशगत सभी अर्थों को लेकर एवं उपनिषद् जैसे साहित्य में प्रसिद्ध अर्थ को स्वीकृत करते हैं। कभी कभी अन्य पुराणोक्त कथाओं को संकलित करके अत्यन्त सुन्दर और विद्वत्तापूर्ण अर्थघटन करते हैं। व्यासजी द्वारा प्रयुक्त की हुई उपमाएँ—जैसे 'सान्द्रपयोदसौभगम्'—को भी सतर्क सिद्ध करते हैं।

टीकाकार मूल कृति के सौन्दर्य का उद्घाटन करके वाचक को अपूर्व आह्लाद की अनुभूति कराते हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पौराणिक साहित्य में प्रचलित बुद्धावतार परिकल्पना

डॉ० भारती पाण्डेय

भारतीय साहित्य की महनीय परम्परा रही है। वैदिक साहित्य के लेकर अद्यावधि सर्वत्र अनेकानेक विशिष्ट परिकल्पनाओं से युक्त भारतीय साहित्य प्रत्येक क्षेत्र में अपनी विशिष्ट परम्पराओं को अपने गर्भ में सम्यक् रूप से सुसज्जित एवं सुरक्षित रखे हुए हैं। जहाँ एक ओर काव्यगत सौंदर्य हैं, वहीं दूसरी ओर आध्यात्मिक विचारों की पूर्णता, परिपक्वता परिलक्षित होती है। जब कभी भी विचार किया जाये तो साहित्यिक दृष्टि से समृद्धि अपने ऊँचे-ऊँचे शिखरों को चूमती है तो दूसरी तरफ दार्शनिक दृष्टि मानव मन की अथाह गहराइयों तक पहुँची हुई प्रतीत होती है। आधिदैविक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक—सभी प्रकार की उत्कृष्टता भारतीय साहित्य की महनीय परम्परा है। एक ओर वेद और दूसरी ओर पुराण अपने गहन चिन्तन-मनन से भारत को सबके गुरु की गरिमा प्रदान करते हैं। कहा भी गया है —

एतद् देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः
स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवाः।

चारित्र्य की शिक्षा ग्रहण करनी हो तो भारतीय परिवेश में रहना ही श्रेयस्कर हैं। भारतीय साहित्य का प्राचीन युग स्वर्णिम युग रहा है। साहित्य का प्रत्येक पक्ष एक दूसरे का पोषक रहाँ हे, विरोधी नहीं। इसी संदर्भ में वेद अग्रणी रहे हैं, परन्तु वेद का अनुशीलन पुराणों ने किया है। वेद में निहित गहन चिन्तन-मनन का विस्तार पुराणों में उपलब्ध होता है।

पौराणिक साहित्य वैदिक साहित्य का उपबृंहण करता है, अर्थात् वैदिक विचारधारा को परिपुष्ट करता है, जो विचार रूप में वेदों में प्रस्तुत है। उनका विस्तार पुराणों में परिवर्धित एवं सकारात्मक रूप में है, सीमित या नकारात्मक नहीं। यह कथन —

इतिहास-पुराणाभ्यां वेदं समुपबृंहयेत्।
बिभेत्यल्पश्रुताद्वेदो मामयं प्रहरिष्यति॥

इतिहास पुराण का अनुशीलन किये बिना वेद-सम्बन्धी ज्ञान का परिवर्धन या परिबृंहण सम्भव नहीं है। इस कथन से स्पष्ट होता है कि इतिहास पुराण का सम्यक्रूपेण परिशीलन करना चाहिए। पुराण ग्रन्थों के अर्थ को पूर्णतया ग्रहण करने के अनन्तर वेद के गूढ़ अर्थों को समझना आसान हो जाता है। पुराणों में जो भी कथानक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है, वे सभी वेद के कथानकों से सम्बद्ध हैं । पौराणिक साहित्य विस्तृत रूप से उन आख्यानों को प्रस्तुत करता है, जो वेद से सम्बद्ध हैं ।

पौराणिक साहित्य में अवतारों की परिकल्पना एक महत्त्वपूर्ण विषय है, जो सम्पूर्ण पौराणिक साहित्य का अभिन्न अंग है । ब्रह्म, पद्म, विष्णु, अग्नि, श्रीमद्‌भागवत, मत्स्य आदि सभी पुराण विष्णु, शिव, ब्रह्मा आदि के अवतारों से परिपूर्ण है । वैदिक साहित्य में भी ब्रह्मा, विष्णु आदि महाशक्ति सम्पन्न देव कहे गये हैं और वे नानाविध रूप धारण करके वैदिक साहित्य में व्याप्त हैं । जब किसी विशिष्ट शक्ति से युक्त देवतत्त्व किसी कारण विशेष से आविर्भूत होता है तो उसे 'अवतार' कहा जाता है ।

पौराणिक परम्परा के आधार पर वेदों को हानि पहुँचानेवाले तत्त्वों का विरोध करना ही अवतार का प्रमुख कार्य माना गया है । पौराणिक आख्यानों में जो विषय विवेचित किये गये हैं, उनमें सर्वत्र यह प्रयास किया गया है कि जो देवों के विरोधी तत्त्व हैं, वेद को हानि पहुँचानेवाले हैं, उनको प्रभावहीन करने या उनका विनाश करने के उपायों को खोजना पुराणकार की मनीषा रही है ।

अवतारों की कथाएँ इसी बात की पुष्टि करती हैं कि 'सु' की खोज या स्थापना व 'कु' का परिहार या विनाश । देवों को 'सु' का प्रतीक और दैत्य अथवा असुरों को 'कु' का द्योतक माना गया है ।

पुराणों में ईश्वर का नारायण (विष्णु) के अनेकानेक अवतार प्रचलित हैं, कहीं २४ की संख्या है तो कहीं २२/२३ की, परन्तु अधिकांश पुराणों में १० अवतार तो प्रसिद्ध हैं ही । मत्स्यकूर्म वराह आदि अनेक नामों/रूपों में विष्णु को पुराणों में वर्णित किया है । विष्णु की शक्ति इस प्रकार की है कि वह वैदिककाल से विविध रूपों में शक्तिसम्पन्न रूप में वर्णित है । अति पराक्रमशाली रूपवाला होने से विष्णु को 'सर्वशक्तिमान् देव' कहा गया है ।[१] पौराणिक साहित्य में विष्णु के अनेकानेक अवतार वर्णित हैं । श्रीमद्‌भागवत में विष्णु के २२ अथवा २४ अवतार उल्लिखित हैं । इनमें बुद्ध को २१ वाँ अथवा २३वाँ अवतार कहा गया है ।[२] परन्तु विष्णु के दस अवतार प्रमुख हैं । इनका वर्णन प्राय: सभी पुराणों में मिलता है । इन दस अवतारों में बुद्ध के लिए नौवें अवतार की मान्यता है । भारतीय साहित्य में यह परम्परा सर्वमान्य है ।

पौराणिक साहित्य को उपजीव्य माननेवाले काव्यों में भी बुद्ध को नौवाँ अवतार माना गया है ।[३] विष्णु का अवतार रूप में व्याप्त होनेवाला रूप सहस्रगुणित शक्तियों से युक्त हो जाता है । अत: अनेकानेक रूप धारण कर वह विष्णु संसार की रक्षा करने का प्रयास करता है । भगवान् ने कहा भी है— यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति ......" इस समय साधु परित्राण और प्रखल हनन की उसकी वृत्ति रहती है ।

बुद्धावतार की गणना मानव रूप में मानी गयी है । श्रीमद्‌भागवत में कहा गया है—

१. ऋग्वेद — विष्णुसूक्त
२. श्रीमद्‌भागवत — (१.३.५ — २४)
३. दशावतारचरित, गीतगोविन्द आदि ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ततः कलौ संप्रवृत्ते संमोहाय सुरद्विषाम्।
बुद्धो नाम्ना जनसुतः कीकटेजु भविष्यति ॥ (१.३.२४)

बुद्ध का यह रूप दैत्यों को सम्मोहित करने के लिए अवतरित हुआ माना गया है। पुराणों में सम्मोहन शक्ति से युक्त विष्णु का रूप बुद्धावतार माया मोह[१] नाम से वर्णित है। यह रूप शुद्धोदन सुत रूप में हो, चाहे यह विष्णु ने स्वयं अपने शरीर से उत्पन्न किया हो। परन्तु यह रूप उनका दैत्यों का संहारक रूप है। अपने कर्तव्य-पथ के अतिरिक्त दूसरों के क्षेत्र में अतिक्रमण करनेवाले तत्त्वों को मोहित करना और आसुरीवृत्ति का नाश करना उनका प्रमुख कृत्य माना गया है। पौराणिक साहित्य की यह एक विशिष्ट परिकल्पना बुद्धावतार के संदर्भ में ही मानी गई है। भगवान् का मायामोह रूप ही कालान्तर में बुद्धावतार नाम से परिगणित होने लगा।

पुराणों में त्रयी के रक्षक रूप में बुद्धावतार की परिकल्पना की गयी है। विष्णुपुराण में जहाँ पर त्रयी को वर्णो का आवरण (रक्षा, कवच) कहा गया है, उसका त्याग करनेवाला पापी माना गया है। देवासुर संग्राम में असुरों से पराजित होने पर देव विष्णु की स्तुति करते हैं। तब वे देवगण गरुड़ पर आसीन शंख, चक्र, गदाधारी विष्णु का दर्शन करते हैं। जब वे उनसे अपनी रक्षा का उपाय पूछते हैं। उस समय विष्णु के द्वारा प्रदत्त माया-मोह असुरों को वेदमार्ग का त्याग कराकर उनको शक्तिहीन कर देता है। त्रयीमार्ग का त्याग करनेवाले असुरों का नाश अवश्यंभावी है। विष्णु का यह रूप आसुरीवृत्ति से युक्त तत्त्वों के लिए विनाशकारी रूप में उभरकर आता है, जिससे दैवी तत्त्वों के लिए आतंक का नाश होता है। विष्णुपुराण में यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि असुरों को वेदों का मार्ग त्यागकर वेदविमुख होने के लिए प्रेरित किया गया।[२] जिससे देवों के हितों की रक्षा होना संभव हुआ, वे लोग ही बाद में 'बौद्ध' कहे गये। यह इस वाक्य से स्पष्ट होता है —

"बुध्यत, बुध्यध्वं, बुध्यतैवमितीरयन्।"

पद्मपुराण में भी "बुध्यध्वं मे वचः सम्यक्" कहकर बौद्ध धर्म को माननेवाले मायामोह रूप दिगम्बर ने बौद्ध धर्म को ही श्रेष्ठ बताया।[३] वेद के मार्ग का परित्याग करना ही दैत्यों के लिए उचित बताया। इस मत का अनुसरण करनेवाले बौद्धधर्म के अनुयायी कहे जाने लगे। कालान्तर में यही नास्तिक कहे गये। पुराण पर्यालोचन में भी कहा गया है कि दैत्यों का धर्म भ्रष्ट करनेवाला नास्तिक पाखण्डमत का चलानेवाला बौद्धावतार[४] है।

पुराणों में भगवान् बुद्ध को 'प्रमाद एवं पाखण्ड से रक्षा करनेवाला' कहा गया है। वह दैत्य एवं दानवों को भ्रमित कर दैवी तत्त्व की रक्षा करनेवाला माना गया है[५]। संसार में हिंसकवृत्ति को समाप्त कर शुद्ध रूप में

---

१. अग्निपुराण — १६.२
२. विष्णुपुराण — (३.१८.१६-१९)
३. पद्मपुराण — (सृष्टि खण्ड — १३.३४९—३६२)
४. पुराण पर्यालोचन — पृष्ट — ३९४
५. भागवत पुराण — १०.४०.२२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बुद्धावतार लोककल्याण अथवा लोकमंगलकारी रूप में वर्णित है । यह लोककल्याणकारी रूप की परिकल्पना बुद्धावतार में सर्वत्र दृष्टिगत होती है ।

अवतार रूप में भगवान् हिंसकवृत्ति की पुष्टि नहीं कर सकता । अत: कुमार्ग गमन करनेवाले दैत्यों एवं दावनों के लिए वह 'मोहित' करनेवाला कहा गया है । यथा—'दैत्यदानवमोहिने' रूप में बुद्धावतार की स्तुति श्रीमद्भागवत में की गयी है । जो यज्ञ करने के अधिकारी नहीं हैं, उनको उस कार्य से रोकना भी आवश्यक है । ऐसे अवसर पर रोकने का काम वाक्पटुता से भी सम्भव है—अत: भागवत में कहा गया है—"वादैर्विमोहयति यज्ञकृतोऽतदर्हान्" (भागवत १०.४.२२) । बुद्धावतार के लिए यह एक अति महत्त्वपूर्ण स्वरूप की परिकल्पना की गयी है । 'अतदर्हान्' दैत्यों के लिए प्रयुक्त किया गया है ।

रक्षक रूप में बुद्धावतार में भगवान् विष्णु को माना गया है । इस संदर्भ में अग्नि पुराण में यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि दैत्यों को वेदमार्ग से विमुख करके देवों की रक्षा करना एक महनीय परम्परा पौराणिक साहित्य में बुद्धावतार की मानी गई है ।[1] इस रूप की परिकल्पना इस कारण की गयी है कि यदि दैत्य वैदिक धर्म को मानने में तत्पर हो जायेंगे तो वे शक्तिशाली होकर 'सद्' तत्त्व की हानि करेंगे जिससे, जगत् में आतंक की स्थिति उत्पन्न होगी । अत: वैदिक धर्म का असुरों से उल्लंघन कराना आवश्यक था । कालान्तर में ये सभी वैदिक धर्म का उल्लंघन करनेवाले बौद्ध बन गये । यही कारण है कि वेदविरोधी नास्तिक लोग 'बौद्ध' कहे गये ।

वैदिक कर्मकाण्ड के दुरुपयोग का यह युग था। यज्ञानुष्ठान स्वार्थपूर्ति के लिए होने लगे थे। समाजविरोधी तत्त्वों का आधिक्य होने लगा । इस कारण ऐसे समाजविरोधी तत्त्वों को उस समय परास्त करना आवश्यक था, किन्तु विध्वंस की स्थिति न पैदा हो, इस कारण इस प्रकार की कथा को भगवान् बुद्ध की हिंसाविरोधी गतिविधि से जोड़ दिया गया । बौद्धधर्म को वेदविरोधी नास्तिक गिना गया, परन्तु उस समय उससे वेदधर्म की रक्षा संभव हुई । इससे स्पष्ट होता है कि बौद्धधर्म का उदय वेदों की रक्षा अथवा वेदों के हित के लिए हुआ, यही बुद्धावतार की पौराणिक परिकल्पना है, जिससे वेद की रक्षा संभव हुई ।

ब्रह्माण्ड आदि अनेक पुराणों में बुद्ध को शुद्ध, शांत, मुक्त एवं केवल रूप माना गया है । साथ ही गुरु एवं गंभीर रूप में, शुचि एवं पापरहित रूप में वर्णित किया गया है ।[2]

धर्म की स्थापना और असुरों के नाश के लिए बुद्ध ने भगवान् के नौवें अवतार के रूप में जन्म लिया ।[3] इस रूप में भगवान विष्णु के दस अवतार प्रधान रूप से थे । वायुपुराण में शुद्ध, पवित्र आदि रूपों के साथ ही साथ बुद्ध अक्षत रूप में भी वर्णित हैं । वायुपुराण में बुद्ध की स्तुति 'नम: कमलहस्ताय चिताभस्मप्रियाय च' आदि से की गयी । यहाँ पर यह शिव रूप में माने गये हैं । यह एक नवीन परिकल्पना है । कूर्मपुराण में बौद्धों को श्रावक और निर्ग्रन्थी रूप में कहकर बौद्धभिक्षु रूप में वर्णित किया गया है । (२१:३२)

१. अग्निपुराण —(१६.१-३)
२. ब्रह्माण्डपुराण — ३.७२.१७७,४.१.११४,मत्स्यपुराण — २८५,६-७
३. मत्स्यपुराण — ५४.१९

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हिन्दू पुराणों में बुद्ध की परिकल्पना देवों के हितकारी रूप में की गयी है । प्रत्यक्ष रूप में भले ही बौद्धमत वेदविरोधी है, परन्तु अप्रत्यक्ष या मूल रूप में इसी पृष्टभूमि में वेदों की रक्षा करनेवाला ही माना जाना उचित है । क्योंकि दैत्यों के मध्य स्वयं को उनका परम हितैषी सिद्ध करके बुद्ध ने वेदों की रक्षा ही की है, अहित नहीं । स्वयं को दैत्यों के निकट स्नेही सिद्ध करने का प्रयास करके उनका आगे का मार्ग अवरुद्ध कर देना बुद्धावतार की एक विलक्षण विशेषता हैं । विष्णु के सभी अवतारों की एक विशेषता है धर्म की हानि को रोकना ।

पौराणिक मान्यता पर आधारित परवर्ती काव्यों में बुद्ध को भगवान् का अवतार ही कहा गया है । वह धर्मप्रवर्तक भी कहे गये हैं ।

संसार में जब अधिक भोगासक्ता अवस्था उत्पन्न होती है, तब आसुरीवृत्ति का प्रादुर्भाव होता है । विश्वशान्ति के लिए उस आसुरीवृत्ति का विनाश आवश्यक है । भारतीय संस्कृति का यही संदेश है । अवतारवाद की प्रमुख महत्ता भी यही है । बुद्ध ने आसुरीवृत्ति का संहार विरोध करके नही अपितु अहिंसा एवं प्रेम के साथ किया, अथवा यह माना जा सकता है कि सकारात्मक रूप में इसे हृदय परिवर्तन करना भी कहा जा सकता है । यही अहिंसा का मार्ग बौद्ध धर्म का प्रधान है । दैत्य और असुरों की वृत्ति अहिंसक नहीं हो सकती, परन्तु बुद्ध ने यही कराया । अर्थात् आसुरीवृत्ति का संहार किया—यही बौद्ध धर्म का अभिप्रेत है । यही इसकी प्रमुख विशेषता है ।

यही वृत्ति विश्व सभ्यता को संस्कृत साहित्य की देन है । बुद्धावतार का विलक्षण पौराणिक स्वरूप विश्व के लिए निम्नलिखित संदेश प्रेषित करता है ।

१. वेद विरोधी असुरों का व्यामोहन करना ।

२. आसुरीवृत्ति के विरोध हेतु जागृति उत्पन्न करना ।

३. वेदों की रक्षा की जानी चाहिए, जिससे 'सु' की प्रतिष्ठा हो ।

४. पाखण्ड व प्रमाद को रोकने हेतु ।

५. दैत्यों के विध्वंसात्मक कृत्य के विनाश हेतु ।

६. देवों की शक्ति की रक्षा हेतु ।

७. हिंसात्मक संघर्ष का त्याग कर समभाव को रखना ।

८. दैत्यों को वेद का मार्ग त्याग देना चाहिए—इस पर बल देना । परिणामस्वरूप उनको मुक्ति के मार्ग से वंचित करना ।

९. अन्ततोगत्वा वेद की रक्षा करके देवों की शक्ति को बढ़ाना ।

पौराणिक साहित्य में उपर्युक्त विवेचन के अतिरिक्त बुद्धावतार-सम्बन्धी मूर्तियों का भी संकेत मिलता है । बुद्ध की मूर्तियाँ विष्णु के गुणों से युक्त हैं । किन्तु उनमें सात्विकता का आधिक्य है । इस साहित्य में प्रायः सर्वत्र पुष्ट किया गया है कि भगवान् विष्णु इस प्रकार शक्ति से सम्पन्न देव हैं, जो अपनी असंख्यगुणित शक्ति

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

से युक्त हैं और देवों की रक्षा करने में समर्थ हैं। विष्णु के अवतारों की प्रतिमाओं में उनके लक्षण कहीं पूर्ण या कहीं आंशिक रूप से उपलब्ध होते हैं। अग्निपुराण में कहा गया है —

शान्तात्मा लम्बकर्णश्च गौराङ्गश्चाम्बरावृतः।
ऊर्ध्वपद्मस्थितो बुद्धो वरदाभयदायकः॥

इस रूप में विष्णु, पुराणों में शान्त मुद्रा में लम्बे कानोंवाले, गौर वर्ण, पीताम्बरधारी ऊँचे आसन पर शोभायमान हैं। यह दोनों हाथों में से एक में 'वरद्' मुद्रा में है और दूसरे हाथ में अभयदान मुद्रा। इस रूप में भगवान् विष्णु का रूप सात्त्विक भावों से युक्त है। भगवान् बुद्ध की यही मुद्रा सभी चित्रों में प्रस्तुत की गयी है। पौराणिक स्वरूप भगवान् विष्णु का कलाकारों के लिए भी इसी सात्त्विक भाव को प्रस्तुत करता है। यही बुद्धावतार की वास्तविकता है। पौराणिक साहित्य इसी स्वरूप की परिकल्पना करता है।

पौराणिक साहित्य में विष्णु के दस अवतारों में बुद्ध परम पूजनीय हैं। यही अवतारवाद की विशेषता और महत्ता है।

संदर्भ ग्रंथ

(क) पुराण ग्रंथ

(ख) १. मध्यकालीन साहित्य में अवतारवाद — डॉ. कपिलदेव पाण्डेय

२. पुराण-विमर्श — आ. बलदेव उपाध्याय

३. पुराण-परिशीलन — पं. गिरिधर शर्मा चतुर्वेदी

४. हिन्दू सभ्यता — डॉ. राधाकुमुद मुखर्जी

५. हिन्दू धर्मकोश — डॉ. राजबली पाण्डेय

६. प्राचीन भारत का राजनैतिक एवं सांस्कृतिक इतिहास — डॉ. रतिभानुसिंह नाहर

७. पुराण पर्यालोचन

८. संस्कृत-हिन्दी कोश — वामन शिवराम आप्टे

९. दशावतारचरित — क्षेमेन्द्र

१०. गीतगोविन्द — जयदेव

११. बुद्धचरित —

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्राचीन विध्यात्मक रसायन विज्ञान : न्याय-वैशेषिक के सन्दर्भ में

डॉ० अनीता राजपाल

प्राचीनकाल से ही मानव जीवन-निर्वाह तथा सुरक्षा हेतु प्रकृति का आश्रय लेता रहा है। जीने की व्यावहारिक कला तथा प्रकृति के पदार्थों के उपयोग के ज्ञान ने ही विज्ञान को जन्म दिया। ऋग्वैदिक काल में स्वर्ण, रजत, ताँबा तथा काँसा—इन चार धातुओं के वर्णन का प्रयोग विभिन्न ग्रंथों में मिलता है।[१] इन धातुओं से घरेलू उपयोग की वस्तुएँ बनाई जाती थीं। यथा—काँसे के बर्तन, सुवर्ण के आभूषण आदि।[२] कुछ विद्वानों के मतानुसार, उस काल में लोहे का भी आविष्कार हो चुका था।[३] सुवर्ण में दिव्य-शक्ति हैं। इसे धारण करने से मनुष्य दीर्घायु प्राप्त करता है।[४] शुक्ल यजुर्वेद में छः धातुओं का उल्लेख मिलता है— स्वर्ण (अयस), रजत (हिरण्य), ताँबा (लोंह), लोहा (श्याम), सीसा और राँगा (त्रपु)।[५] अथर्ववैदिक काल में लोग रोगों के उपचार तथा युवा रहने की विधा से अवगत हो गए थे। 'भेषज्यवनी' और 'आयुष्वनी' विद्या ही रसायन-विद्या या रसायन-विज्ञान के नाम से जानी गयी।[६] परन्तु रसायन-विज्ञान मुख्यतया पदार्थों के संगठन तथा परिवर्तन की प्रक्रिया से सम्बन्धित है। पदार्थों के भौतिकी एवं रासायनिक सिद्धान्तों को दार्शनिकों ने ब्रह्माण्ड के स्तर पर समझा। यद्यपि ये सिद्धान्त पूर्णतया वैचारिक हैं। इनका प्रयोगात्मक परीक्षण आंशिक रूप से भी नहीं किया गया, तथापि इनकी तुलना आधुनिक समय के वैज्ञानिक सिद्धान्तों से की जा सकती हैं। इस शोध-लेख में मेरा उद्देश्य प्राचीन तथा आधुनिक रसायन-विज्ञान की तुलना करना नहीं, अपितु प्राचीन समृद्ध एवं उन्नत वैज्ञानिक विचारधारा का दिग्दर्शन कराना मात्र है।

---

१. ऋग्वेद I. ८५.९, ८८.९, १६७.३; II. ३३.९, V. ५४.१५, ५७.१, ६०.४; VIII. ७.२७-३२

२. ऋग्वेद I १६२

३. Iron in Ancient India, Panchanan Neogi

४. ऋग्वेद, IX, VII, ४८; I ८५.१०; II १२.१४ तथा History od Chemistry in Anciant and Medieval India, P.Ray. P. ३६

५. यजुर्वेद, XVIII. १३ 'हिरण्यं च मेऽयश्च श्यामं च मे लोहं च मे सीसं च मे'

६. History of Chemistory, P.Ray. ३७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सृष्टि-प्रक्रिया के सन्दर्भ में छान्दोग्योपनिषद् का त्रिवृत्करण का तथा सांख्य-दर्शन का पंचतन्मात्रा-सिद्धान्त विशेष महत्त्व के हैं। त्रिवृत् सिद्धान्त के अनुसार तीन ही मूल तत्त्व हैं— अग्नि, जल और पृथिवी। इन तीनों तत्त्वों का त्रिविध रूप में सम्मिश्रण होने से नामरूपात्मक जगत् उत्पन्न हुआ। प्रत्येक तत्त्व को दो समान भागों में विभाजित कर देने पर उस तत्त्व के अर्धांश के पुनः दो समान भाग कर देने पर मूल तत्त्व का अर्धांश तथा शेष दोनों तत्त्वों के चतुर्थांश मिला देने पर एक पूर्ण तत्त्व बन जाता है। वस्तुतः त्रिवृत्करण का यह सिद्धान्त परवर्ती वेदान्त के पंचीकरण का ही पूर्वरूप है।[१] इन तीन तत्त्वों के क्रमशः रोहित, शुक्ल तथा कृष्ण वर्ण भी स्वीकार किये गये हैं। सूर्यचन्द्रादि में त्रिविधरूपता[२] का कारण इन मूल तत्त्वों के मिश्रण का ही परिणाम है। इस प्रकार छान्दोग्योपनिषद् के अनुसार, तीन मूल तत्त्वों की अथवा तीन वर्णों की ही वास्तविक सत्ता है। सांख्य-दर्शन ने त्रिविध गुणों के सिद्धान्त को विकसित करते हुए पाँच मूल तत्त्वों को स्वीकार किया है। त्रिगुणात्मिका अव्यक्त प्रकृति से क्रमशः पंचतन्मात्राएँ उत्पन्न हुईं। इन तन्मात्राओं में शब्द, स्पर्श, रूप, रस तथा गन्ध, एक-एक विशिष्ट गुण होता है। सूक्ष्म द्रव्य होने के कारण तन्मात्राओं में स्थूल द्रव्यों के वे गुण नहीं होते, जो अणुओं-परमाणुओं या उनके संयोगों के बाद दिखते हैं। इन तन्मात्राओं से पंचमहाभूत—आकाश, वायु, तेज, जल और पृथिवी उत्पन्न होते हैं। जिस तन्मात्रा से जो भूत उत्पन्न होता है, उसका वह विशिष्ट गुण होता है। यथा—शब्द तन्मात्रा से आकाश उत्पन्न हुआ। शब्द आकाश का विशेष गुण हुआ, जिसका ग्रहण श्रोत्रेन्द्रिय द्वारा होता है। ये पाँचों किसी न किसी बाह्येन्द्रिय के द्वारा अपने-अपने विशेष गुण को ग्रहण करने के कारण ही 'भूत' कहलाते हैं।[३] यद्यपि तैत्तिरीय उपनिषद्[४] के सम्भूतिवाद में पंचमहाभूतों की स्पष्ट और परिपूर्ण गणना प्रथम बार की गयी है, परन्तु इन तत्त्वों का कोई क्रियात्मक स्थान सृष्टि-विधान में नहीं है। इसमें विश्व-सृजन के साथ-साथ विश्व-विलय (नाश) का क्रम भी महत्त्वपूर्ण है।[५]

भारतीय चिन्तन में दार्शनिक विचारधारा के अन्तर्गत सृष्टि-प्रक्रिया में पंचमहाभूतों के सिद्धान्त को विशेष महत्त्व दिया गया है। प्रकृति, जैसा हमारे सामने आती है, पाँच मूल तत्त्वों का सम्मिश्रण है, जिनमें एक न एक तत्त्व प्रचुर मात्रा में रहता है। वस्तुतः पंचमहाभूत प्रकृति की पाँच अवस्थाएँ है। जैसे— ठोस (पृथ्वी), तरल (जल), वायवीय (वायु), जोमय (अग्नि) तथा अन्तरिक्ष-सम्बन्धी (आकाश)। न्याय, वैशेषिक में जगत् के मूल उपादान-कारण पार्थिव, जलीय, तेजस तथा वायवीय परमाणु हैं, जिनके संयोग से द्रव्य बनते हैं। ये परमाणु सांख्य के महाभूत के समान हैं। आकाश निष्क्रिय एवं संरचनाहीन हैं, अर्थात् इसमें न कोई गति हैं, न कोई विशेष बनावट।

---

१. रानाडे, उपनिषद्-दर्शन का रचनात्मक सर्वेक्षण, P. ६१

२. छान्दोग्योपनिषद् ६.४

३. पृथिव्यप्तेजोवाय्वाकाशानां भूतत्वं साधर्म्यम्।
तच्च बहिरिन्द्रियग्राह्यविशेषगुणवत्त्वम्। —न्यायसिद्धान्तमुक्तावली, पृ० ९७ तथा पदार्थ दिव्य चक्षु. पृ० १

४. तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः सम्भूतः। आकाशाद्वायुः। वायोरग्निः अग्नेरापः अद्भ्यः पृथिवी। पृथिव्या ओषधयः। औषधीभ्योऽन्नम् अन्नात्पुरुषः। तैतिरीयोपनिपद, २.१

५. रानाडे, पृ. १०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आकाश अवकाश रूप है।[१] आकाश सर्वव्यापक होने के कारण ही परमाणुओं को परस्पर संयुक्त होने के लिए आधार प्रदान करता है।[२] संसार की क्रियाओं और भौतिक द्रव्यों को आधार प्रदान[३] करने के साथ-साथ न्याय-वैशेषिक में आकाश एक भौतिक द्रव्य भी है, जो शब्द गुण का आश्रय है।[४] आकाश में शब्द-तरंग प्रवाहमान होती है और वायु के माध्यम से ध्वनि प्रकट होती है। इस प्रकार पृथिवी ठोस द्रव्य, जल द्रव, तेज ज्वलनशील तथा वायु गैस रूप है। वायुमण्डलीय वायु एक प्रकार के परमाणुओं से उत्पन्न होता है, परन्तु परमाणुओं का यह समूह असंघटित अवस्था में रहता है,[५] जबकि पृथ्वी में संघटित रूप में। इस प्रकार न्याय-वैशेषिक के रासायनिक सिद्धान्त परमाणुवाद पर आधारित है। पदार्थों की उत्पत्ति के साथ-साथ न्याय-वैशेषिकाचार्यों को द्रव्यों में रूपांतरण की प्रक्रिया, यौगिक संगठन तथा मिश्रणादि की निर्माण-विधि का निश्चित ज्ञान था। एक पूर्ण विकसित विध्यात्मक, अर्थात् सकारात्मक रासायनिक प्रक्रिया न्याय वैशेषिक के ग्रन्थों में दृष्टिगत होती है।

परमाणुस्वरूप

किसी भी वस्तु का विभाजन करते-करते जो अन्तिम अवयव शेष रह जाता है, वह 'परमाणु' कहलाता है।[६] परमाणु किसी भी रासायनिक रीति से विभाजित नहीं किये जा सकते।[७] परमाणु समष्टि अथवा व्यष्टि रूप में अप्रत्यक्ष ही है।[८] परमाणु न तो उत्पन्न किये जा सकते हैं, न नष्ट किये जा सकते हैं।[९] परमाणु अपने विशिष्ट धर्म के कारण दूसरे तत्त्व के परमाणु से अपने को व्यावृत्त कर लेते हैं।[१०] परमाणुओं की बनावट गोलाकार होती है।[११] एक ही तत्त्व के परमाणु परस्पर संयुक्त होकर यौगिक (द्व्यणुक, त्र्यणुक आदि) बनाते हैं।

परमाणु से द्रव्य-उत्पत्ति –सम्बन्धी नियम

परमाणु से द्रव्य-उत्पत्ति करने के सम्बन्ध में कई नियम हैं, जिनमें से प्रमुख हैं—

---

१. (अ) आ समन्तात् काशन्ते दीप्यन्ते सूर्यादयो यत्र। आ+काश्+घञ्। पञ्चभूतान्तर्गतभूतविशेषः। स तु शून्यः। तत्पर्यायः। —शब्दकल्पद्रुम प्रथम भाग, पृ० १६३ (आ) समन्तादाशन्ते सूर्यादयोऽत्र।— वाचस्पत्यम्, प्रथम भाग, पृ० ५१२
२. न्यायसूत्र, ४-२-२१-२२
३. (i) The encyclopaedia of Philasophy (Macmillan) Vol. ७p.५०६ (ii) Tulku, Time, Space and Knowledge, p.६
४. तर्कसंग्रह पृ० ९
५. स्तिमितवायुस्तु परमाणुसमूह एव अनारब्धद्रव्यः। सप्तपदार्थी
६. न्यायसूत्रभाष्य ४.१.१६
७. वै० सू० ४.१.४; वै० सू० विवृत्ति (२.१.१३ सूत्र पर) तथा व्योमवती, पृ० २२५
८. न्यायलीलावती, पृ० १२१ तथा न्यायलीलावती प्रकाश, पृ० १२२
९. Prof. Vi Vaisesika Philasophy, p.१२९.
१०. प्रशस्तपादभाष्य, पृ० २८४
११. नित्यं परिमण्डलम्। वैशेषिकसूत्र ७.१.२० तथा प्रशस्तपाद भाष्य, पृ०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(अ) परमाणु में रहने वाले गुण ही कार्य में उन गुणों को उत्पन्न करते हैं ।[१] शुक्ल तन्तुओं से उत्पन्न पट में शुक्ल रूप देखा जाता है । (आ) पृथिवी, जल, तेज तथा वायु में अपाकज विशेष गुण-रूप, रस, गन्ध, स्पर्श तथा सामान्य गुण-द्रव्यमान (गुरुत्व), संख्या, भार, तरलता तथा कठोरता, श्यानता (चिपचिपापन), अश्यानता एवं वेग, कारणगुणपूर्वक पाये जाते हैं। अर्थात् अपने आश्रयीभूत द्रव्य के अवयवों में रहने वाले अपने-अपने समानजातीय गुण से उत्पन्न होते हैं ।[२] (इ) पृथिवी में रूपादि गुणों का परिवर्तन अग्निसंयोग द्वारा देखा जाता है, जलादि में नहीं ।[३] (ई) अपाकज रूपादि आश्रय द्रव्य के रहने तक विद्यमान ही रहते हैं ।[४] जबकि पाकज रूपादि तो अपने आश्रय के रहते हुए ही नष्ट हो जाते हैं । (उ) समानजातीय संयोग ही द्रव्य का आरम्भक होता है, विजातीय संयोग नहीं ।[५]

परमाणु के प्रेरक तत्त्व : अदृष्ट एवं ईश्वरेच्छा

परमाणु स्वभाव से निष्क्रिय होते हैं । उनकी गति बाह्य आघात के कारण होती है । प्रलयकाल में परमाणु विद्यमान रहते हैं, किन्तु कुछ कार्य नहीं करते । उस समय वे पृथक्-पृथक् तथा गतिविहीन रहते हैं । सृष्टिकाल में परमाणु स्वतंत्र, असंयुक्त अवस्था में नहीं रह सकते ।[६] श्रीधराचार्य के अनुसार, परमाणुओं में कार्योत्पादन की एक स्वाभाविक शक्ति होती है ।[७] परमाणुओं में निरन्तर स्पन्दन (कम्पन) होता है, जिसके कारण वे परस्पर संयुक्त होते हैं ।[८] परमाणुओं में यह गति विशिष्ट धर्म, अर्थात् अदृष्ट के कारण होती है ।[९] यह अदृष्ट ईश्वर की इच्छा से प्रेरित होकर जगत् की सृष्टि करता है तथा कर्मफल के सामञ्जस्य में सृष्टि-प्रक्रिया को चलायमान रखता है ।[१०]

परमाणु से कार्योत्पत्ति-सम्बन्धी विभिन्न मत

(क) परमाणुओं से कार्य-द्रव्य की उत्पत्ति के विषय में श्रीधर[११] का तर्क है कि एकाकी परमाणु में उत्पादन की क्षमता नहीं होती । एक नित्य परमाणु में यह सामर्थ्य स्वीकार करने पर उत्पत्ति के क्रम का कभी अन्त नहीं हो सकेगा और उत्पन्न पदार्थ को अविनाशी स्वीकार करना होगा । इसी प्रकार तीन परमाणु (त्र्यणुक) भी उत्पादन

---

१. कारणगुणपूर्वकः कार्यगुणो दृष्टः। —वैशेषिक सूत्र,४.१.२४
२. अपाकजरूपरसगन्धस्पर्शपरिमाणैकत्वैकपृथक्त्वगुरुत्वद्रवत्वस्नेहवेगाः कारणगुणपूर्वकाः।— प्रशस्तपाद भाष्य, पृ० २३६
३. वैशेषिक- सूत्र ७.१.६.
४. यावद्द्रव्यभावित्वम् । प्रशस्तपादभाष्य,पृ० २४९
५. समानजातीयसंयोगः द्रव्यारम्भकः न विजातीयसंयोगः।
६. न प्रलयोऽणुसद्‌भावात् । —न्यासूत्र,४.१.१६ तथा भाष्य
७. स च नि शक्तिरेव । —न्यायकंदली,८.६३
८. अनवरतपरिस्पन्दमानापरिमितपवनादिपरमाणः। —रघुनाथ-शिरोमणि पृ.१००
९. धर्मविशेषाच्च । —वैशेषिक सूत्र.४.२-७
१०. अदृष्टकारितम् । प्रशस्तपादभाष्य तथा न्यायकदली, पृ० ६०९
११. न्यायकदली,पृ० ७९-८०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करने में समर्थ नहीं होते। नियम यह है कि एक मूर्त पदार्थ अपने से लघु परिमाण वाले अवयवों से उत्पन्न होगा। परमाणु कार्यद्रव्य नहीं होते। अत: केवल द्वयणुक ही वस्तुओं के आवश्यक होते हैं। तीन द्वयणुक मिलकर एक त्र्यणुक बनाते हैं, जिसका आकार-प्रकार इतना छोटा नहीं होता कि वह बोधगम्य न हो सके। अकेला एवं परमाणु तथा द्वयणुक—दोनों ही लघु परिमाण रखने के कारण प्रत्यक्षयोग्य नहीं होते। आकार-प्रकार की वह मात्रा, जो दृष्टिगोचर हो सके, वह त्र्यणुक में ही हैं। त्र्यणुकपरिमाण द्वयणुक की बहुत्व (त्रित्व) संख्या से जन्य हैं। त्र्यणुक के विषय में कहा जाता है कि वह सूर्यकिरण में दिखाई देने वाले छोटे-छोटे कणों के आकार का है।[१] यद्यपि महादेवभट्ट तथा दशपदार्थीकार द्वयगुण को अतीन्द्रिय नहीं मानते।[२] श्रीधर ने एक अन्य विकल्प भी सुझाया[३] है कि त्र्यणुक से ही कार्य की उत्पत्ति होती है, यह आवश्यक नहीं है, अपितु कभी चार द्वयणुक से, और कभी पाँच द्वयणुकों से कार्योत्पत्ति होती है। ज्यों-ज्यों द्वयणुकों की संख्या बढ़ती है, त्यों-त्यों उत्पन्न पदार्थ के परिमाण में भी वृद्धि होती है। इसीलिए यह कहा जाता है कि उत्पन्न पदार्थ का परिमाण उसके हिस्सों, संख्या अथवा अवस्था पर निर्भर करता है।[४]

(ख) प्राय: सभी न्याय-वैशेषिकाचार्यों ने दो परमाणुओं से द्वयणुक-तीन द्वयणुकों से एक त्रयणुक के संघटन को स्वीकार किया है, परन्तु महादेवभट्ट साक्षात् तीन परमाणुओं से ही कार्य-द्रव्य त्र्यणुक के निर्माण को स्वीकार करते हैं।[५] इस विषय में गोपीनाथ मोनी का कथन है कि द्वयणुक को केवल त्रयणुक में महत्परिमाण की उत्पत्ति के हेतु रूप में स्वीकार किया गया है। त्रयणुक में महत्परिमाण द्वयणुक की त्रित्वं संख्या से जन्य है, जो उसे तीन परमाणुओं से ही जन्य मान लेना चाहिए।[६] वेदान्त-दर्शन के आचार्य अमलानन्द सरस्वती का कथन है कि जैसे एक रज्जु कभी तो तीन तन्तुओं से बने त्रिवृत सूत्र से निर्मित होती है और कभी सीधे तीन तन्तुओं से ही बनी होती है, इसी प्रकार त्रयणुक कभी तो तीन द्वयणुकों से बनता है और कभी सीधे ही तीन परमाणुओं से। परन्तु जैसे तन्तुओं से बनी रस्सी सूत्र से निर्मित रज्जु से थोड़ी भिन्न होती है, उसी प्रकार सीधे तीन परमाणुओं से बनने वाले त्र्यणुक एवं तीन द्वयणुकों से बने हुए त्र्यणुक में भेद अवश्य होता है।[७] अप्पय दीक्षित भी त्रयणुक की रचना साक्षात् तीन परमाणुओं से मानते हैं।[८]

(ग) इन दो मतों के अतिरिक्त एक तीसरा मत रावण नामक विद्वान् का है, जिसे डॉ० भादुड़ी ने 'आरभ्यारम्भकवाद' का नाम दिया है। इन मत के अनुसार परमाणु ही द्वयणुक का निर्माण करते हुए त्रयणुक को

---

१. जालसूर्यमरीचिस्थं यत्सूक्ष्मं दृश्यते रजः। तस्य षष्ठतमो भागः परमाणुः स उच्यते॥

२. Prof.lli-Vaisesika philosophy. न्यायकोश, पृ० ३५० पर उद्धृत

३. न्यायकदली, पृ० ८०

४. कारणबहुत्वाच्च। वैशेषिक सूत्र, ७.१.९

५. दिनकरी, कारिका ३७, त्रिभिः परमाणुभिरेव त्र्यणुकमस्तु।

६. सिद्धान्ततत्त्व (पदार्थविवेक पर गोपीनाथ मोनी कृत टीका) (पांडुलिपि),

७. वेदान्तकल्पतरु, २.२.११

८. वेदान्तकल्पतरुपरिमल, २.२-११

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भी उत्पन्न कर देते हैं । इस मत में यह निर्णय करना कठिन है कि यह परमाणुओं में से प्रत्येक दो-दो परमाणु एक एक द्वयणुक का निर्माण कर पुनः त्रयणुक का निर्माण करते हैं या कुल तीन ही परमाणुओं में से कोई दो मिलकर एक द्वयणुक का निर्माण (आरम्भ) करके तीसरे के साथ चिपक जाते हैं, जिससे एक त्रयणुक उत्पन्न हो जाता है ।[१]

द्वयणुक से त्रयणुक की उत्पत्ति को स्वीकार करने वाला मत आरम्भवाद अथवा असत्कार्यवाद के नाम से प्रसिद्ध है । कारणता के इस सिद्धान्त के अनुसार अवयवी या कार्यद्रव्य अपने अवयवों के अतिरिक्त एक नवीन वस्तु है । वह अपने अवयवों (परमाणुओं) का संघातमात्र नहीं है, एक पृथक् आरम्भ है । उदाहरणार्थ—पट तन्तुओं का समूहमात्र नहीं, अपितु तन्तुओं से उत्पन्न हुआ एक नया पदार्थ है ।[२]

इस प्रकार पृथिवी, जल, तेज और वायु नित्य तथा अनित्य दोनों हैं । कार्य द्रव्य, जो उत्पन्न होते हैं, अनित्य है, किन्तु उन्हें बनाने वाले अंश, जो उत्पन्न नहीं होते, नित्य हैं ।[३]

द्वयणुक आदि की उत्पत्ति विजातीय परमाणु से सम्भव नहीं

दो परमाणुओं के संयोग से एक द्वयणुक तथा तीन द्वयणुकों से त्रयणुक की उत्पत्ति से ही स्थूल द्रव्यों का निर्माण होता है । द्वयणुक आदि की उत्पत्ति दो विजातीय परमाणुओं से, एक पृथिवी की ओर एक जल के परमाणुओं से नहीं होती । यह सिद्धान्त न्याय-वैशेषिक के 'कारणगुणपूर्वकः कार्यगुणो दृष्टः' इस नियम से सम्बन्ध रखता है । सफेद धागे से बना कपड़ा सफेद होता है, पीला या नीला नहीं । अतः 'समानजातीयसंयोगः द्रव्यारम्भकः न विजातीयसंयोगः' इस नियम के अनुसार दो विजातीय परमाणुओं से एक द्वयणुक की उत्पत्ति नहीं हो सकती । यथा—यदि एक पृथिवी और एक जल के परमाणु से एक द्वयणुक की उत्पत्ति मान ली जाए, तो द्वयणुक के एक अंश जलीय परमाणु में गन्ध न होने के कारण, जबकि दूसरे अंश में गन्ध होने से, द्वयणुक गन्धयुक्त न हो सकेगा और ऐसे द्वयणुकों से बने त्र्यणुक में भी गन्ध की सत्ता नहीं मानी जा सकेगी, क्योंकि कारण का एक गुण कार्य में गुणों को उत्पन्न नहीं कर सकता । इसी प्रकार पृथिवी और तेज के परमाणुओं से बने द्वयणुक में गन्ध, रूप और रस की; पृथिवी और वायु के परमाणुओं से निर्मित द्वयणुक में गन्ध, रूप, रस और स्पर्श की उत्पत्ति नहीं हो सकेगी । अतः सजातीय परमाणुओं से ही द्वयणुक की उत्पत्ति माननी चाहिए ।[४] यहाँ यह भी ध्यातव्य है कि सजातीय दोनों परमाणु मात्र से ही सृष्टि नहीं होती, उसके साथ एक विजातीय परमाणु जैसे जलीय परमाणु भी रहता है ।[५] जैसे दो स्त्रियों या दो पुरुषों से सृष्टि नहीं होती है, उसी प्रकार सजातीय दो परमाणुओं से भी सृष्टि नहीं होती । सृष्टिमात्र के लिए सजातीय होते हुए भी विजातीय होना आवश्यक है । ऋणात्मक और धनात्मक दो

१. (i) Prof. u Vaiseska Philasphy, p.१२८%१२९ (ii) Dr. Bhaduri, studies in Nyaya-Vaisesika Metaphysias. P.82-88. (iii) डॉ० देवराज, भारतीय दर्शन, पृ० ३५५-५६
२. न्यायसूत्र ४.२.१४/२.१.३५ - ३६ भाष्य तथा वार्तिक ४.२.१२ तथा न्यायसिद्धान्त मुक्तावली, पृ० ११२
३. वैशेषिक सूत्र ४.१.२
४. न्यायवार्तिक, ३.१.२८ तथा तात्पर्यटीका; वैशेषिकसूत्रोपस्कार ४.२.२
५. न्यायसूत्रभाष्य, ३.२.६५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जातीय, सजातीय तार से ही विद्युत उत्पन्न होती है। इसलिए स्थूलभूत, वासना तथा चेतन जीव, इन तीन के सहारे अवतार तथा अन्य सृष्टि होती है।

सृष्टि-प्रकिया विजातीय-परमाणु-संयोग उपष्टम्भक रूप में

सजातीय परमाणुओं के साथ विजातीय परमाणु संयोग किस प्रकार सृष्टि-प्रक्रिया में सहायक होता है? इसका समाधान आचार्यों ने पाँच भौतिक शरीर की उत्पत्ति के माध्यम से प्रस्तुत किया है। न्याय-वैशेषिक दर्शन के अनुसार मानव-शरीर पृथिवी के परमाणुओं के द्व्यणुक, त्र्यणुकादि के संगठन से बना है।[1] इसके मूल उपादान तत्त्व पार्थिव हैं, किन्तु शरीर में जल, तेज आदि भूतों के भी गुण पाए जाते हैं। इसलिए पार्थिव शरीर में भी जल आदि के परमाणुओं का सम्बन्ध अथवा संयोग मानना आवश्यक है। नैयायिक इस संयोग का निषेध नहीं करते, परन्तु पार्थिव परमाणु उपादान कारण (समवायिकारण) है तथा जलादि परमाणुओं का संयोग उपष्टम्भक, अर्थात् सहायक मात्र रूप है। यह विजातीय परमाणुओं का मिश्रण भूत के विकास की प्रक्रिया में किस अवस्था में सम्भव है, त्र्यणुक की अवस्था में या उसके पश्चात् की अवस्था में, अनुसंधान का विषय है।

द्रव्य में विविधता का कारण

सजातीय विजातीय परमाणुओं से उत्पन्न द्रव्यों में विविधता के कारणों पर भी विचार किया गया है। आचार्य प्रशस्तपाद[2] के अनुसार कार्यरूपा पृथिवी के मिट्टी, पाषाण, वृक्ष आदि त्रिविध प्रकारों तथा उपप्रकारों में भिन्नता का कारण अवयव-संयोग की शिथिलता, कठोरता तथा अवयवों की विशिष्ट रचना है।[3] मूल परमाणुओं में ये अपर जातियाँ नहीं होतीं।

अदृष्टवश उनसे इस प्रकार के कार्यों की उत्पत्ति होती है, जिससे पृथिवी शयन-आसनादि रूप में अनेक प्रकार से मानव का उपकार करती है।

ताप-संयोग से रासायनिक परिवर्तन-सम्बन्धी सिद्धान्त

परमाणुओं के संयोग से उत्पन्न द्रव्य में ताप के प्रभाव से गुणात्मक परिवर्तन हो सकता है। इस विषय में नैयायिकों का मत है कि संसार की सभी 'कार्य-वस्तुएँ' स्वभाव से ही छिद्र वाली होती हैं। वस्तु के उत्पन्न होते ही उन्हीं छिद्रों के द्वारा उन समस्त वस्तुओं में भीतर और बाहर अग्नि प्रवेश करता है तथा परमाणुपर्यन्त उन वस्तुओं को पकाता है। जिस समय तेजस् कण उस वस्तु में प्रवेश करते हैं, उस समय वस्तु का नाश नहीं होता। जैसे कुम्हार घड़ा बनाकर आवें में रखकर जब उसमें आग लगाता है, तब घड़े के प्रत्येक छिद्र से तेजस् कण उस घड़े में प्रवेश करते हैं और घड़े के बाहरी तथा भीतरी—सभी हिस्सों को पकाते हैं। घड़ा वैसे का वैसा ही रहता है, अर्थात् घड़े के नाश हुए बिना ही उसमें पाक हो जाता है। इसे ही न्यायशास्त्र में 'पिठरपाक' कहते हैं।[4]

---

१. न्यायसूत्र, ३.१.३१ तथा वैशेषिकसूत्रोपस्कार, पृ० - २८७
२. सा च स्थैर्याद्यवयवसन्निवेशविशिष्टाऽपरजातिबहुत्वोपेता शयनासनाद्यनेकोपकारकरी च। —प्रशस्तपादभाष्य, पृ० -७८
३. न्यायकन्दली, पृ० - ८१
४. न्यायमञ्जरी, द्वितीय भाग, पृ० १२ (पीलुपाकादिमतम्) न्यायवार्त्तिक ३.१.४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वैशेषिकों[१] के मतानुसार कार्य में जो गुण उत्पन्न होता है, उसे पहले उस कार्य के उपादान कारण में (समयायिकरण) उत्पन्न होता चाहिए। इसलिए जब कच्चा घड़ा आग में पकने के लिए दिया जाता है, तब आग सबसे पहले उस घड़े के सभी परमाणुओं को पकाती है और उसमें दूसरा रंग उत्पन्न करती है। फिर क्रमश: वह घड़ा भी पक जाता है और उसका रंग भी बदल जाता है। इस प्रक्रिया के अनुसार जब कुम्हार कच्चे घड़े को आग में पकने के लिए देता है, तब तेज के प्रभाव से उस घड़े का परमाणुपर्यन्त नाश हो जाता है, अर्थात् घड़ा नष्ट हो जाता है और परमाणु के रूप में परिवर्तित हो जाता है और रंग बदल जाता है, फिर उस घड़े से लाभ उठाने वालों के अदृष्ट के कारणवश सृष्टि के क्रम से पुन: बन कर वह घड़ा तैयार हो जाता है। इस प्रकार उस पक्व परमाणुओं से संसार के समस्त पदार्थ, भौतिक या अभौतिक तेज के कारण पकते रहते हैं। इन वस्तुओं में जितने परिवर्तन होते हैं, वे सब इसी 'पाकज प्रक्रिया' के कारण होते हैं। यह ध्यान रखना आवश्यक है कि यह 'पाक' केवल पृथिवी और पृथिवी से बनी हुई वस्तओं में होता है। इसे वैशेषिक 'पीलुपाक', अर्थात् परमाणुओं में पाक कहते हैं।[२] कुछ विद्वानों के अनुसार इस प्रक्रिया में नौ क्षण लगते हैं; किन्हीं के अनुसार, दस क्षण अन्य के अनुसार ग्यारह क्षण तथा कुछ के अनुसार केवल पाँच ही क्षण लगते हैं।[३]

(ख) यौगिक

योगिक वह पदार्थ है, जो समानजातीय दो अथवा अधिक द्रव्यों में अथवा विजातीय भूतों से बने द्रव्यों की रासायनिक प्रक्रिया से बनता है।

विशेषताएँ— (१) प्रत्येक यौगिक का एक निश्चित रासायनिक संघटन होता है। (२) प्रत्येक यौगिक के निश्चित भौतिक तथा रासायनिक गुण होते हैं। यौगिक के गुण उसके मूलभूत तत्त्वों से बिलकुल भिन्न होते हैं। (३) यौगिक के घटक तत्त्वों को यान्त्रिक या भौतिक विधियों द्वारा अलग नहीं किया जा सकता। (४) रासायनिक अभिक्रिया के फलस्वरूप यौगिक बनता है तथा इसे बनाने में ताप या उष्मा का प्रयोग किया जाता है।

(अ) समांगी यौगिक

एक ही भूत के बने परमाणुओं से उत्पन्न द्रव्य में रासायनिक क्रिया से यौगिक बनना सम्भव है। यद्यपि एक ही भूत के परमाणुओं में कोई अन्तर नहीं पाया जाता, तथापि परमाणुओं के विभिन्न समूहात्मक संयोगक्रम के अनुसार उत्पन्न द्रव्य में विविधता द्रष्टिगत होती है। यथा—जौ तथा चावल के दाने में पाए जाने वाले परमाणुओं में कोई अन्तर नहीं है, क्योंकि दोनों एक ही भूत पृथ्वी तत्त्व से निर्मित हैं।[४] इसी प्रकार शुक्र और शोणित के परमाणुओं में कोई भेद नहीं है।[५] ताप के सतत् प्रभाव के कारण परमाणुओं के गुण-धर्म में परिवर्तन होता है।

---

१. प्रशस्तपादभाष्य, पृ० २६२, वैशेषिकसूत्रोपस्कार, पृ० ३७१, न्याय सिद्धान्तमुक्तावली, पृ० ३९७, तर्कदीपिका, पृ० १५-१६

२. पीलुपाको वैशेषिकाणाम्। पाकः परमाणुष्वेव जायते, नावयविनि मानाभावात्। पादार्थीयदिव्यचक्षुः, पृ० ३५

३. किरणावली, पृ० १८९-९०, कणादरहस्य, पृ० ६०, वैशेषिकसूत्रोपस्कार ७.१.६, न्यायसिद्धान्तमुक्तावली, पृ० ४०७-४१४

४. न्यायवार्तिक, ३.१.४

५. न्यायकंदली, पृ० ८३

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(i) रूप, रंग, वर्ण आदि का एक ही भूत के परमाणुओं में जो परिवर्तन होता है, उसका कारण मात्र ताप है। (ii) ताप की खर, मृदु अथवा मध्यम मात्रा तथा (iii) तेजस् कणों के प्रकार और सम्पर्क में आने वाले द्रव्यों के गुण-धर्मों के अनुसार वर्णादि में परिवर्तन होता है। ताप-क्रिया के प्रथम चरण में 'पाकजोत्पत्ति' की प्रक्रिया के अनुसार ही द्रव्य में रासायनिक परिवर्तन द्वारा द्रव्य का रासायनिक यौगिक बनता है, इस जटिल रासायनिक प्रक्रिया को प्रशस्तपाद ने 'योनिजशरीरोत्पत्ति' के प्रसंग में समझाया है—[१]

प्रथम अवस्था में

पिता के शुक्र एवं माता के शोणित के मेल के बाद माता की शारीरिक उष्मा से शुक्र एवं शोणित के आरम्भक पार्थिक परमाणुओं में पहले के रूपादि का नाश एवं दूसरे रूपादि की उत्पत्ति होती है तथा परिवर्तित रूपादि से युक्त इन शुक्र एवं शोणित के परमाणुओं से 'कलल' नामक शरीर, अर्थात् नवीन रासायनिक यौगिक की उत्पत्ति होती है।

ताप-क्रिया की द्वितीय अवस्था में

पुन: अद्वष्टवश उस 'कलल' नामक शरीर के आरम्भक परमाणुओं में क्रिया होती है, और फिर विभाग। इस प्रकार द्रव्य-नाश के कथित क्रम से उस 'कलल' शरीर का नाश हो जाता है। इस नाश के बाद कलल के आरम्भक परमाणुओं के पहले रूपादि का नाश उसी तेज के संयोग से होता है। अब पाकज रूपादि से युक्त कलल के आरम्भक ये परमाणु माता के आहार के परमाणुओं के साथ रासायनिक मिश्रण द्वारा कोशिकाओं और अतकों (टिशू) को बनाते हैं। शरीर के नाश और शरीरान्तर की उत्पत्ति की यह क्रिया प्रतिदिन चलती रहती है।[२]

इस प्रकार पहली अवस्था में ताप-क्रिया द्वारा पार्थिव परमाणुओं का विघटन होकर नवीन रूपादि उत्पन्न होते हैं। द्वितीय अवस्था में उत्पन्न यौगिक (कलल) के आरम्भक परमाणुओं में रासायनिक परिवर्तन होता है। अभिप्राय यह है कि प्रथम अवस्था में पाकज-किया द्वारा परमाणुओं का नाश होकर द्रव्यान्तर की उत्पत्ति होती है, पुन: उस द्रव्यान्तर का नाश तथा अन्य द्रव्यान्तर की उत्पत्ति, यह नाश क्रमश: चलता रहता है। इस प्रक्रिया में प्रत्येक बार रासायनिक परिवर्तन मूलभूत पार्थिव तत्त्वों में न होकर द्रव्यान्तर के आरम्भक परमाणुओं में होता है।

गोवर्धनाचार्य ने न्यायबोधिनी[३] में इसी प्रक्रिया को दुग्ध, दही आदि के सन्दर्भ में स्पष्ट किया है। गाय के द्वारा खाई हुई घास सूक्ष्म परमाणुओं में बदल जाती है। पुन: आन्तरिक उष्मा के प्रभाव के कारण उसके रूप, रस, गन्ध आदि में अनेक रासायनिक परिवर्तन होते हैं, जिससे वह दुग्ध के रूप में परिवर्तित हो जाता है। जब दुग्ध दही में परिवर्तित होता है, तो दुग्ध के परमाणुओं में यह परिवर्तन होता है, यह आवश्यक नहीं कि दुग्ध के अणुओं का विघटन होकर उनका परिवर्तन मूलभूत परमाणुओं में हो जाए। इस प्रकार परिवर्तन दुग्ध परमाणु में

१. प्रशस्तपादभाष्य, पृ० ८४-८५
२. न्यायकंदली, पृ० ८४-८५
३. न्यायबोधिनी, पृ० १६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

होता है। दुग्धाणु की पृथिवी परमाणुओं में विघटित होने की आवश्यकता नहीं होती। इसी क्रम से दही, नवनीत, घृतादि द्रव्यान्तर की उत्पत्ति होती है।

(आ) विषमांगी यौगिक

बहु भौतिक या द्विभौतिक यौगिकों में एक अन्य प्रकार का संयोग होता है, जिसे 'उपष्टम्भक योग' कहते है। तेल, घी, फलों के रस आदि में पृथ्वी के परमाणु तब तक नहीं मिल सकते, जब तक जल के परमाणु साथ में न हो। ये जल के परमाणु पृथ्वी के परमाणुओं को घेरे रहते हैं। उष्मा कणों के संघात से और अवपरमाणविक बल (intra-atomicforce) के कारण पृथ्वी के परमाणु विशिष्ट गुणों को धारण करते हैं।[१] इसी प्रकार तेजस् और वायु के परमाणु भी पृथ्वी के साथ उपष्टम्भक योग बना सकते हैं तथा पृथ्वी भी अप्, तेजस् और वायु के परमाणुओं के साथ उपष्टम्भक रूप में उपस्थित हो सकती है। धातुओं में पृथ्वी ही उपष्टम्भक रूप में होती हैं। सुवर्ण धातु में तेजस् के परमाणु केन्द्र में अवस्थित होते हैं और पृथ्वी के कण उपष्टम्भक रूप में आसपास स्पन्दित होते रहते हैं।[२]

गंगेश उपाध्याय का तर्क है कि अत्यधिक ताप से सुवर्ण का भी वाष्पीकरण हो सकता है,[३] जैसा कि सुवर्णभस्म के अवसर पर।[४]

इस प्रकार प्रत्येक भूत उपष्टम्भक हो सकता है। केवल पृथ्वी ही विष्टम्भक रूप में जलादि कणों की गति की अवरोधक है।[५]

(ग) मिश्रण

मिश्रण वह पदार्थ है, जो दो या दो से अधिक भिन्न प्रकार के द्रव्यों को किसी भी अनुपात में मिलाने पर बनता है तथा जिसके अवयवों को साधारण भौतिक विधियों द्वारा अलग किया जा सकता है। जिस द्रव्य के प्रत्येक भाग के गुण एक समान होते हैं, उसे 'समांग मिश्रण' या 'विलयन' कहते हैं। यथा, चीनी तथा जल का मिश्रण तथा जिस मिश्रण के प्रत्येक भाग के गुण एक समान नहीं होते, उसे 'विषमांग मिश्रण' कहते हैं। यथा— रेत तथा जल का मिश्रण। पृथ्वी तत्त्व के जल में मिले इस प्रकार का समक्षण या घोल 'भौतिक-मिश्रण' कहलाते हैं। यथा—पानक (जलजीरा), काञ्जी तथा क्षारीय इसी प्रकार के मिश्रण हैं।[६]

---

१. किरणावली, जलनिरूपणम्, पृ० २७७
२. किरणावली, तेजोनिरूपणम्, पृ० २९३-९५
३. तत्त्वचिन्तामणि, सन्निकर्षवाद रहस्य
४. वही, मथुरानाथकृत टीका
५. किरणावली, पृथिवीनिरूपणम्, पृ० २३०
६. न्यायवार्तिक १.१.१४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यूष (Soup) भी यह भौतिक मिश्रण है। जब मांस उबाला जाता है, तब ताप-संयोग से उसमें रासायिनक परिवर्तन (मांस का गलकर छोटे-छोटे कणों में विभाजित हो जाना) होता है, परन्तु यूष (Soup) में मांस के कणों और जल-कणों का सम्मिश्रण केवल भौतिक मिश्रण है, रासायनिक नहीं।[१]

(घ) रासायनिक क्रिया और ताप

प्रत्येक रासायनिक क्रिया के लिए ताप का होना आवश्यक है। तेजस-कणों का संयोग न होने पर आन्तरिक उष्मा द्वारा पदार्थों में रासायनिक परिवर्तन होता है। यथा, पृथ्वी की अव्यक्त उष्मा के कारण ही सिञ्चन-क्रिया द्वारा जल के कण पाक-क्रिया द्वारा वृक्ष के.माध्यम से फल तक पहुँचता है[२] तथा जठरानल द्वारा भोजन पचता है। माता की शारीरिक उष्मा (औदर्य्य तेज:) द्वारा गर्भस्थ-शिशु तक आहार पहुँचता है। उदयनाचार्य का मत है कि रासायनिक प्रक्रिया के लिए आवश्यक सारी उष्मा का स्रोत सूर्य का ताप है।[३] परन्तु परिपाक क्रिया में अन्तर है। ताप के सूक्ष्म कणों के सम्पर्क और उष्मा के प्रकार विभिन्न हैं। गोवर्धनाचार्य के अनुसार 'पाक' का अर्थ 'तेज: संयोगमात्र' नहीं है, अपितु 'विलक्षण तेज: संयोग' है। अर्थात् विभिन्न प्रकार की उष्मा का प्रभाव है। इस प्रकार कार्य की विलक्षणता को देखते हुए भिन्न-भिन्न जाति के विलक्षण पाकों (तेज: संयोगों) की कल्पना की जाती है। जैसे—तृण के ढेर में रखे आम आदि के फल में विलक्षण तेज के संयोग (अर्थात् उष्मा के संयोग) से पूर्व हरे रंग का नाश हो जाता है और पीले रंग की उत्पत्ति होती है, किन्तु रस ज्यों का त्यों खट्टा ही रह जाता है। कहीं हरा रंग ज्यों का त्यों रहता है और रस में परिवर्तन हो जाता है। क्योंकि वहाँ विजातीय तेज: संयोग रूप पाक के कारण खट्टे रस के नाश से मधुर रस का अनुभव होता है। इससे यह स्पष्ट है कि रूपजनक पाक की अपेक्षा रसजनक पाक विलक्षण है। ऐसे ही गन्धजनक तथा स्पर्शजनक तेज: संयोग भी विलक्षण ही होते हैं। इसीलिए पार्थिव परमाणु के समान होने पर भी पाक की महिमा से विजातीय द्रव्यान्तर का अनुभव होता है।[४]

उदयनाचार्य[५] के अनुसार उष्मा और प्रकाश की किरणें अत्यन्त सूक्ष्म कणों से बनी होती हैं। ये तीव्र गति एवं वेग से ऋजु रेखीय स्तर पर सारी दिशाओं में प्रवाहित होती हैं तथा सन्धि में सहज ही प्रवेश कर जाता है, जैसा तापचालन की क्रिया में पाया जाता है। अग्नि पर पात्र में जब जल गरम किया जाता है तो पात्र के परमाणुओं की सन्धि में प्रवेश कर ताप जल तक सहज ही पहुँच जाता है। प्रकाश किरणें पारदर्शक पर्दा में 'परिस्पन्द' के द्वारा परमाणु सन्धि से प्रवेश कर विक्षेप या अपवर्तन की अवस्था पाती है, जिसे 'तिर्यग्गमन' कहा जाता है। अन्य अवस्थाओं में 'उष्मा या प्रकाश की किरणें परमाणुओं से टकरा कर प्रत्यावर्तित हो जाती हैं।'

---

१. वही
२. न्यायभाष्य, ४.१.४७
३. किरणावली, सृष्टिसंहारविधिनिरूपणम्, पृ. ३२६
४. न्यायबोधिनी, पृ. १५-१६
५. किरणावली, तेजोनिरूपणम्

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ताप की विशेष क्रिया से अन्य अवस्थाओं में परमाणु छिन्न-भिन्न होकर विघटित हो जाते हैं। निरन्तर परिपाक से इन विघटित परमाणुओं के भौतिक रासायनिक गुणों में परिवर्तन हो जाता है और इनका पुन: संयोग संघटन होकर नवीन रासायानिक द्रव्यों का निर्माण हो जाता है।[१]

निष्कर्ष –

ऐसा कहा जाता है कि वैशेषिक की उक्त प्रकल्पना को यूनानी विचारधारा से प्रेरणा मिली। इसका आविर्भाव सम्भवत: उस काल में हुआ, जब भारत पश्चिमी देशों के सम्पर्क में आया, जहाँ यह प्रकल्पना विस्तृत रूप में प्रचलित थी।[२] हमारे ज्ञान की वर्तमान अवस्था में इस विषय में कुछ भी निश्चित रूप से कहना कठिन है। किन्तु परमाणुवाद की प्रकल्पना के सम्बन्ध में यूनानी तथा भारतीय विचारों में इसके अतिरिक्त अन्य कोई समानता नहीं पायी जाती कि दोनों परमाणु को अदृश्य इकाई मानते हैं।

यूरोप में डेमोक्रेटिस ने परमाणुवाद की कल्पना की तो भारत में महर्षि कणाद में ही सर्वप्रथम परमाणुवाद की उद्‌भावना की, जिसने आधुनिक विज्ञान को अन्तिम अविभाज्य इकाई खोजने के लिए आधार प्रदान किया। कुछ समय पूर्व तक विज्ञान शास्त्र में परमाणुवाद की कल्पना का प्राधान्य था। यद्यपि अब परमाणुओं को 'इलेक्ट्रॉनों' और 'प्रोट्रोनों' का समूह माना जाने लगा है, और ये विद्युदणु आकाश (ईथर) से अपना स्वरूप प्राप्त करते हैं। तो भी विज्ञान के क्षेत्र में उक्त सिद्धान्त ने जो अभी तक विजय-लाभ अर्जित किया है, उसे देखते हुए मानना पड़ेगा कि यह एक सफल प्रकल्पना थी। अत: यह कहना उचित होगा कि इसके समान-अन्य किसी कल्पना में वह क्षमता या टिकने की शक्ति नहीं हैं, जिसके कारण भौतिक तथा रासायनिक विज्ञान—दोनों को ही आज तक आगे अनुसन्धान का एक तैयार क्षेत्र मिलता गया।[३]

---

१. न्यायवार्तिक,३.१.४८,तात्पर्यटीका १.१.४,

२. न्यायवार्तिक ३.१.३९,४.२.२५,न्यायभाष्य ३.१.४८

३. Gomparj, Greek Thinkers, vol. I, p. ३५३

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

योग द्वारा समग्र विकास

डॉ. धनराज शर्मा

योगेन चित्तस्य पदेन वाचां मलं शरीरस्य च वैद्यकेन।
योऽपाकरोत्तं प्रवरं मुनीनां पतञ्जलिं प्राञ्जलिरानतोऽस्मि ॥

एक परम्परा के अनुसार योगशास्त्र, व्याकरणशास्त्र तथा चिकित्साशास्त्र—तीनों का प्रणेता एक ही व्यक्ति है—महर्षि पतञ्जलि । उपर्युक्त पद्य में 'चित्तमलनिवारणहैतुक योगशास्त्र' (योगसूत्र), 'वाणीमल- निवारणहैतुक व्याकरण: पदशास्त्र' (महाभाष्य) तथा 'शरीरमल-निवारणहैतुक चिकित्साशास्त्र' (चरक संहिता) के प्रणेता पतञ्जलि को करबद्ध प्रणाम किया गया है ।'

यद्यपि इस परम्परा की ऐतिहासिकता पर किसी को संदेह हो सकता है, तथापि मन, वाणी तथा शरीर का निःसन्देह पारस्परिक घनिष्ठतम सम्बन्ध है । यत: स्थूल शरीर में सूक्ष्म रूप से विद्यमान मन और प्राण निरन्तर सक्रिय रह कर मन:स्पन्द और प्राणस्पन्द के द्वारा जीवन का सतत संचालन करते हैं । ये चित्त एवं प्राण—दोनों ही परस्पर सम्मिलित रूप से कार्य करते हैं, एक के स्थिर होने पर दूसरा स्थिर होता है तथा एक के अस्थिर होने पर दूसरा भी अस्थिर हो जाता है । अत: योगशास्त्र में श्वास-प्रश्वासात्मक प्राण को प्राणायामाभ्यास के द्वारा नियन्त्रित करके चित्त को स्थिर करने का विधान है —

चले वाते चलं चित्तं निश्चले निश्चलं भवेत्।
योगी स्थाणुत्वमाप्नोति ततो वायुं निरोधयेत् ॥[१]

प्राण तथा मन की स्थिरता से ही शरीर भी स्थिर और स्वस्थ रहता है । वात-पित्त-कफात्मक—तीनों धातुओं के अधीन हमारा यह शरीर पूर्णतया चित्त पर ही आश्रित है । अत: चित्त के अस्वस्थ (नष्ट) होने पर धातुओं में भी असन्तुलन हो जाता है तथा चित्त स्वस्थ रहने पर रस-रक्त-मांस-मेदा-मज्जादि सप्त धातुएँ भी अपने-अपने कार्यों का सम्पादन अच्छी प्रकार से करती हैं । अत: चित्त को स्वस्थ रखने के लिए व्यक्ति को सदैव प्रयासरत रहना चाहिए—'लालयेच्चित्तबालकम्'—

१. हठयोग, प्र.२.२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चित्तायत्तं धातुवश्यं शरीरं नष्टे चित्ते धातवो यान्ति नाशम्।
तस्माच्चित्तं यत्नतो रक्षणीयं स्वस्थे चित्ते धातवः सम्भवन्ति ।।

योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः[१] अर्थात् चित्तवृत्तियों का निरोध ही योग है । अतएव योग के निरन्तर अभ्यास के द्वारा चित्त में जैसे-जैसे स्थिरता आने लगती है, वैसे-वैसे उसी अनुपात से प्राणवायु, वा ी, शरीर तथा दृष्टि में भी स्थिरता की झलक प्रतीत होने लगती है, जो परिपूर्ण तथा समग्र स्वास्थ्य की द्योतिका है ।

यथा यथा दृढाभ्यासान्मनसः स्थिरता भवेत्।
वायु-वाक्काय-दृष्टीनां स्थिरता च तथा तथा ।।

चित्त-स्थिरता के बिना केवल शरीर मात्र का उपचार करने से कुछ भी लाभ सम्भव नहीं हो सकता है । यतः चित्त ही समस्त समस्याओं का मूल कारण है, अतः उसी का उपचार पहले करना चाहिए । **'चित्तं कारणमर्थानां तच्चिकित्स्यं प्रयत्नतः ।'** उसी के स्थिर तथा स्वस्थ होने पर पूर्ण स्वास्थ्य सम्भव है । अतः पंचभौतिक स्थूल शरीर में विद्यमान सूक्ष्म मन और प्राण को स्थिर करने के लिए योग ही सहज रूप से परम उपादेय है । योग के द्वारा परिपक्व शरीरवाला मनोदैहिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति ही अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह-रूप यमों तथा शौच-सन्तोष-तप-स्वाध्याय-ईश्वरप्रणिधान-रूप नियमों का विधिवत् पालन करते हुए ही स्वस्थ समाज, स्वस्थ राष्ट्र एवं स्वस्थ विश्व के निर्माण में सहायक हो सकता है । यही विश्व स्वास्थ्य संगठन का भी मन्तव्य है ।

योगपद युज् धातु से निष्पन्न होता है । पाणिनीय धातुपाठ के अनुसार, युज् धातु का प्रयोग योग, संयमन तथा समाधि के अर्थ में हुआ है, जो योगाभ्यास के मार्ग में सातत्य को व्यक्त करता है । चित्तवृत्तियों को लक्ष्य से संयुक्त करना, संयुक्त हुई वृत्तियों को लक्ष्य में पूर्णतया संयमित करना तथा संयिमत वृत्तियों का (ध्याता, ध्यान तथा ध्येय के त्रिक के रूप में) एकाकार हो जाना ही 'योग का अन्तिम सोपान समाधि' है । ये तीनों स्थितियाँ एक ही साधना की सूक्ष्म, सूक्ष्मतर और सूक्ष्मतम अवस्थाएँ हैं । इसी प्रक्रिया को अष्टाङ्ग योग में धारणा, ध्यान तथा समाधि के रूप में प्रतिपादित किया गया है ।[२] व्याधिग्रस्त विक्षिप्त चित्त को समाधि के प्रति उन्मुख करने के लिए ही समस्त योगाभ्यास किये जाते हैं । यद्यपि आसनादि योगाभ्यास शरीर के द्वारा सम्पन्न होने के कारण आपाततः स्थूल प्रतीत होते हैं, तथापि इनका प्रभाव साक्षात् सूक्ष्म चित्त पर ही पड़ता है । इसीलिए इन्हें शरीर के माध्यम से 'चित्त का प्रशिक्षण' कहा गया है । परिणामतः जैसे-जैसे अयासों से चित्त में स्थिरता आती है, वैसे-वैसे ही साधक के प्राण, वाणी, शरीर तथा दृष्टि में भी स्थिरता आने लगती है ।[३]

---

१. योसू.१.२

२. देशबन्धश्चित्तस्य धारणा । तत्र प्रत्ययैकतानता ध्यानम् ।
तदेवार्थमात्रनिर्भासं स्वरूपशून्यमिव समाधिः ।। योग सूत्र ३.२-३

३. यथा यथा दृढाभ्यासान् मनसः स्थिरता भवेत् ।
वायुवाक्कायदृष्टीनां स्थिरता च तथा तथा ।। यो.शा.,६९

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उपर्युक्त लक्षण दिखने से साधकों को समझना चाहिए कि हम वास्तव में योग का अभ्यास कर रहे हैं, अन्यथा शरीर का व्यायाम मात्र ही होगा, जो अन्ततः स्नायु तथा नाड़ीमण्डल में तनाव उत्पन्न करेगा।

इसी प्रक्रिया के द्वारा योग के अन्तिम लक्ष्य। (समाधि) को प्राप्त करने के लिए प्रसिद्ध पद्धति को 'हठयोग' कहा जाता है, जिसके आसन, प्राणायाम, मुद्रा तथा नादानुसंधान—ये चार अंग सर्वमान्य हैं।[1] इनमें स्वास्थ्यरक्षा और शरीर-सौष्ठव के लिए आसन नितान्त उपादेय हैं। इनके सतत अभ्यास से शरीर में स्वास्थ्य, सौष्ठव, नीरोगता, स्थिरता तथा दृढ़ता आती है। शरीर पर पड़नेवाले प्रभाव की दृष्टि से इन आसनों द्वारा मुख्यतया निम्ननिर्दिष्ट तीन भागों में विभक्त किया जा सकता है —

१. शरीरसंवर्द्धानात्मक आसन, २. विश्रामात्मक आसन और ३. ध्यानधारणात्मक आसन।

१. शरीरसंवर्द्धनात्मक आसन —

इन आसनों द्वारा शरीर की रक्षा और उसे सौष्ठव प्रदान करते हुए व्यक्तित्व का विकास किया जाता है। इनके तीन आन्तरिक भाग किये जा सकते हैं—

क. कुछ आसन मेरुदण्ड के द्वारा अन्तःस्रावी ग्रन्थि समूह (अर्थात्-पिट्यूटरी, थायराड, पराथायराड, थामस, अड्रनल आदि) का और आभ्यन्तिरक अनैच्छिक स्नायु-संस्थान (अर्थात् वक्षस्थलीय, हृदय, इसोफेगस, फुफ्फुस, यकृत् बृहदान्त तथा लघ्वान्त आदि के द्वारा) मानव के आन्तरिक स्वास्थ्य और सौष्ठव का संवर्धन करते हैं। इनमें पश्चिमतान, मत्स्येन्द्र, धनु, शीर्ष, सर्वांग हलासन अदि मुख्य हैं।

ख. कुछ आसन अस्थि, स्नायु-संस्थान (स्कल्टमसल) के द्वारा शरीर का संवर्धन कार्य करते हैं। इनमें कुक्कुटासन, कूर्मासन, उत्कटासन, आकर्षण धनुउष्ट्र आदि मुख्य हैं।

ग. कुछ आसन संतुलन-चेतना के द्वारा संवर्धन-कार्य सम्पन्न करते हैं। इनमें मयूरासन, शीर्षासन, कुक्कुटासन, वृश्चिकासन, वक्रासन, वृक्षासन आदि मुख्य हैं। उपर्युक्त विविध रूपों से ये आसन शरीर के आभ्यन्तिरक संस्थानों के संवर्धन के द्वारा ही व्यक्ति की शरीररक्षा, सौष्ठव और सौन्दर्य को विकसित करते हैं।

२. विश्रामात्मक आसन

विश्रामात्मक आसन शरीर की शिथिलीकरण-पद्धति के द्वारा न केवल शरीर के ही श्रम का हरण करते हैं, प्रत्युत् चित्त को भी विश्रान्ति प्रदान करते हैं। इनमें शवासन, मकरासन, योगनिन्द्रासन आदि मुख्य हैं।[2] इन आसनों के निम्नलिखित लाभ होते हैं —

क. इनके अभ्यास के नाड़ीगति, हृदयस्पन्दन तथा रक्तचाप में न्यूनता आती है।

---

१. पीठानि कुम्भकाश्चित्रा दिव्यानि करणानि च अथ नादानुसन्धानमभ्यासानुक्रमो हठे ॥ हठयोग, प्र.१.५६-५७

२. शवासनं श्रान्तिहरं चित्तविश्रान्तिकारकम्। वही, १.३५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ख. सामान्य विश्राम की अपेक्षा इन आसनों में शक्ति का बहुत अल्प व्यय होता है। यहाँ तक कि इन आसनों की तुलना में निद्रा की अवस्था में भी शक्ति का व्यय अधिक होता है।

ग. चित्त में विश्रान्ति, नाड़ीय तनाव में न्यूनता, मन में उत्साह तथा शरीर में लाघव का विकास होता है।

घ. इन आसनों के अभ्यास से कुछ चिकित्सात्मक लाभ भी होते हैं।

नाड़ीय तनाव से होने वाले रोग नष्ट होते हैं। हृदय-रोग के बहुत से विशेषज्ञ चिकित्सक भी शवासन द्वारा हृदय-रोग का उपचार करते हैं।

ङ. प्रत्येक चेतना का आविर्भाव होता है। व्यक्ति के अन्तर में निहित चेतना के उदय की योग्यता उत्पन्न होती है। चित्त न्यूनवृत्तिवाला हो जाने के कारण समाधि के प्रति शीघ्र उन्मुख होता है।

३. ध्यान-धारणात्मक आसन

इन आसनों के लिए शरीर-संतुलन हेतु विस्तृत आधार की आवश्यकता रहती है। तदर्थ त्रिकोणात्मक और कदाचित् चतुष्कोणात्मक आधार पर आश्रय लिया जाता है, जिससे शरीर में चेतना के अभाव में भी शरीर संतुलित रहे। वह स्थिति ध्यानधारणात्मक आसनों के लिए उपयोगी है। उक्त स्थिति सिद्धासन, पद्मासन, स्वस्तिकासन, भद्रासन, वज्रासनादि में देखी जा सकती है। पद्मासनादि में जंघाबन्ध से त्रिकोणात्मक स्थिति बन जाती है। जंघाबन्ध की विशेषता से रक्तसंचारणक्रिया में बाधा नहीं आती है, प्रत्युत् रक्तसंचरण व्यवस्थित रहता है, अशुद्ध रक्तवाही नाड़ीमण्डल द्वारा हृदय हेतु रक्तप्रेषण में सहायता मिलती है, जंघाप्रदेश के अतिरिक्त समस्त स्नायुमण्डल को विश्राम मिलता है। श्वसनतन्त्र और पाचनतन्त्र बाधारहित होकर सुचारु रूप से अपना-अपना कार्य सम्पन्न करते हैं।

इन आसनों के साथ शुद्धि का होना परमावश्यक है। शुद्धि के बिना समत्व सम्भव नहीं है। धातुदोष आदि की समता के लिए धौति, वस्ति आदि षट्कर्मों का विधान है। वात, पित्त तथा कफ के रोगों के निवारण के लिए वस्ति, धौति, नेति आदि का अभ्यास किया जाता है। नाड़ीशोधन प्राणायाम से नाड़ियों के आन्तरिक मलों का निवारण किया जाता है। शरीर और नाड़ियों के शुद्ध होने से साधक का चित्त शुद्ध होता है। चित्त-शुद्धि होने पर ही साधक योग की उच्च भूमियों की ओर अग्रसर होता है। योग के सतत अभ्यास के द्वारा शरीर में लघुता, मुख पर प्रसन्नता, नाद की स्पष्टता, नेत्रों में निर्मलता, नीरोगता, बिन्दुजय, पाचनाग्नि की प्रदीप्तता तथा नाड़ीगण की शुद्धि स्वतः ही हो जाती है—

वपुः कृशत्वं वदने प्रसन्नता नादास्फुटत्वं नयने च निर्मले।
अरोगता बिन्दुजयोऽग्निदीपनं नाडेर्विशुद्धिर्हठयोगलक्षणम्॥[१]

आज समाज में अधिकतर व्यक्ति अस्वस्थ हैं। प्रत्येक नगर और ग्राम के चिकित्सालयों में रोगियों की खचाखच भीड़ देखी जा सकती है। त्राहि-त्राहि करते हुए जनसमुदाय स्वास्थ्य के समुचित उपाय हेतु भटक रहा

१. वही, २.७७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है । उनके लिए योग ही एकमात्र आशा-प्रदीप है । आज का शिक्षित वर्ग भी प्रायः तनाव, दबाव और कुण्ठाओं से ग्रस्त जीवन व्यतीत कर रहा है । योग उसके लिए भी संतुलन का सेतु बन सकता है, क्योंकि प्रत्येक अवस्था में समत्व लाना ही योग का चरमोद्देश्य है— 'समत्वं योग उच्यते' । समत्व ही स्वास्थ्य है, वही योग है । अतः हम योग के द्वारा ही आजीवन स्वस्थ रह सकते हैं । शरीर में नीरोगता तथा लाघव, मन में सन्तुलन और उत्साह, बुद्धि में तीक्ष्णता और आत्मा में शांतियोग द्वारा ही सुलभ हो सकते हैं । **'अदीनाः स्याम शरदः शतम् ।'**

अन्त में विश्वासपूर्वक कहा जा सकता है कि योग द्वारा स्थूल शरीर से लेकर इन्द्रिय अन्तःकरण बुद्धिपर्यन्त समस्त व्यक्तित्व का परिष्कार हो जाता है । मानव समस्त दोषों से मुक्त हो कर चिरस्थायी, परिपूर्ण और सहज स्वास्थ्य को प्राप्त करने में समर्थ हो जाता है । योगाभ्यासी में धैर्य, क्षमा, शान्ति, सत्य, सन्तोष, दया, करुणा, सहज मनःसंयम, त्याग, निर्भयता, ज्ञानपिपासा आदि सद्‌गुण सहज रूप से ही विद्यमान रहते हैं । यथा—

धैर्यं यस्य पिता क्षमा च जननी शान्तिश्चिरं गेहिणी ।
सत्यं सूनुरयं दया च भगिनी भ्राता मनःसंयमः ॥
शय्या भूमितलं दिशोऽपि वसनं ज्ञानामृतं भोजन-
मेते यस्य कुटुम्बिनो वद सखे ! कस्माद् भयं योगिनः ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नारी-प्रतिष्ठा में संस्कृत वाङ्मय का योगदान

प्रो० अरुणा शर्मा

नारी समाज का अभिन्न अंग है। नारी के बिना घर, परिवार, समाज, यहाँ तक कि सृष्टि की भी कल्पना नहीं की जा सकती है। भारतीय संस्कृति में नारी को अत्यन्त उच्च और आदरणीय स्थान प्रदान किया गया है। नारी को पार्वती, दुर्गा, लक्ष्मी आदि देवियों के तुल्य माना गया है। नारी जननी है, भगिनी है, पत्नी है, प्रेयसी है, पुत्री है और अपने इन समस्त रूपों में वह समस्त मनुष्य जाति को आनन्द देनेवाली और उनके सर्वविध कल्याण का चिन्तन करनेवाली है। परन्तु अत्यन्त खेद का वषय है कि आधुनिक युग में नारी अपनी वह सनातन गरिमा, अपना सम्मान खोती जा रही है। इसके लिए हमारे सांस्कृतिक, सामाजिक, नैतिक मूल्यों का ह्रास उत्तरदायी है। आज की पीढ़ी अपने संस्कारों और नैतिक आदर्शों का त्याग कर रही है। इसी का दुष्परिणाम आज समाज में नारी के आर्थिक, मानसिक और दैहिक शोषण के रूप में सामने आ रहा है। दिन-प्रतिदिन समाचार-पत्रों में दहेज के लिए बहू को हत्या, बलात्कार, ससुराल पक्ष के अत्याचारों से तंग होकर नारी द्वारा आत्महत्या अथवा कन्याओं की भ्रूणहत्या इत्यादि समाचार नारी की सनातन प्रतिष्ठा के समक्ष एक प्रश्नचिह्न प्रस्तुत कर देते हैं। आज राष्ट्र और समाज के सामने यह एक ज्वलन्त प्रश्न है कि नारी की इस लुप्त होतो गरिमा के लिए उत्तरदायी कौन है—विकृत-कुण्ठित मानसिकतावाला समाज अथवा स्वयं नारी जाति ? इस प्रसङ्ग में यह विचारणीय है कि क्या हमारी प्राचीन संस्कृति की संवाहिका संस्कृत भाषा तथा नैतिक मूल्यों का पोषक और संरक्षक संस्कृतवाङ्मय नारी-उत्पीड़न की समस्या के समाधान और नारी-प्रतिष्ठा की पुनःस्थापना में सहायक हो सकता है; और इस प्रश्न का उत्तर सकारात्मक है। संस्कृत वाङ्मय का आलोड़न करके ऐसे मार्गप्रदर्शक और प्रेरक प्रसङ्ग ढूढे जा सकते हैं, जो आज के युग की इस भीषण और बीभत्स समस्या के समाधान में समाज को दिशा प्रदान कर सकते हैं।

निष्पक्ष विचार करने पर यह तथ्य सामने आता है कि नारियों की इस दुर्दशा के लिए पथभ्रष्ट और असंस्कृत समाज तथा संस्कारविहीना नारी—दोनों ही उत्तरदायी हैं। जन्म से ही नारी घर-परिवार में मिलनेवाली उपेक्षा का शिकार होकर मानसिक कष्ट भोगती है। बाल्यावस्था में पुत्र की अपेक्षा पुत्री को कम स्नेह और अल्प शिक्षा मिलती है। पुत्रों की अपेक्षा पुत्रियों के स्वास्थ्य के प्रति भी माता-पिता कम चिन्तित होते हैं, अतः बालकों को अधिक पौष्टिक भोजन दिया जाता है, जबकि बालिकाएँ इस विषय में भी उपेक्षित रहती हैं। भारतवर्ष में कन्या की करुण-कथा उसके वाचक शब्दों में भी छिपी है। इसका प्रमाण स्वयं 'दुहिता' शब्द है। यास्क के अनुसार,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दुहिता शब्द की व्युत्पत्ति है—दुहिता, दुर्हिता, दूरे हिता[१] इति । दुर्गाचार्य इसे स्पष्ट करते हुए लिखते हैं कि दुहिता दुर्हिता है, क्योंकि वह जहाँ कहीं भी दी जाती है, उसका स्वागत नहीं होता है, वह सर्वत्र दुत्कारी जाती है—'सा हि यत्रैव दीयते तत्रैव दुर्हिता भवति ।'[२] कन्या के प्रति ऐसा उपेक्षित व्यवहार करना उचित नहीं है । पुत्र की भाँति पुत्री भी माता-पिता के पारस्परिक प्रेम का ही प्रतिफल होती है । व्याकरणाचार्य पतञ्जलि ने पुत्र और पुत्री की समता प्रदर्शित करते हुए कहा है—'तथा यदि पुनाति प्रीणातीति वा पुत्रः दुहितर्यप्येतद् भवति ।'[३] यदि पुत्र पवित्र करता है, आह्लादित करता है तो पुत्री भी पवित्र करती है, आह्लादित करती है ।

युवावस्था में नारी सबसे अधिक शोषण का शिकार होती है । युवती होने पर उसे उच्चशिक्षाप्राप्ति के लिए, जीविकोपार्जन के लिए अथवा अन्य पारिवारिक-सामाजिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए घर से बाहर आना-जाना पड़ता है । ऐसे में नारी को अनेक बार असामाजिक तत्त्वों की कुदृष्टि, अपशब्दों अथवा दुर्भावना के परिणाम-स्वरूप मानसिक तथा शारीरिक अन्याय को झेलना पड़ता है । ऐसे ही लोगों के उद्बोधन के लिए मनु ने निर्देश दिया है—

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः ।
यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफला क्रियाः ॥[४]

मनु के इस कथन में सम्पूर्ण नारी जाति के सम्मान का उपदेश निहित है । नारी चाहे माता हो, बहन हो, पुत्री हो, पत्नी हो, सहकर्मिणी हो या कोई अन्य, वह समस्त रूपों में मानव के लिए पूज्या होती है । हो भी क्यों न ? जो नारी बहन के रूप में भाइयों के कल्याण की कामना से नागपञ्चमी और भ्रातृद्वितीया, पत्नी के रूप में पति के दीर्घायुष्य और मंगल की कामना से वटसावित्री और करक चतुर्थी तथा माता के रूप में सन्तति-कल्याण हेतु अहोई, अष्टमी आदि व्रतों को धारण करती है, अपना अपार स्नेह और अपनी ममता लुटाती है, उसका सम्मान करना पुरुष मात्र का कर्त्तव्य है ।

पुरुष की यह सम्मान-भावना केवल अपने परिवार की नारियों के प्रति ही नहीं, प्रत्युत समाज की अन्य समस्त नारियों के प्रति भी होनी चाहिए । शास्त्र कहते हैं—पर नारियों को मातृवत् समझना चाहिए ।[५] इससे अधिक उन्नत विचार नारी के सम्मान के लिए किसी भी भाषा के वाङ्मय में उपलब्ध नहीं हो सकता है । जब पुरुष समाज की प्रत्येक स्त्री के प्रति मातृभावना रखेगा तो उसके प्रति किसी भी प्रकार की गर्हित चेष्टा करना तो दूर, ऐसा कुविचार भी उसके मन में उत्पन्न नहीं होगा । आज इस कलियुग में भी किसी पुत्र का माता के प्रति कुत्सित कर्म देखने-सुनने को नहीं मिलता और हमारे आदर्श संस्कारों के रहते ऐसी दुराशा भी नहीं करनी चाहिए ।

१. निरुक्त, ३.१.४
२. वही, ३.१.४ पर दुर्ग
३. पाणिनि सूत्र १.२.७०-७१ पर महाभाष्य ।
४. मनुस्मृति, ३.५६
५. चाणक्यनीति, १२.१४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हमारी सामाजिक व्यवस्था में कितनी विडम्बना है कि पुरुष स्वेच्छापूर्वक जो चाहे करे, उस पर कोई उँगली नहीं उठाता, परन्तु नारी यदि विवशता में पुरुष की दुर्भावना की भाजन हो जाये या और किसी कारणवश उसे कहीं अपने कार्यस्थल आदि से घर लौटने में विलम्ब हो जाये तो नारी को समाज चरित्रहीन और अपवित्र कहकर अपमानित करता है। विश्ववन्द्या माँ सीता का उदाहरण हमारे सामने है। समाज को सदा शास्त्र के इस वचन का ध्यान रखना चाहिए कि नारी कभी अपवित्र नहीं होती है। नारी को सभी प्राणियों, यहाँ तक कि ब्राह्मणों और गायों से भी पवित्र माना गया है—

ब्राह्मणाः पादतो मेध्या गावो मेध्याश्च पृष्ठतः ।
अजाश्वाः मुखतो मेध्याः स्त्रियो मेध्यास्तु सर्वतः ॥[१]

प्रतिमाह प्रकृति ही नारी के दुष्कृत को दूर करके उन्हें पवित्र बना देती है—

स्त्रियः पवित्रमतुलं नैता दुष्यन्ति कर्हिचित् ।
मासि मासि रजो ह्यासां दुष्कृतान्यपकर्षति ॥[२]

विवाह के अनन्तर नारी अपने पितृगृह का परित्याग कर पतिगृह में जाती है, परन्तु अधिकतर नारियों को वहाँ भी शोषण से मुक्ति नहीं मिलती है। स्वयं को शिक्षित समझनेवाला यह समाज नारी को अपनी दासी समझता है। पुरुष नारी को प्रताड़ित करते हैं, बात-बात पर अपमानित करते हैं और उनकी भावनाओं को आहत कर मानसिक शोषण करते हैं। वे यह भूल जाते हैं कि पत्नी उनकी अर्धाङ्गिनी है। अपने ही आधे अंग के प्रति यह स्वस्वामी-भाव कैसा ? ऐसे ही मतिभ्रष्ट पतियों के लिए वृहदारण्यकोपनिषद् का एक प्रसंग उल्लेखनीय है।

बृहदारण्यकोपनिषद् में वर्णन आया है कि पहले सब कुछ आत्मा था। उसका आकार था पुरुष की भाँति। उसने चारों ओर दृष्टि डाली तो उसे अपने अतिरिक्त कुछ भी दृष्टिगोचर नहीं हुआ। स्वयं को अकेला पाकर उसे भय हुआ। परन्तु उसने सोचा कि जब मेरे सिवाय यहाँ कुछ है ही नहीं तो मैं भय क्यों करूँ ? किसी दूसरे के होने पर ही भय होता है। उसका भय चला गया, परन्तु अकेला होने से उसे आनन्द की अनुभूति नहीं हुई। आनन्द-प्राप्ति के लिए उसने दूसरे व्यक्ति की कामना की। स्वामी और स्त्री का एक साथ आलिंगित रहने पर जो परिमाण होता है, उस समय आत्मा भी उसी परिमाण का था। उसने अपने को दो भागों में विभक्त किया। उसी से पति और पत्नी बने।[३]

उपनिषद् के इस कथन से स्पष्ट है कि उस समय के ऋषियों की कल्पनानुसार पुरुष का आधा अंश पति है और आधा अंश पत्नी है। इस दो अर्धांशों को मिलाने पर ही पुरुष पूर्ण होता है। इसी प्रकार शतपथब्राह्मण में भी कहा गया है कि जाया अपना आधा अंश ही है—

---

१. मनुस्मृति, ५.१७
२. मनुस्मृति, ५.११; बृहत्संहिता, ७४८
३. बृहदारण्यकोपनिषद्, १.४.३

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'अर्धो ह वा एष आत्मनो यज्जायेति: ।'[१] व्यास संहिता में भी कहा गया है कि जब तक पुरुष को स्त्री की प्राप्ति नहीं हो जाती, तब तक पुरुष आधा ही रहता है ।[२]

पति-पत्नी में आधे-आधे अंग की जो कल्पना की गयी है, इससे अधिक पवित्र, अधिक महान् उच्च सम्बन्ध की कल्पना हो ही नहीं सकती है । यदि पति-पत्नी दोनों इस सम्बन्ध को समझ लें तो वह सम्बन्ध उनके जीवन में सुख-शान्ति का प्रधान कारण बन जाता है, क्योंकि उनके दो प्राण दो हृदय मिलकर एक हो जाते हैं । भेद-बुद्धि समाप्त होने से वे अभिन्न हो जाते हैं । यदि यही भाव बना रहे तो फिर पति-पत्नी सम्बन्ध में प्रभु-दासी भाव बन ही नहीं सकता है । जहाँ गृहस्थ-जीवन के मूल आदर्श का ज्ञान न हो, वहीं पति-पत्नी में स्वामी और दासी का भाव हो सकता है, अन्यत्र नहीं ।

वस्तुत: नारी नर की शक्ति है । नारी के द्वारा ही नर शक्तिमान् है । पुरुष को इस सत्य को भली-भाँति समझ लेना चाहिए कि पत्नी उसकी अर्द्धाङ्गिनी है । उसके बिना पुरुष विकलांग है । नारी के बिना पुरुष का कोई धार्मिक कृत्य भी पूर्ण नहीं हो सकता है । तैत्तिरीय ब्राह्मण में 'अपत्नीक' पुरुष को 'अयज्ञीय' कहा गया है ।[३] अत: सहधर्मचारिणी का सम्मान करना पुरुष का कर्त्तव्य है ।

आधुनिक युग में नारी के उत्पीड़न की स्थिति इस चरमोत्कर्ष पर पहुँच गयी है कि जन्म से पूर्व ही उस पर अत्याचार प्रारम्भ हो जाते हैं । आज के समय में कन्या के जन्म को अत्यन्त हेय दृष्टि से देखा जाता है । जन्म से पूर्व गर्भावस्था में ही यह ज्ञात हो जाने पर कि गर्भस्थ शिशु कन्या है, भ्रूणहत्या कर दी जाती है । इस अत्याचार के लिए दोषी है हमारी वह आधुनिक सामाजिक व्यवस्था, जिसमें कन्या के विवाह के समय भारी-भरकम दहेज की समस्या एक यक्षप्रश्न बनकर माता-पिता के सामने खड़ी होती है । समय बीतने के साथ-साथ यह समस्या निरन्तर वृद्धि को प्राप्त हो रही है, किन्तु जब तक वेद-वचन का यह शंखनाद गुञ्जायमान है—'अथ य इच्छेद्दुहिता मे पण्डिता जायेत सर्वमायुरियात् ।'[४] तब तक भारतीय समाज में कन्या के जन्म को दु:ख का विषय नहीं मानना चाहिए । वह तो घर की शोभा होती है ।[५]

जब वैदिक सभ्यता विकसित रूप में थी, तब माता-पिता यज्ञानुष्ठान के द्वारा अभीष्ट सन्तान को प्राप्त कर सकते थे, परन्तु तब भी ऐसा नहीं था कि लोग पुत्रेष्टि यज्ञ आदि के माध्यम से केवल पुत्र की ही कामना करते हों । उदाहरणत:—वैवस्वत मनु ने सन्तान की कामना से पुत्रेष्टि यज्ञ का आयोजन किया । इस अवसर पर मनु महाराज की पत्नी ने होता से कन्या के लिए याचना की थी ।[६]

---

१. शतपथ ब्राह्मण, ५.२.३.१०

२. यावन्न विन्दते जायां तावदर्धो भवेत् पुमान् ।
पुंसां भूषा तु सद्बुद्धिः स्त्रीणां भूषा सलज्जता ॥ बृहद्धर्मपुराण, ४.३०

३. अयज्ञो वा ह्येष योऽपत्नीकः । तैत्तिरीय ब्राह्मण । २.२.२.६

४. वृहदारण्यक, ६.४.१७

५. गृहेषु तनया भूषा भूषा सम्पत्सु पण्डिताः ।

६. तत्र श्रद्धा मनोः पत्नी होतारं समयाचत् ।
दुहित्रार्थमुपागम्य प्रणिपत्य पयोव्रता ॥ श्रीमद्भागवत पु०, ८.१.१४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इसी कामना के फलस्वरूप उन्हें इला की प्राप्ति हुई थी। वस्तुतः कन्या का जन्म भी माता-पिता के लिए उतनी ही प्रसन्नता का विषय होता है, जितना पुत्र-जन्म। भवभूति ने 'प्रसव' को दम्पती के स्नेह का प्रकर्ष माना है-प्रसवः खलु प्रकर्षपर्यन्तः स्नेहस्य।'[१] अर्थात् सन्तान कोई भी हो, पुत्र अथवा पुत्री, दम्पती के चरम स्नेह का प्रतिफल है। भवभूति ने इसी तथ्य को पुनः इन शब्दों में व्यक्त किया है—

अन्तःकरणतत्त्वस्य दम्पत्योः स्नेहसंश्रयात्।
आनन्दग्रन्थिरेकोऽपत्यमिति पठ्यते॥[२]

यहाँ पर भी दम्पती के अन्तःकरण में रहनेवाले आनन्द की ग्रन्थि केवल पुत्र को नहीं, अपितु 'अपत्य' को माना गया है। यह अपत्य चाहे पुत्र हो अथवा पुत्री। आधुनिक समाज को यह तथ्य भली-भाँति समझ लेना चाहिए कि प्रकृति के सन्तुलन को बनाये रखने के लिए केवल पुत्रजन्म ही अपेक्षित नहीं है, अपितु पुत्रियों का जन्म लेना भी नितान्त अनिवार्य है। यदि भ्रूण में ही कन्या की हत्या का यह क्रम बन्द नहीं हुआ तो शीघ्र ही वह भयावह स्थिति उत्पन्न हो जायेगी, जब युवकों के विवाह के लिए कन्याओं का अभाव होने लगेगा और इसका दुष्प्रभाव परिवार संस्थाओं और सृष्टि-प्रक्रिया पर भी दृष्टिगोचर होने लगेगा।

नारी के जन्म से प्रारम्भ हुआ शोषण का क्रम उसकी प्रौढ़ावस्था तक पीछा नहीं छोड़ता है। आज के युग में वृद्ध माता-पिता को पुत्रों द्वारा सताने, घर से निकाल देने और वृद्धाश्रमों में रहने के लिए विवश करने की घटनाएँ उसका साक्षात् प्रमाण हैं। आज का स्वार्थी पुत्र जननी के महत्त्व और उसके प्रति आदर-भावना को भूलता जा रहा है। माता-पिता जिन कष्टों को सहकर सन्तान को जन्म देते हैं और प्रतिकूल परिस्थितियों में नानाविध कष्ट उठाकर भी उसका पालन-पोषण करते हैं, उनका ऋण तो सन्तान अनेक जन्मों तक भी नहीं चुका सकती है। पुत्रों को इस तथ्य का बोध कराते हुए मनु कहते हैं—

यं मातापितरौ क्लेशं सहेते सम्भवे नृणाम्।
न तस्य निष्कृतिः शक्या कर्तुं वर्षशतैरपि॥[३]

बृहत्संहिता में भी माता के प्रति कृतघ्न हो जानेवालों तथा माता की निन्दा करनेवालों की कठोर शब्दों में भर्त्सना की गयी है—

जाया वा स्याज्जनित्री वा सम्भवः स्त्रीकृतो नृणाम्।
हे कृतघ्नास्तयोर्निन्दां कुर्वतां वः कुतः शुभम्॥[४]

---

१. गृहेषु तनया भूषा भूषा सम्पत्सु पण्डिताः।
पुंसां भूषा तु सद्बुद्धिः स्त्रीणां भूषा सलज्जता॥ बृहद्धर्मपुराण, ४.३०

२. उत्तररामचरित, ३.१६ के बाद गद्यभाग।

३. वही, ३.१७

४. मनुस्मृति, २.२२७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अत: अपने सर्वविध कल्याण की कामना करनेवाले मनुष्य को माता-पिता की सेवा करते हुए उनके आशीर्वचनों से अपने जीवन को मांगलिक और सुखी बनाना चाहिए।

इस समस्या का दूसरा पक्ष भी विचारणीय है। नारी की इस शोषित स्थिति और धूमिल होती प्रतिष्ठा के लिए स्वयं नारी भी पर्याप्त सीमा तक उत्तरदायिनी है। अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा को बनाये रखने के लिए नारी को सदा मर्यादित आचरण करना चाहिए। उसका रहन-सहन और वेषभूषा सभ्य तथा मर्यादित होनी चाहिए। आधुनिकता के नाम पर अंगप्रदर्शन करनेवाली वेषभूषा धारण करना नारी को शोभा नहीं देता है। ऋग्वेद में प्रसंग है—'यो वा यज्ञेभिरावतोऽधिवस्त्रा वधूरिव'[१] (वस्त्र द्वारा आवृत वधू की भाँति जो यज्ञ के द्वारा आवृत है)। यहाँ नारी के लिए अपने अंगों को अनावृत रखने का स्पष्ट संकेत है।

ऋग्वेद में ही अन्यत्र भी यह उल्लेख मिलता है—

अध: पश्वस्व मोपरि संतरां पादकौ हर।
मा ते कशप्लकौ दृशन् स्त्री हि ब्रह्मा बभूविथ॥[२]

अर्थात् हे साध्वी नारी! तुम नीचे देखा करो (तुम्हारी दृष्टि विनय से झुकी रहे। पैरों को परस्पर संश्लिष्ट रखो। वस्त्र इस प्रकार पहनो जिससे तुम्हारे ओष्ठ और कटि के नीचे के भाग पर किसी की दृष्टि न पड़े। यहाँ पर स्पष्टतया नारी को सभ्य वस्त्र पहनने का निर्देश है।

आज की नारी शिक्षित और आधुनिक होने की आड़ में सभी सीमाओं का लंघन कर रही है, जो किसी भी दृष्टि से प्रशंस्य नहीं कहा जा सकता है। नारी-स्वतन्त्रता का नारा देनेवाले महिला-संगठन मनु के निम्नलिखित कथन को नारी-स्वतन्त्रता का हनन मानते हैं—

पिता रक्षति कौमारे भर्ता रक्षति यौवने।
रक्षन्ति स्थविरे पुत्रा न स्त्री स्वातन्त्र्यमर्हति॥[३]

शास्त्र का यह वचन नारी-स्वतन्त्रता का हनन नहीं है, अपितु यह तो बाह्य आपदाओं से नारी की रक्षा हेतु पुरुष को दायित्व प्रदान करना है, जिससे नारी निर्बाध रूप से अपने कर्त्तव्यों का सम्पादन कर सके। नारी शिक्षा और नारी-स्वतन्त्रता का अभिप्राय वैचारिक स्वतन्त्रता और व्यक्तित्व का सर्वतोमुखी विकास है, उच्छृंखलता और स्वेच्छाचारिता कदापि नहीं। आज की प्रगतिशील नारी घर की चारदीवारी में ही नहीं रह सकती है। सुशिक्षित नारी अपनी, अपने समाज की और देश की उन्नति की खातिर घर से बाहर निकलकर कार्य करने की अधिकारिणी है, पर 'स्वधर्म' को बचाकर। नारी के शिक्षित होने का यही अभिप्राय है कि वह अपनी सनातन

१. ऋग्वेद,८.२६.१३
२. वही,८.३३.१९
३. मनुस्मृति,९.३

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संस्कृति को जाने और समझे। शास्त्रोक्त आदर्शों और संस्कृति को अपने आचरण में लाकर अपने 'स्वत्व' की रक्षा करती हुई, अपने कर्त्तव्यों का सम्यक् निर्वहण करती हुई अपने कार्यक्षेत्र में अग्रसर हो।

ससुराल में यदि नारी को यथेष्ट प्रतिष्ठा प्राप्त नहीं होती है तो इसके लिए नारी स्वयं भी दोषी हो सकती है, और उसका ससुराल पक्ष भी। यदि नारी सास-ससुर की सेवा नहीं करेगी, उन्हें माता-पिता के समान सम्मान नहीं देगी, ननद को भगिनीवत् स्नेह प्रदान नहीं करेगी और पति को यथोचित आदर नहीं देगी तो वह स्वयं भी सम्मान पाने की अधिकारिणी नहीं हो सकेगी। इसीलिए ऋग्वेद की ऋषिका का नारी के लिए उपदेश है—

सम्राज्ञी श्वसुरे भव सम्राज्ञी श्वश्रुवां भव।
ननान्दरि सम्राज्ञी भव सम्राज्ञी अधि देवृषु॥[१]

अर्थात् हे वधु ! तू ससुराल में जाकर अपने सदाचरण और सद्व्यवहार से सास-ससुर, ननद (देवरानी-जेठानी) के ऊपर आधिपत्य जमाकर सबकी महारानी बनकर रह।

यदि नारी अपने कर्त्तव्यों का सम्यक् निर्वहण करेगी तो अधिकारों की प्राप्ति उसे स्वयं हो जायेगी। कालिदास ने भी श्वसुरगृह में नारी के लिए यही आदर्श निश्चित किया है—

शुश्रूषस्व गुरून् कुरु प्रियसखीवृत्तिं सपत्नीजने
भर्तुर्विप्रतिकृतापि रोषणतया मा स्म प्रतीपं गमः।

भूयिष्ठं भव दक्षिणा परिजने भाग्येष्वनुत्सेकिनी
यान्त्येवं गृहिणीपदं युवतयो वामाः कुलस्याधयः॥[२]

इस प्रकार उन्होंने नारी को उसके गृहिणीधर्म का बोध कराया है। दूसरी ओर ससुरालवालों का भी यह कर्त्तव्य बनता है कि वे वधू को पुत्री के समान स्नेह प्रदान करें, दहेज की खातिर उसे प्रताड़ित न करें और उसे अपनत्व भरा सम्मान देकर सदा प्रसन्न रखें, अन्यथा अप्रतिष्ठित, प्रताड़ित वधुओं के अभिशाप से उनका, उनके कुल का विनाश अवश्यम्भावी है। वृहत्संहिता में स्पष्ट चेतावनी दी गयी है—

जामयो यानि गेहानि शपन्त्यप्रतिपूजिताः।
तानि कृत्याहतानीव विनश्यन्ति समन्ततः॥[३]

अन्त में, एक बात और। आधुनिक युग में कन्या और वर अपनी इच्छा तथा अपनी रुचि से जीवनसाथी का चयन करने को अधिमान देने लगे हैं। इस प्रथा में कतिपय दोष निहित हैं, क्योंकि यह प्रथा 'काम्य' है, 'धर्म्य' नहीं। अनुभवहीन कामान्ध युवक-युवती बाह्य सौन्दर्य के प्रति आकृष्ट होकर उन तथ्यों की उपेक्षा कर देते हैं, जिनका विवाह-सम्बन्ध में विचार अनिवार्य है। उनकी दृष्टि उन अपेक्षित गुणों तक नहीं जा पाती, अतः जीवन

१. ऋग्वेद,१०.८५
२. अभिज्ञानशाकुन्तल,४.१८
३. बृहत्संहिता,७४.१०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

साथी के चयन करने में त्रुटि होना स्वाभाविक है । कन्या को वर ढूँढने की स्वतन्त्रता देने में शील की रक्षा प्रायः दुष्कर हो जाती है । इस तथ्य का बोध कराने के लिए ही महाकवि कालिदास ने अभिज्ञानशाकुन्तल की रचना की और समस्त नारी जाति के लिए यह उपदेश दिया—

अतः परीक्ष्य कर्त्तव्यं विशेषात्संगतं रहः ।
अज्ञातहृदयेष्वेवं वैरी भवति सौहृदम् ।।[१]

उक्त विवेचन से यह स्पष्ट हो जाता है कि यदि आज की भटकी युवा पीढ़ी अपनी सनातन संस्कृति को पढ़े, समझे और आचरण में उतार ले तो समाज में व्याप्त अनेक व्यक्तिगत, सामाजिक समस्याओं का समाधान सम्भव है । नैतिक मूल्यों और आदर्शों का बोध कराने के लिए संस्कृत वाङ्मय सर्वथा सक्षम है । अपनी इस सनातन ज्ञाननिधि को अपनाकर यह समाज नारी की गरिमा का भक्षक नहीं, संरक्षक बन सकता है और नारी भी अपनी मर्यादाओं को समझकर तदनुकूल आचरण करके अपनी खोयी हुई प्रतिष्ठा पुनः प्राप्त कर सकती है ।

१. अभिज्ञानशाकुन्तल, ५.२४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हिन्दी रीतिकालीन काव्यशास्त्रीय चिन्तन में संस्कृत काव्यशास्त्र की उपजीव्यता

—डॉ. जगदेव कुमार शर्मा

काव्यशास्त्र का आरम्भ कब हुआ, यह बताना कठिन है मगर इतना निःसंदिग्धता के साथ कहा जा सकता है कि वैदिक काल से ही इसके विभिन्न अंगों पर विचार प्रारम्भ हो गया था। भरत के समय तक इन अंगों का इतना विकास हो चुका था कि इन सबको एकत्र कर वे प्रामाणिक ग्रन्थ 'नाट्यशास्त्र' की रचना कर सके। अतः संस्कृत काव्यशास्त्र की नींव डालनेवाला प्रथम उपलब्ध ग्रंथ भरतमुनि कृत 'नाट्यशास्त्र' ही है।

भरतमुनि के पश्चात् भामह तक मेधाविन् आदि आचार्यों ने इस दिशा में जो योगदान किया, वह सब सामग्री अनुपलब्ध है। इसलिए आचार्य भामह को ही भारतीय काव्यशास्त्र का आदिम आचार्य माना जा सकता है। भामह के पश्चात् स्थिति यहाँ तक पहुँची कि काव्य के भीतर विशिष्ट काव्यांगों के महत्त्व को लेकर सम्प्रदाय स्थापित होते गए। परिणामतः रस, अलंकार, रीति, ध्वनि एवं वक्रोक्ति सम्प्रदायों के रूप में संस्कृत काव्यशास्त्र में पाँच सम्प्रदाय प्रथित हुए। आचार्य क्षेमेन्द्र का औचित्य सम्प्रदाय अपने आप में कोई सिद्धान्त विशेष नहीं है, बल्कि विभिन्न काव्यशास्त्रीय तत्त्वों की संगम-स्थली है। इसलिए उसे चिन्तन की भूमि पर सिद्धान्त विशेष नहीं कहा जा सकता है।

इनमें परम्परा से रस सम्प्रदाय सबसे प्राचीन माना जाता है। इसके उन्नायक आचार्यों में भरत और उनके सिद्धान्त के व्याख्याकार लोल्लट, श्री शंकुक, भट्टनायक और अभिनव गुप्त, भोज, मम्मट, विश्वनाथ आदि परवर्ती आचार्यों के नाम लिये जा सकते हैं। इनके उपरान्त ऐसे आचार्य भी हुए, जिन्होंने इस सिद्धान्त की सूक्ष्मताओं को दृष्टि में रखते हुए काव्यांग के रूप में इसके स्वरूप, सामग्री तथा भेदोपभेदों का व्यवस्थित विवेचन कर सामान्य पाठक के लिए उन्हें सहज ग्राह्य बना दिया। ऐसे आचार्यों में भानुदत्त मिश्र का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

कालक्रम की दृष्टि से रस सम्प्रदाय के पश्चात् अलंकार सम्प्रदाय आता है। यह रस सम्प्रदाय का सबसे बड़ा प्रतिद्वन्द्वी रहा। इस सम्प्रदाय के सूत्र यद्यपि भरत निरूपित उपमा, रूपक, दीपक और यमक नामक चार अलंकारों के कारण नाट्यशास्त्र के रचनाकाल से ही मिल जाते हैं, लेकिन सिद्धान्त रूप में यह भामह के समय से ही प्रतिष्ठित हुआ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अलंकार सम्प्रदाय के पश्चात् तीसरा सम्प्रदाय रीति सम्प्रदाय है। यद्यपि इसके प्रवर्तक आचार्य वामन हैं, तथापि उनसे पूर्व ही काव्यांग के रूप में 'रीति' तथा इसके प्राणरूप गुणों की चर्चा होती थी। रीति सम्प्रदाय के पश्चात् ध्वनि सम्प्रदाय आता है। यद्यपि इसके प्रवर्तक आनन्दवर्धन हैं, तथापि इनसे पूर्व भी यह सिद्धान्त प्रचलित था। इसकी पुष्टि उन्हीं के कथन से हो जाती है—'काव्यस्यात्मा ध्वनिरीति बुधैर्य: समाम्नात पूर्व:'। जहाँ इन्होंने अपने सिद्धान्त का न्रिर्भान्त विवेचन और उसकी स्थापना की, वहाँ दूसरी ओर पूर्ववर्ती रस, अलंकार, रीति सिद्धान्तों की सम्यक् परीक्षा कर ध्वनि में इनका स्थान निर्धारित किया।

ध्वनि सिद्धान्त के उपरान्त वक्रोक्ति सिद्धान्त का आविर्भाव हुआ। यह सिद्धान्त अलंकार एवं रीति सिद्धान्त के समान देहवादी था, रस और ध्वनि के समान आत्मवादी नहीं था। इसके प्रवर्तक आचार्य कुंतक हैं। इन्होंने काव्य का जीवित वक्रोक्ति को माना।

उपर्युक्त संस्कृत काव्यशास्त्र के सिद्धान्तों को रीतिकालीन आचार्य कवियों ने अपने काव्य-कर्म का उपजीव्य बनाया। इन कवियों ने पूर्ववर्ती संस्कृत काव्यशास्त्रकारों के सिद्धान्तों को ग्रहण करते हुए लक्षण ग्रन्थों की रचना की। रीतिकालीन काव्यशास्त्रीय चिंतन में तत्कालीन कवियों की अनुसरण वृत्ति एवं अनुकरण वृत्ति के दर्शन अधिक होते हैं। इन्होंने भी परम्परा-प्रसूत सिद्धान्तों को ग्रहण करते हुए अपनी कवि-प्रतिभा के बल पर उदाहरणों के माध्यम से उसे सहजता और सरलता प्रदान करने का सराहनीय प्रयास किया है।

वस्तुत: रीतिकालीन काव्यशास्त्रीय चिंतन के लिए संस्कृत काव्यशास्त्र की उपजीव्यता विषय का विश्लेषण-काव्य प्रयोजन, काव्य हेतु, काव्य-लक्षण, रस, अलंकार, वक्रोक्ति विवेचन आदि सिद्धान्तों के माध्यम से किया जा सकता है।

काव्य प्रयोजन—

प्राचीन आचार्यों ने काव्य-प्रयोजनों पर विभिन्न दृष्टियों से विचार किया है। भामह ने धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष-रूप चारों पुरुषार्थों को समस्त कलाओं में निपुण, प्रीति तथा कीर्ति काव्य के प्रयोजन बताये हैं।[१]

आचार्य मम्मट ने पूर्ववर्ती आचार्यों द्वारा प्रतिपादित सभी काव्य-प्रयोजनों को ग्रहण करके यश, अर्थ-प्राप्ति, व्यवहार ज्ञान, अकल्याण से रक्षा, रमणी के समान उपदेश सद्य: आनन्द प्राप्ति को काव्य-प्रयोजन बतलाया।[२]

रीतिकालीन काव्यशास्त्रीय आचार्य मम्मट से ही सर्वाधिक प्रभावित हुए। चिंतामणि, कुलपति, श्रीपति, भिखारीदास, अमीरदास आदि ने मम्मट समर्थित परम्परा ही अपनायी। उदाहरण के लिए—आचार्य अमीरदास की ये काव्य पंक्तियाँ मम्मट के ही काव्य प्रयोजन को दर्शाती हैं—

१. काव्यलंकार-१,२
२. काव्यप्रकाश-१,२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'कीरति, धनि, नृपजोग, गुन देत दुरति हर लेत।
त्रिया ज्यों सत उपदेस करि, करत काव्य हरि-हेत।[१]'

काव्य-हेतु—कवि में काव्य-निर्माण का सामर्थ्य उत्पन्न करनेवाले साधनों को काव्य-हेतु अथवा काव्य-कारण कहा गया है। इनपर विचार करनेवाले संस्कृत आचार्यों में दण्डी, वामन रुद्रट, कुन्तक और मम्मट प्रमुख हैं। इस सन्दर्भ में रीतिकालीन काव्यशास्त्रियों ने मम्मट सम्मत काव्य-हेतुओं शक्ति, निपुणता और अभ्यास[२] को आधार माना है। जैसे—

'सकति, निपुणता, लोकमति, व्युत्पत्ति, अभ्यास।
प्रतिभा-इनते होत है, काव्य सु जगत प्रकास॥[३]'—आचार्य अमीरदास

उपर्युक्त काव्य-पंक्तियों में संस्कृत आचार्यों द्वारा निर्धारित काव्य-हेतुओं की स्पष्ट छाप है। इस प्रकार रीतिकालीन आचार्यों ने पूर्व परम्परा को ही ग्रहण किया है।

काव्य-लक्षण— रीतिकालीन काव्यशास्त्रियों ने अपने विवेचन में यों तो अनेक काव्य लक्षण प्रस्तुत किये हैं। किंतु प्रमुखतः अधिकांश आचार्यों का काव्य-लक्षण सम्बन्धी चिन्तन मम्मट पर ही आधारित है। जैसे—

'सगुणालंकरण अरु दोष रहित जो होइ।
शब्द अर्थ ताको कवित्त, कहि बिबुध सब कोई।[४]

यहाँ कवि चिन्तामणि ने मम्मट के तददोषौ शब्दार्थौ लक्षण का अनुवाद ही कर दिया है।

भाव-रस विवेचन— रीतिकालीन काव्यशास्त्रियों ने अपने ग्रन्थों में रस का विवेचन प्रमुख रूप से किया है। किन्तु इन कवियों ने प्रेम-भाव को प्रकट करनेवाले शृंगार रस के दोनों पक्षों पर अधिक बल दिया। वास्तव में शृंगार के दोनों पक्षों का विवेचन उस युग की मनोवृत्ति के अनुकूल ठहरता था। उनका रस विवेचन मूलतः भानुदत्त की 'रसमंजरी' पर आधारित है।

अलंकार-विवेचन—रीतिकालीन काव्यशास्त्रीय विवेचन में संस्कृत आचार्यों द्वारा अलंकारों की संख्या एवं उनके भेद ही सर्वसम्मत स्वीकार हैं। कहीं-कहीं पर रीतिकालीन आचार्य कुछ नवीन अलंकारों की उद्भावना करते प्रतीत होते हैं, लेकिन उनमें मौलिकता नहीं है। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के शब्दों में हिन्दी के अलंकार ग्रन्थ अधिकतर 'चन्द्रालोक' और 'कुवलयानंद' के अनुसार निर्मित हुए। कुछ ग्रंथों में 'काव्यप्रकाश' और 'साहित्य-दर्पण' का भी आधार पाया जाता है। काव्य के स्वरूप और अंगों के संबंध में हिन्दी के रीति- कवियों ने संस्कृत के इन परवर्ती ग्रन्थों का मत ग्रहण किया।[५] हिन्दी के आचार्यों ने भी अलंकार का प्रायः वैसा ही लक्षण निरूपित

---

१. श्री कृष्ण साहित्य सिंधु, पृ. २.

२. काव्यप्रकाश-१,२

३. श्री कृष्ण साहित्य सिंधु, पृ०-१,१५

४. कविकल्पतरु —१,७

५. हिन्दी साहित्य का इतिहास, पृ. १६२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किया है, जैसा संस्कृत आचार्यों ने। हिन्दी रीतिकालीन आचार्यों द्वारा दिये गये अलंकार लक्षणों में वैज्ञानिक प्रतिपादन की अपेक्षा बुद्धि-कौशल की अधिकता है। केशव का कथन है कि 'भूषण बिनु न विराजई, कविता वनिता मित्त।[१]' यह अलंकार का लक्षण न होकर स्तुति जान पड़ती है। प्रतीत होता है कि रीतिकालीन काव्यशास्त्रियों ने पूर्णतः संस्कृत काव्यशास्त्र की परिधि में रहकर ही अपने अलंकार ग्रंथों की रचना की है।

तत्कालीन कवियों के समक्ष भी पूर्ववर्ती कवियों के समान काव्यांगों का सुबोध ज्ञान प्राप्त करने योग्य ग्रन्थों को उपलब्ध कराने का लक्ष्य था। अतएव उन्होंने भी रीति-निरूपण के लिए ध्वनि-परवर्ती आचार्यों में उन्हीं को अपना आधार बनाया, जिनके ग्रन्थ सुबोध एवं विवेचन की दृष्टि से व्यवस्थित थे। इन ग्रन्थों में शृंगार रस और नायक-नायिका भेद के लिए भानुदत्त की 'रसमंजरी' तथा रस-सामग्री और रस के भेदोपभेदों के लिए उन्हीं की 'रसतरंगिणी एवं अलंकारों के लिए जयदेव का 'चंद्रालोक या अप्पय दीक्षित का 'कुवलयानन्द' इस युग के कवियों के बीच अत्यधिक ग्राह्य रहे।

हिन्दी रीतिकालीन लक्षण ग्रन्थकारों एवं संस्कृत के काव्यशास्त्रियों के उद्देश्य, निरूपण शैली, उदाहरण आदि सभी में भिन्नता दृष्टिगोचर होती है। संस्कृत के आचार्यों ने रीतिग्रंथ या काव्यशास्त्र का निर्माण लक्ष्य-ग्रंथों के सृजन के उपरान्त उन्हीं के आधार पर किया था और यह सर्वमान्य सत्य भी है कि लक्ष्य ग्रंथों के पश्चात् ही लक्षण-ग्रंथों का सृजन होता है। लेकिन हिन्दी में इस प्रकार का कोई ग्रंथ नहीं लिखा गया। यही कारण है कि संस्कृत के आचार्यों जैसा क्रमिक विकास एवं तथ्य विश्लेषण हिन्दी के आचार्यों द्वारा नहीं हो सका। उन्होंने संस्कृत के लक्षण ग्रन्थों को ही अपना आधार मानकर हिन्दी में लक्षण ग्रन्थों की रचना प्रारम्भ कर दी।

इस प्रकार कहा जा सकता है कि हिन्दी रीतिकालीन काव्यशास्त्रियों ने अपने लक्षण-ग्रन्थों की रचना करने के लिए संस्कृत काव्यशास्त्र को ही आधार बनाया। संस्कृत काव्यशास्त्रियों ने जहाँ काव्य के प्रमुख सिद्धान्तों का विशद एवं विस्तृत विवेचन किया है, वहीं रीतिकालीन आचार्यों ने रस-विवेचन में केवल शृंगार एवं वीर रस का ही चित्रण प्रमुख रूप से किया है, जबकि अन्य रसों का विवेचन गौण रूप में हुआ है। संस्कृत आचार्यों ने अन्य काव्य-अंगों को भी अपने लक्षण-ग्रन्थों में विवेचित किया। यह उचित प्रतीत होता है कि हिन्दी लक्षण ग्रंथकारों ने संस्कृत आचार्यों के लक्षणों को सहज और सरल रूप में अनूदित कर सामान्य तक पहुँचाया तथा इसके साथ ही संस्कृत आचार्यों की तुलना में उदाहरण भी सरस रूप में प्रस्तुत किए। वास्तव में इन रीतिकालीन काव्यशास्त्रीय आचार्यों द्वारा लिखे गये लक्षण ग्रन्थों के उपजीव्य संस्कृत काव्य शास्त्र के ग्रन्थ ही हैं। यह पूर्णतः प्रामाणिक एवं सत्य प्रतीत होता है।

---

१. कविप्रिया-पृ.४७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तृतीय सहस्राब्दी में संस्कृत की भूमिका

प्रो. करुणेश शुक्ल

संस्कृत भारतीय संस्कृति की संवाहिका रही है । हमारी समस्त सांस्कृतिक निधि संस्कृत भाषा में रचित ऋग्वेदादि विपुल साहित्य, पालि, प्राकृत अपभ्रंश एवं अन्य भाषाओं में प्राप्त साहित्य में सुरक्षित है । किन्तु समस्त ज्ञान के मूल उत्स वेद एवं उपनिषद् हैं, जिनमें हमारी संस्कृति के तत्त्व निहित है ।

संस्कृत भाषा से ही अन्य भाषाओं एवं उनके साहित्य का उद्‌गम हुआ है । द्रविड़ भाषा परिवार की तमिल भाषा को छोड़ शेष सभी भाषाओं में संस्कृत के शब्द बहुलता से प्राप्त होते हैं ।

आत्म-साधना ही हमारी संस्कृति का पर्याय है । बृहदारण्यक उपनिषद् में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि आत्मा का ही दर्शन, श्रवण, मनन, निदिध्यासन करना चाहिए—**आत्मा वाऽरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यो मैत्रेयि ।** आत्म-शुद्धि ही समस्त जागतिक व्यवहार का मूल है । यह स्वयं ज्योतिस्वरूप आत्मा हमारे विविध व्यावहारिक स्तर पर प्रकाशित होता है । प्रो. जीसप तुच्वी ने स्पष्टतः सङ्केत किया है कि समस्त भारतीय परम्परा का प्रतीक आत्म-साधना ही है, जो ज्योतिःस्वरूप तत्त्व के रूप में अनेकशः विभिन्न साधन-पद्धतियों में व्यवहार और परमार्थ उन उभय स्तरों पर प्रकाशित होता है ।[१]

सम्पूर्ण भारतीय परम्परा अहङ्कार-ममकार की निवृत्ति से ही दुःखनिवृत्ति रूपं चरम लक्ष्य मोक्ष की प्राप्ति को इङ्गित करती है । उपनिषद् का ऋषि कहता है—

भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः ।
क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन् दृष्टे परावरे ॥ (मुण्डक/काठक उपनिषद्)

बौद्ध एवं जैन आगमों तथा परवर्ती साहित्य में चित्त की शुद्धि एवं आत्मा-आत्मीय प्रयोग रूप तत्त्वावतार को निर्वाण की पूर्वभूमि कहा गया है । तमिल सिद्धों, बौद्ध सहजिया सिद्धों, सरहथा आदि अपभ्रंश के गायक सिद्धों, कबीर, तुलसी आदि की वाणी में भी अनेकशः इस तत्त्व को मर्मस्पर्शी रीति से स्पष्ट किया गया है । चन्द्रकीर्ति ने यह स्पष्ट कि है कि सत्काय दृष्टि ही समस्त क्लेशों का मूल है । सत्काय दृष्टि के उपशन के लिए एवं क्लेशों की निवृत्ति के लिए अहं-प्रतिषेध आवश्यक है—

१. Theory and Practice of Mandala, pp. 1-3

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सत्कायदृष्टिप्रभवानशेषान्
क्लेशांश्च दोषांश्च धिया विपश्यन्।
आत्मानमस्या विषयं च बुद्ध्वा।
योगी करोत्यात्मनिषेधमेव ॥[१]

चन्द्रकीति के पूर्व मैत्रेयनाथ, असङ्ग, नागार्जुन, आर्यदेव एवं परवर्ती शान्तिदेव तथा अन्य आचार्य इस अहंभाव-निवृत्ति पर विशेष बल देते हैं और नैरात्म्य के सिद्धान्त का अनेकश: प्रतिपादन करते हैं। आर्यदेव कहते हैं—

अद्वितीयं शिवद्वारं कुदृष्टीनां भयङ्करम्।
विषय: सर्वबुद्धानामिति नैरात्म्यमुच्यते ॥ (चतु:शतक)

वर्तमान समय में विज्ञान की उपलब्धियों ने मानव में प्रकृति के नैसर्गिक नियमों को भी पीछे कर देने की प्रवृत्ति को जन्म दिया है। विज्ञान जहाँ एक ओर मानव की सुविधाओं का, उसके सुख एवं ऐश्वर्य का आधायक बना है, वहीं विज्ञानजनित विनाशलीला, मानवमात्र के विनाश का कारण भी हुआ है। वर्तमान समय में जो पारस्परिक स्पर्धा, हिंसा, असामञ्जस्य, अमैत्री और वैरभाव दृष्टिगत होता है, वह मूलत: विज्ञान की, यांत्रिकता की भौतिक स्पर्धा की देन है। स्वार्थपरता, युद्ध, परस्पर एक दूसरे से ईर्ष्याभाव, हिंसा की प्रवृत्ति विघटनवाही प्रवृत्ति वैज्ञानिक युग की देन है, जिससे सभी व्यक्ति, समुदाय तथा राष्ट्र प्रभावित हैं।

इस पारस्परिक ईर्ष्या, स्पर्धा, हिंसा और कटुता तथा असामञ्जस्य की प्रवृत्ति के निरास के लिए संस्कृत साहित्य की अमूल्य धरोहर—निधि— वैदिक एवं लौकिक साहित्य का अनुशीलन, इतिहास-पुराणोपपुराणरामायण और महाभारत, मनु, याज्ञवल्क्य प्रभृति स्मृतिग्रन्थों तथा नीति एवं कथा-साहित्य में बिखरे हुए उपदेश-रत्न हमारे लिये सञ्जीवनी का कार्य कर सकते हैं।

उपनिषदों, विशेष रूप से कठोपनिषद् में यम-नचिकेता का आख्यान मनुष्य के अहं को मार देने के प्रति एक वैदिक ऋषि का संकेत है। मनु का वचन है—

श्रूयतां धर्मसर्वस्वं श्रुत्वा चैवावधार्यताम्।
आत्मन: प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत् ॥

धर्म या सदाचरण के विविध पक्ष—

अहिंसा सत्यमस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रह:।
धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम् ॥

यदि प्रयोग में लाये जायें तो मानव मात्र के प्रति एक समभाव, ईर्ष्या का ह्रास, अहंकार की विनिवृत्ति और परार्थभाव का उदय होगा, जो आज के व्यस्त और सङ्घर्षमय जीवन में एवं क्लेशमय सांसारिक व्यवहार-पथ

१. मध्यमकावतार (६/१२०)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में नितान्त आवश्यक है । गीता का समभाव **'पण्डिताः समदर्शिनः** तथा **समत्वं योग उच्यते'** इसी उद्देश्य को प्राप्त कराने एवं मानव मात्र में परस्पर सौहार्द उपस्थापित करने में सहायक हो सकता है ।

सामाजिक समरसता के लिये भी अमनीभाव (द्र. माण्डूक्य कारिका) और नैरात्म्य सिद्धान्त (अहंभाव-विनिवृत्ति) विशेष रूप से सहायक हो सकते हैं । तथागतगुह्यकसूत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि चित्तोपशम और कोशोपशम परस्पर अनुस्यूत है । अतः क्लेशनिवृत्ति के लिए अहं निवृत्ति एवं हिंसा विरति के लिए परस्पर सौहार्द आवश्यक है । हितोपदेश का यह श्लोक वर्तमान समाज की विसंगति को दूर करने में सहायक हो सकता है—

त्यजेदेकं कुलस्यार्थे ग्रामस्यार्थे कुलं त्यजेत् ।
ग्रामं जनपदस्यार्थे आत्मार्थे पृथिवीं त्यजेत् ॥

आज आवश्यकता इस बात की है कि जीवन की अशान्ति, सङ्घर्ष, ईर्ष्या, असामञ्जस्य, हिंसा और परस्पर असौहार्द की निवृत्ति के लिए वैदिक एवं लौकिक संस्कृत, पालि, प्राकृत, अपभ्रंश साहित्य का अनुशीलन कर उनका व्यावहारिक जीवन में उपयोग किया जाये ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सामयिक समस्याएँ एवं आधुनिक संस्कृत नाट्य-साहित्य

डॉ. (श्रीमती) माया सिंह

आधुनिक संस्कृत नाट्य-साहित्य वर्तमान सामाजिक परिवेश का दर्पण है, जिसमें समाज की प्रत्येक सूक्ष्मातिसूक्ष्म क्रियाओं-प्रतिक्रियाओं का प्रतिबिम्ब पूर्णतः सुरक्षित है। वर्तमान समय में कुछ ऐसी समस्याओं ने उग्र रूप धारण कर लिया है, जिनकी उपस्थिति में राष्ट्र द्वारा किया गया प्रत्येक प्रयास निष्फल हो रहा है और प्रगति नगण्य सी प्रतीत हो रही है। अनवरत हो रही जनसंख्या वृद्धि चिन्ता का एक ऐसा ही विषय है। ऐहिक सुख, अर्थप्रधानता तथा भौतिकवाद की ओर आकर्षित हो रहा मानव स्वार्थसाधन हेतु बहुधा नैतिकता का परित्याग करता जा रहा है, अतः सर्वत्र आतंकवाद, भ्रष्टाचार, कर्त्तव्यविमुखता, राष्ट्र-विघटन तथा अन्य कई ज्वलन्त समस्याओं ने विकराल रूप धारण कर लिया है। यौतुक अभिशाप, लिंगभेद आदि कुरीतियाँ समाज में अपना यथापूर्व स्थान बनाये हुए हैं। ऐसी प्रतिकूल परिस्थितियों में साहित्य भी इनसे अछूता नहीं रह सका है। वह प्रत्येक समस्या को हृदय की गहराइयों से अनुभव कर रहा है तथा देशकालानुरूप समाधान प्रस्तुत करने का अथक प्रयास कर रहा है। साथ ही समाज में व्याप्त प्रत्येक कुरीति व निराधार मान्यताओं का खंडन कर नवीन, ठोस व प्रगतिशील अवधारणाओं को स्थापित कर जनसाधारण से घनिष्ठ सम्बन्ध बनाये हुए है।

जनसंख्यावृद्धि— अनवरत अत्यधिक बढ़ रही राष्ट्र की जनसंख्या एक प्रमुख समस्या है। प्रत्येक व्यक्ति इससे प्रभावित हुआ है तथा राष्ट्र में अत्यधिक प्रगतिशील उद्योग, समुन्नत विज्ञान और तकनीक के होने पर भी समुचित उन्नति नहीं हो पा रही है। संस्कृत नाट्य साहित्य से यह समस्या अछूती नहीं है। नाटककारों, विशेषतः दुर्गादत्त शास्त्री ने 'वत्सला' में व शिवप्रसाद भारद्वाज ने त्रिपत्री (मायापतिः) में इस समस्या को उजागर किया है व बड़े सुन्दर ढंग से समाधान प्रस्तुत किया है। नाटककार कहता है कि अभी भी लोगों का यह विश्वास है कि संतान ईश्वर की कृपा से ही होती है।[१]

---

१. अद्यापि जनानां विश्वासो यथा सन्ततिर् ईश्वरस्य कृपयैव जायते। त्रि.(माया), पृ.१६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवि कहता है कि यह मात्र विधि का विधान नहीं है, व्यक्ति अपनी इच्छानुसार संतान-संख्या निर्धारित कर सकता है।[१]

क्योंकि बृहदाकार परिवार कलह-क्लेश का ही कारण होते हैं।[२]

आर्थिक दुरवस्था का हेतु भी ये बड़े आकारवाले परिवार ही होते हैं।[३]

'चक्रि-चक्रम्' में भी नाटककार ने जनसंख्यावृद्धि पर चिन्ता व्यक्त की है।[४]

इस दुरवस्था का सीधा प्रभाव राष्ट्र पर पड़ता है, उसकी नींव कमजोर होती है, आर्थिक रूप से विपन्नता आती है व सुख-समृद्धि तथा विकास में गति-अवरोध होता है।

नियोजित परिवार सभी सुखों का आगार होता है, प्रत्येक सदस्य को अपने व्यक्तित्व का पूर्ण विकास करने के लिए अच्छा व स्वस्थ वातावरण प्राप्त होता है। शिवप्रसाद भारद्वाज इस सम्बन्ध में पूर्ण सजग हैं।[५]

इस ओर समाज में जागृति आनी प्रारंभ हो गयी है। कवि दुर्गादत्त शास्त्री का आशावादी दृष्टिकोण प्रशंसनीय है।[६]

उपसंहार रूप में कहा जा सकता है कि निरन्तर बढ़ रही जनसंख्या की समस्या के प्रति आज का संस्कृत नाट्य साहित्य पूर्णतः सजग है व इस ओर क्रांति लाने हेतु अपना पूर्ण दायित्व निभा रहा है।

जीविकोपार्जन— आज हमारा राष्ट्र जीविकोपार्जन की ज्वलन्त समस्या से आक्रान्त है। यह समस्या उत्तरोत्तर विकराल रूप धारण करती जा रही है, इसी की कुछ प्रमुख देन हैं— जन-असंतोष, निराशा, लूटपाट, आगजनी, चोरी-डकैती, हत्या आदि। संस्कृत नाट्य साहित्य इस सामयिक उग्र समस्या के प्रति जागरूक है व बेरोजगारों की मनोदशा से भली-भाँति परिचित है। 'मायापतिः' नाटक में सुशिक्षिता नायिका के पिता की चिंता स्वाभाविक है।[७]

प्रतिस्पर्धा के अत्यधिक बढ़ जाने से नौकरी पाना अत्यधिक कठिन होता जा रहा है। 'साक्षात्कारः' का नायक वामदेव योग्य होते हुए भी नौकरी पाने के लिए धक्के खाते-खाते तंग आ गया है व जीवन से उकता गया है।[८] पढ़े-लिखे इस युवक की दुर्दशा के आश्रय से नाटककार सम्पूर्ण रोजगारहीनों की दुर्दशा का प्रतिनिधित्व कर रहा है।[९]

---

१. "तत्रापि न केवलं विधिर्निदानम्।" वही, पृ.१६
२. "परिवारस्य बृहत्त्वम् एवं खलु लोकं क्लिश्नाति।" वही, पृ.१४
३. "परिवारस्य बृहत्त्वम् अपि चार्थिकदुरवस्थाया हेतुः।" वही, पृ.१६
४. "अस्माकं देशस्य जनसंख्या दिने-दिने वर्धते, कैलाश-शिखरं स्पृशति।" वे.प.(च.च.), पृ.७५
५. "स्वल्पायां संततौ तस्या भरणे पोषणे शिक्षणे च न काठिन्यं भवति।" त्रि.(माया), पृ.१६
६. पुरोहितः (नतः शिरः) "महाराज। लज्जेऽहमेतेन। नियोजजिष्ये परिवारम्।" वत्स., पृ.१०२
७. "बहुप्रयतितं परं निष्फलं सर्वम् अभवत्।" त्रि.(माया), पृ.१४
८. "हन्त। निर्विण्णोऽहम् अनेन प्रतिदिनं वृत्त्यर्थम् आहिण्डनेन।" अ.ना.प.,(साक्षा.), पृ.७७
९. "वर्षम् एकम् आर्यसमाज मन्दिरे.... अस्य दग्धोदरस्यार्थे किं नानुष्ठितं भवति?" अ.ना.प.(साक्षा.), पृ.८०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सभी का नौकरी के प्रति आकर्षण, देश में रोजगार के सीमित साधन व असीमित जनसंख्या होने के कारण जीविकोर्पाजन की समस्या अत्यधिक गंभीर हो गयी है। कवि शिवप्रसाद भारद्वाज इन बेरोजगारों की अपेक्षा कृषि अथवा वाणिज्य आदि को सफलतापूर्वक चला रहे व्यक्तियों को धन्य मानते हैं।[१]

'मायापतिः' नाटक में श्रम की आवश्यकता व महत्ता को स्वीकार किया गया है।[२] साथ ही जीविकोपार्जन की समस्या की विध्वंसक स्थिति से बचने के लिए प्रशासन को कतिपय ठोस कदम उठाने चाहिए तथा दीन-हीनों को विशेष रूप से आश्रय प्राप्त कराना चाहिए।[३]

आतंकवाद— आज सम्पूर्ण राष्ट्र अत्यधिक संकट ग्रस्त है, वह गंभीर व विकराल रूप धारण किये हुए आतंकवाद की खड्गधार पर अवस्थित है। सर्वत्र रक्तरंजित होली का बीभत्स दृश्य विद्यमान है। ऐसी विकट परिस्थितियों में आधुनिक संस्कृत नाट्य-साहित्य ने विवश होकर अपनी लेखनी का प्रवाह परिवर्तित किया है। इस संदर्भ में शुकदेव शर्मा ने 'वेताल-पराजयम्' की रचना करके यह सिद्ध कर दिया है कि जनता का सुख-दुःख साहित्य का सुख-दुःख है। साहित्य उससे कदापि पृथक् नहीं है। उत्तरोत्तर वृद्धि को प्राप्त हो रहे इस उग्रवाद से कवि अत्यधिक भयभीत व चिंतित है।[४]

आज मनुष्य ही मनुष्य का वैरी हो गया है। 'वेताल-पराजयम्' में रुपककार की यही अनुभूति है।[५]

'उग्रवादियों के अत्यधिक दबाव का ही परिणाम है कि न चाहते हुए भी अधिकतर नवयुवक बलात् यह कुत्सित कार्य करने के लिए विवश हैं।'[६]

फलतः प्रतिदिन बमकाण्ड व गोलीकाण्ड होते हैं। कवि की पीड़ा सर्वजनसमुदाय की पीड़ा है।[७]

परस्पर जातीय भेदभाव से आतंकवाद को और अधिक बल मिला है। बहुधा धार्मिक विद्वेष के कारण एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को देखना पसन्द नहीं करता है। जातिभेद के अतिरिक्त स्वार्थ से भी आतंकवाद को अत्यधिक बढ़ावा मिला है। स्वार्थ ही सभी समस्याओं का मूल है।[८]

---

१. "धन्याः खलु ते अभिगत भागधेया, ये कृषिं वाणिज्यं वोपजीव्य सुखं जीविकाम् अर्जयन्ति।" वहीं, पृ.७८

२. "चेतो नः सविता पुनातु भगवान्, बुद्धिः श्रमे जायताम्।" त्रि.(माया), पृ.२२

३. "ये निरन्ना अर्धनग्ना दीनाः सन्ति ते त्वया जीविकाप्रदानेन रक्षितव्याः।" पा.ज.(आधि), पृ.५०

४. "विश्वस्मिन् विश्वे आतंकवादः कत्थकेन नरीनृत्यति। आतंकवादो दिने दिने श्रीहनुमतो लाङ्गूलमिव क्षणे-क्षणे वर्धते एव जलौका इव न निरीहाणां निरागसां च जनानां रक्तमाचूषति। रक्तबीज इव न च वशमायाति।" वे.प., पृ.३

५. "अद्य मानव एव मानवरक्तस्य पिपासुः घुर्घुरायते।... हिंसा घोरं भयानकं च रूपं धारयन्ति नरीनृत्यति।" वे.प., पृ.३

६. "असंख्याश्च मूर्खाश्चात्र, नृसंहार-परायणाः।" वे.प., पृ.७

७. "सर्वत्र यत्रापि कुत्रापि दृष्टिर्गच्छति, रक्तम् एव मानव-रक्तम् एव दृष्टिपथम् आगच्छति। प्रतिदिनं गोलिकानां वर्षा। प्रत्यहं निर्ममाः हत्याः।" वे.प.पृ.७

८. "स्वार्थो मूलं विनाशाय, राष्ट्राणां जातिधर्मयोः।" वे.प., पृ.१५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'कवि का संदेश है कि मानव को मानवोचित गुणों का विकास करना चाहिए तथा एकत्व स्थापित करना चाहिए।'[१]

सर्वोपरि राष्ट्रीयता की भावना का समुचित विकास करके व मानव-मन को सुधार कर ही प्रस्तुत समस्या का समाधान हो सकता है।

राष्ट्र-विघटन— आज भारत राष्ट्र विघटन रूपी संकट के दौर से गुजर रहा है। सर्वत्र त्राहि-त्राहि मची हुई है, सभी नागरिक स्वयं को असुरक्षित अनुभव कर रहे हैं। संस्कृत नाट्य-साहित्य भी इस समस्या से अत्यधिक उद्वेलित हुआ है, अधिकतर आधुनिक नाटककारों का साहित्य इससे पूर्णतः प्रभावित है व देश की अखण्डता को बनाये रखने का पूर्ण प्रयास कर रहा है।

राष्ट्र की सीमाओं को पूर्ण सुरक्षा प्रदान करने के लिए हमारा देश सतत प्रयत्नशील है, परन्तु आवश्यकता है मानव-मन को परिवर्तित करने की व मानवता को सुरक्षित करने की, जिसका आज अकाल पड़ा हुआ है।[२]

राष्ट्र को विघटन से बचाने के लिए अपने घर से ही अभ्यास प्रारम्भ करना होगा। दुर्भाग्यवश देश के विनाशकों में यदि अपना पुत्र भी हो तो वह भी असहनीय है।[३] ऐसी आन्तरिक सुदृढ़ता के पश्चात् ही हम विदेशी ताकतों से टक्कर ले सकते हैं।[४] इसके अतिरिक्त कुछ अन्य गम्भीर कारणों से भी राष्ट्रहित को अत्यधिक खतरा है. वे हैं—पद व धन-लिप्सा। कवि दुर्गादत्तजी इस बारे में बहुत चिन्तित हैं व अपनी अनुभवी आँखों से आगामी दशकों की दुर्दशा का अनुमान लगाकर भयभीत हो रहे हैं।[५]

ऐसी संकट की घड़ी में प्रत्येक नागरिक की जागरुकता व निष्ठा अपेक्षणीय है। वस्तुतः वही व्यक्ति वीर है, जो राष्ट्र हेतु प्राणों की रक्षा करता है और राष्ट्र हेतु ही प्राणोत्सर्ग करता है।[६]

भारद्वाजजी के कथनानुसार, देश के संकटग्रस्त होने पर प्रत्येक नागरिक को यथाशक्ति उसके विरुद्ध आवाज उठानी चाहिए। २५ राष्ट्र के यदि किसी भी प्रांत में अथवा किसी भी क्षेत्र में खतरा उत्पन्न होता है तो नागरिकों को प्रांतीय सीमा-भाषा, रहन-सहन, रीति-रिवाज, धर्ज व जाति आदि से ऊपर उठकर सच्चे हृदय से राष्ट्र सेवा करनी चाहिए।[७] पाञ्चजन्यम् के 'शैवराजम्' नामक रूपक में राष्ट्रप्रेम को सर्वोपरि प्रतिष्ठित करते हुए सभी धर्मों का इसमें अन्तर्भाव किया गया है।[८]

---

१. "वयं सर्वे भ्रातरः, एकस्य एव पितुः सन्ततयः।" वे.प., पृ.५
२. "अद्य मानवता नष्टा, विनष्टा विश्वबन्धुता।" दि, ज्यो., जन., १९८१(प्र) पृ.७
३. "देशद्रोही सुतोऽपि न क्षंतव्यः।" वत्सऋ, पृ.११२
४. "अहं सैन्याग्रणीः प्राणपणेनापि न सहिष्ये मातृभूमौ विदेशीयपादाघातम्। वत्स., पृ.१००"
५. "अहं तु बिभेमि यद्...राष्ट्रस्यैकतायै, अखण्डतायै वा प्रलपिष्यन्ति।"
६. "नैष वीरो यः केवलमुदरमेव बिभर्ति, प्रत्युत स राष्ट्रस्य कृते प्राणान् रक्षति जहाति च।" वि.सं., सित.-दिस. १९८७ (रे.म.), पृ.८३
७. "समस्त भारतमेवास्मदीयम्।" वत्स., पृ.१०८
८. "राष्ट्रस्य प्रेम्णि सर्वे धर्मा अन्तर्भवन्ति।" पा.ज.(शैव) पृ.१३

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राष्ट्र हमारी अमूल्य निधि है। अत: प्राणों को दाँव पर लगाकर भी मातृभूमि की रक्षा कनी चाहिए।[१]

उत्कोचपरायणता— आजकल उत्कोच का एकछत्र साम्राज्य है अधिकतर व्यक्ति व क्षेत्र इसमें संलिप्त हैं। राष्ट्र की अधिकांश योजनाएँ इसी के आधार पर क्रियान्वित होती हैं। निरन्तर बढ़ रही धनलिप्सा ही इसका मुख्य कारण है। जिस प्रगति को आज सभ्यता की संज्ञा दी गई है, वस्तुत: वह एक ऐसी पाशविक प्रवृत्ति है, जिसने सत्यता, नैतिकता, सद्‌भाव, संतोष आदि बहुमूल्य रत्नों को निगल लिया है।

आज संस्कृत नाट्य-सहित्य इस समस्या से पूर्णतया प्रभावित हुआ है। 'तृणजातकम्' मे नाटककार ने इस समस्या को उठाया है।[२] त्रि-पत्री के 'मायापति:' रूप के माध्यम से कवि शिवप्रसाद भारद्वाज भी इसी तथ्य को स्वीकार करते हैं कि रिश्वत के बिना कार्य आसानी से सम्पन्न नहीं होता।[३]

'मायापति:' का नायक, जो भ्रष्टाचार-निषेध समिति का अध्यक्ष भी है, अपने पद की गरिमा का उल्लंघन करके भोले-भाले लोगों को बुद्धू बनाता है व उत्कोच को बढ़ावा देता है।[४]

स्पष्ट है कि उत्कोच ने सभी को अपने शिकंजे में जकड़ रखा है। इससे समाज में एक ऐसा आर्थिक असन्तुलन आ गया है, जिसके दूरगामी परिणाम अत्यन्त भयंकर व विनाशकारी सिद्ध हो सकते हैं, परन्तु 'त्रिणजातकम्' में कवि आशावादी है व उत्कोच के उन्मूलन की कामना करता है।[५]

लिंगभेद— लिंग आधारित वैषम्य एक ज्वलन्त विषय के रूप में उभरकर सामने आया है, जिससे संस्कृत नाट्य-साहित्य प्रभावित हुए बिना नहीं रह सका। एक ही कोख से जन्मे विषम लिंग समाज में भेदभाव से पीड़ित होते हैं, यह कैसी विडम्बना है। प्राचीन-काल से ही यह संकुचित परम्परा चली आ रही है, जो आज समानता के युग में भी भयावह रूप धारण किये हुए है। 'वत्सला' नाटक में कवि ने इस कुप्रथा के विरुद्ध आवाज उठाया है। रानी सौदामिनी कन्याओं के होने पर भी घर को शून्य मानती है[६]। ऐसी ही एक रुक्ष परम्परा भी समाज में प्रचलित है कि पुत्र के बिना मृत्यु के उपरान्त पिण्डदान कौन करेगा?[७] मनुष्य सन्तान हेतु तपस्या नहीं करता, वरन् पुत्र हेतु तप करता है। क्या यह नारी जाति के प्रति वैषम्य व अपमान का प्रदर्शन नहीं है? कन्या के जन्म लेने पर घर में कुछ नीरस वातावरण हो जाता है।[८]

१. प्राणपणेनापि मातृभूमेः रक्षा कर्त्तव्या। वि.सं., नव., फर. १९७७ (हू.प.) पृ. ३३
२. "अद्यत्वे उत्कोचस्यैकच्छत्रं साम्राज्यं वर्तते। अत एवंसति धनबलेन त्वामुन्मोचयिष्ये।" तृण. पृ. ५४
३. "किमपि उपहर्तुं शक्नोषि चेत् कार्यम् इदं सुखेन सम्पत्स्यते।" त्रि. (माया.), पृ. १०
४. "परं भवान् भ्रष्टाचारनिषेधसमितेरध्यक्षः। तथापि उत्कोचदानं प्रस्तौतीति किम् एतद् युक्तरूपं भवतः?" त्रि. (माया.), पृ. ११
५. "उत्कोचमार्गञ्च विहाय राष्ट्रं चकासतामद्य यथैव पूर्वम्।" तृण., पृ. ६४
६. "अपुत्रस्य गृहं शून्यम्।" वत्स., पृ. १२
७. "ममापि कश्चित्पुत्रो नास्ति। को मे पिण्डदानं करिष्यतीति चिन्तया म्रियेऽहम्।" वहीं, पृ. ४४
८. "वत वत द्वे मे मन्ये जाते। एकापि कन्या चिन्ताकरी मम तु द्वे।" वहीं, पृ. ६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विज्ञान के इस युग में तो कन्या को जन्म ही नहीं लेने दिया जाता। गर्भकाल में ही परीक्षण कराकर स्त्रीलिंग की भ्रूण-हत्या करा दी जाती है। अन्ततः मानव में परिवर्तन अपेक्षणीय है। नाटककार की लेखनी समाज में जागृति चाहती है, परिवर्तन की अपेक्षा रखती है व शुभ कर्मों में विश्वास जगाना चाहती है।[१]

यौतुक अभिशाप— यौतुक की पीड़ा प्राचीनकाल से ही अनुभव की जाती रही है तथा वर्तमान समय में अत्युग्र रूप धारण कर चुकी है। इसका विष सम्पूर्ण समाज में व्याप्त हो चुका है, जिससे सभी वर्ग समान रूप से प्रभावित हुए हैं। यौतुक को 'अभिशाप' की संज्ञा दी गयी है।[२]

प्रतिदिन कन्याओं की हो रही दुर्दशा से कन्या पक्ष की दशा अत्यधिक दयनीय हो गयी है। कन्या के माता-पिता एक अनजाने भय से भयभीत रहते हैं। इस मानसिक दबाव में कन्या ने चिन्ता का रूप धारण कर लिया है।[३]

डॉ. शिव प्रसाद भारद्वाज यौतुक को असाध्य रोग मानते हैं।[४] आज समाज को इस संकट के उबारने के लिए ठोस कदम उठाने की प्रभूत आवश्यकता है, प्रशासन की सशक्त नीतियों के साथ जनजागरण भी अपेक्षित है। कुछ क्रान्तिकारी स्थल द्रष्टव्य हैं।[५]

इसके अतिरिक्त नारियों की जागरुकता भी अपेक्षणीय है। स्त्रियों को अपने अस्तित्व एवं आकारों की सुरक्षा हेतु एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। दहेज के लोभी व्यक्तियों का अनुमोदन उन्हें नहीं करना चाहिए। इस सम्बन्ध में संस्कृत नाट्य-साहित्य द्वारा किया गया सत्प्रयास निश्चय ही अभिनन्दनीय व सराहनीय है।

समाज में व्याप्त अन्य भ्रष्टाचरण—

आजकल सभी क्षेत्रों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। प्रत्येक व्यक्ति दूसरे को पीछे छोड़ स्वयं आगे निकल जाने हेतु तत्पर है। इस अंधी दौड़ में कौन उससे आहत हुआ है, उसे इससे कोई अभिप्राय नहीं है।

ऐसी अवस्था में राजनीति का क्षेत्र भी भिन्न नहीं है। वहाँ भी पदप्राप्ति, धनलिप्सा व स्वार्थपूर्ति सर्वोपरि हैं। 'चक्रि-चक्रम्' में कीर्तन लाल येन-केन-प्रकारेण चुनाव में विजयी होना चाहता है। दुर्भाग्य का विषय है कि

---

१. "मानवः स्वानुष्ठितशुभकर्मभिरेव शुभां गतिं लभते। स्वकृतं कर्म स्वयमेव भोक्तव्यम्। पुत्रास्तत्र किं करिष्यन्ति।" वहीं, पृ.१२

२. "यौतुकं हि नामाशापः। यावदेतस्य न विरामः, कन्या अविरामं दुःखानि भोक्ष्यन्ते।" वत्स., पृ.६

३. क— "एका कन्या वसति निलये सापि चिन्ताकारी स्यात्।" वहीं पृ.२२ ख— "को जानाति यदयं परिणीय तां यौतुकादि लोभेन पश्चाद् गूढं निहन्यात्।" त्रि.(माया), पृ.१७,

४. "आमयोऽयं समाजस्यास्थिपु बद्धमूलः। सम्प्रति दुश्चिकित्सो जातः।" त्रि.,(माया) पृ.१६

५. क— 'समर्थयेन्न गृह्णीयाः, देहिजं यौतुकं त्यजेः।' वे.प.(स.प.) पृ.५१ ख— "काममहं नृपतिरः बहु दातुं क्षमः परमेतत्प्रथया दरिद्राणां भूयानुपकारः।" वत्स., पृ.३२ ग— "वरद्वयेन यौतुकमनादातुं समयितम्।" वहीं, पृ.३२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पद प्राप्त होते ही सभी का स्वरूप परिवर्तित हो जाता है। नेता बड़ी-बड़ी योजनाएँ देश को सुरक्षित रखने के लिए नहीं, वरन् स्वयं को सुदृढ़ करने के लिए बनाते हैं। 'परिषदियम्' में यह वास्तविकता स्पष्ट की गयी है।[१]

ऐसे नेताओं को कवि ने आड़े हाथों लिया है, जो कथनी और करनी में अन्तर करते हैं।[२] संस्कृत कवि राजाओं को उनके कर्त्तव्यों से अवगत कराना चाहते हैं।[३]

अंततः कवि राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हुआ प्रजा की सुख-समृद्धि हेतु प्रशासकों के सुदृढ़ चरित्रों की अपेक्षा करता है।

वाणिज्यरत समुदाय के भ्रष्टाचरण से भी संस्कृत कवि अत्यधिक पीड़ित है। सम्पूर्ण राष्ट्र की अर्थव्यवस्था उद्योग व उद्योपतियों पर निर्भर करती है। समय-समय पर राष्ट्र इन उद्योगों की प्रगति हेतु व लघु उद्योगों के प्रोत्साहन हेतु नये-नये प्रारूपों के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की विशेष सुविधाएँ प्रदान करता रहता है ताकि उद्योगों को बढ़ावा मिलता रहे व राष्ट्र आर्थिक रूप से सुदृढ़ बना रहे। परन्तु उद्योगपति कृत्रिम अभाव दिखाकर महँगाई का सशक्त कारण बन जाते हैं। परिणामस्वरूप सभी लोगों की आय व निर्वाह के साधन अपर्याप्त हो जाते हैं व उद्योगपति धन के आधिक्य से धर्मराज बन बैठते हैं तथा तरह-तरह के कुकर्म करते हैं।[४] ऐसे धनिक किसी भी अवस्था में सहानुभूति के पात्र नहीं हैं। यथासमय इनकी श्रीमदता पर कुठाराघात किया ही जाना चाहिए।

शिक्षा-क्षेत्र, जो कभी पूजा-स्थलतुल्य हुआ करते थे, आज राजनीति के केन्द्र बनते जा रहे हैं। इस स्थिति को 'दुर्गरोद्धारः' में उभारा गया है।[५]

चिकित्सा-क्षेत्र की भी अत्यधिक दयनीय अवस्था है। आज मानव-मूल्यों में पर्याप्त अवनति हो रही है, अतः चिकित्सक भी कर्त्तव्यविमुख होते जा रहे हैं। 'रेलमन्त्री' में नाटककार ने चिकित्सा के महात्म्य को प्रकाशित करने का प्रयास किया है। साथ ही सचेत किया है कि चिकित्सा के सम्बन्ध में कभी भी भेदभाव का व्यवहार नहीं करना चाहिए, यही चिकित्सक का धर्म है।[६]

अंततः साहित्य की यही कामना है कि व्यक्ति आजीवन धनलोलुपी न रहे तथा आयु का कुछ भाग सेवाकार्य में अवश्य लगाए।

---

१. "— यत् कथमिदमासनं सुरक्षितं स्यात्" दि ज्यो., जून १९७९ (परिष), पृ. १९

२. "अन्तः काका बहिर्हंसा व्यवहारे भुजङ्गमाः। एतादृशा विटा यत्र नेतारस्तत्र शं कुतः।" त्रि. (माया), पृ. ११

३. क— "राज्ञां कृत्यं रक्षणं स्व-प्रजानाम्।" वि.सं., नव., १९७६, फर. १९७७ (हू.प.) पृ. ४३ ख— "राजा प्रजाभ्यो भवति, न तु प्रजा राज्ञे।" वि.सं. सित दिस., १९८७ (आ.न्या.) पृ. ९१.

४. "आगच्छ मया सह। भव्यं विशालं च मे गृहम्। उद्योगपतिरहम्, प्रभूतं च मे धनम्"। प.प. (शुद्धा.), पृ. ३३

५. "शिक्षाक्षेत्रे ततोप्यधिका दुर्व्यवस्था। नास्ति कोऽपि योग्यताक्रमः। केवलं दल-बलच्छल-प्रक्रिया समभ्यस्यन्ते। सं. मई, १९८४, (दुर्ग) पृ. ३५"

६. "म्रियमाण एकोऽपि चेद् भवतां प्रयासैरःजीवति भवन्तः शताश्वमेधयज्ञानां फलं लभन्ते। सर्वेषामभेदं चिकित्सा क्रियेत।" वि.सं. सित. दिस., १९८७, (रे.म.), पृ. ८१,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस प्रकार आधुनिक संस्कृत नाट्य-साहित्य प्रत्येक सामयिक समस्या से आकृष्ट होता हुआ व युगानुरूप उसका समाधान प्रस्तुत करता हुआ प्रत्येक व्यक्ति से एकाकार होकर मातृभूमि के प्रति अपने कर्त्तव्य का निर्वाह भली-भाँति कर रहा है।

सहायक ग्रन्थ-सूची

अभिनव नाट्य पञ्चकम्—सम्पा.—डॉ. शिवप्रसाद भारद्वाज, आर्य बुक डिपो, करोलबाग, नई दिल्ली

तृणजातकम् — दुर्गादत्त शास्त्री नलेटी, देहरागोपीपुरी, कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश), १९८३

त्रिपत्री — डॉ. शिवप्रसाद भारद्वाज, भारद्वाज निकेतन, हरिपुर काँवली, महादेव सिंह रोड, काँवली, देहरादून— १९८५

पल्लव-पञ्चकम् — डॉ. मथुरादत्त पाण्डेय, एल-१३०, मॉडल टाउन, होशियारपुर, १९८१

पाञ्चजन्यम् — विद्याधर शास्त्री, मीनाक्षी प्रकाशन, २८५, महेश नगर, अम्बाला छावनी

वत्सला — दुर्गादत्त शास्त्री, नलेटी, देहरा, गोपीपुरी, कांगड़ा, (हिमाचल प्रदेश), १९७८

वयं के स्म: ? — डॉ. सुधीकान्त भारद्वाज 'कल्प' संक्रान्ति प्रकाशन, रोहतक १९८४

वेताल-पराजयम् — शुकदेव शर्मा मुनिः, वात्स्य प्रकाशन, नयी बस्ती, सिनेमा रोड, नाभा, १९८९

संस्कृत पत्र-पत्रिकाएँ

(१) क— दिव्यज्योतिः, भारती विहार, मशोबरा, शिमला; जून, १९७९

ख— दिव्य ज्योतिः, जनवरी १९८१

(२) क— विश्वसंस्कृतम्— विश्वेश्वरानन्द—वैदिक शोध संस्थान, साधु आश्रम, होशियारपुर नव.१९७६, फर. १९७७.

ख— विश्वसंस्कृतम्, मई-अगस्त १९७६

ग— विश्वसंस्कृतम्, सित.-दिस. १९८७

(३) संविद्, भारती विद्या भवन, मुम्बई, मई, १९८४

संक्षेपक

अग.	अगस्त
अ. ना. प.	अभिनव नाट्य पञ्चकम्
आधि.	आधिकाकांक्षम्
च.च.	चक्रि-चक्रम्
जन.	जनवरी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तृण	त्रिपत्री
दि.ज्यो.	दिव्यज्योतिः
दिस.	दिसम्बर
दुर्ग.	दुर्गरोद्धारः
नव.	नवम्बर
निद.	निदर्शनम्
प.प.	पल्लवपञ्चकम्
परिष.	परिषदियम्
पा.ज.	पाञ्चजन्यम्
पृ.	पृष्ठ
प्र.	प्रतिज्ञा
फर.	फरवरी
माया.	मायापतिः
रे.म.	रेलमन्त्री
वत्स.	वत्सला
वयं.	वयं के स्मः
वि.सं.	विश्व-संस्कृतम्
वे.प.	वेताल-पराजयम्
शुद्ध.	शुद्धाज्यम्
शैव.	शैवराजम्
सं.	संविद्
स.प.	सप्तपदी
साक्षा.	साक्षात्कारः
सित.	सितम्बर
हू.प.	हूणपराजयम्

सामायिक समस्याएँ एवं संस्कृत

(आधुनिक नाट्य साहित्य के विशेष संदर्भ में)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

काश्मीरीय अद्वैत शैवदर्शन और विश्वात्मभाव

डॉ० जागीर सिंह

आज सम्पूर्ण विश्व नाना प्रकार की समस्याओं से घिरा है। कहीं जाति, धर्म, वर्ण आदि के झगड़े हैं, तो कहीं भाषा, संस्कृति, जमीन-जायदाद की समस्याएँ मुँह बाये खड़ी है तथा सुखमय जीवन-यापन में घोर बाधाएँ बनी हुई हैं। यही बाह्य साधन-सामग्री उपलब्ध होने पर भी मानसिक रूप से दुविधा, भ्रम और तनावपूर्व वातावरण से असन्तोषमय जीवन व्यतीत करने हेतु लोग विवश हैं। नैतिक मूल्यों का ह्रास, पक्षपात, भ्रष्टाचार आदि आग में घी का कार्य कर रहे हैं। जब इन बाधाओं को दूर करने की कोशिश की जाती है, तो 'मर्ज़ बढ़ता गया, ज्यों-ज्यों दवा की' उक्ति अक्षरश: चरितार्थ मालूम पड़ती है। ऐसे में स्वाभाविक रूप से समाधान की बाह्य खोज की अपेक्षा कुछ आन्तरिक अवलोकन की आवश्यकता है, जिसके लिए हमारे महापुरुष बार-बार सङ्केत करते हुए सदैव सचेष्ट रहे हैं—

'काहे रे वन ढूँढन जाई, सर्व-निवासी सदा अद्वेपा तोही संग समाई।'

हमारे वेदशास्त्र, उपनिषद् और ऋषि-मुनि आन्तर-तत्त्व की गवेषणा एवं अनुभूति पर बल देते रहे हैं और इसके यथार्थ ज्ञान को ही परम आनन्द का मूल स्रोत बतलाते रहे हैं। फलत: विश्व में अनेक धर्म या दर्शन विकसित हुए हैं, जिनका विशिष्ट प्रभाव व्यक्ति, समाज, देश एवं विश्व के स्तर पर अपने-अपने देश, काल एवं वातावरण के अनुसार रहा है, परन्तु ऐसा सब विद्यमान रहने पर भी कहीं न कहीं, कुछ ऐसी कमियाँ या कमजोरियाँ रही हैं, जिनसे मानवता या विश्व का अपेक्षित कल्याण नहीं हो सकता है, क्योंकि सम्पूर्ण विश्व को या मानवमात्र की ऐसे धर्म अथवा दर्शन की आवश्यकता है, जिसके सिद्धान्त अथवा दृष्टिकोण सार्वकालिक एवं सार्वभौमिक हों; जो पूरी मानव जाति या विश्व को एकसूत्र में पिरो सके। ऐसे समय में कश्मीर की पावन धरा पर बाह्य सौन्दर्य के साथ-साथ अध्यात्मामृत-रस के सौरभ को कुङ्कुम के समान सुगन्धित करने वाला 'कश्मीर अद्वैत शैव दर्शन' सर्वथा अनुकरणीय है, जो विश्वात्मभाव की भावना का प्रबल समर्थक है।

शैवाचार्य राजानक क्षेमराज अपनी प्रसिद्ध एवं शाङ्करोपनिषत् (सर्वागम शैव रहस्य) का साररूप अभिव्यक्त करने वाली रचना 'प्रत्यभिज्ञाहृदयम्' में बतलाते हैं कि श्रीपरमशिव भट्टारक (परमसत्ता, Ultimate Reality) विश्व शरीर (विश्वमय) हैं और सभी प्राणी भी उस प्रकाशरूप (विश्वोत्तीर्ण) के रूप होने के कारण प्रकाशेकात्म्य से विश्वशरीर शिवैक रूप ही है, अर्थात् शिव नहीं है। केवल उनकी माया-शक्ति के प्रभाव से

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अपना यथार्थ रूप अभिव्यक्त न होने से संकुचित की भाँति आभासित होते हैं। वास्तव में, संकोच भी चिदैकात्म्य से प्रभमान होने से चिन्मय ही होता है, अन्यथा उसका अस्तित्व ही सम्भव नहीं।[१] ऐसी ही मान्यता 'सिद्धान्तवचन' में मिलती है, जिसके अनुसार एक शरीर और शरीरी में सब शरीर और शरीरियों का अन्तर्भाव है—[२] ऐसा कहा गया है। जहाँ मनुस्मृति में एक राजा में सभी देवों का अंश अथवा तेज विद्यमान होने की बात कही गई है[३] और गीता में प्राणियों में स्थित विभूति (तेज) को भगवान् का रूप कहा गया है,[४] वहीं 'त्रिशिरो मत' में कहा गया है— 'यह शरीर सभी देवों का रूप है' 'त्रिशरी भैरव विश्व में व्याप्त होकर साक्षात् व्यवस्थित है।'[५] यही भाव 'ईशावास्योपनिषद्' में प्रकट किया गया है। इस जगत् में जो कुछ भी है, वह ईशा (ईश्वरी शक्ति, पराशक्ति) का आवास रूप है, अर्थात् सभी में एक ही परमसत्ता विद्यमान है।[६] ऐसा ही मत 'मार्कण्डेयपुराण' के अन्तर्गत दुर्गासप्तशती में भी मिलता है— 'सभी प्राणियों में एक ही भगवती सर्वत्र एवं सर्वदा विद्यमान हैं।'[७]

सिद्ध वसुगुप्त 'स्पन्दशास्त्र' में कहते हैं कि जीव सर्वमय (विश्वमय, विश्व से अभिन्न) है। संवेदन और संवेद्य संवेत्ता से ही स्फुरित होने से तद्रूप होते हैं। इसलिए शब्द, अर्थ और चिन्तन में सदा सर्वत्र भोक्ता के ही भोग्यभाव से स्थित होने के कारण ऐसी कोई अवस्था नहीं हैं, जो शिवरूप न हो।[८] भट्टश्रीकल्लट, उत्पलवैष्णव, राजानक रामकण्ठ, श्री क्षेमराजादि शैवाचार्यों ने इस शास्त्र की व्याख्या करते हुए इस मत का प्रबल समर्थन किया है। श्री क्षेमराज ने शक्ति-सूत्रों में बतलाया है कि जिस प्रकार भगवान् विश्वशरीर है, उसी प्रकार चेतन (व्यष्टि, व्यक्ति, जीव) भी चिति के संकुचित होने के कारण संकुचित रूप में विश्वमय ही होता है।[९] श्रीमत् परमशिव, जो

---

१. "ग्राहकोऽपि अयं प्रकाशैकात्म्येन विश्वशरीशिवैकरूप एव,केवलं तन्मायाशक्त्या अनभिव्यक्तस्वरूपत्वात् संकुचित इव आभाति, संकोचोऽपि विचार्यमाणः चिदैकात्म्येन प्रथमानत्वात् चिन्मय एव, अन्यथा तु न किञ्चित्। इति सर्वो ग्राहको विश्वशरीरः शिवभट्टारक एव"।

२. तथा च सिद्धान्तवचनम्— 'विग्रहो विग्रही चैव सर्वविग्रहविग्रही'।

३. "इन्द्रानिलयमार्काणामग्नेश्च वरुणस्य च।
चन्द्रवित्तेशयोश्चैव मात्रा निर्हृत्य शाश्वतीः॥
यस्मादेषां सुरेन्द्राणां मात्राभ्यो निर्मितो नृपः।
तस्मादभिभवत्येष सर्वभूतानि तेजसाम्॥"—मनुस्मृति,७/४,५

४. "यद्यद्विभूतिमत्सत्त्वं श्रीमदूर्जितमेव वा। तत्तदेवावगच्छ त्वं मम तेजोंऽशसम्भवम्॥" म० गी०, १०/४१

५. त्रिशिरोमतेऽपि—"सर्वदेवमयः कायस्तं चेदानीं शृणु प्रिये।
पृथिवी कठिनत्वेन द्रवत्वेऽम्भः प्रकीर्तितम्॥ इत्युपक्रम्य 'त्रिशिरोभैरवः साक्षाद्व्याप्य विश्वं व्यवस्थितः॥'

६. ॐ ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्। तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्यस्विद् धनम्॥—ईशा० उप०, १

७. "यच्च किञ्चित् क्वचिद्वस्तु सदसद्वाऽखिलात्मिके। तस्य सर्वस्य या शक्तिः सा त्वं किं स्तूयसे तदा॥" — मा० प्र०, द्र० सप्त०, १/८३

८. "यस्मात्सर्वमयो जीवः सर्वभावसमुद्भवात्।
तत्संवेदनरूपेण तादात्म्यप्रतिपत्तितः॥
तेन शब्दार्थचिन्तासु न सावस्था न या शिवः। भोक्तैव भोग्यभावेन सदा संस्थितः॥" —स्प० का०, ३/१,२

९. यथा च भगवान् विश्वशरीरः, तथा— 'चितिसंकोचात्मा चेतनोऽपि संकुचितविश्वमयः'—प्र० हृ०, सू० ४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विश्वोत्तीर्ण, विश्वात्मक, परमानन्दमय, प्रकाशैकघन हैं, के लिए शिव से लेकर पृथिवीपर्यन्त सब कुछ अभेदरूप से ही स्फुरित होता है। वास्तव में अन्य कोई ग्राहक अथवा ग्राह्य है ही नहीं, अपितु श्रीपरमशिव भट्टारक ही इस प्रकार नाना वैचित्र्य सहस्रों द्वारा प्रकाशित होता है।[१]

इसीलिए अद्वैत शैवदर्शन में जाति, वर्ण, देश, काल, भाषा अथवा मत, धर्म एवं दर्शनविशेष आदि के आधार पर कोई द्वेषभाव अथवा हीनभावना की बात नहीं मिलती है, प्रत्युत् उन्हें नट की भाँति एक ही आत्मा (परमसत्ता) की स्वेच्छा से अवगृहीत (अवकल्पित) विविध एवं कृत्रिम भूमिकाएँ माना गया है।[२] इसी प्रकार अखिल विश्व में जितने भी प्राणी (जीव) हैं और उनके विविध मानसिक स्तरों की क्षमता के अनुसार जो-जो नील (बाह्य) सुख (आन्तरिक) आदि ज्ञान हैं, उन सबकी स्थिति, अर्थात् अन्तर्मुखरूप विश्रान्ति ही अद्वितीय चिदानन्दघन स्वात्मरूप की अभिव्यक्ति का उपाय है।[३] इस प्रकार एक ही चिदात्मा परमसत्ता के स्वातन्त्र्य से अवभासित ये सभी भूमियाँ स्वातन्त्र्य के प्रच्छादन (गोपन) और उन्मीलन (प्रकाशन) के तारतम्य के कारण भिन्न-भिन्न आभासित होती हैं। इस प्रकार एक ही आत्मा विश्व में व्याप्त है। सीमित दृष्टिकोण वाले उसके एक एक अंश में उसकी इच्छा से ही भिन्न-भिन्न सीमित रूपों से तादात्म्य स्थापित कर बैठते हैं, जबकि भिन्न-भिन्न सीमित रूपों से बद्ध (अज्ञानी, संकुचितात्मा) प्रमाताओं की व्याप्ति का सार देह इत्यादि पर्यन्त ही सीमित होता है और परमार्थस्वरूप विश्वमय-विश्वोत्तीर्ण आत्मरूप की महाव्याप्ति को परशक्तिपात के बिना प्राप्त नहीं किया जा सकता।[४] इसीलिए अद्वैत शैव भक्त शिरोमणि व परम दार्शनिक उत्पलदेवाचार्य 'शिवस्तोत्रावली' में कहते हैं कि परमसत्ता ही सभी की आत्मा है और प्रत्येक जीव अपनी आत्मा से अनुराग रखता है। इस प्रकार जो भी प्राणी इस रहस्य को समझकर स्वभावसिद्ध भक्त का अनुसरण करता है, वह भवसागर से पार हो जाता है, विश्वविजयी कहलाता है।[५] तात्पर्य

---

१. "श्रीमत्परमशिवस्य पुनः विश्वोत्तीर्ण-विश्वात्मक-परमानन्दमयप्रकाशैकघनस्य एवंविधमेव शिवादिधरण्यन्तम् अखिलम् अभेदेनैव स्फुरति; न तु वस्तुतः अन्यत् किञ्चित् ग्राह्यं ग्राहकं वा; अपितु श्रीपरमशिवमभट्टारक एव इत्थं नानावैचित्र्यसहस्रैः स्फुरति" प्र.हृ.टी.सू.३

२. (क) "तद्भूमिकाः सर्वदर्शनस्थतयः"— प्र.हृ., सू८
(ख) 'सर्वेषां चार्वाकादिदर्शनानां स्थितयः सिद्धान्ताः तस्य एतस्य आत्मनो नटस्येव स्वेच्छावगृहीताः कृत्रिमा भूमिकाः'— प्र.हृ.टी., सू.८
(ग) तदुक्तं श्रीमदुच्छुष्मभैरवे—
यावन्न वेदका एते तावद्वेधाः कथं प्रिये।
वेदकं वेद्यमेकं तु तत्त्वं नास्त्यशुचिस्ततः॥

३. "अपि च सर्वेषां दर्शनानां समस्तानां नीसुखादिज्ञानानां याः स्थितयः अन्तर्मुखरूपा विश्रान्तयः ताः तद्भूमिका-ः चिदानन्दघनस्वात्मस्वरूपाभिव्यक्त्युपायाः" — प्र.हृ.टी.सू.८

४. "एवम् एकस्यैव चिदात्मनो भगवतः स्वातन्त्र्यावभासिताः सर्वा इमा भूमिकाः स्वातन्त्र्यप्रच्छादनोन्मीलनतारतम्यभेदिताः। अत एक एव एतावद्व्याप्तिक आत्मा। मितदृष्टयस्तु अंशांशिकासु तदिच्छयैव अभिमानं ग्राहिताः, येन देहादिषु भूमिषु पूर्वपूर्वप्रमातृव्याप्तिसारताप्रश्रायामपि उक्तरूपां (विश्वोत्तीर्णं विश्वमयं आत्मतत्त्वं) महाव्याप्तिं परशक्तिपातं विना न लभन्ते।" — तदेव

५. "त्वमेवात्मेश सर्वस्य सर्वस्वात्मनि रागवान्। इति स्वभावसिद्धां त्वद्भक्तिं जानञ्जयेज्जनः" — शि.स्तो., १/७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यह है कि सभी जीव शिवरूप होते हैं, अतएव राग-द्वेष किससे ? जैसे अपनी आत्मा (जान) सबसे प्रिय होती है, वैसे ही सभी की आत्मा भी अपने जैसी होने से प्रेम अथवा पूजा की ही पात्र होती है, न कि घृणा (नफरत) अथवा निंदनीय की नहीं । एतएव सभी को ईश्वररूप समझने वाला प्राणी सम्पूर्ण विश्व को अपना रूप ही मानता है । इस प्रकार सर्वप्रिय, अजातशत्रु होता है । उसे कोई भय, चिन्ता या क्लेश नहीं हो सकता । सम्राट् अशोक को भी कलिंगविजय के पश्चात् ऐसा ही अनुभव हुआ था, जिससे आप्लावित होकर उन्होंने मानवमात्र को प्रेम करने का सन्देश किया ।[१] बृहदारण्यक उपनिषद् में ब्रह्मर्षि याज्ञवल्क्य मैत्रेयी से इसी रहस्य को प्रकट करते हुए कहते हैं कि पति, जाया, पुत्र, वित्त, ब्रह्म, क्षत्र, लोक, देव, भूत, किंवा सभी अपनी आत्मा के कारण ही प्रिय होते हैं ।

इसीलिए आत्मा के दर्शन, श्रवण, मनन और निदिध्यासन के लिये प्रयत्न करने का उपदेश देते हैं ।[२] उनका कथन है कि यह आत्मा सभी प्राणियों से विद्यमान है और सभी से अन्तरतम है, परन्तु इतना समीपस्थ स्वस्वरूप होते हुए भी वे उसे नहीं जानते । सभी प्राणी उसके शरीर हैं और वह अन्तर्यामी, सर्वनियन्त्रक अमृत एवं सर्वोत्कृष्ट है ।[३] ईश्वरप्रत्यभिज्ञा में कहा गया है कि स्वात्मा ही सभी प्राणियों का एक ही (अद्वितीय) महेश्वर है और इस परमार्थ दशा में विश्वोत्तीर्ण होता है तथा वही विश्वरूप भी होता है । ऐसे ज्ञान वाले को 'अहं' (चेतनात्मा) और 'इदं' (विश्व) एकरूपता से अनुभूत होता है ।[४] अर्थात् सम्पूर्ण विश्व को आत्मरूप ही समझता है । वास्तव में स्वस्वरूप के अज्ञान के कारण ही — 'यह हिन्दू है, मुसलिम है, सिख है अथवा ईसाई है एवं निर्धन है, धनवान है, बौद्ध है, जैनी है, वेदान्ती है, आर्य समाजी है आदि नानाविध जाति, वर्ण धर्म, मत, भाषा, देश अथवा संस्कृतिविशेष आदि विषयक' भेदभाव होते हैं । फलस्वरूप ईर्ष्या-द्वेष, कलह, नानाविध दंगे, झगड़े, आतङ्कवाद, पक्षपात एवं अनैतिक कर्म जन्म लेते हैं, क्योंकि अज्ञानी पुरुष सभी में एकात्मा, एक ईश्वर न मानकर अनेकात्मा अथवा भिन्न-भिन्न पुरुषों की कल्पना करता है, तभी वैसी सर्जना से उसको पारमार्थिक आनन्द न होकर जागतिक

---

१. "मानव का शस्त्र नहीं, निस्सीम प्यार" — 'कलिंगविजय,' मैथिलीशरण गुप्त

२. "स होवाच न वा अरे पत्युः कामाय पतिः प्रियो भवत्यात्मनस्तु कामाय पतिः प्रियो भवति न वा अरे जायायै कामाय जाया प्रिया भवत्यात्मनस्तु काम।य जाया प्रिया भवति न वा अरे पुत्राणां कामाय पुत्राः प्रिया भवन्त्यात्मनस्तु कामाय पुत्राः प्रिया भवन्ति न वा अरे वित्तस्य कामाय वित्तं प्रियं भवत्यात्मनस्तु कामाय वित्तं प्रियं भवति न वा अरे ब्रह्मणः कामाय ब्रह्म प्रियं भवत्यात्मनस्तु कामाय ब्रह्म प्रियं भवति न वा अरे क्षत्रस्य कामाय क्षत्रं प्रियं भवत्यात्मनस्तु कामाय क्षत्रं प्रियं भवति न वा अरे लोकानां कामाय लोकाः प्रिया भवन्त्यात्मनस्तु कामाय लोकाः प्रिया भवन्ति न वा अरे देवानां कामाय देवाः प्रिया भवन्त्यात्मनस्तु कामाया देवाः प्रिया भवन्ति न वा अरे भूतानां कामाय भूतानि प्रियाणि भवन्त्यात्मनस्तु कामाय भूतानि प्रियाणि भवन्ति न वा अरे सर्वस्य कामाय सर्वप्रियं भवत्यात्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवत्यात्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यो मैत्रेय्यात्मनो वा अरे दर्शनेन श्रवणेन मत्या विज्ञानेनेदं सर्वं विदितम् ॥" — बृहद्. उप., २/४/५

३. "यः सर्वेषु भूतेषु तिष्ठन्सर्वेभ्यो भूतेभ्योऽन्तरोयँ सर्वाणि भूतानि न विदुर्यस्य सर्वाणि भूतानि शरीरं यः सर्वाणि भूतान्यतरो यमयत्येष त आत्मान्तर्याम्यमृत इति "— बृहद्. उप., ३/७/१५

४. 'स्वात्मैव सर्वजन्तूनामेक एव महेश्वरः । विश्वरूपोऽहमिदमित्यखण्डामर्शबृंहितः ॥' — ई. प्र., ४/१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तुच्छ विषय भोगों में अनुरक्ति से सुख-दुःख का अनुभव होता है।[१] सिख गुरु साहिबान् भी ऐसा ही मत अभिव्यक्त करते हुए कहते हैं —

'अब्बलअल्ला नूर उपाया, कौन भले कौन मन्दे।
एक नूर ते सब जग उपजया ईश्वर के सब बन्दे ॥'

एवं "मानुष की जाति, सब एक पहचानवो" तथा "नानक नाम चढ़दीकला, तेरा भाणा सर्वत्त या भला" आदि। श्रीरामकृष्ण परमहंस भी एकात्मा एक ईश्वर की ही बात कहते हैं और उसकी प्राप्ति के लिए 'नाना मत, नाना पंथ' कहकर मानव-मानव अथवा मत-मतान्तरों के भेदभाव को लेकर आत्मा व ईश्वर को बाँटने का विरोध करते हैं। तात्पर्य यह है कि सम्पूर्ण विश्व एवं प्राणी उस एक परमात्मा के हैं और उनके द्वारा अपने दृष्टिकोण से की जाने वाली पूजा एक ही ईश्वर की वन्दना है, अतः सारा विश्व एकरूप है, एकात्मा है। फिर दंगे-फसाद और आतङ्कवाद किसलिए?

भगवान् श्रीकृष्ण भी गीता में अर्जुन को उपदेश देते हुए 'जीवमात्र' को अपना पवित्र अंश द्योतित करते हैं और इसमें बिना किसी भेदभाव के, विश्वभर के जीवों की बात है, किसी एक देश, धर्म या जाति विशेष की नहीं।[२] इसीलिए शैवाचार्य अपनी रचनाओं का प्रमुख लक्ष्य 'जनमात्र' का कल्याण बतलाते हैं,[३] जो उन्होंने अपनी कठिन साधना, तप, शास्त्राभ्यास और ईश्वर-अनुग्रह से प्राप्त किया था। तभी धर्मशास्त्रों के नीतिवचनों में अपने-पराये के भेद की बात करने वालों को क्षुद्र (तुच्छ) हृदय एवं समस्त विश्व को अपना परिवार मानने वालों को उदार (विशाल) हृदय वाला बतलाया गया है।[४] इसीलिए 'विज्ञानभैरव' में भगवान् भैरव (शिव) भगवती भैरवी (शक्ति) को बतलाते हैं कि जीव को सम्पूर्ण जगत् अथवा अपने शरीर में एक ही चेतनात्मा के आनन्द (चमत्कार, ऐश्वर्य) का अनुभव करना चाहिए, ऐसा विमर्श करने से वह एकदम स्वामृतरूप परानन्द से अभिभूत हो जायेगा[५], अर्थात् आवागमन के चक्र से छूटकर ब्रह्मरूप ही हो जायेगा। सारे जगत् को अपने रूप में ही अनुभव

---

१. "तत्र स्वसृष्टेदं भागे बुद्ध्यादिग्राहकात्मना।
अहङ्कारपरामर्शपदं नीतमनेन तत् ॥
स्वस्वरूपापरिज्ञानमयोऽनेकः पुमान्मतः।
तत्र सृष्टौ क्रियानन्दौ भोगो दुःखसुखात्मकः ॥" — ई.प्र., ४/२,३

२. "ममैवांशो जीवलोके जीवभूतः सनातनः।
मनः षष्ठानीन्द्रियाणि प्रकृतिस्थानि कर्षति ॥" — भ.गी., १५/७

३. "कथंचिदासाद्य महेश्वरस्य दास्यं जनस्याप्युपकारमिच्छन्।
(क) समस्तसम्पत्समवाप्तिहेतुं तत्प्रत्यभिज्ञामुपपादयामि ॥" — ई.प्र., १/१
(ख) "जनस्यायत्नसिद्ध्यर्थमुदयाकरसूनुना। ईश्वरप्रत्याभिज्ञेयमुत्पलेनोपपादिता ॥" — ई.प्र., ४/१८

४. "अयं निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम्।
उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम् ॥" — नीतिवचन

५. "सर्वं जगत्स्वदेहं वा स्वानन्दभरितं स्मरेत्।
युगपत्स्वामृतेनैव परानन्दमयो भवेत् ॥" — वि. भै., ६५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करने से ऐसा कोई भय, चिन्ता अथवा बीमारी नहीं सताती।[१] पुनः परमशिव भगवती से जगत्कल्याणार्थ आनन्दभैरव बतलाते हैं कि लौकिक परस्पर भेदभाव को छोड़कर अद्वैतभाव (समभाव) का अनुसरण करना चाहिए, क्योंकि एक तो ऐसा व्यक्ति भौतिक रूप से सभी चिन्ताओं, भयों, बीमारियों आदि से मुक्त होकर स्वस्थ एवं सुखमय जीवन व्यतीत करता है, दूसरी ओर आध्यात्मिक रूप से सभी अज्ञानजनित आवागमन के बन्धनों से छुटकारा पाकर शिवरूपता की प्राप्ति करता है, क्योंकि ऐसा महापुरुष सभी देवी-देवताओं, वर्ण-आश्रमों, पदार्थों, प्राणियों के प्रति समतादर्शी हो जाता है। इसलिए वह सभी बन्धनों से मुक्त हो जाता है।[२] इस प्रकार के लोकानन्द को शिवसूत्रों में योगी के समाधिनिर्णय के समान बतलाया गया है।[३] स्पन्दनिर्णय एवं शिवसूत्रविमर्षिणी में 'स्पन्दशास्त्रोक्त आत्मनोग्रहः' का अर्थ स्पष्ट करते हुए राजानक क्षेमराज बतलाते हैं कि आत्मा का ग्रहण, अर्थात् ज्ञान यही है, जो विश्वात्मक शिव से अभिन्नता का अनुभव करना है।[४] ऐसे अनुभव (विश्वात्मा शिव ही हूँ) वाले के लिए सारा जगत् मंगलातन्त्र के अनुसार शिव-शक्तिमय एवं अपनी शक्तियों का विस्फार रूप अनुभव होता है।[५] वह देश, काल, कारण (रूप) की बाधाओं से अप्रभावित रहकर सामान्य जीवन व्यतीत करते हुए भी विश्वात्मस्वरूपलाभ करता है,[६] महेशत्व का अनुभव करता है।[७]

---

१. "द्वितीयाद्वैभयम्" — उपनिषद्

२. उक्तं च श्रीमदानन्दभैरवे —
"उत्सृत्य लौकिकाचारमद्वैतं मुक्तिदं श्रयेत्।
स समं सर्वदेवानां तथा वर्णाश्रमादिके॥
द्रव्याणां समतादर्शी स मुक्तः सर्वबन्धनैः।" — शि.सू.वि., ३/२२

३. "लोकानन्दः समाधिसुखम्" — शि.सू., १/१८

४. श्रीसर्वमङ्गलायामापि —
"शक्तिश्च शक्तिमांश्चैव पदार्थद्वयमुच्यते।
शक्त्योऽस्य जगत्कृत्स्नं शक्तिमांस्तु महेश्वरः॥" — शि.सू.वि., ३/८

५. "स्वशक्तिप्रचयोऽस्य विश्वम्" — शि.सू., ३/३०

६. अतएव श्रीप्रत्यभिज्ञायाम्— "बुद्धिप्राणप्रसरेऽपि बाह्यदेशाद्युपादानानाहितसंकोचानां विश्वात्मस्वरूपलाभ एव"

७. सोऽहं ममायं विभव इत्येवं परिजानतः।
विश्वात्मनो विकल्पानां प्रसरेऽपि महेशता॥ - ई.प्र., ४/१२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्राचीन काल में हमारे राष्ट्र की नारियों का साम्पत्तिक अधिकार

डॉ० सीता सिंह और डॉ० शालिनी

प्राचीन काल में हमारे राष्ट्र में पारिवारिक जीवन संयुक्त-परिवार प्रथा के अनुसार संचालित था। यह जीवन पितृप्रधान था, जहाँ पिता के संरक्षण में परिवार के सभी सदस्य एक साथ रहते थे। उसी (पिता) की देख-रेख में परिवार के सभी कार्य सम्पादित हुआ करते थे। और स्त्री को 'गृहिणी' कहा जाता था। परिवार के आन्तरिक जीवन में पति और पत्नी 'गार्हपत्याग्नि'[१] में एक साथ सभी धार्मिक कार्यों का सम्पादन करते थे और उन्हें 'दम्पत' कहा जाता था। स्त्रियों को 'साम्राज्ञी'[२], 'गृहस्वामिनी'[३] 'जायेदस्तम्'[४] आदि शब्दों से विभूषित किया गया था। विडबम्ना यह है कि इन सम्मानसूचक शब्दों से विभूषित होने वाली स्त्री को साम्पत्तिक अधिकार से दूर रखा गया था। यहाँ तक कि 'अदायादी'[५] घोषित कर उन्हें साम्पत्तिक अधिकारों से वञ्चित कर दिया गया था।

वास्तव में वैदिक समाज अपने संयुक्त परिवार तथा उसकी सम्पत्ति को अविभाजित और सुरक्षित रखने के प्रति अत्यन्त ही जागरूक और सचेत था। आम धारणा यह थी कि भू का स्वामित्व उसके पास हो, जो इसे सुरक्षित रखने में समर्थ हो। स्वभावत: स्त्रियाँ इस दृष्टिकोण से पुरुषों की बराबरी नहीं कर सकती थीं। साथ ही तत्कालीन समाज सामुदायिक व्यवस्था से पारिवारिक व्यवस्था में स्थानान्तरण की प्रक्रिया में था। भू-सम्पत्ति पर व्यक्तिगत स्वामित्व किसका हो, यह पूर्णतया स्पष्ट नहीं हो पाया था। सम्पूर्ण अधिकार 'गृहपिता' को ही प्राप्त थे। समाज में यह धारणा भी बन गयी थी कि विवाह के पश्चात् स्त्री अपने पति के परिवार की हो जाती है। ऐसी स्थिति में उन्हें 'दाय' के अधिकार से वंचित रखना ही उपयुक्त समझा जाता था। इसलिए पुरुषों को 'दायाद' तथा स्त्रियों को 'अदायादी' घोषित कर दिया गया था।[६]

---

१. ऋ० वे; ५.१.७२; ५.१.७२.३, श.ब्रा; १.९.२.२४
२. ऋ० वे; १०.८५.४२, ४६
३. अ० वे; ३.५.३
४. ऋ० वे; ३.५.३, ४
५. तै.सं; ६.५.८.२
६. मै.सं; ४.६.४.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पूर्व में किसी की सम्पत्ति का स्वामित्व उसके वंशानुगत उत्तराधिकारी के नियम से जुड़ा हुआ था। कालान्तर में सामाजिक संरचना तथा उसकी व्यवस्था में आमूल परिवर्तन आया। 'दाय विभाग' के अन्तर्गत 'दाय' और 'उत्तराधिकारी' से सम्बद्ध अनेक नियमों की उत्पत्ति हुई। 'दाय विभाग' का अर्थ है— किसी व्यक्ति की सम्पत्ति का विभाजन, जो उस व्यक्ति से सम्बन्धित अन्य व्यक्तियों की सम्पत्ति हो जाती है। सम्पत्ति पर अधिकार की कसौटी 'पिण्डदान' को माना गया था। 'किसी व्यक्ति की सम्पत्ति का अधिकारी वही हो सकता था, जिसे उस व्यक्ति को पिण्डदान देने का अधिकार प्राप्त हो'।[१] पिण्ड देने का अधिकार समरक्तता के सिद्धान्त पर आधारित था। 'समरक्तता' के अर्थ पर मतैक्य नहीं होने के कारण वंशानुगत उत्तराधिकार के नियमों में जटिलता उत्पन्न हो गयी। फलत: व्यवस्थाकारों के द्वारा उत्तराधिकार से सम्बद्ध अनेक नियम प्रतिपादित किये जाने लगे।

वैदिक युग में कन्या को साम्पत्तिक अधिकार प्राप्त नहीं था।[२] इसका कारण यह था कि कन्याओं को पिण्डदान करने का अधिकार प्राप्त नहीं था। परन्तु जब कोई अभ्रातृमति कन्या अपने पुत्र द्वारा पिण्डदान कराने योग्य हो जाती थी, तब उसे पैतृक सम्पत्ति में भी अधिकार प्राप्त हो जाता था।[३] समाज में कुछ ऐसी कन्याएँ भी थीं, जो परिस्थितिवश आजीवन अविवाहित रह जाती थीं। उन्हें 'अमाजू' कहा जाता था। अविवाहिता होने के कारण ये 'स्त्री-धन' से तो वंचित रहती ही थीं, पैतृक सम्पत्ति में भी उनका कोई अधिकार नहीं रहता था। पिता की मृत्यु के पश्चात् उनका जीवन-निर्वाह कठिन हो जाता था। व्यवस्थाकारों ने इन कन्याओं का साम्पत्तिक अधिकार नहीं छीना था। ऋग्वेद में इसका स्पष्ट उल्लेख मिलता है।[४] इस प्रकार प्राचीन भारत में साम्पत्तिक अधिकार प्राप्त करने वाली स्त्रियों में प्रथम स्थान अभ्रात कन्याओं का ही था।

मनु की मान्यता थी कि पुत्रिका-पुत्र को यह अधिकार है कि वह अपने नाना को पिण्ड दे।[५] पौत्रा तथा दौहित्र का भेद समाप्त कर उन्होंने पुत्रियों का ही पक्ष लिया था।[६] उनकी मान्यता थी कि पुत्र पिता की आत्मा है और जैसा पुत्र है, वैसी ही पुत्री भी है। अत: आत्मास्वरूप पुत्री के रहने पर दायाद उसके अपुत्रमृत पिता की सम्पत्ति के अधिकारी नहीं हो सकते हैं। ऐसी सम्पत्ति की एकमात्र अधिकारिणी उसकी कन्या ही है।[७] महाभारत का भी कुछ ऐसा ही मत है।[८] आपस्तम्ब ने 'नेति-नेति' कहकर अन्त में कन्या को पैतृक सम्पत्ति में से अपना अंश प्राप्त करने का अधिकार देने की बात कही है।[९]

१. विष्णुस्मृति; ११.४०
२. ऋ० वे, ३.३१.२
३. वही, २.१२४.७
४. ऋ.वे, २.१७.७
५. मनु ९, १३२
६. वही, ९.१३३
७. वही, ९.१३०
८. महाभारत, १३.८०.११
९. आ. ध. सू, २.१४.२४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'महाभारत' पैतृक सम्पत्ति में पुत्री को कम से कम आधा भाग दिलाने के पक्ष में था,[१] परन्तु विष्णु का मत था कि पत्नीरहित अपुत्र पिता की सम्पत्ति की अधिकारिणी उसकी पुत्री ही है ।[२] नारद का भी लगभग यही मत था ।[३] परन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि नारद द्वारा दिया गया कन्याओं का यह अधिकार उनके विवाह के पहले जीवन-निर्वाह के लिए ही था ।[४] पैतृक सम्पत्ति में कन्याओं के अधिकार का प्रबल समर्थन करने वाले याज्ञवल्क्य द्वारा प्रस्तुत योजना के अनुसार, अपुत्र पिता की मृत्यु के पश्चात् उसके धन के उत्तराधिकार का क्रम इस प्रकार था—"पत्नी, पुत्री, माता-पिता, भ्रातृपुत्र, सगोत्र, शिष्य और सहपाठी मित्र ।"[५] परन्तु तत्कालीन समाज पुत्र के रहते पैतृक सम्पत्ति में पुत्री को अधिकार देने के पक्ष में नहीं था, क्योंकि यह उनकी पारिवारिक सम्पत्ति में ह्रास का कारण हो सकता था ।[६]

वास्तव में रूढ़िवादी व्यवस्थाकारों के लिए विष्णु तथा याज्ञवल्क्य द्वारा पैतृक सम्पत्ति में पुत्रियों के प्रदत्त अधिकार का संवेदनशील संदेश था । उनलोगों ने कड़े शब्दों में इसका विरोध करना शुरू कर दिया था, परन्तु सुधारवादी और प्रगतिशील विचारधारा वाले व्यवस्थाकारगण विष्णु और याज्ञवल्क्य के मत से सहमत थे । इनमें बृहस्पति, नीलकण्ठ भट्ट और विज्ञानेश्वर उल्लेखनीय हैं ।[७] जीमूतवाहन ने पुत्र के अभाव में कुमारी कन्या और उसके अभाव में विवाहिता पुत्री को पैतृक सम्पत्ति की अधिकारिणी माना है ।[८] शुक्राचार्य ऐसे प्रथम व्यवस्थाकार थे, जिन्होंने पैतृक सम्पत्ति पर भ्रातृमती कन्या का अधिकार होने का समर्थन किया है ।[९] डॉ. अल्तेकर ने इसे 'मुस्लिम कानून के प्रभाव का द्योतक' कहा है ।[१०] हरिदत्त वेदालंकार ने डॉ. अल्तेकर के इस मत का जोरदार विरोध किया है ।[११] भारुचि के अनुसारु कन्याओं के चतुर्थांश का विधान उनके विवाह के लिए समझते था, परन्तु मिताक्षरा द्वारा इसका खण्डन किया गया है ।[१२]

वास्तव में चतुर्थांश का कोई निर्धारित स्वरूप नहीं होने के कारण इसे स्वीकार करने में कठिनाई थी । इसीलिए कन्याएँ अपने भ्राताओं से चतुर्थांश प्राप्त नहीं कर सकीं । अन्त में एक नयी व्यवस्था के तहत बहन का

---

१. महाभारत,१३.८८.२२
२. विष्णुस्मृति,१७.४३
३. नारदस्मृति,१३.५०
४. वही,१३.२७
५. याज्ञ.स्मृति,२.१३५.३६
६. मै.सं०,४.६.४;कौटिल्य,३.६.३
७. बृ.स्मृति;२५.५५,मयूख व्यवहार खण्ड,पृ.८९,याज्ञ.स्मृ;२.१३६ पर मिताक्षरा
८. दाय भाग;पृ.१५४
९. शुक्रनीति;४.५.२९९
१०. पी.डब्ल्यू.एच.सी.(अल्तेकर) पृ.२४१
११. हिन्दू परिवार मीमांसा;पृ ४२८
१२. वही,२.१२४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उपयुक्त विवाह करना विवाहित भ्राता का आवश्यक कर्तव्य बताया गया ।[१] इसका दुष्परिणाम यह हुआ कि पूर्व में पैतृक सम्पत्ति में समाज द्वारा मान्यताप्राप्त कन्याओं का अधिकार यहीं से समाप्त होना प्रारम्भ हो गया ।

वैदिक युग के प्रारम्भ में स्त्रियाँ अपनी ससुराल में गृहस्वामिनी कही जाती थीं तथा 'स्त्री-धन' के रूप में प्राप्त आभूषणों, द्रव्यों, विविध घरेलू उपकरणों और वस्त्रों पर उनका पूर्ण स्वामित्व था । धीरे-धीरे उन्हें शिक्षा के अधिकार से वंचित कर दिया गया, फिर इन्हें याज्ञिक कर्मकाण्डों से बहिष्कृत कर दिया गया,[२] और अन्ततः उनसे दाय का अधिकार भी छीन लिया गया ।[३] पत्नी पर पति का स्वामित्व घोषित कर उन्हें धन रखने के अधिकार से भी वंचित कर दिया गया ।[४] पति के साथ 'संयुक्त-स्वामित्व' का सिद्धान्त भी पत्नी के लिए विशेष उपयोगी सिद्ध नहीं हो सका । इसका कारण यह था कि व्यवस्थाकारों द्वारा इसे तार्किक रूप में समाज के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया । ऐसी स्थिति में उसके प्रति पति का आचरण ही एकमात्र सहारा रह गया था । यदि पति आचरणहीन हो जाता अथवा दूसरा विवाह कर लेता था तो पूर्व पत्नी की स्थिति भी दयनीय हो जाती थी । व्यवस्थाकारों ने इस तरह की पत्नियों की समुचित देख-भाल की जिम्मेवारी पति को सौंप दी थी ।[५] पति यदि उसकी उचित देख-रेख में किसी प्रकार की कमी करता तो पत्नी अपनी क्षतिपूर्ति हेतु कानून का सहारा ले सकती थी—यह भी प्रावधान था ।[६] परन्तु येन-केन प्रकारेण प्रायः पति अपने आप उत्तरदायित्व से भी मुक्ति पा लेता था ।

पूर्ववर्णित परिस्थितियों में स्त्रियों का एकमात्र सहारा उसका 'स्त्री-धन' था । विवाह में दहेजस्वरूप मिलने वाले आभूषण, वस्त्र, नगद आदि धन को कन्या का 'स्त्री-धन' या 'पारीणाह्य' कहा जाता था, जिसपर उसका पूर्ण स्वामित्व होता था ।[७] व्यवहार और विनियोग की दृष्टि से कात्यायन ने 'स्त्री-धन' को दो समूहों में वर्णित किया है,[८] — सौदायिक तथा असौदायिक । सौदायिक वह 'स्त्री-धन' था, जिसे कोई स्त्री अपने विवाह-काल में या विवाहोपरान्त अपने पिता या पतिगृह में पति, माता, पिता, भ्राता या सगोत्रीय जनों से प्रेमपूर्वक उपहारस्वरूप प्राप्त करती थी । इसपर स्त्री का पूर्ण स्वामित्व रहता था और वह स्वेच्छा से उसका उपयोग कर सकती थी । सौदायिक के अतिरिक्त 'स्त्री-धन' में शेष भाग को 'असौदायिक स्त्री-धन' कहा गया है । उस पर स्त्री के पति का नियंत्रण होता था । सौदायिक स्त्री-धन पर पत्नी के स्वामित्व को समाप्त करने का अधिकार किसी को नहीं था ।

---

१. याज्ञ.स्मृ., २.१२४ पर टीका
२. मनु.४.२०५
३. शब्रा.,४.४.२.१३
४. मनु.५.१५२;८.४१६
५. मनु.९.९५, महाभारत, १२.२७२.३७
६. यज्ञ.स्मृ., २.३२ पर मिताक्षरा
७. तै.सं०, ५.२.१.१, वैधायन ध.सू., २.२.४.४, मनु;१.१९७;९.१९४
८. दाय भाग, ४.१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

साम्पत्तिक अधिकार प्राप्त करने हेतु विधवाओं को लम्बे समय तक प्रतीक्षा करनी पड़ी है। प्रारम्भ से ही वे अपने अधिकारों की याचना करती रही हैं।[१] वैदिक काल में विधवा-विवाह और नियोग की प्रथा प्रचलित थी।[२] नियोग से उत्पन्न पुत्र के माध्यम से विधवाएँ प्राय: अपने पति के धन की स्वामिनी परोक्ष रूप से हो जाती थीं, परन्तु इन प्रथाओं की समाप्ति के पश्चात् समाज में संतानहीन विधवाओं की संख्या में वृद्धि होती गयी। चूँकि पति की सम्पत्ति पर उनका अधिकार नहीं था, अत: उनके शेष जीवन का निर्वाह कष्टमय हो गया। धीरे-धीरे समाज के व्यवस्थाकार इनकी तरफ आकर्षित होने लगे। वे इन्हें साम्पत्तिक अधिकार दिलाने के पक्ष में तर्क प्रस्तुत करने लगे, परन्तु अधिकतर व्यवस्थाकार इसके पक्ष में नहीं थे।

आपस्तम्ब ने अपुत्र मृत व्यक्ति का उत्तराधिकारी उसके सपिण्ड, गुरु या शिष्य को ही बताया है।[३] मनु के अनुसार, अपुत्र मृत पिता के धन का अधिकार उसके पिता, सहोदर भ्राता और उसके पिण्ड अथवा सकुल्य को है। इनके अभाव में उसके गुरु, शिष्य और अन्तत: राजा को ही है।[४] यहाँ तक कि ऐसे मृत व्यक्ति के धन की उत्तराधिकारिणी उसकी माता या मातामही को भी माना गया है।[५] परन्तु मृत व्यक्ति की विधवा का उल्लेख कहीं भी नहीं किया गया है। कौटिल्य का मत था कि अपुत्र मृत पिता का धन राजा ग्रहण करे तथा उसकी विधवा के जीवन-निर्वाह आदि हेतु कुछ धन छोड़ दे।[६] नारद का भी कुछ ऐसा ही मत था।[७]

राजा के भरण-पोषण से वंचित 'अदायादी' विधवाओं को प्रगतिशील विचारधारा के व्यवस्थाकार अधिक समय तक अपेक्षित नहीं रख सके। विष्णु का मत था कि अपुत्र मृत पिता की सम्पूर्ण सम्पत्ति का अधिकार उसकी पत्नी को ही मिलना चाहिए।[८] याज्ञवल्क्य भी विष्णु के इस विचार से सहमत थे,[९] परन्तु विधवाओं को स्वामित्व दिलाने का प्रमुख श्रेय बृहस्पति को ही है। वेद-ग्रंथों, धर्म-शास्त्रों, लोकाचार तथा ऋत्विक् विद्वानों का साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए उनका तर्क था कि पत्नी को पति की अर्धांगिनी कहा जाता है। पुण्य और पाप का फल वह पति के साथ समान रूप से ग्रहण करती है। यदि मृत व्यक्ति की पत्नी जीवित है तो इसका अर्थ यह हुआ कि उस व्यक्ति का अर्धभाग जीवित ही है। वैसी स्थिति में मृत पति की सम्पत्ति पर दूसरे का अधिकार नहीं हो सकता है।[१०]

---

१. ऋ.वे;१.१२४
२. ऋ.वे;१०.१८८;१०.४९.२, अ.वे;९.५.२७.२८, तै.सं., २.२.४.४
३. आ.ध.सू.२.१४.२.४.
४. मनु, ९.१८५,१८७
५. मनु;९.२१७
६. कौटिल्य, अ.शा., ३.५
७. नारदस्मृति, १६.५१
८. विष्णुस्मृति, १७.४३
९. याज्ञ.स्मृ, २.१३५-३६
१०. मनु;९.१८७ पर टीका

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विज्ञानेश्वर का विचार है कि पति से पूर्व मृत पत्नी पति द्वारा अग्निहोत्र तथा पिण्ड लेती है। अत: वह पति का सपिण्डा है। यदि पत्नी से पूर्व पति की मृत्यु हो जाती है तो वह उसकी पतिव्रता हो जाती है। ऐसी स्थिति में सकुल्य पिता, माता, सहोदर भ्राता आदि के रहते हुए भी मृत पुरुष की सम्पत्ति पर उसकी विधवा का ही अधिकार है।[१] विज्ञानेश्वर द्वारा विधवाओं के प्रदत्त अधिकार को जीमूतवाहन द्वारा संयुक्त परिवार पर भी लागू कर दिया गया था।[२] उनका तर्क था— "यह कैसे सम्भव है कि पत्नी का जो अधिकार परिणय से उत्पन्न हुआ, वह पति के मर जाने मात्र से ही समाप्त हो जायेग ? पति संयुक्त परिवार का हो अथवा विभक्त परिवार का, दोनों ही स्थितियों में पति की सम्पूर्ण सम्पत्ति पर उसकी पत्नी का ही अधिकार है, क्योंकि धर्मशास्त्रों के अनुसार पति-पत्नी का सम्बन्ध अविच्छेद्य है।"[३]

इस प्रकार मिताक्षरा तथा दायभाग — दोनों ही अपुत्र मृत पति की सम्पूर्ण सम्पत्ति का स्वामित्व उसकी विधवा को देने के पक्ष में थे। परन्तु विधवाओं द्वारा इसके विनियोग के सम्बन्ध में विवेच्ययुगीन व्यवस्थाकारों में पर्याप्त मतभेद पाया जाता है। मिताक्षरा तथा दायभाग—दोनों ने विधवाओं को अपनी सम्पत्ति पर सीमित अधिकार ही दिये थे। इन व्यवस्थाकारों का मत था कि उत्तराधिकार में प्राप्त सम्पत्ति के फल या प्रतिफल से वह आजीवन लाभान्वित हो सकती है, किन्तु किसी भी परिस्थिति में वह उसका विक्रय, रेहन या दान करने की अधिकारिणी नहीं है।[४] महाभारत भी विधवाओं के सीमित अधिकार का ही समर्थन करता है। बृहस्पति ने भी विधवा को सीमित अधिकारिणी ही घोषित किया है, परन्तु यह छूट दी है कि आवश्यकता पड़ने पर वह सम्पत्ति के कुछ अंश को धार्मिक कार्यों के लिए दान कर सकती है।[५]

उपर्युक्त तथ्यों से ऐसा प्रतीत होता है कि प्राचीन भारत में विधवाओं का अधिकार सम्पत्ति के लाभांश से जीवनयापन करने तक ही सीमित था। विशेष परिस्थितियों को छोड़कर, उस सम्पत्ति का दानस्वरूप विनियोग करना भी उनके लिए वर्जित था।

वर्तमान सामाजिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए भारतीय संसद् द्वारा 'हिन्दू-उत्तराधिकार कानून, १९५६' में नया प्रावधान करके कानून के द्वारा स्त्रियों को पुरुषों के समकक्ष लाने का भरसक प्रयास किया गया है। इस कानून के अन्तर्गत लड़कियों को दाय रूप में पिता की सम्पत्ति पाने का अधिकार दिया गया है। इसके अनुसार, वसीयत तैयार किये बिना मरने वाले पुरुष की अपनी अर्जित सम्पत्ति के उत्तराधिकारियों की प्रथम श्रेणी में उसके पुत्रों के अतिरिक्त उसकी पुत्रियाँ, विधवा और माता भी शामिल हैं। इन सभी को बराबर हिस्सा मिलने का प्रावधान है। इस कानून के द्वारा नारी को पहली बार सम्पत्ति के विषय में निरपेक्ष अधिकार दिया गया है, अर्थात् वह उसे बेच सकती है, परन्तु इस कानून में एक बड़ी त्रुटि यह है कि इसमें सम्पत्तिधारक को वसीयत करके

१. याज्ञ.स्मृ ९२.१३५-३६
२. दाय भाग, खण्ड २
३. वही
४. महाभारत, १३८२.२५
५. स्मृतिचन्द्रिका, व्यवहार खण्ड; पृ. ६७७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उसका विनियोग करने का प्रावधान है ।[१] इस पुरुष-प्रधान समाज में नये कानून के इस प्रावधान से स्त्रियों के साम्पत्तिक अधिकार पर खतरा आ सकता है । अत: इसे यथाशीघ्र संशोधित कर देना ही न्यायोचित होगा ।

संक्षेपण

१. अ.वे. - अथर्ववेद

२. आ.ध.सू. - आपस्तम्ब धर्मसूत्र

३. कौ.अ.शा. - कौटिल्य अर्थशास्त्र

४. तै.सं. - तैत्तिरीय संहिता

५. मनु - मनुस्मृति

६. याग.स्मृ. - याज्ञवल्क्य स्मृति

७. बृ.स्मृ. - बृहस्पति स्मृति

८. मै.सं. - मैत्रायणी संहिता

९. श.ब्रा. - शतपथ ब्राह्मण

१०. ऋवे. - ऋग्वेद

११. पी.डब्ल्यू.एच.सी. - पोजीशन ऑफ विमेन इन हिन्दू सीविलाइशन

१. विमेन इन मॉडर्न इण्डिया (जीरा देसाई); पृ-२०२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संस्कृत वाङ्मय में श्रद्धा-बुद्धि

डॉ० दिनेश कुमार सिंहल

'श्रद्धा' एक ऐसा पावन शब्द है, जिसके श्रवणमात्र से सहृदय मानव का मन सहज ही स्पन्दित हो जाता है, हृदय में विशेष भाव की जागृति होती है। जहाँ श्रद्धा है, वहाँ विश्वास भी विद्यमान रहता है। श्रद्धा एवं विश्वास का अन्योन्याश्रित सम्बन्ध है। गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस में श्रद्धा एवं विश्वास की एकरूपता और महत्त्व के प्रतिपादन हेतु ही जगज्जननी माता पार्वती तथा भगवान् शिव को साक्षात् श्रद्धा एवं विश्वास की मूर्ति बताया है, जिनके बिना सिद्ध पुरुष भी अपने अन्तःकरण में विराजमान परमात्मा का साक्षात्कार करने में असमर्थ हैं।[१]

श्रद्धा एक सामाजिक भाव है। श्रद्धा स्वयं ऐसे कार्यों के प्रतिकार में होती है, जिनका शुभ प्रभाव अकेले हम पर ही नहीं, बल्कि पूरे मनुष्य समाज पर पड़ सकता है। श्रद्धा एक ऐसी आनन्दपूर्ण कृतज्ञता है, जिसे हम केवल समाज के प्रतिनिधि रूप में प्रकट करते हैं। सर्वसाधारण के प्रति उपकार करने वाले व्यक्ति के प्रति कृतज्ञता का उदय श्रद्धा ही है। श्रद्धा धर्म की पहली सीढ़ी है। श्रद्धा में याचकता का भाग लेशमात्र भी नहीं है।[२]

भारतीय संस्कृति में श्रद्धा-भाव को विशेष स्थान प्राप्त है। सम्पूर्ण संस्कृत वाङ्मय में श्रद्धा के महत्त्व का प्रतिपादन पद-पद पर किया गया है। वैदिक ऋषियों ने श्रद्धा के महत्त्व को अंगीकार किया है तथा तद्विषयक मन्त्रों का दर्शन कर उन्हें श्रद्धासूक्त[३] के रूप में प्रस्तुत किया है। ऋषि के अनुसार, श्रद्धा से ही अग्नि प्रदीप्त होती है, श्रद्धापूर्वक ही हवि दी जाती है, श्रद्धा सम्पूर्ण धन-वैभव की शिरोमणि है।[४] भगवान् श्रीकृष्ण ने 'नहि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते'[५] का उपदेश देकर जहाँ एक ओर विश्व में ज्ञान को पवित्र करने वाला परम तत्त्व कहा है, वहीं 'श्रद्धावान् लभते ज्ञानम्'[६] की घोषणा कर श्रद्धा के वैशिष्ट्य को अंगीकार किया है। भारतीय मनीषियों

---

१. भवानीशंकरौ वन्दे श्रद्धाविश्वासरूपिणौ।
याभ्यां विना न पश्यन्ति सिद्धाः स्वान्तस्थमीश्वरम्॥ — रामचरितमानस मंगलाचरण श्लोक २

२. द्र०, पं० रामचन्द्र शुक्ल, चिन्तामणि, श्रद्धा-भक्ति

३. ऋग्वेद १०/१५।

४. श्रद्धयाग्निः समिध्यते श्रद्धया हूयते हविः।
श्रद्धां भगस्य मूर्धनि वचसा वेदयामसि॥ वही, १०/१५१/१

५. श्रीमद्भगवद्गीता, ४/३८

६. श्रीमद्भगवद्गीता, ४/३९

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ने 'श्रद्धया देयम् अश्रद्धयाऽदेयम्'[१] आदि मन्त्र में दान में श्रद्धा के महत्त्व को प्रतिपादित किया है। स्मृतिकारों के अनुसार, धर्माचरण में 'श्रद्धा' एक अनिवार्य तत्त्व है। श्रद्धाहीन व्यक्ति का धर्मकृत्यों में प्रवृत्त होना निरर्थक है।[२] महाकवि कालिदास ने भी उक्त तथ्य का समर्थन किया है।[३]

सम्पूर्ण वैदिक-लौकिक संस्कृत साहित्य में सूर्यादि देवता, पृथ्वी, माता-पिता-गुरु, गाय, गंगा, तुलसी, अश्वत्थ, यज्ञ, गायत्री आदि की प्रशंसा बड़े विस्तार से की गयी है, इन्हें दिव्यता प्रदान करते हुए उच्च पद प्रदान किया गया है, ज़ो इनके प्रति ऋषियों एवं कवियों की श्रद्धा का द्योतक है।

वेदों में सूर्य देवता के स्तुतिपरक अनेक सूक्त हैं, जिनमें बहुत ही भावात्मक स्तर पर सूर्य का गुण-कीर्तन किया गया है। यथा— 'सूर्यसूक्त' में सूर्य को 'सम्पूर्ण जगत् की आत्मा' कहा गया है।[४] मयूरभट्ट ने सूर्य-आराधन हेतु 'सूर्यशतक' की रचना की है। पं० अम्बिकादत्त व्यास ने अपने 'शिवराजविजय' उपन्यास का मंगलाचरण ही सूर्य के विस्तृत वर्णन के साथ किया है।[५]

'ऋषियों ने पृथ्वी को माता के रूप में स्वीकार किया है। वेदों में कहा गया है कि भूमि हमारी माता है और हम भूमि के पुत्र हैं[६]; हमें अपनी मातृभूमि की सेवा करनी चाहिए।[७] 'विष्णुपुराण' में भारतभूमि की उदात्तता को स्वीकार किया गया है' श्रीराम के मुखारविन्द से निकला हुआ यह सुभाषित भी इस मन्तव्य का पोषक है।[८]

संस्कृत-साहित्य में माता-पिता और गुरु को भी देवत्व प्राप्त है। 'तैत्तिरीयोपनिषद्' में 'मातृदेवो भव, पितृदेवो भव, आचार्यदेवो भव'[९] वचनों के माध्यम से माता, पिता तथा गुरु के प्रति कृतज्ञतारूप श्रद्धा को उपस्थापित किया गया है। मनु कहते हैं कि इन तीनों का आदर करने से मनुष्य अपने सभी धर्मों को सम्पन्न करके सफलता प्राप्त करता है तथा[१०] आयु, विद्या, यश एवं बल प्राप्त करता है।[११]

---

१. तैत्तिरीयोपनिषद्, १/११/१
२. नास्ति ह्ययश्रद्धदानस्य धर्मकृत्ये प्रयोजनम्।
३. बभौ च सा तेन सतां मतेन श्रद्धेव साक्षाद्विधिनोपपन्ना॥ रघुवंश, २/१६
४. चित्रं देवानामुदगादनीकं चक्षुर्मित्रस्य वरुणस्याग्नेः।
आ प्रा द्यावापृथिवी अन्तरिक्षं सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च॥ ऋग्वेद, १/११५/१
५. द्र०, शिवराजविजय, प्रथम निःश्वास।
६. माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः। अथर्ववेद, १२/१/१२
७. उप सर्प मातरं भूमिम्। ऋग्वेद, १०/१८/१०
८. अपि स्वर्णमयी लङ्का लक्ष्मण मे न रोचते।
जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी॥
९. तैत्तिरीयोपनिषद्, १/११/२
१०. सर्वे तस्यादृता धर्माः यस्यैते त्रय आदृताः।
अनादृतास्तु यस्यैते सर्वास्तस्याफलाः क्रियाः॥ मनुस्मृति, २/२३४
११. अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।
चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्यायशोबलम्॥ वही, २/१२।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संस्कृत ग्रन्थों में 'गौ' को 'माता' की संज्ञा प्राप्त है। महाभारत में गाय को 'सभी प्राणियों की माता' तथा 'सभी प्रकार के सुख देने वाली' कहा गया है। साथ ही उपदेश दिया गया है कि वृद्धि की अभिलाषा करने वाले जनों को गो-आराधन, प्रदक्षिणा आदि करनी चाहिए।[१] देवी भागवत में भी गाय को 'जगन्माता' कहकर प्रणाम किया गया है।[२] इसी प्रकार संस्कृत वाङ्मय में तुलसी, अश्वत्थ, गंगा आदि की भी महिमा का गान यथा स्थान किया गया है।

तत्त्वदर्शी ऋषियों एवं कवियों द्वारा सूर्य, पृथ्वी आदि उपरिवर्णित तत्त्वों को देवत्व प्रदान करना श्रद्धान्धता अथवा गतानुगतिकता नहीं है, अपितु इन दिव्य तत्त्वों में मनीषियों ने सर्वलोककल्याण का जो भाव देखा है, उसके कारण ही इन तत्त्वों के प्रति कृतज्ञता अथवा पूज्य बुद्धि का संचार होता है, जो अपेक्षित भी है।

सूर्य लोककल्याण का परम साधक है। जिस प्रकार आत्मा का चैतन्यमय प्रकाश सृष्टि के प्रत्येक अङ्ग को भिन्न-भिन्न रूपों में संजीवित, प्रकाशित तथा प्रेरित किये हुए है, वैसे ही सूर्य देवता अपनी सहस्र किरणों द्वारा हर देश की प्रकृति और प्रवृत्ति को भिन्न-भिन्न रूप में प्रकाशित, प्रभावित तथा प्रेरित करते हैं। कविवर कालिदास ने सूर्य के इस गुण को प्रतिपादित करते हुए कहा है कि वह पृथ्वी से थोड़ा जल ग्रहणकर उसे सहस्रगुणा करके पुनः वर्षा के रूप में लौटा देता है।[३] यही वर्षा प्रकृति की संजीवनी है।

पृथ्वी को माँ के रूप में मानना भी सर्वथा उचित है। जननी, यानी माँ अपनी सन्तान को नौ मास तक गर्भ में धारण किये रहती है तथा जन्मोपरान्त भी दुग्धपान आदि से उसका पालन करने में प्रवृत्त होती है। उसी प्रकार पृथ्वी हमें आजीवन धारण करती है, आश्रय प्रदान करती है तथा अन्न आदि से हमारा संवर्धन करती है।[४]

मानव पर उसके माता-पिता और गुरु का उपकार प्रत्यक्ष ही है। माता-पिता जन्म, पालन, रक्षण, संवर्धन आदि से जहाँ अपनी संतान (मानव) के अस्तित्व का कारण हैं, वहीं गुरु मानव का अज्ञानान्धकार दूर कर उसे ज्ञान रूपी प्रकाश प्रदान करता है तथा संस्कारित[५] कर समाज में प्रतिष्ठित करने का मुख्य हेतु बनता है।

गौ का मातृत्व भी स्वयंसिद्ध है। आयुर्वेद के ग्रन्थों में गाय के दूध, दधि आदि को स्वास्थ्य के लिए अमृतरूप बताया गया है।[६] इसी प्रकार गंगा, तुलसी, अश्वत्थ आदि तत्त्व भी सम्पूर्ण लोक के हित में प्रवृत्त होने के कारण ही श्रद्धेय हैं।

---

१. मातरः सर्वभूतानां गावः सर्वसुखप्रदाः।
वृद्धिमाकांक्षता नित्यं गावः कार्याः प्रदक्षिणाः॥ महाभारत, अनुशासन पर्व ६९/७

२. नमो दैव्यै महादेव्यै सुरभ्यै च नमो नमः।
गवां बीजस्वरूपायै नमस्ते जगदम्बिके॥ देवीभागवत ९/४९/२४

३. प्रजानामेव भूत्यर्थं स ताभ्यो बलिमग्रहीत्।
सहस्रगुणमुत्स्रष्टुमादत्ते हि रसं रविः॥ रघुवंश, १/१८

४. द्र०, विष्णुपुराण १/१२/८, १/६/२१-२५

५. आचार्य आचारं ग्राहयति, आचिनोत्यर्थान्, आचिनोति बुद्धिम्। निरुक्त १/१

६. द्र०, भावप्रकाशन, पूर्व० १८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भामहविवरण के उपलब्ध अंशों का अध्ययन

—चन्द्रशेखर त्रिपाठी

आचार्य मामहकृत काव्यालङ्कार पर उद्‌भटकृत 'भामहविवरण' नाम की टीका तब तक सर्वथा लुप्त थी, जब तक उसके कुछ अंश सन् १९६२ में प्रसिद्ध काव्यशास्त्री विद्वान् प्रो० रिएनरो नोली ने प्रकाशित नहीं कर दिये। प्रो० नोली को पाकिस्तान यात्रा के सन्दर्भ में संयोगवश कालिदासकृत रघुवंश महाकाव्य तथा एक अन्य अज्ञातनामा कृति की पाण्डुलिपियाँ प्राप्त हुईं। इस द्वितीय पाण्डुलिपि का अनुसन्धान करने के बाद उन्होंने यह परिणाम निकाला कि ये अवश्य ही आचार्य उद्‌भटकृत 'भामहविवरण' नामक टीका के अंश हो सकते हैं। यह पाण्डुलिपि ब्राह्मी लिपि में निबद्ध थी। जिसे इन्होंने रोमन लिपि में लिप्यन्तरित कर प्रकाशित किया। (ISTITO ITALIANO PER IL MEDIO. Ed. ESTREMO ORIENTO, ROMA, १९६२) सन् १९९४ में डॉ० रमण कुमार शर्मा के द्वारा सम्पादित, विद्यानिधि प्रकाशन, दिल्ली, से भामहकृत काव्यालङ्कार का जो संस्करण प्रकाशित हुआ, उसमें परिशिष्ट के रूप में इन अंशों को देवनागरी में लिप्यन्तरित कर प्रकाशित कर दिया गया। चूँकि यह पाण्डुलिपि प्रो० नोली को अत्यन्त खण्डित तथा दग्ध अवस्था में प्राप्त हुई थी, अत: वे इसकी कुछ कणिकाएँ ही प्रकाशित कर पाये थे। इससे काव्यालङ्कार के अध्ययन में अथवा उद्‌भट की साहित्यिक मान्यताओं को समझने में कोई विशेष सहायता नहीं मिलती। पुनरपि कुछ स्थलों पर जो महत्त्वपूर्ण संङ्केत उपलब्ध होते हैं, उनका उपयोग इस काल की साहित्यिक उपलब्धियों का अनुसन्धान करने में किया जा सकता है। कहीं कहीं ये भामहकृत काव्यालङ्कार के उपलब्ध पाठों की समीक्षा में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जबकि कुछ स्थलों पर इनकी सहायता से यह अनुमान करना भी सम्भव हो जाता है कि वहाँ आचार्य उद्‌भट ने किस प्रकार का शास्त्रार्थ किया होगा। आचार्य उद्‌भट संस्कृत काव्यशास्त्र की औदीच्य परम्परा में एक उपजीव्य आचार्य के रूप में मान्य एवं प्रतिष्ठित रहे हैं। अत: इस परम्परा के स्रोत के रूप में इन तथ्यों की उपलब्धि महत्त्वपूर्ण हो सकती है। इस पत्र में इसी दृष्टि से भामहविवरण की उपलब्ध कतिपय कणिकाओं का अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

कणिका-१० (क)

भामहविवरण का यह अंश[१] काव्यालङ्कार के १.९वीं कारिका[२] के पाठनिर्धारण में अत्यन्त सहायक सिद्ध होता है, भामहविवरण के उपलब्ध होने से पूर्व अनेक पाठ भेद उपलब्ध थे, यथा—मन्तव्या: काव्यवैखरी,

१. हासाश्रय: कथा:। लोको युक्ति: कलाश्चेति मन्तव्या: काव्यहेतव:। —कणिका १० क/ २

२. शब्दश्छन्दोऽभिधानार्था इतिहासाश्रया: कथा:।
लोको युक्ति: कलाश्चेति मन्तव्या: काव्यवैखरी ॥ —काव्यालङ्कार १/९

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

काव्यतैर्वशी, काव्ययैर्वशी, काव्यगैर्वशी, काव्यैरपि, काव्यगैरमी, काव्ययैर्ह्यमी, काव्यगैर्ध्यमी। उद्भट ने 'काव्यहेतवः' पाठ लिखा है। भामह एवं उद्भट के मध्य १५०-२०० वर्षों का अन्तर है। उद्भट को परम्परा में काव्यहेतवः पाठ मिला होगा। कालक्रम की दृष्टि से उद्भट भामह के अत्यन्त निकटवर्ती हैं। अतः उनके द्वारा स्वीकृत पाठ अधिक प्रामाणिक हो सकता है। दूसरा तथ्य यह है कि उस समय काव्य के हेतुओं की चर्चा काव्यशास्त्री आचार्य इसी नाम से किया करते थे। उद्भट ने यहाँ बहुवचन में हेतु पद का प्रयोग किया है। हेतु के रूप में इस सन्दर्भ में कवि के द्वारा ज्ञातव्य विषयों का सङ्कलन किया जाता था। भरत के नाट्यशास्त्र का भी प्रभाव इस दृष्टि से भामह के काव्यालङ्कार पर प्रतीत होता है।[१] दूसरे काव्यहेतवः के अतिरिक्त अन्य जो पाठ मिले हैं, वे व्याख्यासापेक्ष प्रतीत होते हैं, अतः यही काव्यालङ्कार का मूल पाठ हो सकता है, ऐसी सम्भावना है।

इसी कारिका की व्याख्या करते हुए आचार्य उद्भट ने 'अभिधानार्थाः' पद का व्याख्यान 'शब्दानामर्थाः' इस प्रकार किया है। जबकि लगभग सभी आधुनिक व्याख्याता, टीकाकार तथा अनुवादक इस पद का अर्थ-शब्द और अर्थ करते रहे हैं, जो पर्याप्त युक्तिसङ्गत प्रतीत होता है। कदाचित् उद्भट इस व्याख्यान के द्वारा अर्थ तत्त्व को अधिक महत्त्व देना चाहते थे, जो कश्मीरी परम्परा के माननेवाले आचार्यों का एक विशेष वक्तव्य प्रतीत होता है। ये आचार्य शब्दार्थ में काव्यत्व की स्थिति को स्वीकार करते हुए भी अर्थ के प्रति अधिक सचेत थे। भामह की वक्रोक्ति अर्थतत्त्व का ही विभावन करती है।[२] दूसरी ओर दक्षिणी परम्परा में शब्दयोजना का काव्य में अधिक महत्त्व स्वीकार हुआ। दण्डी, विश्वनाथ तथा पण्डितराज भी किसी न किसी रूप में पदावली में ही काव्यत्व की स्थिति को स्वीकार करते दिखाई देते हैं। भामह तथा राजशेखर ने इस परम्परा के लिए 'सौशब्द्यवाद' शब्द का प्रयोग किया है। उद्भट भी मूल रूप से इसी आग्रह के कारण इस व्याख्यान में अर्थ तत्त्व को अधिक महत्त्व देते प्रतीत होते हैं।

कणिका ११ (क)

काव्यालङ्कार १.२९ में भामह ने कथा के सम्बन्ध में कहा है कि इसमें नायक का चरित अन्यों के द्वारा कहा जाता है, स्वयं नायक के द्वारा नहीं।[३] इस स्थल पर उद्भट ने कदाचित् नायक के भेदों का भी निरूपण किया होगा। निदर्शनार्थ एक पंक्ति उपलब्ध होती है, जिसमें धीरप्रशान्तनायक की विशेषता बताते हुए कहा गया है कि

---

१. तुलनीय— न तज्ज्ञानं न तच्छिल्पं न सा विद्या न सा कला।
नासौ योगो न तत्कर्म नाट्येऽस्मिन् यन्न दृश्यते॥ ना.शा. तथा
न स शब्दो न तद्वाच्यं न स न्यायो न सा कला।
जायते यन्न काव्याङ्गमहो भारो महान्कवेः॥ का.अ. ५/४

२. सैषा सर्वैव वक्रोक्तिरनयार्थो विभाव्यते।
यत्नोऽस्यां कविना कार्यः कोऽलङ्कारोऽनया विना॥ —का.अ. २/८५

३. अन्यैः स्वचरितं तस्यां नायकेन तु नोच्यते।
स्वगुणाविष्कृतिं कुर्यादभिजातः कथं जनः॥ —का.अ. १/२९

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वह अपेक्षाकृत गम्भीर गुणों से युक्त होता है।[१] यह देखते हुए कि आचार्य उद्भट ने नाट्यशास्त्र पर भी एक टीका लिखी थी, यह उनकी रुचि का विषय हो सकता है।

कणिका १२ (क)

इस कणिका में आचार्य उद्भट कोमलादि वृत्तियों पर विचार करते हुए प्रतीत होते हैं।[२] दण्डी आदि आचार्य उन्हें ही 'रीति अथवा काव्य मार्ग' कहकर जहाँ अत्यन्त आदर प्रदान करते हैं, वहाँ भामह ने उतने ही सन्नद्ध होकर उनका खण्डन किया था।[३] उद्भट ने इन्हें रीति संज्ञा से अभिहित न कर अनुप्रास में प्रयुक्त वर्णों के साथ जोड़ दिया। यह विचार मम्मट को भी बहुत पसन्द आया था, परन्तु दूसरी ओर वामन तथा विश्वनाथ उसी विरोधी परम्परा के साथ खड़े हुए दिखाई देते हैं, जिसके पुरोधा मङ्गल और दण्डी जैसे आचार्य थे। उद्भट ने अपने मत का स्पष्टीकरण 'काव्यालङ्कारसारसंग्रह' में विशद रूप से किया है।

कणिका १६ (क)

(१) इस कणिका में आचार्य उद्भट भामह की वर्णनानुशैली पर एक टिप्पणी कर रहे हैं। वे कहीं तो केवल लक्षणमात्र प्रस्तुत करते हैं तथा उसका उदाहरण नहीं देते तथा कहीं केवल उदाहरण से अपने वक्तव्य को प्रस्तुत कर बिना लक्षण दिये आगे बढ़ जाते हैं।[४] यह टिप्पणी भामह की वर्णन शैली के सर्वथा अनुरूप है, यद्यपि एक प्रकार से उनके दोष को ही उद्घाटित करती है। काव्यालङ्कार में व्यवस्था एवं क्रमबद्धता का अभाव ही दृष्टिगोचर होता है। श्रुतिदुष्ट और श्रुतिकष्ट के केवल उदाहरण हैं, लक्षण नहीं, अलङ्कारों में प्रेयः, उर्जस्वी तथा समाहित की भी यही स्थिति है। दीपकालङ्कार का तो केवल भेदमुखेन ही प्रतिपादन किया गया है।

(२) इसी कणिका में भामह के अन्यार्थ दोष पर भी टीका है। यह दोष वहाँ होता है, जहाँ काव्य में प्रयुक्त शब्दों में अभिमत अर्थ का सर्वथा अभाव हो तथा विपूर्वक कृ धातु से कृत अर्थ का सम्बन्ध नहीं है। इस दोष के सम्बन्ध में भामहविवरण में वाक्यपदीय की कारिका— 'अस्वगोण्यादयशशब्दाः साधवो विषयान्तरे' उद्धृत की गयी है। इस कारिका का अभिप्राय यह है कि अश्व, गो आदि शब्द साधु हैं, परन्तु इनके स्थान पर प्रयुक्त होनेवाले अस्व, गोणी आदि शब्दों को सर्वथा असाधु नहीं कहा जा सकता। किसी अन्य अर्थ के वाचक के रूप में यही शब्द साधु भी हो सकते हैं, परन्तु अश्व, गो आदि अर्थों में इनका प्रयोग अन्यार्थ दोष है।

---

१. था या धीरप्रशान्तो नायक. तृ. ख्यायिक् [] गाम्भीर्यगुणोत्कर्षेण। यस्य —कणिका ११ क/३-४

२. वृत्तयः काव्यस्य। कोमल [] कपि कोमलैः उ [कणिका १२ (क) २-३]

३. अलङ्कारवदग्राम्यमर्थ्यं न्याय्यमनाकुलम्।
गौडीयमपि साधीयो वैदर्भमिति नान्यथा॥ का.अ. १/३५

४. क्वचिल्लक्षणमात्रं क्वचिदुदाहरण. —कणिका १६ (क)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कणिका १६ (ख)

इस कणिका में उद्भट अवाचक दोष पर टीका करते हुए प्रहेलिका का उल्लेख करते हैं। यह दोष तब उत्पन्न होता है, जब शब्द किसी अर्थविशेष में साक्षात् प्रसिद्ध नहीं होता। उससे उस अर्थ का ज्ञान सहजतया नहीं हो पाता। जैसे—हिमापहामित्रधर शब्द यथाकञ्चित् मेघ अर्थ का (हिम का हनन करनेवाला अग्नि, उसका अमित्र जल तथा उसको धारण करनेवाला मेघ) वाचक निष्पन्न होता है। उद्भट काव्य में इस तरह के व्याख्यागम्य शब्दों के प्रयोग को वर्जित मानते हैं। उनका कथन है कि वास्तव में यह एक प्रकार की प्रहेलिका ही है, जिसका काव्यत्व सर्वथा निस्सन्दिग्ध नहीं है।

कणिका १९

इस कणिका में उद्भट ने पुनरुक्ताभास का वर्णन लाटानुप्रास एवं यमक के विवेचन के साथ किया है। पुनरुक्ताभास उद्भट की मौलिक उद्भावना है। यहाँ उन्होंने यमक एवं पुनरुक्ताभास में अंतर को स्पष्ट किया है। यहाँ उन्होंने यमक एवं पुनरुक्ताभास में अन्तर को स्पष्ट किया है।[1] जब दो पुनरुक्त शब्दों में अर्थ का भेद होता है, तब चमकालङ्कार होता है। वहीं दो भिन्न शब्दों में अर्थ का अभेद होने पर पुनरुक्ताभास होता है। इस प्रकार दोनों की स्थिति एक दूसरे के सर्वथा विपरीत है। इसी स्थल पर उद्भट ने पुनरुक्ताभास के भेदों का भी वर्णन किया होगा, ऐसा प्रतीत होता है।[2] परन्तु उन्होंने काव्यालङ्कारसारसंग्रह में इसके भेदों का वर्णन नहीं किया है। उद्भट कदाचित् पूरी काव्यशास्त्र की परम्परा में अकेले ऐसे आचार्य हैं, जिन्होंने अलङ्कारविषय पर अपने स्वतंत्र ग्रन्थ में यमक का नाम भी नहीं नहीं लिया। वैसे, उतना ही आश्चर्यजनक यह तथ्य भी है कि दण्डी ने अनुप्रास का उल्लेख नहीं किया। पुनरुक्ताभास आचार्य उद्भट की कल्पना प्रतीत होता है। उनसे पूर्व के उपलब्ध ग्रन्थों में इसका उल्लेख प्राप्त नहीं होता। भामह के ग्रन्थ की टीका में इस अलङ्कार की चर्चा का प्रसङ्ग इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि भामह ने इस अलङ्कार का उल्लेख कहीं नहीं किया है। काव्यालङ्कार के यमकविषयक प्रसङ्ग में इसके उल्लेख से पूर्ण सन्दर्भ के अभाव में कोई निर्णयात्मक निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी, विशेष रूप से यह देखते हुए कि उद्भट के काव्यालङ्कारसारसङ्ग्रह की दोनों उपलब्ध टीकाओं से भी इस विषय में कोई विशेष सहायता नहीं मिलती।

कणिका २०-२२ (क)

इन कणिकाओं में यमकालङ्कार पर विचार किया गया है। उद्भट ने भामह की सरणि में ही यमक के पाँच भेदों में यमक के शेष भेदों का अन्तर्भाव प्रदर्शित किया।[3] भामह ने यहाँ राम शर्मा के अच्युतोत्तर काव्य

१. यस्यार्थभेदस्तदा यमकालङ्कारोर्थाभेदश्चेत् पुनरुक्ताभासः। —कणिका १९/५

२. एतत्त्रिकमपि पुनरुक्ताभासं यथा। कणिका १९.७ और भी
द्वयोरेकार्यस्स्वरव्यञ्जनसमुदाययोस्स्वयं पुनरनर्थवैरूपौ च तत्रापि पुनरुक्ता..—कणिका १९८

३. सन्दष्टकादिनामान्तरकरणम्_। —काणिका २०.१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का उल्लेख किया है ।[१] उद्‌भट ने इसपर टिप्पणी कि है कि उस काव्य में विविध प्रकार के यमक के भदोपभेद प्रदर्शित किये गये थे ।[२] भामह और उद्‌भट दोनों ने यमक को प्रहेलिका ही माना है । इसका कारण इन दोनों की अत्यन्त गूढ़ार्थकता है । काव्य का रसास्वादन सहृदयों को लघुप्रयत्न से होना चाहिए । जो वस्तुतः गूढ़ार्थक यमक के प्रयोग से सिद्ध नहीं होता ।[३]

कणिका २३ (ख)

उद्‌भट ने इस कणिका में उपमा के एक भेद समासाभिहिता पर टीका की है । यह उपमा का व्याकरण पर आधारित एक भेद है, जहाँ समास के द्वारा औपम्यभाव उक्त होता है । उद्‌भट ने यहाँ समास का अर्थ 'संक्षेप' किया है ।[४] जहाँ न वाचक शब्द हो और न ही साधारण धर्म, केवल उपमान और उपमेय वर्णित हो—यही संक्षेप है । अतः इसे 'संक्षेपोपमा' भी कहा जा सकता है ।

कणिका २२ (ख)

कणिका २२ ख की अष्टम पंक्ति जो खण्डित रूप में उपलब्ध हुई है, वह अपने पूर्ण रूप में हेमचन्द्र की 'विवेक' टीका में प्राप्त हो जाती है ।[५] यहाँ सन्दर्भ रूपक अलङ्कार के व्याख्यान का था तथा इस पंक्ति में लुप्तोपमा का स्वरूप प्रदर्शित है । इस सन्दर्भ के आधार पर यह अनुमान किया जा सकता है कि यहाँ उद्‌भट ने रूपक तथा लुप्तोपमा की सीमा को स्पष्ट किया था । क्योंकि काव्यशास्त्र में यह उक्ति भी प्रसिद्ध रही है कि— "उपमैवतिरोभूतभेदा रूपकमुच्यते ।"

कणिका ३७ (ख)

यह कणिका भी काव्यालङ्कार के २.८४ के पाठ-निर्धारण में सहायक है । काव्यालङ्कार के अधिकांश संस्करणों में 'गुणातिशययोगतः' पाठ प्राप्त होता है । उद्‌भट को इसके स्थान पर 'धर्मातिशययोगतः' पाठ उपलब्ध था ।

---

१. नाना धात्वर्थगम्भीरा यमकव्यपदेशिनी ।
प्रहेलिका सा ह्युदिता रामशर्माच्युतोत्तरे ॥ —का.अ. २.१९

२. रामशर्मणाच्युत्तोतरे यमकानि निबद्धा [—कणिका २२ क/५

३.]xxदूष्यन्ते । अत्यन्तगूढार्थतया स्वनिमित्तम् नानाधात्वर्थगम्भीरा[
]साधारणमित्थंभूतं काव्यमचारु प्रत्यस्तमितलघुप्रयत्नतर[—कणिका २२ क/७-८

४. समासशब्दश्चात्र संक्षेपपर्यायः । कणिका २३ ख/६

५. मयूरव्यंसकादित्वादेवशब्दलोपीसमासो रूपकत्वे । व्याघ्रादिद् xxxxx समासो । —कणिका २२ ख/८ तुलनीय-व्याघ्रादिद्वारेणेव शब्दलोपीसमासो लुप्तोपमायां दृश्यते । —हेमचन्द्र, विवेक पृ० ३५१

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कणिका ४० (ख)

उद्भट ने इस कणिका में अप्रस्तुतप्रशंसा अलङ्कार पर टीका की है। भामह ने अप्रस्तुतप्रशंसा के भेदों का कोई उल्लेख नहीं किया है। प्रस्तुत कणिका के अध्ययन से प्रतीत होता है कि यहाँ उद्भट ने इसके दो भेदों का वर्णन किया होगा।[१] वहीं दूसरी ओर उद्भट के टीकाकार राजानक तिलक ने इसके चार भेद प्रदर्शित किये हैं।

कणिका ४६ (क)

काव्यालङ्कार के ५/१८वीं कारिका में भी पाठभेद प्राप्त होता है। जैसे—

(क) यथाशुचिस्तनुः स्त्रैणी...... ।

(ख) यथाशुचिस्तनुस्त्रीणि..... ॥

वहीं भामहविवरण में इसके स्थान पर एक अन्य पाठ 'यथा शुचि सुमुस्त्रेणी' की भी सम्भावना बनती है। परन्तु अधिकतर संस्करणों में पूर्वनिर्दिष्ट (क) पाठ ही उपलब्ध होता है तथा अपेक्षाकृत युक्तिसंगत भी प्रतीत होता है।

कणिका ५२ (क)

प्रस्तुत कणिका में काव्यालङ्कार की ६/२८ वीं कारिका पर टीका है। कारिकास्थ तीन विशेषणों— क्रमागतं, श्रुतिसुखं एवं अर्थ्यम् को उद्भट ने व्याख्यायित किया है। वाक्य में किस प्रकार के शब्दों का प्रयोग करना चाहिए, उसी पर यहाँ विचार किया गया है। क्रमागतम् विशेषण को ये द्विविध स्वीकार करते हैं— (क) साक्षात् (शब्दकोशों में प्रयुक्त या लोकव्यवहार में प्रयुक्त) (ख) कवि प्रवाह में शब्द जिसरूप में प्रयुक्त हो रहा है। क्रमागतम् पद की यह विद्वत्तोषिणी व्याख्या है। काव्य में श्रुतिसुख वर्णों का प्रयोग उचित है तथापि खण्डित रूप में प्राप्त कणिकांश से अनुमान होता है कि यहाँ श्रुतिकष्ट वर्णों के प्रयोग की भी चर्चा की गयी थी जो रौद्रादि रसों में उचित माने गये हैं। अर्थम् पद पर टिप्पणी करते हुए उद्भट ने अनर्थक पादपूरणार्थक पदों के प्रयोग की चर्चा की थी। बाद में मम्मटादि ने भी इस प्रकार के वर्णों के अतिप्रयोग को वर्जित माना।

---

१. ए× तावद् द्विविधः सारूप्याद् वाप्रस्तुतप्रशंसा —कणिका ४० ख/२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देवता शास्त्र के विकास में संस्कृत-साहित्य का योगदान

डॉ० (श्रीमती) सरला त्रिपाठी

सम्पूर्ण विश्व में सर्वोत्कृष्ट तत्त्व ही 'देव' या 'देवता' शब्द से वाच्य है । संस्कृत भाषा में देव और देवता शब्द समानार्थक हैं । ये शब्द दिव् क्रीड़ार्थक धातु से निष्पन्न हैं । इस धातु के अनेक अर्थों में प्रथम अर्थ है क्रीड़ा करना सारी सृष्टि ही परमात्मा का एक खेल है ।

दिव् धातु के अर्थ प्रकाशित करने से भी परमात्मा का ही बोध होता है, क्योंकि सूर्य, चन्द्रमा आदि अपनी ज्योति से प्रकाशित नहीं होते, परमेश्वर ही उनको प्रकाशित करते हैं । कठोपनिषद् (५.१५) का यह मन्त्र प्रमाण है ।

न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रतारकं नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयमग्निः ।
तमेव भान्तमनुभाति सर्वं यस्य भासा सर्वमिदं विभाति ॥

वेद केवल भारत की ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण विश्व की प्राचीनतम उपलब्ध कृतियाँ हैं ।

मैक्डॉनल ने लिखा है—धर्म के इतिहास के अध्ययन में वैदिक पुराकथा शास्त्र अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है । संसार की किसी भी अन्य साहित्यिक राशि की अपेक्षा वेद का प्राचीनतम स्रोत हमारे सम्मुख प्राकृतिक घटनाओं के मूर्त्तीकरण और उपासना-पद्धति पर आधारित विश्वासों का एक आरम्भिक चरण प्रस्तुत करता है ।[१]

भाषा-विज्ञान के द्वारा एकाधिक प्राचीन संस्कृतियों में पाये जानेवाले किसी देवता विशेष के वाची विभिन्न शब्दों के साम्य और एकात्मबोध के आधार पर जो उनकी अधिकांश समान विशेषताओं को सुस्पष्ट करता है, वह शास्त्र तुलनात्मक देवताशास्त्र है । इन देवशास्त्रों के तुलनात्मक अध्ययन का आधार ऋग्वेद है,[२] क्योंकि ऋग्वेद का समय कम से कम ३००० ई० पू० तक स्वीकार कर लिया गया है । इस समय में अधिकांश वैदिक ऋचाओं का निर्माण विभिन्न ऋषियों द्वारा किया गया और शिष्य परम्परा द्वारा मौखिक रूप से ही विद्यमान रही । लगभग उसी समय इन प्रकीर्ण वैदिक मन्त्रों का संकलन एवं सम्पादन किया गया ।

महाभारत में वर्णित प्राचीन परम्परा के अनुसार महर्षि वेद व्यास ने चारों वैदिक संहिताओं का संकलन कर उन्हें अपने विभिन्न शिष्यों को पढ़ाया ।

---

१. मैक्डॉनल, वैदिक मैथॉलॉजी, पृष्ठ २१

२. डॉ० गयाचरण त्रिपाठी, वैदिक उद्भव और विकास ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ब्राह्मण ग्रन्थों का विशाल साहित्य कम से कम एक सहस्र वर्षों की अपेक्षा रखता है। उस समय भारतीय धार्मिक साहित्य में कर्मकाण्ड का पूरा प्रभुत्व रहा। अन्तिम उपनिषदों तक भाषा लौकिक हो गई थी। उनका समय २००० ई० पू० से १००० तक का है। लगभग यही समय यास्क का है, जो निश्चित रूप से वैदिक और लौकिक साहित्य के संक्रमण काल में हुए। लगभग ७०० ई० पू० पाणिनि हुए जिन्होंने लौकिक संस्कृत को क्रमबद्ध और सुसंस्कृत किया। देवताशास्त्र के विकास क्रम में ऋग्वेद प्रारम्भिक कड़ी है, जो परवर्ती साहित्य के संयोजक सूत्रों में मिलकर एक सुदृढ़ शृंखला के रूप में स्थापित है। इस विकास-सरणि के विवेचन में हमें भारोपीय काल के देवताओं के स्वरूपों पर भी दृष्टि डालनी होगी, क्योंकि भारत, ईरान तथा यूरोप की विभिन्न भाषाओं में देवतावाची कितने ही समान शब्द एक मूल शब्द के विभिन्न रूप में मिलते हैं। जैसे—संकृत देव:, ग्रीक थेओस, लैटिन देउस, (१६वीं शती का देइवस) सभी शब्द देवतावाची हैं, और इनका सबकी मूल भारोपीय दिव् धातु है, जिसका अर्थ 'प्रकाशित होना' है।

विभिन्न प्राचीन आर्य धर्मों की तुलना करने पर जो पहला मुख्य परिणाम प्राप्त होता है, वह यह कि प्राचीन आर्य अपनी संस्कृति अथवा दैनिक जीवन से संबंधित देवों के निर्माण करने में प्रवीण थे।

उदाहरण के लिए—रोम निवासियों के जीवन में लगभग हर क्षेत्र से सम्बद्ध देवता होते थे। कृषि-क्षेत्र में 'सातर्नुस' बीजवपन का देवता था सीरीस अन्न तथा शस्त्र की वृद्धि की देवी थी और फ्लोरी पुष्पों की देवी समझी जाती थी।[१] पशुपालन से 'सम्बन्धित कुछ लेथु अनियन देवता इस प्रकार हैं— सुवत्सरम, पशु का अभिरक्षक है तथा 'गोथा' नामक देवी पशुओं की वृद्धि अधिष्ठात्री।[२]

ऋग्वेद तथा अथर्ववेद में 'वास्तोष्पत्ति' तथा 'क्षेत्रपति' नामक दो देवता प्राप्त होते हैं, जो क्रमशः गृहों तथा खेतों के अभिरक्षक माने गये हैं।[३]

आर्य देवों की उत्पत्ति के विषय में पाश्चात्य तथा भारतीय विद्वानों के मत विवेचनीय हैं।

जर्मन विद्वान् श्रोदर ने आर्य देवों की उत्पत्ति का सिद्धान्त जड़ात्मवाद को माना है। किसी भी दृष्टि से महत्त्वपूर्ण वस्तु में उस वस्तु से पृथक् एक चेतन सत्ता का दर्शन करने की प्रवृत्ति जड़ात्मवाद है।

इन देवताओं को एच० उजेनेर ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'गोटरनामेन' (Gotternaman) में विशिष्ट देवता 'जॉडरगाटर' (Sondergotter) की संज्ञा से अभिहित किया है। ये विशिष्ट देवता मानव-जीवन या प्रकृति के किसी विशेष क्षेत्र से सम्बन्धित होते हैं और इनका अधिकार देवता मानव जीवन या प्रकृति के किसी विशेष क्षेत्र से सम्बन्धित होते हैं और इनका अधिकार केवल उसी क्षेत्र तक सीमित होता है। जैसे रोमन धर्म के सिरीस अथवा वैदिक धर्म में वास्तोस्पति, ऋग्वेद में प्राप्त होनेवाले इन्द्र और वरुण आदि वैयक्तिक देवता इन विशिष्ट देवताओं के बाद विकसित हुए हैं। भारतीय विद्वानों ने उजनेर और श्रोदर के विचारों का खण्डन करते

१. एनसाइक्लोपीडिया ऑफ रिलीजन ऐंड ईथिक्स, सप्तम भाग, पृष्ठ २१७, १८
२. श्रोदर, ए० रि० ई० द्वितीय भाग, आर्यन, रिलीजन नामक लेख
३. कीथ, रिलीजन ऐंड फिलॉसफी आफ दिवेद ऐंड उपनिषद्स, प्रथम भाग, पृ० ६३.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हुए यह तथ्य प्रतिपादित किया है कि आर्य देवता प्रारम्भ में प्रकृति के किसी महत्त्वपूर्ण दृश्यों के मानवीकरण थे, किन्तु जैसे-जैसे समय बीतता गया । इन देवों का व्यक्तित्व बिखरने लगा और अनेक देवों में बँट गये । जैसे भारोपीय काल में प्रकाश के दृश्य से सम्बन्धित हो, उस (Dyeus) नामक केवल एक देवता था, किन्तु ऋग्वेद के समय तक इस महनीय देवता का व्यक्तित्व क्षीण पड़ गया और यह सूर्य, विष्णु सवितृ, मित्र आदि प्रकाश में सम्बन्धित अनेक छोटे-छोटे देवताओं में विभक्त हो गया । आगे चलकर इन देवताओं ने महत्त्वपूर्ण रूप धारण कर लिया और द्यौस केवल आकाश का मानवीकरण रह गया । द्यौः शब्द दिव् स्त्रीलिंग के प्रथमा एकवचन के रूप में लौकिक संस्कृत में भी सुरक्षित है । ऋग्वेद में द्यौस् की दूसरी प्रमुख विशेषता उनका पितृत्व है, द्यौः और पृथ्वी सभी देवताओं के माता-पिता हैं । वैदिक ऋषि इनकी प्राचीनता से ही द्यावा पृथ्वी को पर्वजे (श्र० ७५.३.२) कहा है । इस प्रकार भारतीय, ग्रीक तथा रोमन धर्मों में ही नहीं, लिथुआनि तथा प्राचीन धर्म में भी आकाश की पूजा प्राप्त होती है । प्रसिद्ध ग्रीक इतिहासकार हैरोदौतस ने ईरानी धर्म के विवरण में लिखा है कि ईरानवासी किसी ऊँचे शिखर पर चढ़कर ज्योउस के लिए यज्ञ किया करते थे और सम्पूर्ण आकाशमण्डल को ज्योउस कहकर पुकारते थे ।

वस्तुतः १५०० ई० पू० लगभग वैदक देवताओं की उपासना करनेवाली जातियाँ भारत के उत्तर-पश्चिमी सीमान्त प्रदेशों के समीप पर्याप्त मात्रा में बसी हुई थी । इनमें से कई छोटी शाखाएँ बड़ी दूर तक पश्चिमी की ओर चली गयी थीं ।[१] इस परिभ्रमण के अनेक कारण थे । जैसे युद्ध, वैवाहिक सम्बन्ध आदि ।

इसी आधार पर यह स्पष्ट होता है कि ईरानी जाति का भारत के पश्चिमी प्रदेशों से घनिष्ठ संबंध था, क्योंकि अवेस्ता में हप्त हिन्दु, प्रदेश की स्थान-स्थान पर प्रशंसा प्राप्त होती है । यह भारत का सप्त सिन्धु प्रदेश है, जिसकी प्रशंसा करते वैदिक ऋषि नहीं थकते थे ।

अवेस्ता में प्राप्त वैदिक देवताओं के चित्र चाहे धूमिल ही हो, पर इतना तो अवश्य कहा जायेगा कि ये आर्यों के उपास्यों से सम्बन्धित प्राचीन वैदिक धारणाओं के प्रतीक हैं ।[२]

ऋग्वेद और अवेस्ता में वर्णित 'वरुण' और अहुर की विशेषताओं में अत्यधिक साम्य है । अवेस्ता में 'अहुर' को सम्पूर्ण जगत् का शासक कहा गया है । (यस्न ३१-१) उसी ने सूर्य चन्द्र, पृथ्वी, समुद्र, नदियों का स्थान निश्चित किया है । दिन और रात्रि का निर्माण करके ही प्राणियों को उनके कर्तव्यों की याद दिलाता है । (यस्न ३७-४४) तथा (४४/५)

ऋग्वेद में वरुण सम्पूर्ण संसार का राजा है—

विश्वस्य भुवनस्य राजा ऋग्वेद (५.८५.३) विश्वेषां वरुणासि राजा (१०.११.४) वरुण के बनाये नियम के कारण चन्द्रमा प्रकाशित होता हुआ आकाश में विचरण करता है और आकाश में भासमान नक्षत्र रात्रि में चमकते हैं । ऋग्वेद (१.२४.१०)

१. विन्टरनित्स हिस्ट्री ऑफ इण्डियन लिटरेचर, प्रथम भाग– पृ० ३०५ पाद टिप्पणी ।
२. डॉ० गयाचरण त्रिपाठी, वैदिक देवता उद्‌भव और विकास- पृ० ७९

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऋग्वेद में 'पुरन्ध्री' धन-धान्य एवं समृद्धि की देवी मानी गयी है। यह देवी अवेस्ता में 'पारेन्दी' नाम से प्राप्त होती है। यहाँ भी यह वैभव की देवी है और कोषों की रक्षा करती है।

वैदिक देवताओं में यम का अवेस्ता में अत्यन्त विस्तार से वर्णन मिलता है। यम का ईरानी रूप 'यम' है। परवर्ती काल में फिरदौसी के 'शाहनाम' में यम के व्यक्तित्व का और अधिक विकास हुआ।

वैदिक मन्त्रों की भाषा इतनी आर्ष और लौकिक संस्कृत से इतनी भिन्न है कि सम्भवत: किसी मन्त्र का अर्थ 'इदमित्थं' करके नहीं लगाया जा सकता। प्रत्येक मन्त्र के एकाधिक अर्थ किये गये हैं और हो सकते हैं। अत: संहिताओं पर लिखे गये भाष्य वैदिक अर्थपरम्परा के बोधन में सहायक हुए हैं। ऐसे भाष्यों में निर्विवाद रूप से सायणाचार्य (१४वीं शती) का भाष्य सर्वश्रेष्ठ है। १९वीं सदी में वेदों के अनुशीलन पर ध्यान जाते ही पाश्चात्य विद्वत्समाज ने सायणाचार्य द्वारा संकेतित एवं उल्लिखित सूत्रों के आधार पर वैदिक देवताओं के मूलभूत स्वरूप खोजने का यत्न किया और इस अन्वेषण से प्राप्त निष्कर्षों से अन्य देशों की देवकथाओं से तुलना करके ही तुलनात्मक देवशास्त्र की आधारशिला स्थापित की।

सायणाचार्य के अनुसार वैदिक देवता केवल बाह्य जगत् के विभिन्न तत्त्वों के प्रतीक थे। उनकी दृष्टि से अस्तंगत सूर्य ही 'वरुण' है।

'अस्तंगच्छन् सूर्य एव वरुण इत्युच्यते। सहि स्वगमनेन रात्रीर्जगति।' (ऋग्वेद भाष्य ७.८७.१) यास्काचार्य ने निरुक्त में स्थान स्थान पर प्रत्येक वैदिक देवता के भौतिक स्वरूप का उल्लेख किया है। इस दृष्टि से यास्क सायण के गुरु हैं।

यास्क ने वेदों के सम्बन्ध में ऐतिहासिक नैरुक्त प्राकृतिक तथा वैयासिक (आख्यानपरक) मतों का उल्लेख किया है। इस सम्बन्ध में उन्होंने "वृत्र, दैत्य का उदाहरण दिया है— नैरुक्त अथवा वैयाकरण कहते हैं मेघ ही वृत्र है। ऐतिहासिक कहते हैं कि वह प्राचीनकाल के त्वष्टा ऋषि का पुत्र था। प्रकृतिवादी कहते हैं कि जल एवं विद्युत् के मिलने से वर्षा होती है। प्रतीकात्मक रूप से इसे इन्द्र और वृत्र के युद्ध के रूप में चित्रित किया गया है। ब्राह्मण इस विषय में एक आख्यान कहते हैं— उनके अनुसार वृत्र एक भयंकर अजगर था। उसने अपने शरीर के विस्तार से जल-स्रोतों को रोक रखा था। जब इन्द्र ने उसका वध किया, तो भी जल प्रवाहित हुआ।[1]

कतिपय भारतीय विद्वानों ने वैदिक देवताओं के स्वरूप का गहन अध्ययन करके उनके स्वरूप की अन्य प्रकार से विशद व्याख्याएँ की हैं। ऐसे विद्वानों में स्वामी दयानन्द सरस्वती, श्री अरविन्द, श्री लोकमान्य तिलक तथा श्री वासुदेव शरण अग्रवाल आदि प्रमुख हैं। स्वामी दयानन्द ने अपने ऋग्वेद भाष्य में सर्वप्रथम वैदिक बहुदेववाद के मूल में एक देववाद के आधार की स्थापना की। इस विषय में उन्होंने कठोपनिषद् का यह मन्त्र दिया है—

१. यास्क, निरुक्त २.१६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रतारकं नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयमग्निः ।
तममेव भान्तमनुभान्ति सर्वं यस्य भासा सर्वमिदं विभाति ।। (कठो० ५.१५)

इस प्रकार उनका मत है कि इन्द्र, वरुण, विष्णु आदि नामों से केवल परमेश्वर की स्तुति की गई है। यद्यपि संहिता या ब्राह्मण ग्रन्थों में ३३ या उसमें भी अधिक देवों का उल्लेख है, किन्तु स्वामीजी ने 'सत्यार्थ प्रकाश' में प्रतिपादित किया है कि सर्वोपास्य ब्रह्म एक ही है।

डॉ० वासुदेव शरण अग्रवाल ने वैदिक ग्रन्थों का अनुशीलन करके यह सिद्धांत स्थिर किया कि वैदिक सृष्टि विद्या की दृष्टि से दो ही मूल तत्त्व हैं देव और भूत। भूत, दृश्य या स्थूल है—देव, शक्ति या सूक्ष्म। यह देव तीन रूपों में प्रकट होता है—वृक्ष वनस्पति, पशु-पक्षी एवं मानव। जो शक्ति तत्त्व है, वह प्राणाग्नि है, प्राण तत्त्व ही वैदिक अग्नि है।[१]

हेनोथिज्म के प्रबल प्रतिपादक मैक्समूलर आदि पाश्चात्य विद्वानों ने भी यथास्थान स्वीकार किया है कि ऋग्वेद संहिता के संकलन के पहले ही वैदिक ऋषियों ने एक देववाद (मोनोथिज्म) की धारणा का आविष्कार कर लिया था।[२]

यजुर्वेद तथ अथर्ववेद तक आते-आते एक देववाद की धारण और प्रबल हो गयी।

यास्क का मत है कि प्रत्येक देवता के दो भेद होते हैं—जड़ तथा चेतन। जड़ रूप तो सबको दिखाई पड़ता है, किन्तु चेतन नहीं। जड़ रूप चेतन के अधीन रहता है, जैसे—यजमान का यज्ञ, यजमान के अधीनत्व के कारण उसे उस व्यक्ति का यज्ञ कहा जाता है।

पौराणिक आख्यानों से भी इस सिद्धान्त की पुष्टि होती है— महाभारत के आदिपर्व में अग्नि की अर्जुन से खाण्डव वन घेर लेने की याचना है। कारण यह है कि घी पीते पीते अग्नि को अपच हो गयी थी, और जठराग्नि प्रदीप्त करने के लिए वह वन में प्रदीप्त होना चाहते हैं। इसमें अग्नि का वह चेतन स्वरूप है जिसमें उन्होंने याचना की और स्थूल स्वरूप वह है, जिसमें उन्होंने वन को जलाया। दोनों रूपों को मिलाकर अग्नि देवता का स्वरूप बनता है।

यज्ञ के महत्त्व के साथ ब्राह्मणों का भी महत्त्व बढ़ता रहा। शत० ब्रा० में कहा गया है कि देवता दो प्रकार के हैं—एक, पृथ्वी के देवता और दूसरे, दिव्य देवता। पृथ्वी के देवता ब्राह्मण हैं। यजमान यज्ञ करके दिव्य देवों को प्रसन्न करता है और दक्षिणा देकर पृथ्वी के देवों को।

रामायण और महाभारत में आकर हम देवताओं के एक नवीन संसार में आ जाते हैं। वेदों में देवताओं के व्यक्तित्व की केवल बाह्य रूपरेखा मात्र हैं परन्तु पुराणों और महाकाव्यों में इन चित्रों में चटकीले रंग भर दिये गये हैं। उदाहरणार्थ—ऋग्वेद विष्णु के आकार के विषय में मौन है, किन्तु पौराणिक काल में विष्णु के श्यामल

१. डॉ० गयाचरण त्रिपाठी, वैदिक देवता ३० वि.
२. मैक्समूलर, सिक्स सिस्टिम ऑफ इण्डियन फिलॉसफी मथन, भाग, पृ० ६.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वर्ण कोमल शरीर तथा चार भुजाओं का वर्णन है, जिसमें वे शंख, चक्र, गदा और पद्म धारण करते हैं। गरुड़ उनका वाहन है, लक्ष्मी उनकी प्रियतमा हैं, जो सदा उनके चरण दबाया करती हैं। क्षीरसागर उनका निवास-स्थान है जिसको बैकुण्ठ या परमपद कहते हैं।

पुराण काल में कुछ वैदिक देवता पूर्णतः विलुप्त हो गये, कुछ नाम मात्र के रह गये। जैसे—पूषन् अर्यमा आदि। वरुण केवल समुद्र के राजा हैं और इन्द्र स्वर्ण के राजा हैं, किन्तु उनमें शौर्य नहीं है। रामायण में उल्लेख है कि इन्द्र ने असुरों का विनाश करने के लिये सूर्यवंशी राजा ककुस्थ को बुलवाया था। वहाँ इन्द्र वृषभ बने थे और रजा ने उनके कुकुद पर बैठकर युद्ध किया था।

'अभिज्ञान शाकुन्तल' में राजा दुष्यन्त स्वर्ग जाकर इन्द्र के शत्रुओं का विनाश करते हैं। महाकाव्यों एवं पुराणों में देवता-विषयक एक विशाल भण्डार उपलब्ध है। अवतारवाद पौराणिक देवशास्त्र की महत्त्वपूर्ण विशेषता है . एक ही परब्रह्म जगत् के स्थिति आदि व्यापार के लिए भिन्न-भिन्न अवतार धारण करते हैं। भागवत में कहा गया है—

भूतैर्यदा पञ्चभिरात्मसृष्टैः पुरं विराजं विरचय्य तस्मिन्।
स्वांशेन विष्टः पुरुषाभिधानमवाप नारायण आदिदेवः॥

धर्म तथा साहित्य के योग से भक्ति-मार्ग में कोमलता आयी वह पुराण युग की एक विशिष्ट देन है, वैदिक देवों के किसी विशिष्ट गुण का आख्यान का उपबृंहण पुराणों एव महाकाव्यों में कल्पनाप्रवणता और मधुर भाषा-शैली में किया गया है। जैसे—ऋग्वेद में विष्णु का सर्वाधिक वैशिष्ट्य उनके तीन पदक्रमों में है। यजुर्वेद में इन पदन्यासों को आकाश, अन्तरिक्ष और पृथ्वी से सम्बन्धित बताया है। शतपथ ब्राह्मण में विष्णु की एकता यज्ञ के साथ दर्शित है। (यज्ञो विष्णुः)।

इन उल्लेखों में वामनावतार की सुन्दर कथा चित्रित हैं, जो अनेक पुराणों तथा महाकाव्यों में रोचक ढंग से पल्लवित हुई। इसी तरह विष्णु के मत्स्यावतार की कथा शतपथ ब्राह्मण १.८ ७.१-६ से मत्स्यपुराण, महाभारत पुराण, कालिका पुराण में उपबृंहि है। अतः हम कह सकते हैं कि संस्कृत-साहित्य देवता-शास्त्र के विकास की वह सुरसरिता है, जो एकदेववाद, बहुदेववाद तथा एकेश्वरवाद के सुरम्य उद्यानों को अभिसिंचित करती हुई वैदिक काल से अद्यावधि भारत की चिन्तनधारा को निरन्तर प्रवहमान बनाये हुए है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कतिपय ज्वलन्त सामयिक समस्याओं के समाधान में स्मृतियों का योगदान

प्रो. वाचस्पति शर्मा त्रिपाठी

सम्प्रति मानव-समाज अनेकविध सामयिक समस्याओं से आक्रान्त होकर निरन्तर अध:पतन की ओर तीव्र गति से बढ़ता जा रहा है। इनमें से कतिपय समस्याएँ अत्यन्त चिन्तनीय और ज्वलन्त हैं— १. राजनैतिक भ्रष्टाचार २. आर्थिक भ्रष्टाचार ३. महिलाओं के प्रति अत्याचार ४. जातीय विद्वेष, तथा ५. चारित्रिक अध:पतन। ये समस्याएँ मात्र किसी देशविशेष, कालविशेष, जातिविशेष या व्यक्तिविशेष से सम्बद्ध न होकर आज समस्त मानव जाति के समक्ष एक गम्भीर चुनौती के रूप में मुँह बाये खड़ी हैं। यद्यपि इन समस्याओं के समधान हेतु आज देश और समाज के हर क्षेत्र में प्रयास किये जा रहे हैं, तथापि विडम्बना यह है कि विभिन्न क्षेत्रों में इनके निराकरण की दिशा में अनवरत प्रयासों के बावजूद ये ह्रासोन्मुख न हो कर उत्तरोत्तर और भी विकराल रूप धारण कर सुरसा की तरह आज समस्त मानव-समाज को निगल जाने के लिए प्रस्तुत हैं। आज प्रत्येक चिन्तनशील व्यक्ति के लिए यह घोर चिन्ता और विचार का विषय है।

भारत-भूमि अनादि काल से ही आध्यात्मिकता, पारलौकिक सुख, आत्मिक समृद्धि, योग, त्याग, सेवा, अपरिग्रह, अहिंसा, सत्य, अस्तेय, क्षमा, शान्ति, सदाचार तथा आर्थिक शुद्धि पर अत्यधिक बल देती रही है, जिसके ज्वलन्त प्रमाण हमारे बौद्धिक वाङ्मय, स्मृतियाँ तथा विविध शास्त्र हैं। इन्हीं मूल्यों की प्रमुखता के कारण हमारा प्राचीन भारतीय समाज अत्यन्त व्यवस्थित, सम्पन्न तथा आदर्श माना जाता था, किन्तु विदेशी पाश्चात्य संस्कृति के प्रवेश के साथ नितान्त भोगवादी, शारीरिक सुखवादी तथा भौतिकवादी प्रवृत्ति का प्रभाव छा जाने के कारण हम प्राचीन जीवन-मूल्यों की उपेक्षा करने लगे हैं और इसी कारण, विशेषत: स्वतन्त्रता-प्राप्ति के पश्चात् हमारे भारतीय समाज के समक्ष कतिपय भयङ्कर विनाशकारी चुनौतियाँ उत्पन्न हो गयी हैं। इनका प्रतिकार यदि समय रहते नहीं किया जायेगा तो आये दिन बड़ी विकराल और चिन्तनीय परिस्थिति उत्पन्न हो सकती है।

सौभाग्यवश हमारे भविष्यद्रष्टा तथा दूरदृष्टिसम्पन्न ऋषियों, स्मृतिकारों तथा विविध शास्त्रकारों ने हजारों वर्ष पूर्व इन सार्वजनीन एवं सार्वदेशिक समस्याओं और चुनौतियों के निदानों तथा समाधानों का बड़ा ही विशद, गहन और वैज्ञानिक विवेचन प्रस्तुत किया है, जिनका अध्ययन और आश्रयण करके हम, भारतीय समाज और समस्त मानव जाति का महान् उपकार कर करते हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१. राजनैतिक भ्रष्टाचार

स्मृतियों और विविध शास्त्रों के अवलोकन से यह सुस्पष्ट है कि प्राचीन भारत की राजनैतिक स्थिति अनुकरणीय तथा आदर्श थी। तभी तो तत्कालीन शासक डिण्डिम घोष के साथ यह घोषणा कर सकता था—

न मे स्तेनो जनपदे, न कदर्यो न मद्यपः।
नानाहिताग्निर्नाविद्वान् न स्वैरी स्वैरिणी कुतः॥[१]

दुर्भाग्यवश आज देश की राजनैतिक स्थिति दुराचार, भ्रष्टाचार, पदलोलुपता, अर्थलिप्सा आदि के कारण अत्यन्त ही विषम, विनाशकारी और चिन्तनीय हो गयी है। आज के नेता, प्रशासक, अधिकारी, सरकारी कर्मचारी और सामान्य जनता— सभी स्वार्थान्ध होकर राष्ट्रहित को तिलाञ्जलि देकर मात्र अपने हित में संलग्न दिखाई पड़ रहे हैं। इसके ज्वलन्त उदाहरण हैं— बोफोर्सकाण्ड, चाराकाण्ड, अलकतराकाण्ड, तहलकाकाण्ड आदि। न केवल राजनेता, अपितु प्रशासक, सैनिक, शिक्षक, व्यापारी—सभी उस राजनैतिक अधःपतन में प्रत्यक्ष या परोक्ष योगदान कर रहे हैं और इस प्रकार राष्ट्र की सुरक्षा तथा उसके अस्तित्व पर भयङ्कर खतरा उत्पन्न हो गया है।

इस राजनैतिक भ्रष्टाचार की चुनौती के समाधान हेतु हमें अपने राजनेताओं, प्रशासकों, सैनिकों और सरकारी कर्मचारियों का ध्यान प्राचीन स्मृतियों द्वारा निरूपित राजधर्म तथा अन्य सम्बद्ध सिद्धान्तों की ओर आकृष्ट करना होगा। उन्हें भगवान् व्यास के इस सत्परामर्श को याद दिलाना होगा कि किसी राष्ट्र का चरित्र तभी ऊँचा हो सकता है, जब उस राष्ट्र के शासकवर्ग का चरित्र आदर्श हो। व्यास की यह स्पष्ट उद्घोषणा है कि शासक के चरित्र के उत्थान या पतन से ही किसी राष्ट्र की नैतिकता-अनैतिकता और उत्थान-पतन का परिज्ञान होता है—

कालो वा कारणं राज्ञः राजा वा कालकारणम्।
इति मे संशयो माऽभूद् राजा कालस्य कारणम्॥

राजा कृतयुगस्त्रष्टा त्रेतायाः द्वापरस्य च।
युगस्य च चतुर्थस्य राजा भवति कारणम्॥[२]

राजा अर्थात् नेता, प्रशासक जब पापी होता है, तब प्रजा पापिष्ठ हो जाती है; जब वह धर्मिष्ठ होता है, तब प्रजा भी धर्मपरायण हो जाती है—

राज्ञि पापिनि पापिष्ठाः धर्मिष्ठे राज्ञि धार्मिकाः।
राजानमनुवर्तन्ते यथा राजा तथा प्रजाः॥

इस प्रकार आज के शासकवर्ग को अपने चरित्र पर सर्वाधिक ध्यान देना चाहिए—यह अमूल्य सन्देश है हमारे ऋषियों का।

---

१. छान्दोग्य.५.११.५
२. महाउद्योग.१३२/१७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राजा और प्रजा, शासक और शासित के मध्य पिता-पुत्र का पवित्र सम्बन्ध हमारे ऋषियों ने प्रतिपादित किया है। जैसा कालिदास ने रघु के सम्बन्ध में कहा है—

प्रजानां विनयाधानाद् रक्षणाद् भरणादपि।
स पिता पितरस्तेषां केवलं जन्महेतवः॥

जिस प्रकार पिता अपने सुख-दुख की उपेक्षा कर सर्वप्रथम अपनी सन्तान के अन्न-वस्त्र, भरण-पोषण के लिए सदा चिन्तित और प्रयत्नशील रहता है, उसी प्रकार राजा को भी अपने स्वार्थ, सुख, प्रिय-अप्रिय का परित्याग कर प्रजावर्ग के प्रिय और सुख पर ध्यान देना चाहिए। मनु का कथन है—

तस्माद् यम इव स्वामी स्वयं हित्वा प्रियाप्रियम्।
वर्तेत याम्मया वृत्त्या जितक्रोधो जितेन्द्रियः॥[१]

लगभग इसी तथ्य की ओर सङ्केत करते हुए आचार्य चाणक्य ने कहा है—

प्रजासुखे सुखं राज्ञः प्रजानाञ्च प्रिये प्रियम्।
नात्मप्रियं प्रियं राज्ञः प्रजानान्तु प्रियं प्रियम्॥

महर्षि व्यास ने एक सुन्दर दृष्टान्त प्रस्तुत करते हुए यह स्पष्ट किया है कि जिस प्रकार गर्भिणी स्त्री गर्भस्थ शिशु के हित को ध्यान में रख कर अपनी प्रिय भोज्य वस्तुओं का परित्याग कर देती है, उसी प्रकार राजा को भी अपनी प्रजा के हित के लिए अपने सुखों को तिलाञ्जलि देनी चाहिए—

यथा हि गर्भिणी हित्वा स्वं प्रियं मनसोऽनुगम्।
गर्भस्य हितमाधत्ते तथा राजाप्यसंशयम्॥[२]

व्यास ने स्पष्ट किया है कि राजा कोभोग-विलास या सुख-प्राप्ति के उद्देश्य से राजपद नहीं प्राप्त होता है। यह तो काँटों का ताज है, जो अत्यन्त कष्टदायी होता है—

राज्ञां शरीरग्रहणं न भोगाय महीपते।
क्लेशाय महते पृथ्वी-स्वधर्म-परिपालने।[३]

भोग-विलास और अपने शारीरिक सुख को अत्यधिक महत्त्व देने वाले आज के शासकों की आँखें खोलने के लिए क्या ये वचन पर्याप्त नहीं हैं?

लोकाराधन, अर्थात् जनमत को सम्मान प्रदान करने हेतु अपनी प्राणप्रिया पतिव्रता पत्नी सीता का भी परित्याग कर मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने एक ऐसा आदर्श प्रस्तुत किया है, जो आज के शासकों के लिए अनुकरणीय

१. मनु.,८.१७३
२. शान्ति.,५६.४६
३. मार्क.,१३०.३३

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्नेहं दयाञ्च सौख्यञ्च यदि वा जनकीमपि।
आराधनाय लोकस्य मुञ्चतो नास्ति मे व्यथा॥

इसी प्रकार प्रजा को कष्ट पहुँचाने वाले शासकों की होने वाली दुर्गति का वर्णन करते हुए मनु कहते हैं कि जो राजा अपने कर्त्तव्याकर्त्तव्य का विचार न कर अपनी प्रजा को सताता है, वह शीघ्र ही अपने बन्धुबान्धव सहित राज्य और जीवन से हाथ धो बैठता है। जैसे (भोजन बिना) शरीर के क्षीण होने से प्राणियों के शरीर निष्प्राण हो जाते हैं, वैसे ही प्रजा के पीड़ित होने से राजाओं के भी प्राण-पखेरू उड़ जाते हैं—

मोहाद् राजा स्वराष्ट्रं यः कर्षयत्यनवेक्षया।
सोऽचिराद् भ्रश्यते राज्यात् जीविताच्च सबान्धवः॥

शरीरकर्षणात् प्राणाः क्षीयन्ते प्राणिनां यथा।
तथा राज्ञामपि प्राणाः क्षीयन्ते राष्ट्रकर्षणात्॥[१]

जिस राजा और उसके कर्मचारी के समक्ष लुटेरों तथा आततायियों द्वारा लूटी जा रही प्रजा आर्तनाद् कर रही हो, वह राजा जीवित नहीं, अपितु मृत है— ऐसी घोषणा मनु की है—

विक्रोशन्त्यो यस्य राज्याद् ह्रियन्ते दस्युभिः प्रजाः।
सम्पश्यतः सभृत्यस्य मृतः स न तु जीवति॥[२]

मनु ने जोर देते हुए उद्घोषणा की है कि बिना रक्षा किये राजा यदि प्रजा से 'कर' ग्रहण करता है, तो वह 'प्रजा का मल ग्रहण करने वाला' कहलाता है तथा उसे नरक की प्राप्ति होती है—

योऽरक्षन् बलिमादत्ते करं शुल्कञ्च पार्थिवः।
प्रतिभागं च दण्डं च स सद्यो नरकं व्रजेत्॥[३]

अरक्षितारं राजानं बलिषड्भागहारिणम्।
तमाहुः सर्वलोकस्य समग्रमलहारकम्॥[४]

सर्वतो धर्मषड्भागो राजा भव ह्यरक्षतः।
अधर्मादपि षड्भागो भवत्यस्य ह्यरक्षतः॥[५]

---

१. मनु.,७.१११-११२
२. मनु.७.१४३
३. मनु.,८.३०७
४. मनु.८.३०८
५. मनु ८/३०४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रजा की सम्यक् रक्षा में तत्पर राजा की प्रशंसा करते हुए मनु कहते हैं कि प्रजा की रक्षा तथा दुष्टों को दण्डित करनेवाले शासक प्रतिदिन किये गये दान- यज्ञों का फल पाते हैं । राजा से रक्षित प्रजा जो धर्माचरण करती है, उससे राजा की आयु, धन और राष्ट्र की अभिवृद्धि होती है—

रक्षन् धर्मेण भूतानि राजा वध्यांश्च घातयन् ।
यजवेऽहरहः यज्ञैः सहस्रुशतदक्षिणैः ।।[१]

निग्रहेण हि पापानां साधूनां संग्रहेण च ।
द्विजातय इवेज्याभिः पूयन्ते सततं नृपाः ।।[२]

संरक्ष्यमाणे राज्ञा यं कुरुते धर्ममन्वहम् ।
तेनायुवर्धते राज्ञो द्रविणं राष्ट्रमेव च ।।[३]

इसी प्रकार मनु का कथन है कि मित्रता के कारण अथवा आर्थिक लोभवश प्रजा को लूटने का कष्ट देने वाले लुटेरों कों किसी भी स्थिति में छोड़ना नहीं चाहिए, क्योंकि ऐसा करने पर वह प्रजा के द्वेष का पात्र बन जाता है तथा अन्त में विनष्ट हो जाता है—

न मित्रकारणाद् राजा, विपुलाद् वा धनागमात् ।
समुत्सृजेत् साहसिकान् सर्वभूतभयावहान् ।।
साहसे वर्तमानं तु यो मर्षयति पार्थिवः ।
स विनाशं ब्रजत्याशु, विद्वेषं चाधिगच्छति ।।[४]

अदण्ड्यान् दण्डयन् राजा दण्ड्यांश्चैवाप्यदण्डयन् ।
अयशो महदाप्रोति, नरकञ्चैव गच्छति ।।[५]

३. आर्थिक भ्रष्टाचार

आर्थिक भ्रष्टाचार आज के समाज की दूसरी ज्वलन्त समस्या है । घोर भौतिकवादी, सुखवादी और भोगवादी पाश्चात्य सभ्यता के निरन्तर बढ़ते प्रभाव तथा आध्यात्मिकता और धार्मिकता के उत्तरोत्तर ह्रास के कारण इन दिनों अर्थ को ही सबकुछ मान कर उसकी प्राप्ति के लिए मानव आज घोर से घोर जघन्य कार्य करने के लिए उद्यत है । इस कारण आज चतुर्दिक् आर्थिक भ्रष्टाचार का नग्न नृत्य हो रहा है, जिसे रोकने के लिए सभी विवेकशील व्यक्ति चिन्तित हैं ।

१. मनु.,८.३६
२. मनु.,८.३११
३. मनु.,७.१३६
४. मनु.,८.३४६-४७
५. मनु.,८.१२८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस समस्या का मूल कारण है हमारे पूर्वजों द्वारा प्रतिपादित पुरुषार्थ सिद्धान्त की अनदेखी और अवहेलना। हमारे ऋषियों ने अर्थ का महत्त्व जरूर स्वीकार किया है, किन्तु पुरुषार्थों में प्रथम स्थान न देकर धर्म के बाद द्वितीय स्थान दिया है। इसका रहस्य यह है कि धन जीवनयापन और आर्थिक दायित्वों को निभाने का साधन माना गया है, साध्य नहीं। अतः धन पर धर्म द्वारा नियन्त्रण रखने का निर्देश ऋषियों ने हमें दिया है। अतः धर्मविरुद्ध मार्ग से ही अर्थोपार्जन करने से परम पुरुषार्थ मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है, धर्म से विरत होकर नहीं। धर्मपूर्वक धनार्जन हेतु साधन की शुचिता, नैतिकता और सत्य पर ऋषियों ने प्रबल बल दिया है। अथर्ववेद में स्पष्ट कहा गया है—

एता एनां व्याकरं खिले गा विष्ठिता इव।
रमन्तां पुण्यालक्ष्मीर्याः, पापीस्ता अनीनशम्॥[१]

अर्थात् जैसे कोई अपनी गौशाला में आयी हुई गायों की जाँच करता है कि यह मेरी है या नहीं, उसी प्रकार मैं अपने पास आये धन का निरीक्षण करता हूँ। जो पवित्र धन है, उसे मैं अपने पास रहने देता हूँ, किन्तु जो पापयुक्त धन है, उसे हटा देता हूँ। अधर्म से अर्जित धन पतनकारी होता है, अतएव ऋग्वेद में ऋषि इन्द्र से प्रार्थना करता है कि हे इन्द्र, हमें श्रेष्ठ, अर्थात् ईमानदारी द्वारा अर्जित श्रेष्ठ शुद्ध धन दो—[२]

इन्द्र श्रेष्ठानि द्रविणानि धेहि।

इसी प्रकार—

अस्मासु भद्रा द्रविणानि दत[३]

प्रथम स्मृतिकार मनु ने तो आर्थिक शुद्धि को ही सबसे बड़ी शुद्धि घोषित करते हुए लिखा है—

सर्वेषामेव शौचानामर्थशौचं परं स्मृतम्।
योऽर्थे शुचिः स हि शुचिः, न मृद्वारिशुचिः शुचिः॥[४]

अर्थात् जितनी शुद्धताएँ हैं, उनमें आर्थिक शुद्धि सबसे बड़ी है। जो अर्थ के मामले में पवित्र है, वही पवित्र है, केवल मिट्टी और जल से अपने को शुद्ध कर लेने से कोई शुद्ध नहीं होता है।

महर्षि व्यास ने भी स्पष्ट किया है कि धार्मिक पुरुष को क्रूर कर्मों द्वारा धनार्जन नहीं करना चाहिए—

न धनार्थी नृशंसेन कर्मणा धनमर्जयेत्।[५]

तथा—

---

१. अथ.,७.११५.४
२. ऋ.,२.२१.६
३. अथर्व,७.८२.१
४. मनु०,५.१०६
५. शान्ति.२१२.५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

येऽर्था धर्मेण ते सत्याः, येऽधर्मेण धिगस्तु तान् ॥[१]

हमारे स्मृतिकारों ने अधर्म द्वारा अर्जित अर्थ को निकृष्ट श्रेणी में रखते हुए इसे अनैतिक, अनर्थकारी, तथा निन्दनीय माना है। अधर्म की कमाई कुछ देर के लिए तो आपाततः सुखप्रद प्रतीत होती है, किन्तु परिणामतः यह अति दुःखदायी होती है और अपना कुप्रभाव देर-सबेर अवश्य दिखलाती है। ऐसे लोग नाना प्रकार के रोगों, विभिन्न शोकों से प्रायः सन्तप्त रहते हैं; अधम, अवनति को प्राप्त करते हैं तथा दैविक दण्ड के भागी होते हैं। इनकी सन्तान और पत्नी निकृष्ट धन से पोषित होने के कारण अयोग्य और दुष्ट प्रकृति के हो जाते हैं तथा कुछ ही दिनों में ऐसे धन का अपव्यय कर उसे विनष्ट कर देते हैं। अतएव आचार्य चाणक्य की यह उक्ति यहाँ अत्यन्त सटीक बैठती है—

अन्यायोपार्जितं द्रव्यं दशवर्षाणि तिष्ठति।
प्राप्ते त्वेकादशे वर्षे, समूलं तद्विनश्यति ॥[२]

अपने परिश्रम तथा वैध उपायों से धर्मानुकूल कालुष्यरहित मार्गों से शरीरयात्रा के लिए आवश्यक न्यूनतम धन-संग्रह पर बल देते हुए महामनीषी मनु ने कहा है—

यात्रामात्रप्रसिद्ध्यर्थं स्वैर्कर्मभिरगर्हितैः।
अक्लेशेन शरीरस्य कुर्वीत धनसञ्चयम् ॥[३]

आर्थिक संकट से ग्रस्त होने पर भी गलत साधनों का अवलम्बन कर अनुचित स्रोतों से अर्थ-प्राप्ति का प्रयास सर्वथा निन्दनीय हैं, ऐसी उक्ति मनु की है—

नेहेतार्थान् प्रसङ्गेन, न विरुद्धेन कर्मणा।
न विद्यमानेष्वर्थेषु नार्त्यमपि यतस्ततः ॥[४]

अर्थोपार्जन हेतु धर्मानुमोदित ऐसी वृत्ति का आश्रयण मनु ने उत्तम माना है, जिसमें किसी मनुष्य को कष्ट न हो या न्यूनतम कष्ट हो। उन्हीं के शब्दों में—

अद्रोहेणैव भूतानामल्पद्रोहेण वा पुनः।
या वृत्तिस्तां समास्थाय विप्रो जीवेदनापदि ॥[५]

१. वही, २१२.१९
२. चा.नीति.१५.६
३. मनु, ४.३
४. मनु, ४.१५
५. मनु, ४.२

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आर्थिक भ्रष्टाचार से मुक्ति का मूल मन्त्र मनु ने सन्तोष को माना है। अपने जीवन को सरल बनाकर अपनी आवश्यकताओं को कम से कम कर, अपनी आकांक्षाओं को सीमित कर धार्मिक मार्गों से उपार्जित आय की सीमा के अन्तर्गत ही व्यय करना सबसे बड़ा पाण्डित्य, वैदग्ध्यता और धर्म है—ऐसा मनु का उद्घोष है—

एतदेव हि पाण्डित्यम्, इयमेव विदग्धता।
एष एव परो धर्मः, यदायान्नाधिको व्ययः॥

इसीलिए तो धन की अपेक्षा सम्मान को अत्युच्च स्थान देते हुए ऋषियों ने लिखा है—

अधमा धनमिच्छन्ति, धनं मानं च मध्यमाः।
उत्तमाः मानमिच्छन्ति, मानो हि महतां धनम्॥

आर्थिक भ्रष्टाचार के अन्तर्गत इन दिनों रिश्वतखोरी एक अत्यन्त चर्चित चुनौती के रूप में उपस्थित होकर समाज को विनाश की ओर ले जा रही है और महर्षियों ने इस ओर भी अत्यधिक सतर्क तथा सचेष्ट रहने का उपदेश दिया है। राजकर्मचारियों की इस सहज दुष्प्रवृत्ति की ओर संकेत करते हुए आचार्य चाणक्य ने स्पष्ट किया है कि— 'जिस प्रकार जल के अन्तर्गत विचरण करने वाली मछलियाँ कब जल पी लेती है, यह पता लगाना अत्यन्त कठिन है, उसी प्रकार राजकार्य में नियुक्त कर्मचारियों की रिश्वतखोरी को पकड़ पाना अत्यन्त ही दुरूह कार्य है, अर्थात् इस समस्या के निराकरण हेतु शासकों को अत्यन्त सावधान और सचेष्ट रहना चाहिए—

मत्स्याः यथान्तःसलिले चरन्तो,
ज्ञातुं न शक्याः सलिलं पिबन्तः।
युक्तास्तथा कार्यविधौ नियुक्ताः
ज्ञातुं न शक्याः धनमादधानाः॥

रिश्वतखोरी की इसी दुष्प्रकृति की चर्चा करते हुए मनु ने स्पष्ट किया है कि प्रजा की रक्षा हेतु नियुक्त राजकर्मचारी प्रायः घूस लेने के अभ्यस्त होते हैं, अतः इनसे प्रजा की रक्षा करना राजा का परम धर्म है। ऐसे आर्थिक अपराधियों का सर्वस्व हरण कर उन्हें देश-निष्कासन के कठोरतम दण्ड देने का विधान मनु ने किया है—

राज्ञो हि रक्षाधिकृताः परस्वादायिनः शठाः।
भृत्याः भवन्ति प्रायेण, तेभ्योः रक्षेदिमाः प्रजाः॥
ये कायकेभ्योऽर्थमेव गृहणीयुः पापचेतसः।
तेषां सर्वस्वमादाय राजा कुर्यात् प्रवासनम्॥

इस प्रकार गलाघोंट प्रतियोगिता वाले, निरे भौतिकवादी, अर्थप्रधान समाज में रहने वाला अर्थान्ध मानव यदि हमारे स्मृतिकारों द्वारा प्रतिपादित उपरोक्त निर्देशों, उपदेशों और सिद्धान्तों को अपने जीवन में उतारने का थोड़ा भी प्रयास करे, तो आज की इन ज्वलन्त राजनैतिक और आर्थिक ही नहीं, अपितु समस्त चुनौतियों का सहज प्रतिकार कर तीव्र गति से विकासोन्मुख समाज की रक्षा करने में अपना अमूल्य सहयोग दे सकता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तन्त्रागमों में रहस्य-चिन्तन

डॉ. शीतला प्रसाद उपाध्याय

भारतवर्ष के तत्त्व-विचारमूलक शास्त्रों में तन्त्रागम भी एक साधनाप्रधान दर्शन है । इसमें दार्शनिक अंश अत्यल्प हैं । यहाँ साधना की मात्र कुछ स्थितियों की ही दार्शनिक व्याख्याएँ यहाँ अभीष्ट हैं, जहाँ पर साधकों को उनके मार्ग-निर्देशन के लिए तत्त्व-बोध करना अपरिहार्य हो जाता है । इस शास्त्र में साधना मात्र ही अनुभूति में पर्यवसित होती है और उस अनुभूति के ऊपर तदनुरूप तत्त्व-विचार प्रतिष्ठति होता है । मात्र दार्शनिक व्याख्याओं से कोई भी तत्त्व किसी भी प्रकार से ग्राह्य नहीं होता है ।

इस साधना की दो दिशाएँ हैं — प्रथम है क्रिया की दिशा और द्वितीय है भाव की दिशा । क्रिया बहिरंग होती है और भाव अन्तरंग । अन्तर्निहित भाव को हृदयंगम न कर सकने पर भाव में प्रवेश कर पाना असम्भव हो जाता है । साथ ही क्रिया का आश्रय लिये बिना भी भाव में पहुँच पाना कठिन हो जाता है । इस तरह से साधना में ये दोनों ही दिशाएँ अपरिहार्य हो जाती हैं । प्रत्येक प्रकार के भावोदय के साथ मन, प्राण आदि की अवस्था और नाड़ी की क्रिया का सम्बन्ध होता है । इसी प्रकार मन, प्राण आदि को एक निर्दिष्ट प्रकार से स्पन्दित कर सकने पर ही तदनुसार भाव का उदय हुआ करता है । विभिन्न प्रकार के आसन, मुद्रा, प्राण, क्रिया प्रभृति दैहिक और प्राणिक चेष्टाओं से मन की क्रिया, भाव आदि नियन्त्रित होते हैं ।

तन्त्रों और आगमों में वर्णित दार्शनिक विचारों की शृंखला में पाया जाता है कि तत्त्वों की दार्शनिक व्याख्या करते-करते यह दर्शन ऐसे रहस्यों से आच्छादित हो जाता है, जिनके उद्घाटन हेतु हमें सम्प्रदाय अथवा सद्गुरु की शरण में जाना अनिवार्य हो जाता है । ये रहस्य शास्त्रीय ग्रन्थों में या तो गुप्त रूप से बतलाये गये होते हैं, या संकेतरूप से किञ्चित् अंश में निर्दिष्ट किये गये होते हैं । कभी-कभी तो इसमें प्रयुक्त शब्द संस्कृत के व्याकरण की परिधि के बाहर के प्रतीत होते हैं, जिनकी व्युत्पत्ति करके भी उनका अर्थ-बोध कर पाना कठिन हो जाता है ।

इस शास्त्र में कौलिक याग, कामकला-रहस्य, अजपाजप का रहस्य मन्त्रोद्वार-प्रक्रिया, श्लोकों में व्याकुलाक्षरों का प्रयोग, मण्डल-निर्माण, मुद्रानिर्माण, न्यास-प्रक्रिया, दीक्षा-प्रकरण में गोलक-विधि, यन्त्र-रहस्य, मूर्तिरहस्य बिन्दु और विसर्ग—दोनों से एक साथ संम्पृक्त वर्णों की उच्चारण-विधि, उपासना-विधि इत्यादि अति रहस्यमय और गुप्त बतलाये गये हैं, जिनका ज्ञान प्राप्त करना गुरु के बिना सम्भव ही नहीं होता है । इसमें देवता

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की उपासना भी अतिरहस्यमयी होती है, जिसमें उपासक स्वयं को 'शिव' अथवा 'देवी' रूप में प्रतिष्ठित करके उपासना में प्रवृत्त होता है।

कौलिक-याग

कुल प्रक्रिया के द्वारा की जाने वाली साधना 'कौलिक याग' कहलाती है। तन्त्रालोक के विवेककार जयरथ के अनुसार कृतयुग से लेकर उनके समय तक श्री खगेन्द्रनाथ आदि के क्रम में उनकी परम्परा में आगत सिद्धक्रम इस कुल-प्रक्रिया का तात्पर्य है। इस याग में शास्त्रीय परम्परा के अनुसार निषिद्ध द्रव्यों को ही नियोजित करने का विधान है। उन द्रव्यों में भी मद्य की प्रधानता है। इस याग में शक्तिसंगम से अर्घ्य का, भूवस्त्रकायपीठाख्य धाम का और गोघृत के दीप का प्रयोग अवश्य करणीय होता है। इस याग में स्नान, मण्डल-निर्माण, कुण्ड-निर्माण, षोढान्यास आदि का विशेष महत्त्व नहीं होता है। यथेच्छ स्वच्छन्द चेष्टा ही इस प्रक्रिया में मान्य हैं।

तन्त्रालोक के उन्तीसवें आह्निक और नेत्रतन्त्र के सप्तम अधिकार में इस रहस्यमयी प्रक्रिया का वर्णन है। मानवदेह में वर्णित छह चक्र, सोलह आधार, तीन लक्ष्य, पाँच आकाश, बारह ग्रन्थियाँ, तीन शक्तियाँ, धाम के तीन मार्ग, तीन प्रधान नाड़ियाँ, दस प्रकार के नाड़ी-पथ, बहत्तर हजार तथा साढ़े तीन लाख नाड़ियों का ज्ञान सद्‌गुरु की कृपा से ही सम्भव है, यद्यपि इनके नाम और स्थान ग्रन्थों में अवश्य मिलते हैं। इस प्रकार के ज्ञान से कौलिक याग के आधारभूत काय-साधना की प्रक्रिया सम्पन्न होती है। पुनश्च शाक्तानन्द मार्ग में संचरण, मन्त्रवीर्यसारोदय, वेधक्रिया की विधि और तदनन्तर शाक्तानन्द के ध्यान आदि की सारी प्रक्रियाएँ सद्‌गुरु के द्वारा ही अनुभवगम्य हैं।

कामकला का रहस्य

तन्त्रशास्त्र में परम सत्ता को समझने के लिए कामकला के रहस्य को समझना और उसका ज्ञान प्राप्त करना परम आवश्यक होता है। कामकला तत्त्व में तीन बिन्दुओं की क्रीड़ा होती है। यहाँ 'काम' शब्द स्थिति रूप सूर्य का वाचक है। इसकी दो कलाएँ होती हैं— अग्नि और सोम, जो संहार और सृष्टि के वाचक हैं। अग्नि और सोम की साम्यावस्था ही शिव और शक्ति का सामरस्य स्वरूप है, जो अनुत्तर तत्त्वरूप परम सत्ता के पश्चात् की अवस्था है। स्थिति रूप में यह सामरस्य नित्य वर्तमान रहता है, किन्तु सृष्टि के आविर्भाव की दशा में शक्ति का स्राव अबाधित रूप में होता रहता है, जिसके फलस्वरूप चित्‌शक्ति अथवा संवित् का उद्‌भव होता है, और संवित् से विश्व के मूलाभूत छत्तीसतत्त्व आविर्भूत होते हैं। इन सभी तत्त्वों में शिव और शक्ति पहले से ही रहते हैं, किन्तु इनमें और शिव-शक्ति के सामरस्यरूप स्थितिरूप में पार्थक्य रहता है, जिसे सद्‌गुरु की ही कृपा से समझा जा सकता है। इसी क्रम में हार्द्ध कला भी क्रियाशील रूप में विद्यमान रहती है, जो देवी के योनि प्रदेश से धारा रूप में निःसृत होती है। इस पूरे प्रकरण की चर्चा 'कामकलाविलास' आदि ग्रन्थों में वर्णित है, किन्तु बिना सम्प्रदाय के इसे समझाना दुष्कर हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अजपा जप का रहस्य

यह साधना स्वभाव की साधना है । पूरे जीवन में जो स्वाभाविक रूप से श्वास-प्रश्वास की क्रिया चलती रहती है, उसे ही आधार बनाकर अजपा जप की साधना का अनुष्ठान होता है । शास्त्रों में मनुष्य के स्वाभाविक श्वास-प्रश्वास की संख्या एक अहोरात्र में २१,६०० बतलायी गयी है । श्वास 'सः' ध्वनि करता हुआ भीतर आता है और प्रश्वास 'हम्' ध्वनि के साथ बाहर निकलता है । इस प्रकार मनुष्य द्वारा निरन्तर श्वास-प्रश्वास के माध्यम से 'हंस' मन्त्र का जप होता रहता है । मनुष्य साधना के बल पर 'हंस' गति को 'सोऽहं' में बदल सकता है, किन्तु इस साधना में प्रवेश पाने के लिए सद्‌गुरु का सान्निध्य आवश्यक होता है ।

न्यास

तान्त्रिक साधनाओं में न्यास का महत्त्वपूर्ण स्थान है । यह महत्त्व दिव्य-जीवन लाभ के लिए है । वस्तुतः देवता के अंग से निकलती हुई चिद्रश्मियों का अपनी देह में सन्निवेश करना ही न्यास का उद्देश्य है । न्यास के द्वारा ही देव-भाव अथवा देवी-भाव का उदय होता है और तान्त्रिक उपासना में अधिकार प्राप्त होता है । यद्यपि शास्त्रों में इनके अनेक प्रकार वर्णित है, तथापि बिना सद्‌गुरु के इसमें सफलता नहीं मिल पाती है । इसी प्रकार से पूर्व में बतलाये गये तन्त्र और आगमों के अन्य भी रहस्यमयी बिन्दुओं की चर्चा शास्त्रीय ग्रन्थों में मिलती है, किन्तु उनका ज्ञान हमें तब तक नहीं मिल पाता है, जब तक क्रियापद्धति का ज्ञाता कोई सद्‌गुरु नहीं मिल जाता है । इस शास्त्र में अनुसन्धान करनेवाले गवेषकों की इन कठिनाइयों की ओर विद्वानों का ध्यान आकृष्ट कराना भी आवश्यक है ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मानवीय मूल्यों के विकास में आचार्य समन्तभद्र का योगदान : एक अनुसंधानात्मक दृष्टि

डॉ० जयकुमार उपाध्ये

हमारी सभ्यता के उषःकाल से ही संस्कृत काव्य का प्रादुर्भाव हुआ है। राष्ट्रीय, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक भावनाएँ काव्य में सुरक्षित रहती हैं। देश के गर्वोन्नत भाल की दीप्ति संस्कृत काव्य ही है। हमारे राष्ट्र के समस्त दार्शनिकों ने दर्शनशास्त्र के गूढ़ और गहन ग्रन्थों का प्रणयन ईस्वी की प्रथम शताब्दी में संस्कृत भाषा में प्रारम्भ किया। जैन कवि एवं दार्शनिक भी इस दौड़ में पीछे नहीं रहे। उन्होंने प्राकृत के समान ही संस्कृत पर भी अधिकार स्थापित किया तथा काव्य और दर्शन क्षेत्र को अपनी महत्त्वपूर्ण रचनाओं द्वारा समृद्ध बनाया। भारतीय वाङ्मय के विकास में जैनाचार्यों द्वारा किये गये सहयोग की प्रशंसा करते हुए डॉ. विन्टरनित्स ने लिखा है—

"I was not able to do full justic to the Literary achivements of the Jainas. But I hope to have shown that the jainas have contributed theire full share to the religious, ethical and scintific literature of ancient India."[१]

जिस प्रकार वैदिक ब्राह्मण द्वारा धर्म में वेदों को और बौद्ध धर्म में त्रिपिटक को सर्वोपरि स्थान दिया गया है। उसी प्रकार जैन धर्म में द्वादशांग वाणी को सर्वोपरि स्थान प्राप्त है। इस द्वादशांग वाणी के पूर्व 'चौदह पूर्व' नामक वाङ्मय भी उपस्थित था। भगवान महावीर के पूर्व से जो ज्ञान-परम्परा चली आ रही थी, उसी के उत्तरवर्ती साहित्य-सृजन के समय 'पूर्व' कहा गया है। साधारण बुद्धि वाले लोग इन पूर्वों को समझने में असमर्थ थे। अतः गणधरों ने भगवान महावीर की दिव्यध्वनि के आधार पर प्राकृत भाषा में द्वादशांग वाणी को निबद्ध किया। जैन लेखकों की मूल भाषा प्राकृत थी। संस्कृत के प्रचार-युग में जैनाचार्य भी काव्य और दर्शन ग्रन्थों का प्रणयन इस भाषा में करने लगे।

---

१. The Jainas in the history of Indian Literature By Dr. Winternitz, Edited By Jina Vijaymuni, Ahmedabad 1946. Page - 4

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सिद्धसारस्वत आचार्य समन्तभद्र

संस्कृत काव्य-निर्माण में आचार्य समन्तभद्र को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। उन्होंने ईसा की द्वितीय शताब्दी में स्तुतिकाव्य की रचना कर जैनों के मध्य संस्कृत काव्य-परम्परा का शुभारम्भ किया है। यह सर्वमान्य है कि संस्कृत भाषा में काव्यों का प्रादुर्भाव स्तुतियों से हुआ है। वैदिक युग में वेदमन्त्र प्रथम स्तवन काव्य है, तो आचार्य समन्तभद्र द्वारा संस्कृत भाषा में रचित 'आदिम स्तवन काव्य' है। अत: संस्कृत भाषा में जैन-काव्य की परम्परा द्वितीय शती से प्रारम्भ होकर १८वीं शती तक अनवरत रूप से चलती रही है। संस्कृत-काव्य के विकास-काल में जितने काव्य-ग्रन्थ जैन कवियों ने रचे है; उनसे कई गुना अधिक ह्रासोन्मुख काल में भी जैनों ने लिखे हैं।

आचार्य समन्तभद्र ईसा की द्वितीय शती के प्रसिद्ध तार्किक विद्वान थे। वे असाधारण विद्या के धनी थे। उनके कवित्व और वाग्मित्व आदि शक्तियां विकास की चरम अवस्था को प्राप्त हो गई थीं। वे क्षत्रिय राजपुत्र थे। उनका जन्मनाम शांति वर्मा था।[१] आप्तमीमांसा की एक प्राचीन ताडपत्रीय प्रति के आधार पर पता चलता है कि वे फणिमण्डलान्तर्गत उरगपुर राजा के पुत्र थे। उरगपुर चोल राजाओं की प्राचीन ऐतिहासिक राजधानी रही है। जैन धर्म में उनकी बड़ी आस्था थी। उन्होंने राजवैभव के मोह का त्यागकर दिगम्बर दीक्षा धारण की और उत्कृष्ट तप का आचारण किया।

आचार्य समन्तभद्र जी ने लोक-कल्याण तथा धर्मप्रभावना की भावना से देशाटन किया। इस तथ्य का उल्लेख श्रवणबेलगोला स्थित शिलालेख के निम्नलिखित पद्य में पाया जाता है—

"पूर्वं पाटलिपुत्रमध्यनगरे भेरीमया ताडिता,
पश्चान्मालव-सिन्धु-ठक्क-विषये कांचीपुरे वैदिशे।
प्राप्तोऽहं करहाटकं बहुभटं विद्योत्कटं संकटं
वादार्थी विचराम्यहं नरपते शार्दूलविक्रीडितम्॥"[२]

आचार्य समन्तभद्र ने करहाटक पहुँचने से पहले जिन देशों व नगरों के वाद के लिए विहार किया था, उनमें पाटलिपुत्र, मालवा, ठक्क देश (पंजाब), सिन्धु, कांचीपुर (कांजीवरम) तथा विदिशा थे, जहाँ उन्होंने वाद भेरी बजायी थी।

आचार्य समन्तभद्र के वचनों की यह विशेषता थी कि उनके वचन स्याद्वाद न्याय की तुला में नपे-तुले होते थे। चूँकि समन्तभद्र स्वयं परीक्षाप्रधानी थे। अत: आचार्य विद्यानन्द ने उन्हें परीक्षानेत्र से सबको देखने वाला 'परिवेक्षण' लिखा है। वे दूसरों को भी परीक्षा-प्रधानी बनने का उपदेश देते थे। उनकी वाणी का यह जबरदस्त प्रभाव था कि कठोर भाषण करने वाले भी उनके समक्ष मृदुभाषी बन जाते थे। जहाँ भी उनकी वाद घोषणाएँ होती थी, वहाँ समस्त विद्वान उन्हें चुपचाप सुन लेते थे; तात्विक एवं सैद्धान्तिक भाषणों का विरोध नहीं करते थे।

१. भारतीय संस्कृति में जैन धर्म का योगदान- डॉ० हीरालाल जैन
२. रत्नकरण्डकश्रावकाचार हिन्दी टीका प्राक्कथन —डॉ० पन्नालालजी साहित्याचार्य

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राजा के सम्मुख राजदरबार में अपना परिचय देते हुए मैं जैन निर्ग्रन्थ वादी हूँ। जिसमें शक्ति हो, वे सामने आकर वाद करें।[१]

आचार्य समन्तभद्र के असाधारण व्यक्तित्व के द्योतक आज्ञासिद्ध एवं सिद्धसारस्वत—ऐसे दो विशेषण अत्यन्त मौलिक हैं।

काशी-नरेश के समक्ष अपना परिचय देते हुए उन्होंने कहा था—

आचार्योऽहं कविरहमहं वादीराट् पंडितोऽहं,
दैवज्ञोऽहं भिषगहमहं मान्त्रिकस्तान्त्रिकोऽहम्।
राजन्नस्यां जलधिवलया मेखलायामिलायामा-
ज्ञासिद्धः किमितिबहुना सिद्धसारस्वतोऽहम्॥ [२]

हे राजन् !मैं आचार्य हूँ, कवि हूँ, वादियों में श्रेष्ठ हूँ, पंडित हूँ, ज्योतिषी हूँ, वैद्य हूँ, मांत्रिक हूँ, तांत्रिक हूँ। अधिक क्या, इस सम्पूर्ण पृथ्वी में आज्ञासिद्ध और सिद्धसारस्वत हूँ। आज्ञासिद्ध का अर्थ है—जो आज्ञा दे, अर्थात् जो कहे, वही हो जाये। सिद्धसारस्वत का अर्थ है कि उन्हें सरस्वती देवी सिद्ध थीं। आचार्य समन्तभद्र की सफलता और विजय का रहस्य इसी में छिपा हुआ है। उनके वचन स्याद्वाद रूपी तुला से तुले हुए होते थे। दूसरों को कुमार्ग पर चलते हुए देखकर उन्हें बड़ा ही कष्ट होता था। अतः आत्महित साधना के साथ-साथ ही दूसरों का हितसाधन करना ही उनका प्रधान लक्ष्य था।

जैनदर्शन के इतिहास में आचार्य समन्तभद्र का स्थान

आचार्य समन्तभद्र स्याद्वाद विद्या के प्राणप्रतिष्ठापाक थे। अनेकान्त और स्याद्वाद, सप्तभंगी, प्रमाण, नय की स्पष्ट व्याख्या करके जैन न्याय की नींव उन्होंने रखी है। सुनय तथा दुर्नय की व्यवस्था दार्शनिक दृष्टि से प्रमाण का व्यवस्थित लक्षण, प्रमाण के फल का निरूपण और अनेकान्त में भी अनेकान्त की योजना— यह सर्वप्रथम समन्तभद्र ने ही किया है।

यथार्थ में समन्तभद्र का समय भारतीय दर्शन के इतिहास में एक बहुत बड़ी क्रान्ति का समय था। उस समय भावैकान्त, अभावैकान्त, अनित्यैकान्त, भेदैकान्त, अभेदैकान्त, हेतुवाद, अहेतुवाद, दैववाद, पुरुषार्थवाद आदि अनेक प्रकार के एकान्तवाद का प्राबल्य था। समन्तभद्र ने उन एकान्तवादों का परीक्षण सूक्ष्म रूप से करके युक्ति के द्वारा उनका निराकरण किया है। परस्पर में विरोधी प्रतीत होने वाली नित्यत्व, अनित्यत्व आदि अनेक धर्मों के सुदाय रूप वस्तु की सिद्धि सर्वप्रथम आचार्य समन्तभद्र के ग्रन्थों में ही उपलब्ध होती है। समस्त एकान्तवादों का स्याद्वाद न्याय के द्वारा समन्वय करना समन्तभद्र की अपनी विशेषता है। इन सब बातों के कारण जैनदर्शन के इतिहास में आचार्य समन्तभद्र का महत्त्वपूर्ण स्थान है।

---

१. जैन धर्म का प्राचीन इतिहास (द्वितीय भाग) — परमानंद शास्त्री
२. स्वयंभूस्तोत्र तत्त्वप्रदीपिका—प्रस्तावना—प्रो. उदयचंद्र जैन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आचार्य जिनसेन ने आदिपुराण में कहा है—

कवीनां गमकानां च वादिनां वाग्मिनामऽपि।
यशःसमन्तभद्रीयं मूर्ध्नि चूड़ामणीयते ॥[१]

यद्यपि आचार्य समन्तभद्र में अनेक गुण विद्यमान थे, किंतु उन गुणों में वादित्व, गमकत्व, वाग्मित्व और कवित्व— ये चार गुण तो उनमें परम प्रकर्ष को प्राप्त थे। 'वादि' शास्त्रार्थ करने में प्रवीण होते हैं। 'गमकत्व', दूसरे विद्वानों की रचनाओं को स्वयं समझने और दूसरों को समझाने में समर्थ है। 'वाग्मी' अपने वचन-चातुर्य से दूसरों को वश में करने वाले होते हैं, 'कवि' काव्य की रचना करने में समर्थ होते है। आचार्य समन्तभद्र उन सबमें शिर पर चूड़ामणि के समान सर्वश्रेष्ठ थे। उनके स्याद्वादमयी वाणी से श्रोता मंत्रमुग्ध हो जाते थे। इस प्रकार समन्तभद्र ने देश के पूर्व, पश्चिम, दक्षिण व उत्तर के प्रायः सभी भागों में अप्रितद्वन्द्वी सिंह के समान निर्भयता के साथ वाद के लिए घूमे थे।

समन्तभद्र की रचनाएँ

समन्तभद्र की प्रमुख रचनाएँ हैं—

(१) आप्तमीमांसा (२) युक्त्यनुशासन (३) स्वयंभूस्तोत्र (४) स्तुतिविद्या (५) रत्नकरण्डक श्रावकाचार

उपरोक्त पाँचों ग्रन्थ उपलब्ध हैं और प्रकाशित भी हैं। 'रत्नकरण्डक' को छोड़कर चारों ग्रन्थ स्तुतिपरक हैं। इनके अलावा 'जीवसिद्धि' तथा 'गंधहस्ति' महाभाष्य के उल्लेख मात्र हैं, परन्तु उपलब्ध नहीं हैं।

(१) आप्तमीमांसा या देवागम स्तोत्र— स्तोत्र के रूप में तर्क और आगम परम्परा की कसौटी पर आप्त-सवर्ज्ञ देव की मीमांसा की गयी है। समन्तभद्र अंधश्रद्धालु नहीं हैं। वे श्रद्धा को तर्क की कसौटी पर कसकर युक्ति आगम द्वारा आप्त की विवेचना करते हैं। इस स्तोत्र में ११५ पद्य हैं। स्तोत्र का आरंभ देवागम पद द्वारा हुआ है। अतः यह देवागम स्तोत्र भी कहलाता है।

(२) युक्त्यनुशासन— अर्थगौरव की दृष्टि से उत्तम इस स्तुति की रचना से 'गागर में सागर' उक्ति चरितार्थ होती है। वीर के सर्वोदय तीर्थ का महत्त्व प्रतिपादित करने के लिए उनकी स्तुति की गई है। युक्तिपूर्वक महावीर के शासन का मण्डन और वीरविरुद्ध मतों का खंडन किया गया है। समस्त जिनशासन को केवल ६४ पद्यों में ही समाविष्ट किया गया है। इस स्तोत्र में महावीर के तीर्थ को 'सर्वोदय तीर्थ' कहा गया है।

(३) स्वयंभूस्तोत्र— यह उच्च कोटि का दार्शनिक स्तोत्र काव्य है। कवित्व शक्ति स्वाभाविक है। 'स्वयंभूस्तोत्र' में चौबीस तीर्थंकरों की स्तुति की गयी है। स्तोत्र का पहला शब्द 'स्वयंभू' है। अतः इसका नाम स्वयंभूस्तोत्र अंकित है। इसमें कुल १४३ पद्य हैं। इस स्तोत्र के भक्ति रस में गम्भीर अनुभूति विद्यमान है। अतः इसे 'सरस्वती की स्वच्छंद विहारभूमि' कहा जाता है। इस स्तोत्र में भक्ति-भावना, ललित पदावली, रागात्मक वृत्तियों का उदात्तीकरण तथा दार्शनिक तथ्यों की अभिव्यंजना द्रष्टव्य है।

१. आचार्य जिनसेन आदिपुराण

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(४) स्तुतिविद्या— इस रचना का अपरनाम 'जिनशतकालंकार' है। इस स्तोत्र-रचना से शतक काव्य रचना का शुभारम्भ हुआ है। इसमें चित्र काव्य और बन्धरचना का अपूर्व कौशल समाहित है। प्राचीन काल में किसी एक विषय का आधार प्राप्त करके सौ पद्यों में रचना करना एक गौरव की बात मानी जाती थी। प्रस्तुत शतक में २४ तीर्थंकरों की स्तुति चित्रबंधों में की गयी है। मुरजबंध, चक्रबंध, अर्धभ्रम, गतप्रत्यागतार्ह, अनुलोम, प्रतिलोम, सर्वतोभद्र चित्रों का प्रयोग उपलब्ध है। एकाक्षर पद्यों की सुंदरता कला की दृष्टि से प्रशंसनीय है। प्रस्तुत स्त्रोत में ११६ पद्य हैं। इस काव्य में वक्रोक्ति स्वभावोक्ति का चमत्कार भी निहित है। एक एक व्यंजन के अक्षर क्रम से प्रत्येक पाद का ग्रथन कर चित्रालंकार की योजना की गयी है।

(५) रत्नकरण्डक श्रावकाचार—यह अनुपम आचारपरक ग्रन्थ है। इसमें गृहस्थों को भी मोक्षमार्ग में आरूढ़ होना स्वीकार किया गया है। मोक्षमार्ग पर चलने हेतु सम्यग्दर्शन की प्राप्ति आवश्यक बतायी गयी है। मिथ्यात्व संसार परिभ्रमण का कारण है। मोह से रहितता को ही सम्यक्त्वप्राप्ति का लक्षण बताया गया है। संसार में मिथ्यात्व से बढ़कर कोई शत्रु नहीं है। सम्यग्दर्शन प्राप्त होने पर नियम से अनन्त संसार में परिभ्रमण का नाश हो जाता है। गृहस्थ को समीचीन धर्म का परिपालन करने का उपदेश दिया गया है।

धर्म की परिभाषा करते हुए आचार्य समन्तभद्र ने बताया है कि जो जीव समीचीन धर्म का पालन करेगा, वह संसारदु:ख के संपादन करनेवाले कर्म का नाश करता है। स्वर्ग मोक्ष रूपी उत्तम सुख को धारण करता है। आठ प्रकार के मद बताये गये हैं। वे क्रम से ज्ञान, पूजा, कुल, जाति, बल, ऋद्धि, तप व शरीर हैं। दूसरों को तुच्छ समझना और स्वयं बड़प्पन का अनुभव करना स्मयमद है। अपने से अधिक गुणी की तरफ दृष्टि रखने से अहंकार का भाव नष्ट होता है। पाप को रोकने वाला रत्नत्रय धर्म है। वह रत्नत्रय सम्यक्‌दर्शन, सम्यक्‌ज्ञान और सम्यक्‌चारित्र से युक्त होता है। चांडाल को भी धर्म धारण करने का अधिकार दिया है। वह आदर के योग्य बताया गया है। इस प्रकार उदाहरण के साथ स्पष्ट शब्दों में धर्म की महत्ता को निर्देशित किया गया है। जो सम्यक्‌दर्शन को प्राप्त करता है, वह दुर्जनों की संगति से दूर रहता है। मोक्षमार्ग में सम्यक्‌दर्शन खेवटिया का काम करता है। जैसे नदी पार करने में खेवटिया सहायक होता है, वैसे ही सम्यक्‌दर्शन संसार गया सागर से पार होने के लिए कर्णधार का कार्य करता है। मोहरहित अणुव्रती मोही महाव्रती मुनि से भी श्रेष्ठ माना गया है।

ओजस्तेजोविद्यावीर्ययशोवृद्धिविजयविभवसनाथाः।
महाकुला महार्था मानवतिलका भवन्ति दर्शनपूताः॥[1]

जो सम्यग्दर्शन से पवित्र है, वह जीव दर्शनपूत कहलाता है। वह जीव ओज, तेज, विद्या, सामर्थ्य, यशोवृद्धि, विजय, विभव से मुक्त होता है तथा उत्तम कुल में उत्पन्न होने वाले को महाकुल और धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष रूप पुरुषार्थ से सहित को महार्थ कहा जाता है और जो श्रेष्ठ मनुष्यों में उत्पन्न होता है, वह मानवतिलक कहलाता है। पवित्र सम्यक्‌दृष्टि जीव ओज आदि से सहित, उच्चकुलीन धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के साधक तथा मनुष्यों में आभूषण स्वरूप होते हैं।

१. रत्नकरण्डकश्रावकाचार, पंक्ति-संख्या ३६ — डॉ. पन्नालालजी साहित्याचार्य

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस प्रकार प्रथम परिच्छेद में सम्यग्दर्शन की विस्तृत चर्चा की गयी है। जिस तरह बीज के अभाव में वृक्ष की उत्पत्ति नहीं होती, उसी प्रकार सम्यग्दर्शन के बिना मोक्ष सम्भव नहीं है।

दूसरे अधिकार में ज्ञान का विवेचन किया गया है। जो पदार्थ को न्यूनतारहित, अधिकतारहित ज्यों का त्यों विपरीततारहित और सन्देहरहित जानता है, उसे आगम के ज्ञातापुरुष सम्यग्ज्ञानी कहते हैं। तीसरे चारित्र अधिकार में मोह रूपी अंधकार से दूर रहने के लिए एवं रागद्वेष की निवृत्ति के लिए, सम्यग्चारित्र धारण करने के लिए निर्देश दिया गया है। पाप पाँच प्रकार के होते हैं - १. हिंसा २. झूठ ३. चोरी ४. कुशील ५. परिग्रह। इन पापाचरण से स्थूलरूप से निवृत्ति पाना 'अणुव्रत' कहलाता है। समान रूपवाली नकली वस्तु असली वस्तु के भाव से बेचना व्रत में अतिचार माना गया है। किसी वस्तु को बेचते समय कम मान में देना और लेते समय अधिक मान से खरीदना अचौर्यअणुव्रतधारी के व्रत में अतिचार बताया गया है। पापों से विरत होना 'व्रत' कहलाता है। बिना व्रत के कर्मों का क्षालन नहीं होता। व्रत धारण करने को 'संयम' कहते हैं। संयम दो प्रकार का बताया गया है— एक यम औ दूसरा नियम। यम व्रत को आमरणपर्यन्त धारण करने का निर्देश दिया गया है। नियम व्रत नियत समय के लिए एक दिन, आठ दिन, एक माह तक सीमा रखकर धारण किया जाता है। गुणव्रत तीन हैं, जो पंच अणुव्रतों के उत्तरोत्तर विकास के लिए उपकारी हैं।

श्रावक कहलाने के लिए ८ मूल गुण आवश्यक हैं मद्यत्याग, माँसत्याग, मधुत्याग और ५ पापों का त्याग आवश्यक बताया गया है। मोक्ष को कौन नहीं जानता इस विषय पर खुली चर्चा की है। दान करना आवश्यक बताया गया है, परन्तु योग्य पात्र के लिए योग्य समय में दिया हुआ दान थोड़ा सा भी हो, तो वह अधिक फलदायी होता है। सुपात्र दान सद्गति और कुपात्र दान नरक का कारण माना गया है। तिर्यंच मेढक ने भी भगवद्भक्ति के कारण महानुभाव की संज्ञा को प्राप्त किया है। इस प्रकार चौथे परिच्छेद में शिक्षाव्रत एवं दान की परम्परा को उद्घाटित किया गया है। अन्तिम परिच्छेद में पाँचवें में मरण को निमन्त्रण देने की विधि बतायी गयी है तथा ग्यारह प्रतिमा के द्वारा अत्यंत कल्याणकारी मोक्ष की सिद्धि के उपाय पर विस्तृत चर्चा की गयी है। इस प्रकार आचार्य समन्तभद्र द्वारा मानवीय मूल्यों को प्रकटकर उनकी विकास-यात्रा का विस्तृत विवेचन एक बृहद् अनुसन्धान का विषय है। यह ग्रन्थ धर्मरत्न का छोटा सा पिटारा है। इसलिए यह रत्नकरण्डक श्रावकाचार नाम सार्थक है। इसके मनन, अध्ययन और आचरण से कल्याण सुनिश्चित है। वास्तव में आचार्य समन्तभद्र एक क्षात्रतेज सम्पन्न युगपुरुष थे। दर्शन के क्षेत्र में उत्तरवर्ती दार्शनिकों के लिए उन्होंने मार्ग प्रशस्त किया है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारतीय संस्कृति में वर्णित तान्त्रिक तत्त्व : एक आध्यात्मिक समालोचना

डॉ. शारदा वर्मा

हमारे देश की सभ्यता तथा संस्कृति विश्व की अति प्राचीन संस्कृतियों में से एक है, जो पूरे विश्व को शान्ति का उपदेश देती है। विश्व-संस्कृति में एकता के संदेशवाहक सूत्र — **माता हि भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः**, त्यागपूर्वक उपभोग सूत्र — 'तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्य स्विद् धनम्', 'वसुधैव कुटुम्बकम्' आदि के कारण ही संस्कृत पर आश्रित हमारी संस्कृति ने हमारे राष्ट्र को विश्वगुरु पद प्राप्त कराया है। अमृतत्व की उत्पादिका देववाणी संस्कृत पर पाश्चात्य विद्वानों द्वारा अनेक प्रशंसनीय अनुसन्धान कार्य किये गये तथा आज भी भौतिकवादी पश्चिमी देश विज्ञान के नये रहस्यों को जानने के लिए वेद, उपनिषद्, पुराण आदि को संजीवनी मानकर आधुनिक युग से जोड़ने के लिए सॉफ्टवेयर तैयार कर रहे हैं। इनमें डॉ० रिक् ब्रिग्स, व्यास, डेविड प्रभृति विद्वान् तथा C-DAC, SANSK NET, राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति आदि संस्थाएँ प्रमुख हैं। आवश्यकता है संकीर्ण भावना तथा रूढ़िवाद को त्याग कर आधुनिक विज्ञानमूलक दृष्टिकोण अपनाने की।

निःसंदेह विज्ञान, तकनीक, स्वास्थ्य, दूरसंचार आदि अनेक क्षेत्रों में क्रान्तिकारी आविष्कार हुए हैं और इसके कारण व्यक्ति को भौतिक सुख-सुविधाएँ प्राप्त हुई हैं, परन्तु सात्विक चिन्तन, भावनात्मक एकता और आध्यात्मिक चिन्तन के अभाव में ये सब वास्तविक ज्ञान न होकर मात्र सूचनाएँ हैं।

हमारी संस्कृति और विकास को समझने के लिए वेदों, ब्राह्मणों और पुराणों को समझना अत्यावश्यक है। कहा गया है — 'वेदोऽखिलो धर्ममूलम्', 'सर्वज्ञानमयो हि सः', 'पुराणं सर्वशास्त्राणां प्रथमं ब्रह्मणा स्मृतम्' ! मा. पु. ४.३.३)। इसमें ज्ञान, विज्ञान, अध्यात्म और भौतिक जीवन की विविध शिक्षाएँ सूत्र रूप में भरी पड़ी हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि हमारी संस्कृति स्वभावतः प्रगतिशील तथा परिवर्तनशील है, परन्तु कुछ रूढ़िवादी एवं साम्प्रदायिक दृष्टि वाले लोग गूढ़ ज्ञानपरक व्याख्या न करके, उसके मौलिक अभिप्राय को न समझकर शब्दपरक व्याख्या करते हैं। १९वीं शताब्दी के आरम्भ में स्वामी दयानन्द सरस्वती ने वेदों के आध्यात्मिक अर्थ की ओर विद्वानों का ध्यान आकृष्ट किया[१]। प्राचीन साहित्य को इससे नयी दृष्टि से देखा जाने लगा। इस परम्परा में अनेक प्रतीकार्थ प्रस्तुत किये गये, जैसे— वेद में इन्द्र को मनःशक्ति माना गया है[२]।

१. दयानन्ददर्शन — डॉ. वेद प्रकाश गुप्त- पृ.- ३
२. वेदरहस्य—इन्द्र, दिव्य प्रकाश का प्रदाता, पृ.- ३

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शक्ति को विष्णुपुराण में विष्णु से उत्पन्न बताया गया है, जो यशोदा की पुत्री के रूप में जन्म लेकर भविष्य में होने वाली घटना का संकेत करती है । अन्य पुराणों में देवी की उत्पत्ति को उमा के क्रोध से उत्पन्न माना गया है ।[१]

यहाँ यह कहा जा सकता है कि देवी की उत्पत्ति का उद्देश्य कृष्ण की रक्षा और राक्षसों का विनाश करना था । इसी को ब्रह्मपुराण में 'तीनों लोकों की जननी' कहा गया है — 'त्रिजगतां जननी बभासे' ।

विष्णुपुराण के अनुसार, यह शक्ति विष्णु भगवान् के द्वारा निर्मित की गयी माया-शक्ति थी—

विष्णुप्रयुक्ता महामाया वैष्णवामोहितं यया[२]

उपनिषद्-साहित्य में 'हिरण्यमयेन पात्तेण सत्यस्यापिहितं मुखम्' आया है । इस 'सोने के पात्र' का अभिप्राय विद्या, मोह और प्रेय है । अथर्ववेद में 'राम' शब्द रोगनिवारक औषधियों के लिए भी आया है ।[३] ब्राह्मण ग्रंथों में यज्ञ से सम्बन्धित हर पदार्थ को किसी प्राकृतिक या दिव्य घटना का प्रतीक माना गया है । पशुबलि में वास्तविक पशु के स्थान पर अन्न का पशु बनाकर बलि देने की प्रथा थी । इस प्रतीकात्मकता ने ही परवर्ती विचारकों के लिए कर्मकाण्ड तथा ज्ञानकाण्ड में सामंजस्य स्थापित करवाया । इसी प्रकार पुराणों में भी बलि का विधान है, जहाँ बलि के प्रतिरूप में घी, पूआ तथा यवचूर्ण से बलिपशु की प्रतिमा बनाने का वर्णन मिलता है[४]—

कृत्वा घृतमयं व्याघ्रं नरं सिंहं च भैरव ।
अथवाऽयूपविकृतं यवक्षोदमयं च वा ।
घातयेत् चन्द्रहासेन तेन मन्त्रेण संस्कृतम् ।।

इससे यह अभिप्राय हो सकता है कि आसुरी प्रवृति के लोग उसे मदिरा, मांस आदि से पूजते हैं । इससे उन्हें आसुरी शक्तियाँ प्राप्त होती हैं । दैवी प्रकृति के लोग इन्हें गन्ध, पुष्प आदि सात्विक पदार्थों से पूजते हैं । इससे इन्हें सात्विक सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं ।

इस तरह यज्ञ में बलि से यह अर्थ भी हो सकता है — इन्द्रियों के विकार रूपी प्रबल शत्रु की बलि, न कि पशु विशेष की ।

मार्कण्डेयपुराण में वर्णित 'रक्तबीज उपाख्यान' 'देवीमाहात्म्य आख्यान' का एक अंश है ।[५] इस उपाख्यान में सप्तमातृकाओं का उल्लेख, देवताओं का भय, चामुण्डा द्वारा रक्तपान आदि का वर्णन है । इसमें काली, अर्थात् विषय में अप्रियत्व तथा हीनत्व असौन्दर्य की भावना जब उक्त अभव्य भावना को मुखस्थ कर

१. मत्स्यपुराण
२. विष्णुपुराण — ५.१.७०
३. ऋ.स.,१.५.२
४. का.पु. ६७.५३-५४
५. मा.पु. ८१-९३

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लेती है, तब जैसे भुने हुए बीज से अंकुर पैदा नहीं होता है, वैसे ही उक्त भावना से हीन-विषयोपभोग से विषयाभिलाषा का जन्म नहीं होता। फिर, बुद्धि रूपी शास्त्र के प्रयोग से विषय की अभिलाषा समाप्त हो जाती है। यही है देवी के हाथों रक्तबीज का वध। इसी प्रकार दुर्गासप्तशती की मातृमहिमाप्रकाशिनी टीका में श्रीपादपद्माश्रित ने रक्तबीज उपाख्यान का महत्त्व आध्यात्मिक दृष्टि से बताया है।[१] उनके अनुसार, जैव वासनाजनित अस्वाभाविक कर्मबीज संस्कार ही रक्तबीज का स्वरूप है। रक्तबीज का रक्त जब पृथ्वी पर गिरेगा, तब प्रत्येक बिन्दु से वासनाजनित नवीन संस्कार उत्पन्न होगा तथा नवीन रक्तबीज की उत्पत्ति होती रहेगी। इसलिए व्यक्ति को इसका तात्विक अर्थ ग्रहण करना चाहिए, सांकेतिक नहीं।

इसी प्रकार कालिकापुराण में उल्लिखित 'त्रिपुरा' को देवी माहेश्वरी कामाख्या भी कहा गया है। 'त्रिपुरा' इसलिए, क्योंकि जब साधक साधना द्वारा कामाख्या आकृति का ध्यान करता है तो उसे धर्म, अर्थ और काम—इन्हीं तीन की प्राप्ति होती है। त्रिपुर बाला (युवती रूप) तथा त्रिपुर भैरवी (भयानक रूप) त्रिपुरा के दो रूप माने जाते हैं। त्रिपुर बाला की पूजा दक्षिण भाव और वामभाव— दोनों विधियों से की जाती है। त्रिपुर भैरवी की पूजा वाममार्गी ही करते हैं[२] तथा मद्य-मांस समर्पित करते हैं। मत्स्यपुराण में इसे 'मांसगा' नाम भी दिया गया है। महाभारत में इसे 'मदिरा-मांस में रुचि रखने वाली' कहा गया है।[३] वाममार्ग उपासना में ही मद्य, मांस, मीन, मुद्रा और मैथुन— इन पाँच आध्यात्मिक मकारों का वर्णन है। सात्विक सिद्धियाँ प्राप्त करने के लिए इनकी व्याख्या इस प्रकार की जा सकती है—

मद्य— मद्य से अभिप्राय 'सुरा' नहीं, बल्कि शिवशक्ति के संयोग से उत्पन्न अमृतत्व रूपी मद्य है। योगसाधना द्वारा सच्चिदानन्द परब्रह्म में विलय होने पर जो ज्ञान उत्पन्न होता है, उस ज्ञान रूपी मद्य का पान करना ही 'तन्त्रतत्त्व प्रकाश' में आता है, जो सुरा सहस्रार कमल रूपी पात्र में भरी है और चन्द्रमा कलासुधा से स्रावित है, वही पीने योग्य सुरा है। यह व्यक्ति के दुर्गुणों का नाश कर देती है।

मांस — विवेक रूपी तलवार से काम, क्रोध, लोभ, मोह आदि पाशविक वृत्तियों का संहार कर उनका भक्षण करने को ही 'मांस' कहा गया है। विवेकी और संयमी मनुष्य कभी भी किसी का मांस-भक्षण कर पापी नहीं बनते, बल्कि दूसरे प्रणियों को सुख देने वाले निर्विषय तत्त्व का भक्षण करते हैं।

मत्स्य — इन्द्रियों का वशीकरण, दुर्गुणों का त्याग, साम्यभाव की सिद्धि और योगसाधना में रहना ही मत्स्यभाव है। इसका गूढ़ अर्थ न समझकर मत्स्य के द्वारा पूजन करना तो अर्थ का अनर्थ होगा और साधना-क्षेत्र में एक कुप्रवृत्ति को बढ़ावा देगा। 'मत्स्य' से अभिप्राय ईड़ा-पिंगला नाड़ियों से भी हो सकता है, जिसमें साधक प्राणायाम द्वारा श्वास-प्रश्वासों को रोककर कुम्भक करते हैं, इन्हें यथार्थ में 'मत्स्य साधक' कहा जाता है।

---

१. दुर्गासप्तशती — श्री पाठ. पृ. २२१
२. का. पु., ६३.५३-५४
३. कालकाली महाकालि सीधुमांसपशुप्रिये, महा० वि० प. ६.१७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मुद्रा — आशा, तृष्णा, निन्दा, भय, घृणा, अभिमान, लज्जा और क्रोध—इन आठ कष्टदायक मुद्राओं को त्यागकर ज्ञान की ज्योति से अंतर्मन को प्रकाशित करना तथा इन मुद्राओं को ब्रह्म रूपी अग्नि में पकाकर आचरण में लाना ही 'मुद्रा' है ।

मैथुन — 'मैथुन' से अभिप्राय सांसारिक व्यवहार नहीं, बल्कि मूलाधार चक्र में स्थित सुषुप्त कुण्डलिनी शक्ति को जाग्रत कर सहस्रार चक्र में स्थित शिवतत्त्व के साथ संयोग 'मुक्त आत्माओं का मैथुन' कहा जाता है । जिस प्रकार गीतातत्त्वज्ञानी के लिए ज्ञान योग (ब्रह्म विद्या) का तथा सांसारिक लोगों के लिए कर्मयोग है । उसी प्रकार तांत्रिक तत्त्वों का अध्ययन आध्यात्मिक और वैज्ञानिक दृष्टि से करें तो तंत्र सिर्फ चमत्कारिक ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि ज्ञानमार्ग तथा आत्मज्ञान का अनुभव करा कर उसे 'निर्वाणञ्च चमनोलयः'[१], अर्थात् पूर्ण ब्रह्ममय प्राप्त कराते हैं ।

१. का.पु.– मुक्ति के चार प्रकार माने गये हैं— सालोक्य, सारूप्य, सायुज्य और निर्वाण ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हमारी शास्त्रीय परम्परा में व्यवहार (विधि) : एक परिचय

डॉ. आलोक व्यास

जिस सामाजिक संघटना को हम 'विधि' या 'कानून' नाम से संज्ञापित करते हैं, उसके लिए हमारी शास्त्रीय परम्परा में 'व्यवहार' शब्द का प्रयोग किया गया है। परम्परा में व्यवहार का निस्सरण 'धर्म' से माना गया है। अतः धर्म को समझना व्यवहार-चिन्तन की पूर्वापेक्षा होगी। हमारी परम्परा में चिन्तन के प्रारम्भिक चरण से ही 'धर्म' इतने व्यापक रूप में विभिन्न सन्दर्भों में प्रयुक्त होता चला आ रहा है कि इसके मूल अर्थ को सुनिश्चित करना, जो सभी सन्दर्भों में समान रूप से उपस्थित रहे, प्रथम दृष्टि में समस्याप्रद जान पड़ता है। वेदों में धर्म याज्ञिक क्रिया का द्योतक है, जो विश्व में व्यवस्था बनाए रखने का आधार है। धर्म को कर्म से जोड़ते हुए मीमांसक कहते हैं कि 'वेदविहितप्रयोजनवदर्थो धर्मः', अर्थात् वेदविहित तथा फल देने वाला अर्थ 'धर्म' कहलाता है। धर्म को लौकिक और अलौकिक— दोनों पक्षों से जोड़ते हुए कणाद कहते हैं— "यतोऽभ्यूदयनिःश्रेयससिद्धिः स धर्म।" इसके अतिरिक्त धर्म की कुछ विशिष्ट परिभाषाएँ भी हैं। जैसे—'अहिंसा परमो धर्मः', 'आचारो धर्मः' आदि, किन्तु स्मृतियों तक आते आते धर्म वर्णाश्रम कर्तव्य के रूप में सर्वमान्य तथा स्पष्ट अर्थ ले लेता है, जिससे मनुष्य समाज में अपनी स्थिति के अनुसार कर्तव्यों का निर्वाह करता है तथा विश्व-व्यवस्था में भागीदार बनता है।

इस प्रकार हमारी शास्त्रीय चिन्तन-परम्परा में धर्म के रूप में कर्तव्य की धारणा वह प्रारम्भिक बिन्दु है, जहाँ से समस्त सामाजिक चिन्तन का प्रसार आरम्भ होता है, अतः व्यवहार पर भी विचार राजा के धर्म, अर्थात् कर्तव्य के रूप में आरम्भ होता है। इस सम्बन्ध में मनुस्मृति में उल्लेख है—

"स्वराष्ट्रे न्यायवृतः स्याद् भृशदण्डश्च शत्रुषु।
सुहृत्स्वजिह्मः स्निग्धेषु ब्राह्मणेषु क्षमान्वितः ॥
स्वे स्वे धर्मे निविष्टानां सर्वेषामनुपूर्वशः।
वर्णानामाश्रमाणाञ्च राजा सृष्टोऽभिरक्षिता ॥

अर्थात् राजा न्यायपूर्वक व्यवहार करे, शत्रुओं को यथार्थ दण्ड दे, मित्रों से सरल बर्ताव करे और ब्राह्मणों के लिए क्षमावान् हो।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अपने-अपने धर्म में तत्पर सब वर्णों तथा आश्रमों के लोगों की रक्षा के लिए विधाता ने राजा को उत्पन्न किया है। लगभग सभी स्मृतिकार इस सम्बन्ध में एकमत हैं कि जब मनुष्यों का धर्म नष्ट हो जाता है और मत्स्य न्याय की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, तब मनुष्य को पुनः धर्म में प्रवृत्त करने के लिए व्यवहार का उद्रेक होता है। इस सम्बन्ध में नारद का यह कथन प्रसिद्ध है—

नष्टे धर्मे मनुष्याणां व्यवहारः प्रवर्तते।
द्रष्टा च व्यवहाराणां राजा दण्डधरः स्मृतः॥

शास्त्रीय परम्परा में सामान्य रूप से 'व्यवहार' शब्द को मुकदमे या कचहरी में प्रस्तुत किये गये झगड़े और न्याय-सम्बन्धी विधि के अर्थ में प्रयुक्त किया गया है। 'कात्यायनस्मृति' में व्युत्पत्ति के आधार पर व्यवहार पद की परिभाषा देते हुए कहा गया है—

विनानार्थेऽवसंदेहे हरणं हार उच्यते।
नाना संदेहहरणाद् व्यवहार इति स्मृतः॥

इसमें 'वि' का अर्थ 'नाना', 'अव' का अर्थ 'सन्देह' और हार का अर्थ 'हरण करना' है, अर्थात् जो बहुत से सन्देहों का हरण या निराकरण करे, वह व्यवहार है। व्यवहार अपने आप में कई सम्प्रत्ययों को समेटे हुए है, यथा— व्यवहारपद, प्रमाण, दण्ड आदि।

विवाद या मुकदमे के विषय को 'व्यवहारपद' कहा जाता है। व्यवहारपद के अन्तर्गत वे झगड़े आते हैं, जो वादियों या प्रतिवादियों की ओर से कचहरी में लाये जाते हैं। स्मृतियों में सर्वाधिक प्रतिष्ठित 'मनुस्मृति' में १८ व्यवहारपदों की चर्चा मिलती है।

ऋणादानं निक्षेपोऽस्वामिविक्रयः।
संभूयसमुत्थानं दत्तस्यानपाकर्म च॥

वेतनस्यैव चादानां संविदश्च व्यतिक्रमः।
क्रयविक्रयानुशयो विवादः स्वामिपालयोः॥

सीमाविवादधर्मश्च पारुष्ये दण्डवाचिके।
स्तेयं च साहसं चैव स्त्रासग्रहणमेव च॥

स्त्रीपुंधर्मो विभागश्च द्यूतसमाह्य एव च।
पदान्यष्टादशैतानि व्यवहारस्थिताविह॥

विवाद के अधिकतर विषय अर्थ और काम से सम्बन्ध रखते हैं। अर्थ और काम को धर्म द्वारा नियमित करने का साधन 'व्यवहार' है। व्यवहारपदों पर विचार करते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि सामान्यतः 'व्यवहार' का सम्बन्ध अकरणीय करने से मनुष्य को रोकना है, जबकि मनुष्य के लिए करणीय का सम्बन्ध 'आचार' से है। उदाहरणार्थ— राज्य द्वारा निर्धारित दर से अधिक दर पर ऋणदाता को ब्याज नहीं लेना चाहिए। इसी प्रकार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किसी व्यक्ति द्वारा अन्य की सम्पत्ति को बेचना नहीं चाहिए। यदि वे ऐसा करते हैं तो उनका यह कर्म क्रमश: 'ऋणदान' और 'अस्वामिविक्रय' नामक व्यवहारपदों के अन्तर्गत आ जायेगा, जबकि यज्ञ, अतिथि-सत्कार, श्राद्ध सम्बन्धी नियम 'आचार' के अन्तर्गत आते हैं।

"प्रमीयते परिच्छिद्यते अनेन इति प्रमाणम्", अर्थात् जिसके द्वारा विषय स्पष्ट हो, उसे 'प्रमाण' कहते हैं। प्रमाणों के द्वारा ही विवाद में सत्य का उद्घाटन होता है। व्यवहार के सन्दर्भ में प्रमाणों को दो भागों में बाँटा गया है—मानुष प्रमाण और दैव प्रमाण। साक्षी, लिखित और भुक्ति को 'मानुष प्रमाण' तथा दिव्य को 'दैव प्रमाण' माना गया है। परम्परा सामान्यत: मानुष प्रमाण पर ही बल देती है। लगभग सभी स्मृतिकार इस पर एकमत हैं। साक्षी का अर्थ स्पष्ट करते हुए नारद ने कहा है—

समक्षदर्शनात्साक्षी विज्ञेयः श्रोतचक्षुषोः।
श्रोतस्य यत् परो ब्रूते चक्षुषो दर्शनं स्वयम्॥

इस प्रकार, वही साक्षी उचित हो सकता है, जिसने स्वयं देखा या सुना हो अथवा विवाद में अनुभव प्राप्त किया हो। शास्त्रकारों ने साक्षी के प्रकार-भेद तथा योग्यता के साथ-साथ इस पर भी सतर्कता से विचार किया है कि कौन साक्षी नहीं हो सकते हैं और किस प्रकार साक्षियों की जाँच की जानी चाहिए। लिखित प्रमाण दो प्रकार के हैं—शासन और जानपद। राजा के हस्ताक्षर तथा मुद्रा से चिह्नित प्रमाणभूत पत्र 'शासन' है और उसके अतिरिक्त अन्य लेख्य 'जानपद' कहलाते हैं। तीसरा प्रमाण भुक्ति है, जिसका अर्थ है—भोग। भोग दो प्रकार का हो सकता है—आगमसहित भोग और आगमरहित भोग। 'आगम' का अर्थ है स्वामित्व-प्रमाण। आगम और भोग में किसे प्रबल माना जाये, इस पर शास्त्रकारों में मत-वैभिन्य है। उपर्युक्त मानुष प्रमाणों द्वारा सिद्ध न होने पर ही विवाद को निर्णय तक पहुँचाने के लिए 'दिव्य' प्रमाण का प्रयोग हो सकता है। इस प्रकार दिव्य को अन्तिम विकल्प के रूप में ही स्वीकार किया गया है।

किसी एक व्यक्ति द्वारा अन्य को हानि पहुँचाये जाने पर दण्ड द्वारा उस हानि की पूर्ति की जाती है। धर्मशास्त्रों में व्यवहार के सन्दर्भ में दण्ड का प्रतिशोधात्मक और प्रतिरोधात्मक स्वरूप परिलक्षित होता है। इसके साथ ही शास्त्रीय परम्परा में प्रायश्चित्त को भी भिन्न प्रकार से दण्ड-व्यवस्था के रूप में स्वीकार किया गया, जो दण्ड के सुधारात्मक विचार को प्रस्तुत करती है। प्रायश्चित्त ब्राह्मण द्वारा करवाया जाता है, जिससे अपराधी के आत्मिक विकारों का निराकरण तथा मानसिक शुद्धि होती है। उल्लेखनीय है कि हमारी शास्त्रीय परम्परा के अतिरिक्त किसी अन्य परम्परा में ऐसी दो भिन्न सुनिश्चित दण्ड-प्रक्रियाएँ स्वीकार नहीं की गयी हैं।

शास्त्रीय परम्परा में व्यवहार का एक वैशिष्ट्य इस तथ्य में भी निहित है कि यहाँ समाज की प्रथाएँ महत्त्वपूर्ण भूमिका रखती हैं। विज्ञानेश्वर स्पष्ट कहते हैं कि शास्त्र समाज में प्रचलित नियमों को ही सुस्थापित करते हैं। कात्यायन धर्मशास्त्र के नियमों के अतिरिक्त प्रथाओं को भी कानून का आधार-स्रोत मानते हैं। बृहस्पति ने तो यहाँ तक कहा है कि राजाओं को देशों तथा जातियों में प्रचलित प्रथाओं में कोई परिवर्तन नहीं करना चाहिए,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किन्तु स्मरणीय है कि वेदों, स्मृतियों और परम्परा में परस्पर विरोध की स्थिति में वेदों के विधान ही प्रामाणिक माने गये हैं।

एक अन्य महत्त्वपूर्ण पक्ष जो हमारे सम्मुख उपस्थित होता है, वह यह है कि सभी शास्त्रकारों ने व्यवहार प्रक्रिया को इस रूप में विकसित करने का प्रयास किया है कि व्यक्तियों के अधिकारों के हनन होने पर उन्हें अविलम्ब न्याय मिले। न्याय नहीं मिलने तथा विलम्ब से मिलने—दोनों ही स्थितियों के लिए उत्तरदायी अधिकारी को कठोर दण्ड देने का प्रावधान है, चाहे वह गणक हो, सभ्य हो या स्वयं न्यायाधीश हो। वस्तुत: ऐसी ही व्यवस्था में न्यायप्राप्ति की सार्थकता हो सकती है, किन्तु अधिकारियों के ऐसे विधिक उत्तरदायित्व का प्रावधान आधुनिक न्याय-व्यवस्था में नहीं पाथा जाता है। इसी कारण न्यायपालिकाओं में वर्षों तक विधिक मुकदमे लम्बित रहते हैं। हमारी परम्परा का यह पक्ष द्रष्टव्य है, क्योंकि सामान्यत: यह देखा गया है कि हमारी शास्त्रीय परम्परा में व्यक्ति के कर्तव्यों को आधार मानकर ही सामाजिक व्यवस्था पर चिन्तन किया गया है, किन्तु प्राय: यह नहीं देखा गया है कि व्यक्ति के अधिकारों के प्रति भी हमारी चिन्तन-परम्परा इतनी ही संवेदनशील दिखाई पड़ती है। हम यह देख चुके हैं कि व्यक्ति के अधिकार का हनन होने पर स्वयं न्यायाधीश भी दण्डित किया जा सकता है। वस्तुत: कर्तव्य और अधिकार सम्बन्धात्मक पद है। हमारी परम्परा में कर्तव्य व अधिकार सम्बन्धी दृष्टि का मूल भाव यही है कि सभी अपने धर्म का निर्वहन करें, एक व्यक्ति की कर्तव्यपरायणता अन्य व्यक्तियों के अधिकारों को सुनिश्चित करती है और वैसे ही अन्य के कर्तव्य का निर्वहन उस व्यक्ति के अधिकारों को।

इस प्रकार हमारी शास्त्रीय परम्परा में व्यवहार (विधि) पर सुव्यवस्थित तथा सुगठित चिन्तन मिलता है, जिसे भाष्यकारों तथा टीकाकारों ने और अधिक गहन तथा विस्तृत रूप से व्याख्यायित किया है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भारतीय शिक्षा-व्यवस्था के विभिन्न आयाम

डॉ. सूसा विद्यालंकार

आर्यों ने शिक्षा के विषय में अत्यन्त गम्भीर चिन्तन किया था जो चिन्तन हमें आदिकाल से वैदिक ऋषियों की श्रुति-परम्परा से प्राप्त होता रहा है। और उस श्रुति-परम्परा का विकास अत्यन्त लम्बे समय तक चलता रहा। त्रैवर्णिकों के लिए यह वेद का स्वाध्याय अत्यन्त आवश्यक था। मनु महाराज ने तो इस स्वाध्याय का महत्त्व बताते हुए यहाँ तक कह दिया—

योऽनधीत्य द्विजो वेदमन्यत्र कुरुते श्रमम्।
स जीवन्नेव शूद्रत्वमाशु गच्छति सान्वयः॥

उपनिषदों में भी ज्ञान और कर्म—इन दोनों पर बहुत बल दिया गया है। वहाँ कहा गया है—

द्वे विद्ये वेदिताव्ये परा चैवापरा च॥

ईशोपनिषद में इस रूप में कहा गया है—

विद्यां चाविद्यां च यस्न्दवेदीभ्यं सह।
अविद्यया मृत्युं तीर्त्त्वा विद्ययाऽमृतमश्नुते॥

अर्थात् कर्म के द्वारा व्यक्ति मृत्यु जैसे दुःखों को भी दूर करता है तो ब्रह्म ज्ञान के माध्यम से वह अमृतत्व की प्राप्ति करता है। इसीलिए विद्या की परिभाषा करते हुए यहाँ तक कह दिया गया— सा विद्या या विमुक्तये।

इस प्रकार वह ज्ञान और कर्म मनुष्य को शान्ति प्राप्त कराने के मुख्यतम साधन थे। इसीलिए यजुर्वेद के प्रसिद्ध शान्तिपाठ में प्रार्थना की गयी है कि 'ब्रह्म शान्तिः' हे परामात्मन् हमारा ज्ञान हमारे लिए शान्तिदायक एवं कल्याणकारी हो। वेदों में इस शिक्षा के लिए जो वातावरण प्रस्तुत किया गया वह अत्यन्त मनोरम है।

उपह्वरे गिरीणां रुंगमे च नदीनां धिया विप्रोऽजायत॥

अर्थात् नदियों के संगम पर पर्वतों की तलहटी में वनप्रान्तों में नगरीय सभ्यता से दूर सात्त्विक विचारों का अभ्युदय होता है। इन प्राचीन शिक्षा-संस्थानों में केवल धार्मिक एवं नैतिक शिक्षा ही नहीं दी, अपितु विभिन्न प्रकार के ज्ञान-विज्ञान का भी आधार प्रस्तुत किया है। उपनिषद् में नारद ने अपने पाठ्यक्रम में ऋग्वेद से प्रारम्भ करके देवजन आदि विभिन्न विद्याओं की चर्चा की। उस समय उन गुरुकुलों, जो विभिन्न ऋषियों के आश्रम भी हुआ करते थे, में नानाविध विषयों के ज्ञानप्राप्ति के स्थान होते थे। वे प्रायोगिक विज्ञान के भी बहुत बड़े केन्द्र

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

थे। इसका प्रमाण हमें रामायण में राम के वनवास के समय प्राप्त होता है। जिसमें विभिन्न ऋषियों ने अपने आश्रम में आने पर राम को अनेक प्रकार के शस्त्रास्त्र दिये तथा उन्हें चलाने की विद्या सिखायी, क्योंकि वे जानते थे कि जब ब्रह्म और क्षत्र मिलकर चलते हैं, तब सबका कल्याण होता है। दूसरे शब्दों में, हम इसे ज्ञान और कर्म का संयोग कह सकते हैं। इसी को 'शापादपि शरादपि' कह कर अभिव्यक्ति प्रदान की गयी है।

गीता में भी कहा गया है—

यत्र योगेश्वरः कृष्ण यत्र पार्थो धनुर्धरः।
तत्र श्रीर्विजयोभूतिर्ध्रुवा नीतिमतिर्मम॥

शिक्षा अपने त्याग, तपस्या तथा ब्रह्मचर्यमय जीवन में अनुप्राणित थी, ब्रह्मचारी नगरीय दोषों से सर्वथा पृथक् था जैसे अथर्ववेद के ब्रह्मचर्य सूक्त में कहा गया है—

ब्रह्मचर्येण तपसा देवा मृत्युमपाद्यत।
इन्द्रो ह ब्रह्मचर्येण देवेभ्यः स्वरामरन्॥

देवों, अर्थात् विद्वानों ने ब्रह्मचर्य और तपस्या के बल पर मृत्यु को दूर भगा दिया।

उस काल के आचार्यों के अन्तिम उपदेश में जो बात कही गयी है, वह छात्र के लिये जीवन का पाथेय होती थी। 'स्वाध्याय प्रवचनाम्यां मा प्रभदितव्यम्' कहकर आचार्य स्वयं शिक्षा से जुड़े रहने तथा अन्यों को पढ़ाने का आदेश देता है।

उस काल में स्त्रियाँ भी ब्रह्मचारिणी रहकर नानाविध शस्त्रों का अवगाहन करती थीं— ब्रह्मचर्येण कन्या युवानं विन्दते पतिम्। यहाँ तक कि वे यज्ञ के ब्रह्मा का पदभार भी धारण करती थीं। घोषा, अपाला, लोपामुद्रा, विश्ववारा आदि विभिन्न ऋषिकाएँ इसका प्रमाण हैं। मैत्रेयी एवं गार्गी आदि विदुषियाँ श्रेष्ठतम ब्रह्मज्ञानियों में गिनी जाती थीं। इसे देश का स्वर्णिम युग कहा जा सकता है, जिसका आधार सर्वजनसुलभ शिक्षा थी, वहाँ सबको शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध थे। सान्दीपनि मुनि के आश्रम में कृष्ण और सुदामा जैसे धनाढ्य एवं निर्धन छात्र साथ अध्ययन करते थे।

कालचक्र घूमता गया। सर्वप्रथम महाभारत में जब देश का पतन प्रारम्भ हुआ तो उसका मूल कारण शिक्षा में आनेवाले दोष ही थे। अचार्य छात्रों को गुरुकुल में न लाकर उनके घरों पर जाकर शिक्षा देने लगे। यहीं से समाजिक भेदभाव प्रारम्भ हो गया। शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध न होने के कारण ही कर्ण, एकलव्य आदि अनेक लोग इस सुविधा से वंचित हो गये और यह शिक्षा कुछ क्षेत्रों में सिमटती चली गई। शिक्षा के संकुचित होते जाने की परिणति महाभारत युद्ध में प्रकट हुई, जिसके परिणामस्वरूप यह विश्वगुरु राष्ट्र अज्ञान के अंधकार में गिरता चला गया और धीरे-धीरे ज्ञान का लोप हो गया।

कालान्तर में जैनधर्म के प्रादुर्भाव के कारण पुनः कुछ गुरुकुलों की स्थापना हुई तथा शिक्षा में त्याग और तपस्या की पुनः स्थापना की गयी परन्तु यह प्रयास अत्यल्प था, जिससे समाज का बहुत बड़ा क्षेत्र सर्वथा दूर छूट

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गया। तभी बौद्ध युग में मठदीक्षा प्रारम्भ हुई। विभिन्न मठों में आचार्य अपने शिष्यों को ब्रह्मचर्य, त्याग एवं तपस्या के मूलभूत सिद्धान्तों के अनुसार शिक्षा प्रदान करते रहे। राज्याश्रय प्राप्त होने के कारण यह मठशिक्षा फूली-फली। इस युग में नालन्दा, तक्षशिक्षा, विक्रमशिला आदि विश्वविद्यालय सम्पूर्ण विश्व का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट करने में समर्थ हुए। इस युग में बौद्धधर्म के प्रभाव के विपरीत विभिन्न मन्दिरों के माध्यम से भी शिक्षा प्रदान की जाती रही। ग्रामों के पुरोहित ही शिक्षा तथा चिकित्सा का कार्य भी करते रहे, परन्तु यह पद्धति बहुत लम्बे समय तक नहीं चल सकी।

'स्त्रीशूद्रौ नाधीयताम्' आदि वाक्यों ने सम्पूर्ण समाज को शिक्षा से विरत कर दिया। रही-सही कसर मुस्लिम आक्रान्ताओं के आक्रमण से पूरी हो गयी। यह बात शिक्षा की दृष्टि से अन्धकारमय युग कहा जा सकता है। इस्लाम के स्थापित हो जाने पर मुस्लिम काल में मदरसा-प्रणाली प्रारम्भ हुई। यह शिक्षा मुख्यत: इस्लाम के सिद्धान्तों के दायरे में सीमित रह गयी। इससे भी सामान्य जन को कोई लाभ प्राप्त नहीं हुआ। नानाविध धार्मिक आडम्बर तथा सामाजिक कुरीतियाँ अपने पैर फैला रही थी। जब ब्रिटिश काल में मैकाले की शिक्षा-प्रणाली प्रारम्भ हुई और इस प्रणाली में त्याग और तपस्या तो थी ही नहीं, नैतिकता के मानदण्ड भी नहीं रखे गये। परिणामत: अत्यन्त उच्छृङ्खलता प्रारम्भ हुई। इस शिक्षा-पद्धति का उद्देश्य ब्रिटिश शासन को बाबुओं की आपूर्त्ति था। अत: इसमें मानवीय गुणवत्ता का अभाव था। नगरों तक सीमित होने के कारण समान अवसर समाप्त हो चुके थे।

प्राचीन भारतीय धर्म, दर्शन और संस्कृति के बदले पाश्चात्य भाषा-भूषा-संस्कृति का प्रचलन हो रहा था। इस शिक्षा-पद्धति को बदलने हेतु प्रयत्न बहुत किये गये, परन्तु कोई परिवर्तन नहीं हो सका।

आर्य सामाजिक परम्परा ने इस ओर प्रयास किया। स्वामी श्रद्धानन्द ने विभिन्न स्थानों पर गुरुकुलों की स्थापना की। डी.ए.वी. कॉलेजों का जाल भी बिछता चला गया। ऋषि दयानन्द के प्रयासों से तथा विभिन्न पाश्चात्य विद्वानों के प्रयासों में वेदों तथा प्राचीन भारतीय ग्रन्थों के अध्ययन और अध्यापन की परम्परा फिर से बढ़ती गई, जिसके परिणामस्वरूप लाखों विद्वान् तथा संस्कृतप्रेमी इस देश में विद्यमान हैं।

परन्तु संख्याबल की दृष्टि से ये गुरुकुल प्रभावी शिक्षा भी जनता तक अधिक नहीं पहुँच सकी और डी.ए.वी. संस्था में पाश्चात्य पद्धति की ओर बढ़ती गयी। शिक्षा में धन के प्रमुखता के कारण अमीर और गरीब के बीच की खाई बढ़ती चली जा रही है। अविच्छिन्न रूप से चली आ रही गुरु शिष्य परम्परा समाप्त हो गयी। समान अवसरों की बात सिद्धान्तों में भी नहीं रही। धर्म एवं नैतिकता कपूर की भाँति उड़ गये। आज की शिक्षा मनुष्य के लिए शान्तिकारक नहीं रही। इस शिक्षा ने मानव की भोग-प्रवृत्ति को बहुत उकसाया-परिणामस्वरूप मानसिक तथा भौतिक पर्यावरण बहुत प्रदूषित हुआ। प्राचीन भारतीय विज्ञान का केन्द्र-बिन्दु मानव-कल्याण था तो वर्तमान विज्ञान का केन्द्र है न्यूनातिन्यून समय में अधिकतम विनाश। इस प्रकार हम देखते हैं कि इस देश के प्रारम्भ में शिक्षा जिन उद्देश्यों को लेकर चली थी, आज उसके सर्वथा विपरीत है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादाग्रजन्मनः ।
स्वं स्वं चरित्रं शिक्षरेन् पृथिव्या सर्वमानवाः ॥

उक्त प्रकार से डिण्डिम उद्घोष करनेवाला यह राष्ट्र अज्ञान, अभाव, असुरक्षा तथा भ्रष्टाचार के जबड़ों में फँस चुका है । इस राष्ट्र के लिए सनातन संस्कृति के विनष्ट हो जाने के पूर्व हमें शिक्षा के विभिन्न आयामों की ओर दृष्टिपात करना ही होगा, अन्यथा इतिहास हमें क्षमा नहीं करेगा । यूनान मिस्र, रोम की भाँति हमारा नाम भी इतिहास के पन्नों तक सीमित रह जायेगा ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लेखकसूची

संस्कृतम्

डॉ० वी. एस. श्री निवास अय्यंगर

1-3-21/A, बरनपेत
नरसरियोपेत-५२२६०१ गुण्टूर

श्री सुखमयभट्टाचार्यः

हितेश विश्वास मार्ग, अम्बिकापट्टी
सिल्चर - ४ आसाम

श्री सत्यनारायणचक्रवर्ती

३८ गोपीमोहनदत्ता लेन
भुवन विल्ला 2nd फ्लोर
पो०- बाग बाजार कलकत्ता

प्रो० पीयूषकान्तदीक्षितः

न्यायवैशेषिकविभागाध्यक्षः
श्री ला.ब.शा.रा.सं. विद्यापीठम्
नवदिल्ली-१६

डॉ० उमारमणझा

प्राचार्यः
केन्द्रीयसंस्कृतविद्यापीठम्
विशालखण्ड-४, गोमतीनगरम्
लखनऊ - २२६०१०

डॉ० शशिप्रभा कुमार

संस्कृतविभागाध्यक्षा
जवाहरलालनेहरूविश्वविद्यालयः
नवदिल्ली-६७

एस् संजीवकुमारः

चिन्मया इण्टरनेशनल, फौण्डेशन, पिरवम्,
एरणाकुलम्, केरलम्,

डॉ० मनोजकुमारः

संस्कृतविभागः
लङ्गटसिंहमहाविद्यालयः, बी.आर.ए. बिहार
विश्वविद्यालयः, मुजफ्फरपुरम्

पं० रामरूपमिश्रः

संस्कृतविभागः
भारतीयविद्याभवनम् मुंशीसदनम्
मुम्बई-६

डॉ० शुद्धानन्दपाठकः

अद्वैतवेदान्तविभागाध्यक्षः
श्री ला.ब.शा.रा.सं. विद्यापीठम्
नवदिल्ली-१६

सुजाता पुरकायस्थ

८४ बी गोवाहाटीविश्वविद्यालयपरिसरः
गोवाहाटी-१४ आसाम

डॉ० जयकान्तशर्मा

व्याकरणविभागे
श्री ला.ब.शा.रा.सं. विद्यापीठम्
नवदेहली-१६

डॉ० सन्तोषकुमारशुक्लः

व्याख्याता-संस्कृत अध्ययनकेन्द्रम्
जवाहरलालनेहरूविश्वविद्यालयः
नवदिल्ली-६७

डॉ० बलिरामशुक्लः

साईमर, गणेश नगर
बड़गाँव शेरी पुणे-१४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रो० सुधांशुशेखरशास्त्री

वैदिकदर्शनविभागे काशीहिन्दूविश्वविद्यालयः
वाराणसी

डॉ० के. सत्यनारायणः

संस्कृतविभागे नागर्जुनविश्वविद्यालयः
आन्ध्रप्रदेशः-५२२५१०

श्री सत्यनारायण साउ

संस्कृतविभागे बि.एम्. महाविद्यालयः, मेदिनी-
पुरम् पश्चिमबङ्गः

डॉ० हेरेरामत्रिपाठी

उपाचार्यः-सर्वदर्शनविभागें
श्री ला.ब.शा.सं. विद्यापीठम्
नवदेहली-१६

हिन्दी

प्रो० गिराटी अटालीवाला

२७, नीलकमल सोसायटी पालडी, अहमदाबाद-
३८०००७ गुजरात

डॉ० (श्रीमती) मधु आर्या

रघुनाथ कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मेरठ (उ०प्र०)

रुनझुन बंसल

सी-१७३, मियां वाली कालोनी
गुड़गांव-१२२००१ हरियाणा

डॉ० रमेशचन्द्र भारद्वाज

सन्निधि-१ जवाहरलालनेहरू मार्ग
राजघाट दिल्ली-२

प्रो० नीना डोगरा

धर्मशास्त्र विभाग
श्री ला.ब.शा.रा.सं. विद्यापीठ
नई दिल्ली-१६

डॉ० (श्रीमती) सुधा गुप्ता

संस्कृत विभाग, जुहारी देवी गर्ल्स पी.जी.
कॉलेज कानपुर-२०८०११

डॉ० सुदीप जैन

उपाचार्य-प्राकृत भाषा विभाग
श्री ला.ब.शा.रा.सं. विद्यापीठ
नई दिल्ली-१६

डॉ० प्रेमकान्त झा

जे.एन.एम. संस्कृत महाविद्यालय चाईवासा, पं०
सिंह भूम, झारखण्ड

डॉ० गंगाधर झा

महाराज कामेश्वर सिंह स्मारक कॉलेज
दरभंगा, बिहार

डॉ० अरविन्द कुमार

संस्कृत, पालि एवं प्राकृतविभाग,
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय
कुरुक्षेत्र—१३६११९
हरियाणा

डॉ० पूनम लखनपाल

रघुनाथ कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मेरठ (उ०प्र०)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रो० रवीन्द्र वि. खाण्डवाला

संस्कृत विभाग
श्री एच.के. आर्ट्स कॉलेज अहमदाबाद, गुजरात

डॉ० चञ्चल मिश्रा

दयालसिंह कालेज,
दिल्ली विश्वविद्यालय

डॉ० प्रतिभा रानी मिश्रा

संस्कृत विभाग
पी० जी० डी० ए० वी० महाविद्यालय दिल्ली

डॉ० गिरीशचन्द्र पन्त

देशबन्धु महाविद्यालय
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

डॉ० केदार प्रसाद परोहा

विशिष्टाद्वैत विभागाध्यक्ष
श्री ला.ब.शा.रा.सं. विद्यापीठ
नई दिल्ली-१६

डॉ० कालिन्दी पाठक

संस्कृत विभाग
एस.वी. विनयनमहाविद्यालय,
अहमदाबाद-३८०००१

डॉ० भारती पाण्डेय

बनस्थली विद्यापीठ-३०४०२२ राजस्थान

डॉ० अनीता राजपाल

संस्कृत विभाग, हिन्दू महाविद्यालय
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली-११०००७

डॉ० धनराज शर्मा

संस्कृत विभाग
पंजाब विश्वविद्यालय चण्डीगढ़-१४

प्रो० अरुणा शर्मा

संस्कृत विभाग
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय
कुरुक्षेत्र, हरियाणा

डॉ० जगदेव कुमार शर्मा

हिन्दी विभाग
श्री ला.ब.शा.रा.सं. विद्यापीठ
नई दिल्ली-१६

प्रो० करुणेश शुक्ल

महामन्त्री, नागार्जुन बौद्ध प्रतिष्ठान
गोरखपुर, उत्तर प्रदेश

डॉ० (श्रीमती) माया सिंह

संस्कृत विभाग
स्वरूपरानी सरकारी महिला महाविद्यालय
अमृतसर, पंजाब

डॉ० जागीर सिंह

संस्कृत विभाग जे.वी. जम्मू

डॉ० सीता सिंह और डॉ० शालिनी

साधनापुरी, छपरा सारन-८४१३०१
१९०ए बोरिंग रोड आई.बी.पी. पेट्रोल पम्प के
पीछे पटना-१ बिहार

डॉ० दिनेश कुमार सिंहल

संस्कृत विभाग
आई.वी. महाविद्यालय हरियाणा पानीपत

चन्द्रशेखर त्रिपाठी

दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

डॉ० (श्रीमती) सरला त्रिपाठी

प्राध्यापक - संस्कृत
शासकीय कन्या महाविद्यालय रीवा म०प्र०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रो० वाचस्पति शर्मा त्रिपाठी

अध्यक्ष - धर्मशास्त्र विभाग
का.सि.द.सं. विश्वविद्यालय दरभंगा बिहार

डॉ० शीतला प्रसाद उपाध्याय

व्याख्याता - पुराणेतिहास विभाग
श्री ला.ब.शा.रा.सं. विद्यापीठ, नई दिल्ली-१६

डॉ० जयकुमार एन. उपाध्ये

व्याख्याता - प्राकृतभाषाविभाग
श्री ला.ब.शा.रा.सं. विद्यापीठ, नई दिल्ली-१६

डॉ० शारदा वर्मा

जॉकिर हुसैन कालेज जवाहर लाल नेहरू मार्ग
नई दिल्ली-२

डॉ० आलोक व्यास

शोधच्छात्र-दर्शन विभाग
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

डॉ० सूसा विद्यालंकार

प्राचार्य कन्या गुरुकुल महाविद्यालय
ज्वालापुर, हरिद्वार (उ०प्र०)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विश्वसंस्कृतसम्मेलनम्

5-9 अप्रैल 2001, विज्ञानभवनम्, नवदेहली

चित्रवीथिः

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri



CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar



127130
STOCK VERIFY
2020
G.R.V. Library

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

GURUKUL KANGRI LIBRARY

	Signature	Date
Access	V. Kumar	22/10/09
Class	92	5/11/09
Cat		3
Tag		
Filing		
E.A.R.		3
Any others		
Checked		

DONATION

Entered in Database

Signature with Date

22/10/09

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Shri Lal Bahadur Shastri Rashtriya Sanskrit Vidyapeetha

(Deemed University)

Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar